क) सकल मार्जिन	43.79	105.08	351.75
ख) सकल लाभ	36.99	93.55	313.63
ग) कर से पहले लाभ	36.88	92.22	310.19
4) परिचालन अनुपात (बिक्री-लाभ / बिक्री)	0.86	0.75	0.80
(ख) तरलता अनुपात			
1) वर्तमान अनुपात	1.29	1.29	1.17
2) त्वरित अनुपात	1.12	1.13	0.99
(ग) टर्नओवर अनुपात			
1) कैपिटल टर्नओवर अनुपात (शुद्ध बिक्री / नियाजित पूंजी)	2.57	3.66	15.34
2) महीनों की संख्या के रूप में विविध देनदार			
क) सकल बिक्री	1.93	1.87	1.62
ख) शुद्ध बिक्री	2.39	2.27	1.95
3) शुद्ध बिक्री के अनुपात के रूप में			
क) विविध देनदार	0.20	0.19	0.16
ख) कोयले का स्टॉक	0.09	0.07	0.09
4) भंडार और पुर्जों का स्टॉक			
क) औसत / वार्षिक खपत	0.10	0.12	0.17
ख) खपत के महीनों की संख्या के संदर्भ में अंतिम स्टॉक	1.12	1.35	1.78
5) कोयला, कोक, धुला हुआ कोयला आदि का स्टॉक			
क) उत्पादन के महीनों के मूल्य के रूप में	1.15	0.88	1.05
ख) महीनों की संख्या के रूप में बेचे गए माल की लागत	1.31	1.20	1.35
ग) महीनों की संख्या के रूप में शुद्ध बिक्री	1.13	0.90	1.07
(घ) संरचनात्मक अनुपात			
क) ऋण : इक्विटी	-	-	-
ख) ऋण : नेट वर्थ	-	-	-
ग) नेट वर्थ : इक्विटी	1.48	1.07	0.26
घ) शुद्ध अचल परिसंपत्तियाँ : नेट वर्थ	0.42	0.61	2.47

निदेशकों की रिपोर्ट

सेवा में,
शेयर धारकगण
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
धनबाद

महोदय

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के निदेशक मंडल की ओर से 31 मार्च, 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए परीक्षित लेखा सहित 51वीं वार्षिक रिपोर्ट को आपके समक्ष प्रस्तुत करने में मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। कंपनी ने पिछले वर्ष के लिए कुल हानि ₹1208.85 करोड़ की तुलना में चालू वर्ष में ₹ 184.96 करोड़ की कुल लाभ अर्जित किया है। अंकेक्षित लेखा विवरण, उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट तथा भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियां इस रिपोर्ट के साथ परिशिष्ट के रूप में दी गई है।

1.0. 2021-22 के दौरान प्रदर्शन का अवलोकन

1.1. 2020-21 की तुलना में वर्ष 2021-22 के दौरान बीसीसीएल का कच्चे कोयला का उत्पादन, उत्पादकता एवं उठाव से संबंधित कार्य प्रदर्शन

क्र. सं.	विवरण	इकाई	2021-22			2020-21	पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि		2019-20
			लक्ष्य	वास्तविक	प्राप्त (%)		वास्तविक	(%)	वास्तविक
i)	**कच्चा कोयला (खान के प्रकार के अनुसार)**								
	भूमिगत	मि. टन	1.00	0.81	80.56	0.61	0.20	32.48	1.04
	खुली खदान	मि. टन	29.00	29.71	102.43	24.05	5.66	23.53	26.69
	कुल	मि. टन	30.00	30.51	101.70	24.66	5.86	23.75	27.73
ii)	**कोयले के प्रकार के अनुसार**								
	कोकिंग कोल	मि. टन	27.31	29.04	106.34	23.38	5.66	24.19	25.95
	गैर-कोकिंग कोल	मि. टन	2.69	1.47	54.65	1.27	0.20	15.62	1.78
	कुल	मि. टन	30.00	30.51	101.70	24.66	5.86	23.75	27.73
iii)	**मलबा हटाई**	मि. ट. घन मी	120.00	105.37	87.81	103.84	1.54	1.48	82.65
iv)	**उत्पादकता (ओएमएस)**	टन							
	भूमिगत	टन	0.29	0.24	82.80	0.16	0.08	50.00	0.32
	खुली खदान	टन	6.30	7.53	119.53	5.93	1.60	27.00	6.11
	कुल	टन	3.71	4.16	112.13	3.13	1.03	32.90	3.62
v)	**कोयला उठाव**	मि. टन	32.00	32.25	100.79	23.13	9.13	39.45	28.76

1.2 धुले हुए और डाइरेक्ट फीड कोयले की आपूर्ति

स्टील क्षेत्र में धुले हुए और डाइरेक्ट फीड कोयले की आपूर्ति वर्ष 2021-22 में 11.72 लाख टन की गयी। यह वर्ष 2020-21 में 8.35 लाख टन थी। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में (+) 40.36% की वृद्धि दर्ज की गयी।

1.3 धुले हुए कोयले एवं विद्युत उद्योग हेतु धुले हुए कोयले का उत्पादन

(मि. टन में)

प्रकार	2021 -22		2020 -21		2019 -20	
	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक
धुला हुआ कोयला (कोकिंग)	1.691	1.209	0.684	0.750	0.861	0.664
विद्युत के लिए धुला कोयला	3.246	1.817	1.021	1.507	1.292	0.812
कुल	**4.937**	**3.026**	**1.705**	**2.257**	**2.154**	**1.476**

2. प्रबंधन

(क) 01.04.2021 से 31.03.2022 तक की अवधि के दौरान कंपनी के मामलों की देख-रेख बोर्ड के निम्नलिखित सदस्यों द्वारा की गई :

1.	श्री समीरन दत्ता अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	:	28.12.2021	से	निरंतर
2.	श्री पी.एम. प्रसाद अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक	:	01.02.2021	से	28.12.2021
3.	श्री बी वीरा रेड्डी, निदेशक	:	24.02.2022	से	निरंतर
4.	श्री बिनय दयाल, निदेशक	:	09.11.2017	से	31.01.2022
5.	श्री आनंदजी प्रसाद, निदेशक	:	03.01.2022	से	निरंतर
6.	श्री बी.पी. पति, निदेशक	:	03.10.2018	से	03.01.2022
7.	श्री जे पी गुप्ता, निदेशक	:	01.04.2021	से	05.02.2022
8.	श्री समीरन दत्ता, निदेशक	:	18.07.2019	से	निरंतर
9.	श्री चंचल गोस्वामी, निदेशक	:	04.11.2019	से	28.02.2022
10.	श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव, निदेशक	:	01.06.2020	से	निरंतर
11.	श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक	:	05.02.2022	से	निरंतर
12.	श्री नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र निदेशक	:	10.07.2019	से	निरंतर
13.	श्रीमती शशि सिंह, स्वतंत्र निदेशक	:	01.11.2021	से	निरंतर
14.	श्री आलोक कुमार अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक	:	01.11.2021	से	निरंतर
15.	श्री सत्यव्रत पंडा, स्वतंत्र निदेशक	:	01.11.2021	से	निरंतर
16.	श्री राम कुमार राय, स्वतंत्र निदेशक	:	31.12 .2021	से	निरंतर

(ख) वर्ष 2021-22 के दौरान बोर्ड की 11 (ग्यारह) बैठकें हुई थी।

3. शिफ्ट ऑवर के संबंध में एचईएमएम की उपलब्धता एवं उपयोग

उपकरण	31.03.22 को संख्या (कुल)	31.03.21 को संख्या (कुल)	सीएमपीडीआई मानक (%)		उपलब्धता बनाम उपयोग				अंतर % में	
					2021-22 (%)		2020-21 (%)			
			उपलब्धता	उपयोग	उपलब्धता	उपयोग	उपलब्धता	उपयोग	उपलब्धता	उपयोग
ड्रैगलाइन	1	1	85	73	72.1	44.1	63.4	26.3	13.8	67.8
शॉवेल	101	98	80	58	75.2	42.4	75.2	42.1	0.0	0.8
डंपर	335	409	67	50	74.2	27.1	70.5	27.6	5.2	-1.7
डोजर	96	103	70	45	69.1	14.2	66.1	13.4	4.5	6.5
ड्रिल	77	80	78	40	73.5	26.8	67.4	22.7	9.1	18.3

4.धारक कंपनी-सीआइएल

यह कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी बनी हुई है।

5.अवरोध

कोयला उत्पादन में कमी की दृष्टि से वर्ष के दौरान बीसीसीएल के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाले प्रमुख अवरोध:

(1) कोयला उत्पादन में कमी

(आंकड़े लाख टन में)

क्र. सं.	कारण	2021-22	2020-21
(i)	विद्युत बाधा	0.000	0.562
(ii)	अनुपस्थिति की प्रवृत्ति	0.000	0.002
(iii)	वर्षा/ डुबाव	0.000	6.163
(iv)	यांत्रिक गड़बड़ी	0.000	2.574
(v)	औद्योगिक संबंध	0.000	2.371
(vi)	रेत भराई में पिछड़ना	0.000	0.013
(vii)	भूमि की अनुपलब्धता/ भूमि विवाद आदि	0.000	41.737
(viii)	आग	0.000	6.949
(ix)	भूगर्भ-खनन बाधा/ रूफ गड़बड़ी	0.000	0.263
(x)	डीजीएमएस प्रतिबंध	0.000	3.123
(xi)	अन्य	0.000	60.995
	कुल	**0.000**	**124.753**

(2) धुले हुए कोयले की कमी

(आंकड़े लाख टन में)

क्र. सं.	कारण	2021-22	2020-21
(i)	विद्युत बाधा	0.058	0.145
(ii)	विद्युत एवं यांत्रिक गड़बड़ी	0.299	1.327
(iii)	कच्चे कोयले की कमी	4.259	0.876
(iv)	सी सी बंकर का भरा होना	0.032	0.108
(v)	वर्षा/ डुबाव	0.000	0.000
(vi)	परिचालन संबंधी बाधाएं	0.442	0.624
(vii)	रखरखाव संबंधी रूकावट	0.102	0.252
(viii)	माध्यमों की कमी	0.000	0.000
(ix)	अन्य	0.563	0.641
	कुल	**5.754**	**3.973**

6. विद्युत आपूर्ति की स्थिति

6.1 विद्युत की उपलब्धता

क्र. सं.	औसत विद्युत आवश्यकता (एमवीए)	औसत उपलब्धता (एमवीए)	बाधित घंटे (अवधि)
2021-22	177.75	176.03	1449.00
2020-21	177.75	174.84	1206.95

6.2 विद्युत उपलब्धता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कैप्टिव सेटों का परिचालन

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2021-22 के दौरान विभिन्न कैप्टिव डीजी स्टेशनों द्वारा पैदा की गई बिजली का विवरण निम्नलिखित है:

कैप्टिव डीजी सेट	स्थापित क्षमता (एमवीए)	2021-22		2020-21	
		उत्पादित ऊर्जा (केडब्ल्यूएच)	चालू घंटे	उत्पादित ऊर्जा (केडब्ल्यूएच)	चालू घंटे
मुनिडीह	2×1.1+4.4	2470.50	12.84	5669.50	22.17
कुल		**2470.50**	**12.84**	**5669.50**	**22.17**

6.3 विद्युत उपलब्धता हेतु वैकल्पिक उपाय

(1) सीपीपी मुनिडीह (2 X 10 एमवी):

सीपीपी मुनिडीह की स्थापना वाशरी अपशिष्टों का उपयोग करने, मुनीडीह (एक तृतीय डिग्री की खदान) में विद्युत की अप्रत्याशित मांग को पूरा करने और अबाध्य विद्युत आपूर्ति के लिए की गयी थी। भारत सरकार द्वारा अक्टूबर, 1986 में इस परियोजना को अनुमोदित किया गया था। फ्लूडाइज्ड बेड कम्बंशन बॉइलर प्रौद्योगिकी पर आधारित सीपीसी के लिए चक्रानुक्रम परियोजना की कुल लागत ₹ 49.20 करोड़ थी। परियोजना को चालू होने में विलंब होने के कारण यह लागत बढ़कर ₹ 77.42 करोड़ हो गई थी। अंततः 1995 में यह संयंत्र चालू हुआ था और नवंबर, 1996 में विभागीय श्रमशक्ति की मदद से इसका व्यावसायिक परिचालन होने लगा था, जो वर्ष 2003 तक चला था।

पुन: इस संयंत्र को मैसर्स ओएसडी कोक (कंसोर्टियम) को दिनांक 18.03.2010 को लीज पर दे दिया गया था और अप्रैल, 2011 से विद्युत उत्पादन शुरू हो गया। ईंधन आपूर्ति एवं पॉवर-टैरिफ से संबंधित दर का कुछ विवाद होने के कारण पट्टाधारी द्वारा दिनांक 15.04.2014 से विद्युत उत्पादन बंद कर दिया गया। दिनांक 16.12.2015 को बीसीसीएल ने इस सीपीसी को अपने कब्जे में ले लिया।

प्रबंधन ने सीपीसी, मुनीडीह को पुन: चालू करने का निर्णय लिया है और नए सिरे से एनआईटी तैयार करने हेतु सीएमपीडीआई से संपर्क किया गया है।

महाप्रबंधक कार्यालय, मुनिडीह में दिनांक 15.10.19 को सीएमपीडीआई, बीसीसीएल और संभावित बोलीकर्ताओं के बीच पूर्व एनआईटी बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में प्राप्त सुझावों/संस्तुतियों और अन्य तथ्यों को ध्यान में रखते हुए सीपीपी, मुनिडीह के पुन: परिचालन के लिए सीएमपीडीआई रांची द्वारा एक अन्य प्रारूप एनआईटी प्रस्तुत की गयी। इस एनआईटी दस्तावेज की जांच की गयी और अनुमोदन के लिए इसे विभिन्न सुझावों और सिफारिशों के साथ प्रस्तुत किया गया।

7. वित्त

7.1 पूंजीगत संरचना

प्राधिकृत शेयर पूंजी	(₹ करोड़ में)
₹ 1000/- मूल्य के 5,10,00,000 इक्विटी शेयर	5,100.00
कुल	**5,100.00**
सब्सक्राइब्ड एवं प्रदत्त शेयर पूंजी	
₹ 1000/- मूल्य के 20330126 इक्विटी शेयर, प्रत्येक नकद में पूर्ण प्रदत्त	2,033.01
₹ 1000/- मूल्य के 26239874 इक्विटी शेयर, नकद के अलावा प्राप्त पर विचार करने के लिए पूर्ण प्रदत्त के लिए आबंटित के रूप में	2,623.99
कुल	**4,657.00**

7.2 वित्तीय परिणाम

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कंपनी को पिछले वर्ष की कुल हानि ₹ 1208.85 करोड़ की तुलना में ₹ 184.96 करोड़ का कुल व्यापक लाभ हुआ है। इसका विवरण निम्नलिखित है:-

(₹ 'करोड़ में)

विवरण	2021-22	2020-21
मूल्यह्रास एवं नुकसान, ब्याज, कर तथा परिशोधन (ईबीआईडीए) से पहले लाभ (+)/ हानि (-)	584.54	(1246.58)
घटाएं: मूल्यह्रास एवं नुकसान	315.48	208.79
ब्याज, कर और परिशोधन से पहले लाभ	269.06	(1455.37)
घटाएं: ब्याज	77.75	121.69
कर से पहले लाभ (पीबीटी)	191.31	(1577.06)
घटाएं: कर व्यय	79.69	(374.58)
कर के बाद कुल लाभ	184.96	(1208.85)

7.3 पूंजीगत व्यय (सीएपीईएक्स)

(₹ 'करोड़ में)

विवरणबजट	वास्तविक	खर्च
वित्त वर्ष 2021-22	850.00	864.50
वित्त वर्ष 2020-21	800.00	425.33

7.4 बीसीसीएल में कैपेक्स पर एमओयू (2021-22) पैरामीटर की स्थिति

एमओयू की क्रम संख्या	पैरामीटर का नाम	इकाई	भारिता	लक्ष्य 2021-22	उपलब्धि
7.	कैपेक्स	₹ करोड़	**20**	**850**	**864.50**
8.	तीसरी तिमाही (31 दिसंबर) के अंत तक कैपेक्स उपलब्धि	₹ करोड़	**3**	**765**	**430.71**

7.5 वर्ष 2021-22, 2020-21 और 2019-20 के दौरान राजकोषीय भुगतान

(₹ 'करोड़ में)

विवरण	2021-22				2020-21	2019-20
	प. बंगाल	झारखण्ड	केन्द्रीय राजकोष	कुल	कुल	कुल
कोयले की रॉयल्टी	0.63	1162.51	-	1163.15	911.48	1051.35
जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (डीएमफटी)	0.19	360.93	-	361.12	268.15	323.61
राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमइटी)	-	-	21.23	21.23	17.90	22.95

विवरण	2021-22				2020-21	2019-20
	प. बंगाल	झारखण्ड	केन्द्रीय राजकोष	कुल	कुल	कुल
कोयले पर उपकर	3.42	-	-	3.42	53.92	86.92
कोविड उपकर	-	38.31	-	38.31	12.73	-
वन पारगमन शुल्क	-	15.12	-	15.12	3.37	-
विक्रय कर/वैट	-	-	-	-	1.66	4.73
केंद्रीय विक्रय कर	-	-	-	-	3.20	17.21
केन्द्रीय विक्रय कर (सीएसटी)	-	-	0.91	0.91	-	1.21
केंद्रीय उत्पाद शुल्क	-	-	-	-	-	39.29
आयकर (टीडीएस के छोड़कर)	-	51.61	-	51.61	59.96	77.27
बाजार कर (MADA)	0.03	5.87	-	5.90	8.44	8.63
पेशाकर	-	-	164.66	164.66	138.67	159.22
केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर	0.38	164.28	-	164.66	138.67	164.86
राज्य वस्तु एवं सेवाकर	-	-	3.41	3.41	15.27	-
अंतरराज्यीय वस्तु एवं सेवाकर	-	-	1290.69	1290.69	900.14	1170.50
जीएसटी (राज्य को क्षतिपूर्ति) उपकर	-	-	12.39	12.39	-	-
स्वच्छ ऊर्जा उपकर	**4.66**	**1798.64**	**1493.29**	**3296.59**	**2533.56**	**3127.75**
कुल	**0.63**	**1162.51**	-	**-1163.15**	**911.48**	**1051.35**

8. दूरसंचार

1.बीसीसीएल के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों और प्रकार्य निदेशकों के कार्यालय (21 स्थानों) पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सिस्टम चालू है। वीसी प्रणाली के संचालन के बाद, 2019-20 में 100 वीसी बैठकें आयोजित की गईं, 2020-21 में 363 वीसी बैठकें आयोजित की गईं और 2021-22 में 684 वीसी बैठकें आयोजित की गईं।

2.कंपनी में वाई-फाई (वायरलेस) सेवाएं शुरू की गई हैं और यह कोयला भवन, सिविल इंजीनियरिंग विभाग में ऑनलाइन गतिविधियों के लिए चल रही हैं। इसे आर्यभट्ट केंद्र (ईआरपी केंद्र) तक भी विस्तारित किया गया है। यह केंद्र ईआरपी कार्यान्वयन, प्रशिक्षण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

3.कोयला भवन और कोयला नगर कॉलोनी के सभी संवेदनशील स्थानों पर **सीसीटीवी निगरानी प्रणाली** स्थापित की गई है।

4.कोयला भवन, एचआरडी, कोयला नगर गेस्ट हाउस, सीईडी और केएनटीए में **लैन नेटवर्क** को विस्तारित और स्थापित किया गया है।

5.अस्पताल प्रबंधन प्रणाली के लिए केंद्रीय अस्पताल धनबाद और बाघमारा अस्पताल, बरोरा क्षेत्र में **लैन नेटवर्क** बनाया गया है।

6.बीसीसीएल के विभिन्न स्थानों पर ईआरपी कार्यान्वयन के लिए मेसर्स रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के माध्यम से बीसीसीएल के 340 स्थानों पर एमपीएलएस-वीपीएन कनेक्टिविटी के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

7.बीसीसीएल के विभिन्न स्थानों पर ईआरपी कार्यान्वयन के लिए मैसर्स बीएसएनएल के माध्यम से बीसीसीएल के 304 स्थानों पर एमपीएलएस-वीपीएन कनेक्टिविटी के लिए एक अनुबंध किया गया है।

8.आरएफआईडी बूम बैरियरः कुल 4 आरएफआईडी बूम बैरियर लगाए गए हैं। गोविंदपुर क्षेत्र में और 3 नग। बरोरा क्षेत्र में।

9.रोड वेब्रिज: कुल 2 स्थापित किए गए हैं। एक बरोरा क्षेत्र में और दूसरा दुगदा वाशरी में ।

10.बीसीसीएल के विभिन्न स्थानों पर पीएम-10 विश्लेषक के कार्यान्वयन के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान की गई है।

9. जोखिम प्रबंधन

उद्यम के लिए जोखिम प्रबंधन योजना: जोखिम प्रबंधन नीति तैयार करने का कार्य मैसर्स अर्नेष्ट एण्ड यंग, एलएलपी, कोलकाता को सौंपा गया है। जोखिम प्रबंधन नीति को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसे कंपनी में लागू किया जा चुका है। समय-समय पर नए सदस्यों को शामिल कर बोर्ड स्तरीय जोखिम प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जाता है। समिति के वर्तमान सदस्य निम्नलिखित है -

1.श्री नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र निदेशक, बीसीसीएल, अध्यक्ष
2.श्री सत्यब्रत पंडा, स्वतंत्र निदेशक, बीसीसीएल, सदस्य
3.श्री पी. वी. के. आर. मल्लिकार्जुन राव, निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल, सदस्य
4.श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी)/संचालन और परियोजना व योजना, सदस्य

10.कंप्यूटरीकरण

(अ) कोल इंडिया सभी सहायक कंपनियों में एसएपी आधारित ईआरपी समाधान लागू कर दिया है और बीसीसीएल कार्यान्वयन के दूसरे चरण में है, जिसकी कार्य शुरू करने की तिथि 01 अगस्त, 2021 है। बीसीसीएल के पद्धति विभाग ने कंपनी में सैप कार्यान्वयन हेतु सिस्टम इंटेग्रेटर मैसर्स एसेंचर के साथ निम्नलिखित 7 मॉड्युलों के लागू करने के लिए समन्वयन किया है:

i. एफआईसीओ-बीसीसीएल में सभी वित्तीय लेनदेन SAP के माध्यम से किए जा रहे हैं।

ii. एमएम मॉड्यूल- एमएम मॉड्यूल का उपयोग बीसीसीएल मुख्यालय और सभी केंद्रीय, क्षेत्रों और यूनिट स्टोरों में खरीद आवश्यकताएं, खरीद आदेश, सामग्री के हस्तांतरण, सेवा प्रविष्टि पत्रक के निर्माण के लिए किया जा रहा है।

iii. पीएम मॉड्यूल- पीएम मॉड्यूल का उपयोग उत्पादन प्रणाली में सर्वे ऑफ (तकनीकी) के विन्यास, एचईएमएम चलने के घंटे, एचईएमएम के लिए निवारक रखरखाव के लिए पीएम अधिसूचना और रखरखाव आदेश बनाने के लिए बीसीसीएल की सभी परियोजनाओं / खानों / वाशरी में उत्खनन, ईएंडएम और वाशरी विभागों द्वारा किया जा रहा है।

iv.एसडी मॉड्यूल- एसएपी के माध्यम से सभी प्रकार के अनुबंध और बिक्री आदेश तैयार किए जा रहे हैं। रेल बिक्री आदेशों को एफओआईएस प्रोग्राम आईडी के साथ टैग किया जा रहा है ताकि बाद में चालान-प्रक्रिया के लिए डिलीवरी को तैयार किया जा सके। एसएपी के माध्यम से एफओआईएस से सीधे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सभी रेल चालान तैयार किए जा रहे हैं, जबकि सड़क बिक्री चालान एसएपी के माध्यम से वास्तविक समय के आधार पर जीएसटी पोर्टल के साथ ई-चालान एकीकरण के साथ तैयार किए जा रहे हैं। सड़क बिक्री ट्रकों के आवंटन के लिए डिस्पैच योजना शुरू कर दी गई है।

v.पीपी मॉड्यूल - प्रॉडक्शन प्लानिंग मॉड्यूल का उपयोग सभी खानों और वाशरीज़ में प्रोसेस ऑर्डर बनाने और कोयला और ओबी के संविदात्मक और विभागीय उत्पादन के लिए विशिष्ट उत्पादन डेटा प्रविष्टि को शिफ्ट करने, वाशरी उत्पादों के लिए प्रोसेस ऑर्डर और शिफ्ट विशिष्ट डेटा एंट्री करने, सीएचपी के लिए प्रोसेस ऑर्डर बनाने और क्रसिंग रिपोर्ट की प्रविष्टि के लिए किया जा रहा है।

vi.प्रोजेक्ट सिस्टम- प्रोजेक्ट की परिभाषा और कार्य बाधा संरचना सभी 8 चल रही परियोजनाओं के लिए बनाया गया है।

परियोजना व्यय को संबंधित डब्ल्यूबीएस के विरुद्ध बुक किया जा रहा है, चालू परियोजनाओं के वर्ष-वार पूंजीगत बजट को बजट रिलीज की अवधारणा के माध्यम से पीएस-मॉड्यूल द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है।

vii.मानव पूंजी प्रबंधन- सभी कर्मियों की जानकारी SAP में रखी जाती है। पेरोल प्रक्रिया एसएपी के माध्यम से चलाई जा रही है और सभी कर्मियों से संबंधित गतिविधियों जैसे स्थानांतरण/पदोन्नति एसएपी के माध्यम से की जा रही है।

(आ) बीसीसीएल की अपनी वेबसाइट है जिसका डोमेन "www.bcclweb.in" है। यह कंपनी से संबंधित जानकारी साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण पोर्टल के रूप में कार्य करता है। इस संबंध में, निम्नलिखित प्रमुख वेब अनुप्रयोगों का उपयोग किया जा रहा है:

1.सिस्टम विभाग द्वारा ऑनलाइन क्वार्टर आवेदन और आवंटन पोर्टल विकसित किया गया है। इससे क्वार्टर आवंटन प्रक्रिया पारदर्शी हो गयी है।

2.सत्यापन के बाद वेब आधारित पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों को वेतन पर्ची की जानकारी प्रदान की जा रही है।

3.कंपनी के बारे में अन्य सभी जानकारी और नोटिस बीसीसीएल वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध कराए जाते हैं।

4.कंपनी की व्यावसायिक आवश्यकता के अनुसार और डिजिटलीकरण की दिशा में राष्ट्र के 'नागरिक केंद्रित' अनुप्रयोगों का अनुपालन करने के लिए सूचना प्रसंस्करण में और विकास के लिए लगातार प्रयास किया जाता है।

11.0 भूगर्भीय अनुसंधान तथा ड्रिलिंग

11.1 अनुसंधान तथा ड्रिलिंग

क्रम संख्या	ब्लॉक का नाम	ड्रिलिंग करने वाली एजेंसी	ड्रिल किया गया (मीटर) 2021-22	ड्रिल किया गया (मीटर) 2021-22	टिप्पणी
1.	मधुबन	सीएमपीडीआईएल के माध्यम से	8962.00	19026.20	वर्ष 2021-22 के लिए कुल ड्रिलिंग में पश्चिम महुदा, ब्लॉक- II, झुनकुंदर, धर्मबंद, मधुबन, खरखरी और मिर्जागांव ब्लॉक की ड्रिलिंग शामिल है। 17.03.2020 को बीसीसीएल द्वारा मिर्जागांव ब्लॉक को सरेंडर कर दिया गया था और 2020-21 में अन्य ब्लॉकों के लिए ड्रिलिंग की आवश्यकता पहले से ही पूरी कर ली गयी थी।
2.	बीसीसीएल कमान क्षेत्र में ड्रिलिंग और पीजोमीट्रिक वेल्स की स्थापना	आर के ड्रिलिंग सर्विसेज	1521.00	0.00	
3.	अन्य ब्लॉक	सीएमपीडीआईएल के माध्यम से	0.00	47913.15	
	कुल		**10483.00**	**66939.35**	

वर्ष 2021-22 के लिए कुल ड्रिलिंग मीटर 10483.00 मीटर की गयी है और 23 पीजोमेट्रिक कुओं की ड्रिलिंग और स्थापना का कार्य प्रगति पर है।

11.2 भूवैज्ञानिक मूल्यांकन

3 बड़े व्यास वाले बोरहोल प्रस्ताव की गहराई से जांच की गई।

12. अनुसंधान एवं विकास

बीसीसीएल बोर्ड की 373वीं बैठक में निम्नलिखित सदस्यों के साथ अनुसंधान एवं विकास समिति का गठन किया गया:

क्र. सं.	विवरण	पदनाम
1.	अध्यक्ष	अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
2.	सदस्य	निदेशक (तकनीकी) परियोजना एवं योजना
3.	सदस्य	निदेशक (वित्त)
4.	सदस्य सचिव	महाप्रबंधक (अनुसंधान एवं विकास)
5.	सदस्य	महाप्रबंधक (वाशरी प्रभाग)
6.	सदस्य	विभागाध्यक्ष (परियोजना व योजना)
7.	सदस्य	संबंधित विभाग (परियोजना पर निर्भर)

बीसीसीएल की अनुसंधान एवं विकास समिति के अध्यक्ष को तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यकता के आधार पर उद्योग/प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान/सरकारी एजेंसियों के दो विशेषज्ञों को सहयोजित करने का अधिकार है।

12.1 आधुनिकीकरण

कंपनी यह प्रयास कर रही है कि भूमिगत खानों के परिचालन में एसडीएल जैसे मध्यम स्तरीय तकनीक को बदलकर उसके स्थान पर लांगवाल एवं कंटीन्यूअस माइनर तकनीक जैसे व्यापक उत्पादन वाली तकनीक को अपनाया जाए।

12.2 एसडीएल का प्रयोग

31.03.2021 को कुल 40 एस डी एल की तुलना में 31.03.2022 को कुल 38 एसडीएल चालू हैं। एसडीएल को केवल उत्पादन कार्य में लगाया गया है। वर्ष 2021-22 के दौरान 02 एसडीएल का सर्वे ऑफ किया गया।

12.3 2020-21 की तुलना में 2021-22 के दौरान एसडीएल उत्पादन एवं इनकी उत्पादकता

विवरण	2021-22	2020 -21	पिछले वर्ष से वृद्धि (%)
उत्पादन (मि0 टन)	0.212	0.378	(-) 43.91
उत्पादकता (टन/एसडीएल/दिन)	18.14	27.27	(-)33.48

12.4 एसडीएल उत्पादन एवं उत्पादकता में कमी के कारण

बीसीसीएल की खदानों में आग, अचानक पानी भर जाना तथा एक साथ अनेक सीमों का चालू रहना एवं डीजीएमएस की पाबंदियों जैसी अनेक प्रकार की समस्याएं, उत्पादन एवं उत्पादकता में कमी के कारण हो सकते हैं।

- डीजीएमएस के निर्देशानुसार ईजे क्षेत्र की यूजी खदानें पूरी तरह से बंद हो गई।
- पीबी क्षेत्र की भूमिगत खदानों में वर्ष 2021-22 में सभी कार्यरत फेस के जलमग्न होने के कारण उत्पादन नहीं हो सका ।
- सिजुआ क्षेत्र की मुदीडीह खदान का डीजीएमएस उल्लंघन के कारण परिचालन नहीं हुआ।
- गोविन्दपुर क्षेत्र की खरखरी खदान में वर्ष 2021-22 में वर्किंग फेस पर जलमग्न होने से उत्पादन प्रभावित हुआ है।
- बस्ताकोला कोलियरी के भूमिगत कार्यक्षेत्र के बगल में वर्ष 2020 में एक नया हायर किया गया एचईएमएम पैच शुरू हुआ। डीजीएमएस द्वारा हायर किए गए एचईएमएम पैच की ब्लास्टिंग अनुमति में लगाए गए प्रतिबंधों के कारण इस यूजी खदान से उत्पादन रोक दिया गया था।
- सिजुआ क्षेत्र के तेतुलमारी खदानों का उत्पादन अधिक वर्षा और बिजली गुल होने के कारण कार्यक्षेत्र डूबने से प्रभावित हुआ।
- एकेडब्ल्यूएमसी, कतरास क्षेत्र का उत्पादन अधिक वर्षा और बिजली गुल होने के कारण कार्यक्षेत्र के डूबने के कारण प्रभावित हुआ था।
- सलानपुर कोलियरी, कतरास क्षेत्र का उत्पादन अधिक वर्षा और बिजली गुल होने के कारण कार्यक्षेत्र के डूबने से प्रभावित हुआ।

12.5 लाँगवाल तकनीक

वर्तमान में मुनीडीह खदान में, XVI (T) सीम के लॉन्गवॉल फेस के साथ-साथ XV सीम के ड्रेवेज से कोयले का उत्पादन चल रहा है। 2021 -22 में 0.593641 मिलियन टन और 2020-21 में 0.230023 मिलियन टन का उत्पादन किया गया है। निम्नलिखित कारणों से यहाँ पर पिछले वर्ष की तुलना में 2021-22 के दौरान 258.08% की सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गयी है:

1. 2021-22 में 6.5 मीटर फाल्ट का सफलतापूर्वक काउंटर कर XVI (T) सीम में एक नया लॉन्गवॉल पैनल स्थापित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप XVI (T) सीम से उत्पादन में 281.30% की वृद्धि हुई।

2. 2021-22 में XV सीम के ट्रंक रोड ड्राइवेज से 0.103560 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया है।

12.6 चालू खनन परियोजनाएं

क्रम सं.	खदान / परियोजना का नाम	क्षमता (मि.ट)	वर्तमान स्थिति
1.	मुराईडीह यूजी (बरोरा क्षेत्र) (9वीं वार्षिक योजना अवधि में न्यूनतम सुनिश्चित उत्पादन- 20.435 एमटी) पूंजी : ₹ 339.875 करोड़	2.00	• पूर्ण टर्नकी आधार 9 वार्षिक उत्पादन अवधि में न्यूनतम गारंटीशुदा 20.435 मिलियन टन के लिए व्यापक उत्पादन तकनीकी पैकेज द्वारा मुराइडीह भूमिगत खान के सीम I/III को कोयले तक अभिगम और निष्कर्षण के लिए विकसित करने का अनुबंध मैसर्स मिनोप-माहेश्वरी माइनिंग - बीएचईसी (चीन) कंसोर्टियम को दिया गया। बोर्ड द्वारा यह परियोजना दिनांक 14.02.2011 को अनुमोदित की गयी और करार पर दिनांक 22.06.2012 को हस्ताक्षार हुए। • डीजीएमएस द्वारा लगाये गए प्रतिबंधों के कारण शाफ़्ट सिंकिंग और इंक्लाइन ड्राइवेज का काम दिनांक 20.11.2015 से रुका रहा। कार्य के बंद रहने के दौरान शाफ्ट सिंकिंग 13 मीटर तक की गयी जबकि इंक्लाइन क्रमश: 52 मीटर और 48.5 मीटर चलाई गयी और इसने कोल सीम (III) को छू लिया। • इन दौरान, दिनांक 01.06.2016 से मैसर्स मिनोप संवेदक द्वारा करार में भुगतान की कुछ शर्तों में आशोधन के लिए सभी कार्य लंबित रखे गए। • यह कार्य शुरु करने के लिए मैसर्स मिनोप को पुन: बोला गया। स्थल पर दिनांक 01.01.2020 से डीजीएमएस के अनुमोदन से कार्य शुरू हुआ। • 2 इंक्लाइन और एयर शाफ्ट की सिंकिंग के लिए सुरंग मार्ग बनाने का कार्य पूरा हो चुका है। • दिनांक 31.03.2022 तक कार्य: इंक्लाइन 1 : 776.4 मीटर में से 575 मीटर कार्य पूरा हुआ इंक्लाइन 2: 774.2 मीटर में 573 मीटर कार्य पूरा हुआ एयर शाफ्ट : 125 मीटर (सिंकिग पूरा) वन अनापत्ति मामले के कारण इंक्लान के लिए सुरंग बनाने का अस्थायी रूप से रोक दिया गया है।
2	कपूरिया यूजी (कपूरिया क्षेत्र) (पीएसएलडब्ल्यू) पिक उत्पादन क्षमता – 1.83 मिलियन टन प्रतिवर्ष ((नए पीआर के अनुसार) पूंजी निवेश : (वाशरी के साथ एमडीओ विकल्प) – बीसीसीएल के हिस्से में पूंजी ₹ 3020.08 करोड़	1.83	• बीसीसीएल बोर्ड ने दिनांक 25.03.2021 को हुई बैठक में कपूरिया अंडरग्राउंड (फेज-1) की परियोजना रिपोर्ट और एमडीओ के माध्यम से इसके क्रियान्वयन के लिए तदनुकूल एनआईटी दस्तावेज को अनुमोदित किया है। इसके बाद, कपूरिया यूजी प्रोजेक्ट (चरण- I) (1.83 मिलियन टन प्रति वर्ष) के पीआर को सीआईएल बोर्ड द्वारा 12.07.2021 को हुई अपनी बैठक में विकल्प- II, वेरिएंट- I (यानी वाशरी के साथ एमडीओ मोड) के तहत एकीकृत वाशरी के साथ 3020.08 करोड़ रुपये की बीसीसीएल भाग पूंजी के साथ अनुमोदित किया गया था। । • एनआईटी 07.08.2021 को जारी किया गया था। लेकिन निविदा नहीं मिलने के कारण निविदा रद्द कर दी गई। • बोली दस्तावेजों को संशोधित किया गया है और 29.03.2022 को फिर से एनआईटी मंगाई गई है। भाग-I (तकनीकी बोली) खोलने की निर्धारित तिथि 29.06.2022 है।

क्रम सं.	खदान / परियोजना का नाम	क्षमता (मि.ट)	वर्तमान स्थिति
3.	मुनीडीह XV सीम यूजी (डब्ल्यू जे एरिया) (पीएसएलडब्ल्यू) (न्यूनतम गारंटी उत्पादन- 9 एपीपी में 22.5 एमटी) पूंजीः ₹ 1230.27 करोड़	2.50	• दिनांक 03.07.2011 को हुई बीसीसीएल बोर्ड की 279 वीं बैठक तथा दिनांक 12.08.2011 को हुई सीआइएल बोर्ड की 272 वीं बैठक में किए अनुमोदन के अनुसार मैसर्स इंदू-एससीसीएल-सीमजीएसई कंसोर्टियम को 9 वर्ष की वाणिज्यिक उत्पादन अवधि के दौरान कुल न्यूनतम 22.50 मिलियन टन गारंटीशुदा उत्पादन, बीमा व माल ढुलाई समेत कुल पूंजी लागत ₹ 1230.273 करोड़ पर कार्य सौंप दिया गया है। इसके बाद कंसोर्टियम के साथ अप्रैल, 2014 में करार हुआ। • प्रारंभ में, भूमि व अन्य समस्याओं के कारण परियोजना में विलंब हुआ। 420.90 मीटर गहराई को पारकर शाफ्ट सिंकिंग पूरी हो गयी है (XV सीम तक पहुंच गये) और 345.5 मीटर की लंबाई के ड्रिफ्ट को XVI सीम से XVसीम तक चलाया गया। • दोनों इंक्लाइनों के लिए सुरंग निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। ट्रंक रोड, संप और लोंगवाल पैनल के निर्माण के लिए इन-सीम ड्राइवेज चल रहा है। • कंसोर्टियम के भागीदारों में से एक, मेसर्स सीजीएमई, को यूरोप में अपनी निर्माण इकाई से लॉन्गवॉल उपकरण की आपूर्ति करनी थी, जो बंद हो चुकी थी। मेसर्स सीजीएमई को लॉन्गवॉल उपकरण की आपूर्ति के लिए यूक्रेन से मेसर्स कोरम ट्रेडिंग एलएलसी द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। इस संबंध में 15.02.2022 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
4.	नार्थ तिसरा/साउथ तिसरा एक्सपेंशन ओसीपी (6 एमटीवाई) (वैरिएंट- II)	6.0	• 6.0 मिलियन टन प्रतिवर्ष क्षमता वाली एनटी-एसटी परियोजना ओपेनकॉस्ट परियोजना और मैसर्स आईसीआरए मैनेजमेंट कंसल्टिंग सर्विसेज लिमिटेड द्वारा इसकी वित्तीय मूल्यांकन रिपोर्ट को दिनांक 03.02.2014 को संपन्न बीसीसीएल बोर्ड की 304 वीं बैठक और तदनुसार, दिनांक 12.02.2014 को हुई सीआइएल बोर्ड की 304वीं बैठक में बोर्ड द्वारा ₹ 555,52 करोड़ के पूंजीगत व्यय का अनुमोदन 18.59% के आईआरआर के साथ पूरी तरह आउटसोर्सिंग आधार पर परियोजना चलाने के लिए किया गया है। • यह परियोजना संचालित की जा रही है। वर्तमान में, दो हायर्ड एचइएमएम पैच से उत्पादन हो रहा है। ▪ उत्पादनः

वर्ष	2017 -18	2018 -19	2019 -20	2020 -21	2021 -22
लक्ष्य (मि.ट.)	3.76	3.08	4.11	3.70	2.90
उत्पादन (मि.ट.)	3.03	2.48	2.53	2.26	3.17

8.5 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता का संशोधित पीआर को तैयार किया गया है, जो अनुमोदन की प्रक्रियाधीन है।

12.7 त्वरित लदाई पद्धति (रैपिड लोडिंग सिस्टम- आरएलएस)

क्रम सं.	परियोजना का नाम	क्षमता (एमटीवाई)	स्थिति
1.	महेशपुर, गोविंदपुर क्षेत्र में रैपिड लोडिंग पद्धति (आरएलएस) पूंजी - ₹ 134.24 करोड़	5.0	**SILO की स्थिति** • दिनांक 5.4.2011 को मैसर्स एस. के. सामंता एंड कंपनी (प्राइवेट लिमिटेड) के पक्ष में कार्य तथा सेवाओं एवं उपकरणों की आपूर्ति हेतु कार्यादेश जारी कर दिया गया था और करार पर दिनांक 18.05.2011 को हस्ताक्षर हुए थे। • SILO के निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। • दिनांक 18.09.2020 को पीजी परीक्षण पूरा कर लिया गया है। यह दिनांक 15.10.2019 से परिचालित है। **साइडिंग की स्थिति** i. महेशपुर में आरएलएस के साथ रेलवे साइडिंग के निर्माण के लिए मैसर्स राइट्स द्वारा स्वीकृति पत्र मैसर्स एचसीपीएल-एमबीपीएल (जेवी), देवघर को सौंपा गया है। ii. बीसीसीएल और पूर्व मध्य रेल के 25.9 एकड़ भूमि दिनांक 16.06.2020 को भूमि पट्टा करार हुआ। एजेंसी ने दिनांक 02.03.2020 से कार्य करना शुरू कर दिया। वर्तमान में कार्य चल रहा है। टूंडू अंडरपास से सिलो आउटपुट के लिए भूमि काटने का कार्य 70 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। **बाधाएं** • **डब्ल्यूबीएम रोड का निर्माण:** चिताही बस्ती को जोड़ने वाली मौजूदा ब्लैक टॉप रोड के विकल्प के रूप में डब्ल्यूबीएम रोड का निर्माण पूरा हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा 640 मीटर से आगे ब्लैक टॉप रोड के विकल्प के रूप में 280 मीटर की और सड़क की मांग की गई है। इसके लिए एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। कार्य के लिए निविदा 09.03.2022 को खोली गई। इसकी जांच की जा रही है।

12.8 नयी स्वीकृत परियोजना

कपूरिया भूमिगत परियोजना (चरण -1) (1.83 एमटीवाई) को सीआईएल बोर्ड द्वारा 12.07.2021 को आयोजित बैठक में अनुमोदित किया गया।

12.9 पूंजीगत परियोजनाएं और योजनाएं

i) वर्ष 2021-22 के दौरान अनुमोदित क्षमता एवं पूंजी सहित 20 करोड़ रुपए से अधिक लागत से पूरी की गई खनन परियोजनाएं

शून्य

ii) वर्ष 2021-22 के दौरान ₹ 20 करोड़ से अधिक की लागत वाली खनन परियोजनाएं जो शुरू हुई हैं।

शून्य

iii) अनुमोदित क्षमता एवं पूंजी सहित वर्ष 2020-21 के दौरान स्वीकृत ₹ 20 करोड़ से अधिक लागत वाली खनन परियोजनाएं

क्र.सं.	परियोजनाएं	अनुषंगी	अनुमोदन की तिथि	स्वीकृत पूंजी (एमटीपीए)	स्वीकृत पूंजी (करोड़ ₹ में)
1	कपूरिया भूमिगत	बीसीसीएल	25.03.2021 को बीसीसीएल बोर्ड द्वारा 12.07.2021 को सी आईएल बोर्ड द्वारा	1.83	₹3020.08 करोड (बीसीसीएल के हिस्से की पूंजी-सीआईएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित)

iv) अनुमोदित क्षमता एवं पूंजी सहित वर्ष 2021-22 के दौरान स्वीकृत रू. 20 करोड़ से अधिक लागत वाली गैर खनन परियोजनाएं

क्र.सं.	परियोजनाएं	अनुषंगी	अनुमोदन की तिथि	स्वीकृत पूंजी (करोड़ ₹ में)
1.	भोजूडीह वाशरी सोलर पावर प्लांट	बीसीसीएल	28.01.2022	146.94

v) अनुमोदित क्षमता एवं पूंजी सहित वर्ष 2021-22 के दौरान स्वीकृत ₹ 20 करोड़ से अधिक लागत वाली आरपीआर/आरसीइएस

शून्य

vi)वर्ष 2020-21 के दौरान बंद परियोजनाएं

शून्य

12.10 सीएमएम/सीबीएम परियोजना

मुनीडीह कोलियरी के XVI सीम से मिथेन का पूर्व अपवहन

- एक प्रदर्शन परियोजना के रूप में मुनीडीह कोलियरी XVI टी सीम से मिथेन का पूर्व अपवहन किया गया।
- पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) पर अनुमोदन के पश्चात दो बार निविदा जारी की गई थी, पहली 07.09.2018 को और दूसरी एनआईटी में संशोधन के बाद 09.07.2019 को। परंतु दोनों मौके पर निविदा रद्द कर दी गई थी क्योंकि दो समय विस्तार के बाद भी कोई निविदा प्राप्त नहीं हुई।
- निविदा जारी करने के लिए संशोधित वैश्विक बोली दस्तावेज पर अनुमोदन के बाद दिनांक 31.03.2020 को नयी निविदा जारी की गयी।
- बोली 28.09.2020 को खोली गई, और एक बोलीदाता मेसर्स डीप सीएच4 लिमिटेड ने निविदा में भाग लिया, लेकिन तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किया गया, इसलिए बोली को अस्वीकार कर इसे रद्द कर दिया गया।
- सीएमपीडीआई को XVI टॉप सीम से मीथेन के प्री-ड्रेनेज के लिए परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में सेवाएं प्रदान करने के लिए 09.10.2020 को कार्य आदेश जारी किया गया।
- सीएमपीडीआईएल को 17.03.2022 को पुन: निविदा देने से पहले, XVI टॉप सीम से मीथेन के प्री-ड्रेनेज के वैश्विक बोली दस्तावेज के कार्यक्षेत्र को संशोधित करने के लिए कार्य आदेश जारी किया गया।

झरिया सी बी एम/सीएमएम ब्लॉक से मिथेन का दोहन

- बीसीसीएल में कपूरिया, मुनीडीह, जरमा, सिंगरा ब्लॉकों के खनन पट्टाधारित लगभग 26.55 वर्ग कि.मी. क्षेत्र को वाणिज्यिक विकास के लिए चिह्नित किया गया है।
- 26.55 वर्ग कि.मी. के इस चिह्नित क्षेत्र में 25 बिलियन क्युबिक मीटर (बीसीएम) के गैस-इन-प्लेस का अनुमान लगाया गया है। इस पूरे क्षेत्र के लिए एक विस्तृत 30 वर्षीय उत्पादन प्रोफाईल तैयार की गयी है।
- परियोजना व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआर) सीएमपीडीआई द्वारा तैयार की गयी और इसे दिनांक 03.08.2018 को आयोजित बीसीसीएल बोर्ड की 345 वीं बैठक में 'सैद्धांतिक रूप से' अनुमोदित किया गया।।
- निविदा दिनांक 30.10.2020 को जारी की गयी और इसे दिनांक 06.01.2021 को खोला गया। तकनीकी-वाणिज्यिक बोली के मूल्यांकन के बाद मैसर्स पीईपीएल योग्य पाया गया और मूल्य बोली 16.02.2021 को खोली गई।
- तकनीकी समिति ने बोली की विधिवत पुनरीक्षा के बाद मेसर्स पीईपीएल को काम देने की सिफारिश की।
- बीसीसीएल द्वारा 8 जून 2021 को एलओए जारी किया गया था और सफल बोलीदाता द्वारा स्वीकार किया गया।
- राजस्व बंटवारा अनुबंध 20 सितंबर 2021 को हस्ताक्षरित किया गया था और बैंक गारंटी 30 अक्टूबर 2021 को जमा की गई।
- ईएमपी सीएमपीडीआईएल द्वारा तैयार किया गया है और पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवेदन 31 मार्च 2022 को राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण को प्रस्तुत किया गया है।

12.11 बीसीसीएल में कोल ब्लॉक

सीएमएसपी अधिनियम के तहत बीसीसीएल को आवंटित दमागोरिया (कल्याणेश्वरी) पूर्वी कोयला ब्लॉक की स्थिति निम्नलिखित है:-

दामागोरिया का पूर्वी कोल ब्लॉक (कल्याणेश्वरी)

- कोयला मंत्रालय ने सीएमएसपी अधिनियम-2015 के अंतर्गत बीसीसीएल को पत्र सं.- सीबीए2-13011/1/2017-सीबीए2 दिनांक 03.10.2018 के माध्यम से ईस्ट दामागोरिया कोल ब्लॉक (कल्याणेश्वरी) आवंटित किया है। 26.09.2019 को कोयला मंत्रालय के नामित प्राधिकारी तथा बीसीसीएल के अधिकृत पदाधिकारी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- दिनांक 25.10.2019 को कोयला मंत्रालय को 50% अग्रिम भुगतान के एवज में 62.50 करोड़ रूपये तथा निर्धारित राशि के एवज में 17.341668 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया है। इसके अलावा कार्य प्रदर्शन प्रतिभूति के तौर कोयला मंत्रालय को 124.3328 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी प्रस्तुत की गयी है।

- आदेश सं.- एफ.नं. 103/2/2015-एनए-पार्ट (1) दिनांकित 21.11.2019 के माध्यम से कोयला मंत्रालय द्वारा आवंटन आदेश निर्गत किया गया और यह 02.12.2019 को प्राप्त हुआ है।
- ईस्ट ऑफ दमागोरिया (कल्याणेश्वरी) ब्लॉक के तहत आंशिक भूमि वाली एक खनन योजना सीएमपीडीआई द्वारा तैयार की गई है और बीसीसीएल बोर्ड द्वारा 06.05.2020 को अनुमोदित की गई है।
- इस कल्याणेश्वरी कोयला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सीतारामपुर ब्लॉक और सेल और ईसीएल के शेष लीजहोल्ड क्षेत्रों के साथ कल्याणेश्वरी ब्लॉक का एक सीमा ओवरलैप मुद्दा है।
- बीसीसीएल द्वारा कल्याणेश्वरी की ब्लॉक सीमा से संबंधित मुद्दों के शीघ्र समाधान के लिए और पत्र संख्या के माध्यम से बीसीसीएल को सीतारामपुर ब्लॉक के आवंटन के लिए पत्र कोयला मंत्रालय को अनुरोध किया गया है। कोयला मंत्रालय से 121.76 एकड़ के खनन पट्टे और सतही भूमि के ईसीएल से बीसीसीएल को हस्तांतरण के लिए अनुरोध किया गया है।
- ईस्ट ऑफ दमागोरिया (कल्याणेश्वरी) ओसीपी की परियोजना रिपोर्ट सीएमपीडीआई में तैयार की जा रही है। कल्याणेश्वरी की ब्लॉक सीमा एवं सीतारामपुर ब्लॉक के आवंटन से संबंधित मुद्दों के संबंध में कोयला मंत्रालय से निर्णय लेने के बाद परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कोयला मंत्रालय को वापस किए गए कोल ब्लॉक

पीरपैंती बाराहाट और मंदार कोल ब्लॉक:

- कोयला मंत्रालय के दिनांक 12.01.2018 और 18.01.2018 के पत्र के अनुसार एमएमडीआर अधिनियम, 1957 के प्रावधानों के तहत बीसीसीएल को पीरपैंती बाराहाट और मंदार पर्वत कोयला ब्लॉक आवंटित किए गए थे।
- सीएमपीडीआई द्वारा पीरपैंती बाराहाट ओसीपी और मंदार पर्वत ओसीपी की परियोजना रिपोर्ट (पीआर) और संक्षिप्त परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी।
- वित्तीय अव्यवहार्यता के कारण, दोनों कोयला ब्लॉकों को कोयला मंत्रालय को सौंपने का प्रस्ताव बीसीसीएल बोर्ड के समक्ष रखा गया था और इसे बीसीसीएल बोर्ड द्वारा 26.05.2021 को हुई अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया है।
- पत्र संख्या सीआईएल/पीएमडी/भूविज्ञान/बीसीसीएल कोल ब्लॉक/21-22/13 दिनांक 21.07.2021 के माध्यम से पीरपैंती बाराहाट और मंदार पर्वत कोयला ब्लॉकों के वापसी की स्वीकृति और बीसीसीएल को ₹250 करोड़ की अग्रिम राशि वापस करने के लिए कोयला मंत्रालय से अनुरोध किया गया है। ।
- पीरपैंती बाराहाट और मंदार पर्वत कोयला ब्लॉकों के आत्मसमर्पण के अनुरोध के साथ-साथ अग्रिम राशि की वापसी के अनुरोध को कोयला मंत्रालय द्वारा पत्र संख्या CBA1-13016/12/2017-CBA1 (FTS: 336523) दिनांक 14.12.2021 के माध्यम से स्वीकार कर लिया गया है और BCCL को अग्रिम राशि की वापसी के लिए उचित दावा प्रस्तुत करने की सलाह दी गई थी।
- तदनुसार, कोयला मंत्रालय से इन दो कोयला ब्लॉकों के लिए भुगतान की गई अग्रिम राशि की वापसी के लिए पत्र संख्या - बीसीसीएल /डी (टी) ओपी संप्रदाय/एफ-36/2021/269 दिनांक 18.12.2021 के माध्यम से अनुरोध किया गया था।
- कोयला मंत्रालय द्वारा जारी स्वीकृत आदेश संख्या CBA1-13016/12/2017-CBA1 (FTS: 336523) दिनांक 04.02.2022 के तहत अग्रिम राशि की वापसी की स्वीकृति प्रदान की गई है और राशि 31.03.2022 को BCCL को जमा की गई थी।

12.12. उत्पादन रोड मैप: बीसीसीएल

बीसीसीएल द्वारा अगले चार वर्षों तक कोयला उत्पादन करने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार उत्पादन-योजना बनायी गयी है:-

वर्ष	2021 -22	2022 -23	2023 -24	2024 -25	2025 -26
उत्पादन (मि.टन)	30.00	32.00	40.00	45.00	51.00
वृद्धि (%)	---------	06.67	25.00	12.5 0	13.34

12.13. रेलवे साइडिंग अवसंरचना

1. गोविंदपुर क्षेत्र में महेशपुर साइडिंग का आरएलएस के साथ निर्माण	(i) साइट पर कई बाधाओं और COVID-19 के प्रभाव के बावजूद, सिविल कार्य की भौतिक प्रगति की उपलब्धि 35% है। कार्य जारी है।
2. एनएलओसीपी साइडिंग का विस्तार	धनबाद कोर्ट में उठाए गए भूमि विवाद के मुद्दे और COVID-19 के प्रभाव के बावजूद, आज तक की भौतिक प्रगति की उपलब्धि निम्नानुसार है- (1) पीएफ वॉल-310 मीटर (2) फॉर्मेशन बेड-270 मीटर। (3) नाली-195 मीटर। कानूनी विवाद के चलते फिलहाल कोई कार्य नहीं किया जा रहा है।
3. बस्ताकोला क्षेत्र में पूर्ण रेक लंबाई बनाने के लिए बुर्रागढ़ साइडिंग का विस्तार।	यह कार्य दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा जमा आधार पर किया जाएगा और इस संबंध में 21.08.2021 को रेलवे को ₹ 2.64 करोड़ की राशि जमा कर दी गई है।
4. दना क्षेत्र में सीके वेस्ट साइडिंग को भावी ओपनकास्ट के लिए विनष्ट करना	पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जमा आधार पर कार्य किया जायेगा और इस संबंध में दिनांक 12.03.2021 को रेलवे को ₹0.5423 करोड़ की राशि जमा कर दी गयी है। स्थानापन्न लोडिंग व्यवस्था गोल 6 और गोल 9 साइडिंग में होगी।

13. भू-संपदा

वर्ष	दिए गए नियोजन	भूमि अधिग्रहण (हेक्टेयर में)			क्षतिपूर्ति (₹ करोड़ में)		पंजीकरण एवं अन्य लागत (₹ करोड़ में)	पंजीकरण एवं अन्य लागत (₹ करोड़ में)
2021-22	02	00	00	5.8995	1.97	0.00	0.17	2.14

14.विदेशी सहयोग :

बीसीसीएल में वर्तमान में विदेशी सहयोग से चलने वाली कार्यान्वयन के लिए कोई परियोजना नहीं है।

15.विपणन

15.1कच्चे कोयले की आपूर्ति का विवरण :

क्षेत्र	लक्ष्य (मिलियन टन)	वर्ष 2021--22 में वास्तविक (मिलियन टन)	% उपलब्धि	वर्ष 2020-21 में वास्तविक (मिलियन टन)	पिछले वर्ष से % वृद्धि
पॉवर (सीपीपी समेत)	20.40	25.46	125%	17.12	49%
स्टील	2.07	0.73	35%	1.03	-29%
उर्वरक	1.00	0.64	64%	0.94	-32%

क्षेत्र	लक्ष्य (मिलियन टन)	वर्ष 2021--22 में वास्तविक (मिलियन टन)	% उपलब्धि	वर्ष 2020-21 में वास्तविक (मिलियन टन)	पिछले वर्ष से % वृद्धि
ई-ऑक्शन (एसएफई के अतिरिक्त)	1.23	1.23	100%	0.95	30%
अन्य एन आर	1.00	0.63	63%	0.45	39%
वाशरी के लिए	6.30	3.56	57%	2.63	36%
आंतरिक उपभोग	0.00	0.00	0%	0.00	0%
कुल	**32.00**	**32.25**	**101 %**	**23.12**	**40 %**

सीआईएल के एएपी लक्ष्य के अनुसार



15.2 (क) बिक्री पर की गई वसूली

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, बीसीसीएल को एफएसए उपभोक्ताओं से कम वसूली के कारण धन की भारी कमी का सामना करना पड़ा। कोयला बकाया की वसूली के लिए 2021-22 में विशेष प्रयास शुरू किए गए। नतीजतन, 2021-22 में ₹ 15923.01 करोड़ की वसूली हुई है, और यह किसी भी पिछले वित्तीय वर्षों में एक सर्वकालिक उच्च प्राप्ति है। पिछले पांच वर्षों के दौरान सकल बिक्री की तुलना में प्राप्ति का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र.सं.	वर्ष	टर्नओवर (₹ करोड़ में)	वसूली (₹ करोड़ में)	वसूली का %
1	2021-22	12867.34	15923.01	123.75%
2	2020-21	8521.62	8005.91	93.95%
3	2019-20	12224.47	10091.60	82.55%
4	2018-19	12899.98	15046.94	116.64%
5	2017-18	10773.92	12056.97	111.91%

15.2 (ख) बकाया राशि का निपटान:

विभिन्न एफएसए उपभोक्ताओं के साथ पुराने विवादित बकाया के निपटान के लिए 2021-22 में एक विशेष अभियान शुरू किया गया था। डीवीसी और पीएसपीसीएल के साथ द्विपक्षीय समझौता बैठकें आयोजित की गई। द्विपक्षीय समझौते की परिणामी स्थिति इस प्रकार है:

क्रम संख्या	उपभोक्ता का नाम	निपटान की गयी विवादित राशि (₹ करोड़)	बीसीसीएल को प्राप्त राशि (₹ करोड़)	बीसीसीएल द्वारा बट्टे खाते में डाली गयी राशि (₹ करोड़)
1.	डीवीसी	68.87	56.38	12.49
2.	पीएसपीसीएल	80.72	80.72	0.00

15.3 ई-नीलामी

वर्ष 2021-22 के दौरान, विभिन्न ई-नीलामी योजनाएं संचालित की गईं और ई-नीलामी के लिए कुल 135.38 लाख टन कोयले की पेशकश की गई और बेची गई वास्तविक मात्रा 34.99 लाख टन थी। विभिन्न ई-नीलामी का योजना-वार प्रदर्शन इस प्रकार है:

बीसीसीएल : वर्ष 2021-22 के दौरान योजना वार ई-नीलामी

योजना का नाम	2021-22			2020-21			अधिसूचित मूल्य पर प्राप्त वृद्धि का प्रतिशत
	बोली की मात्रा (लाख टन में)	उठाव की मात्रा (लाख टन में)	अधिसूचित मूल्य पर प्राप्ति (₹ करोड़ में)	बोली की मात्रा (लाख टन में)	उठाव की मात्रा (लाख टन में)	अधिसूचित मूल्य पर प्राप्ति (₹ करोड़ में)	
विशेष अग्रेषण ई-नीलामी	3.36	2.43	3.75	1.00	2.08	0.00	-
विशिष्ट ई-नीलामी	3.19	2.46	144.98	8.28	3.99	44.83	223.40
स्थल ई-नीलामी	20.73	5.40	404.10	9.98	6.22	73.74	448.01
विशिष्ट स्थल ई-नीलामी	0.27	0.53	1.92	1.00	0.27	1.49	28.59
आयात प्रतिस्थापन के लिए विशिष्ट स्थल ई-नीलामी	7.44	4.46	86.26	5.35	0.94	20.75	315.71
कुल	34.99	15.26	641.01	25.61	13.51	140.81	355.23

टिप्पणी: उठायी गयी मात्रा में पिछले वर्ष ई-नीलामी में किए गए प्रेषण भी सम्मिलित हैं।

15.4 वर्ष 2021-22 में एफएसए के अंतर्गत विद्युत क्षेत्र के उपभोक्तावार आपूर्ति

विद्युत कंपनी का नाम	वर्ष 2021-22 में एसीक्यु (लाख टन में)	कोयला और कोयला उत्पाद की आपूर्ति (लाख टन में)	% पूर्ति (2021-22)	% पूर्ति (2021-22)
कुल डीवीसी	103.16	111.44	108 %	93%
कुल एनटीपीसी	33.83	65.32	193 %	32%
कुल डब्ल्यूपीडीसीएल	36.43	26.74	73 %	67%
कुल यूपीआरवीयूएनएल	26.13	10.86	42 %	46%
पानीपत	11.6	8.35	72 %	4%
रोपर	3.33	4.09	123 %	40%
डीपीएल	6.2	6.07	98 %	111%
एमपीएल	18.43	17.42	95 %	75%
बज बज (इकाई-III)	4.12	3.09	75 %	49%
एमजीटीपीपी	8.89	11.05	124 %	50%
कुल बिजली उपयोगिता	**252.120**	**264.44**	**105 %**	**68%**

16. विदेशी मुद्रा का उपार्जन एवं व्यय

16.1 विदेशी मुद्रा का व्यय

(₹ 'करोड़ में)

मद	2021 -22	2020 -21
स्टोर, स्पेयर्स एवं कंपोनेंट	शून्य	शून्य
पूंजीगत माल	शून्य	शून्य

16.2 एचईएमएम की खरीद

विवरण	संख्या	दिनांक	सर्वे ऑफ संख्या	सर्वे ऑफ क्षमता
280 एचपी मोटर ग्रेडर	06	26-05-2021	योजना के समक्ष	लागू नहीं
28 केएल वाटर स्प्रिंकलर	02	10-12-2021	01	01 -28- केएल
10 केएल डीजल बोसेर	02	10-12-2021	01	01 -10- केएल
60 टी रियर डम्पर	28	02-02-2022	31	24 -60T, 7 नंबर -35T
5-6 क्यु.मी. शॉवेल	07	14-02-2022	08	6 -5-6 क्यू.एम. 3 और 2 - 2.7-3 क्यू.एम.
410 एचपी डोजर	04	11-02-2022	04	4 -410 एचपी
160 एमएम ड्रिल	07	28-03-2022	07	07 -160 एम.एम.ड्रिल
मोबाइल सेवा वैन	05	28-03-2022	योजना के समक्ष	लागू नहीं

एमओयू अनुपालन मानदंड (2021-22)

मद संख्या – 1 :-

कार्य निष्पादन मानदंड	इकाई	उपलब्धि
GeM पोर्टल से कुल खरीद का 25%: (GeM के अनुसार वर्ष के दौरान GeM पोर्टल के माध्यम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद)/(संबंध पोर्टल के अनुसार पिछले वर्ष के दौरान माल और सेवाओं की कुल खरीद) *100	%	25.05
टिप्पणी: - **वर्ष 2021-22 के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से माल की खरीद** = ₹ 9195.19 लाख **पिछले वर्ष अर्थात 2020-21 के दौरान माल की कुल खरीद** = ₹ 36708.19 लाख		

17. गुणवत्ता नियंत्रण

17.1 नमूना एकत्रण (संयुक्त/तृतीय पक्ष द्वारा नमूना एकत्रण की स्थिति)

क) बीसीसीएल के सभी उपभोक्ताओं के लिए कोयला प्रेषण के सभी तरीकों के लिए सभी लोडिंग पॉइंट्स पर थर्ड पार्टी सैंपलिंग का सफल कार्यान्वयन किया गया है। एफएसए और एमओयू के अनुसार, बीसीसीएल द्वारा थर्ड पार्टी सैंपलिंग के लिए सभी लागू शर्तों को पूरा किया गया है।

यदि किसी अपरिहार्य परिस्थिति (परिस्थितियों) के लिए तृतीय-पक्ष नमूनाकरण एजेंसियां नमूना कार्य करने में सक्षम नहीं हैं, तो संयुक्त नमूनाकरण लोडिंग एंड पर किया जाता है (विभिन्न विद्युत उपयोगिताओं के साथ निष्पादित ईंधन आपूर्ति समझौता खंड संख्या 4.7.6 (ए)), निजी उपभोक्ताओं के लिए खंड संख्या 5.7.6 (ए) और अन्य उपभोक्ताओं के लिए प्रासंगिक खंड)।

(ख) तृतीय पक्ष एजेंसियों द्वारा किए गए नमूना एकत्रण एवं विश्लेषण के आधार पर वर्ष 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के लिए घोषित ग्रेड के अनुरूप कुल प्रतिशत इस प्रकार है:-



(ग) वित्त वर्ष 2021-22 के लिए, जुलाई, 2021 से तीसरे पक्ष के नमूने के कारण चुनौतीपूर्ण रेफरी नमूनों के विश्लेषण के परिणाम अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं।

(घ) वित्त वर्ष 2021-22 के लिए, अप्रैल 21 से जून'21 की अवधि के लिए रेफरी नमूने विश्लेषण परिणामों की प्राप्ति के बाद, अप्रैल 21 से जून'21 की अवधि के लिए तीसरे पक्ष और संयुक्त नमूने के कारण ग्रेड पुष्टि प्रतिशत 83.68% से बढ़कर 92.99% हो गया है, जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों का अनुपालन करता है।

(ङ) ग्रेड की पुष्टि की उपर्युक्त प्रवृत्ति ग्रेड प्राप्ति में निरंतर सुधार दिखाती है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए रेफरी विश्लेषण परिणामों की प्राप्ति से ग्रेड प्राप्ति में और सुधार प्राप्त किया जाएगा।

17.2 वर्ष के दौरान उपलब्धियां

(क) वित्त वर्ष 2021-22 के लिए तीसरे पक्ष और संयुक्त नमूने (रेफरी परिणामों के बिना) के कारण घोषित ग्रेड की पुष्टि करने वाला समग्र प्रतिशत 84.2% (अनंतिम) रह जबकि वित्त वर्ष 2020-21 (रेफरी परिणामों के बिना) के दौरान यह 67.9% था। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 24.01% की ग्रेड प्राप्ति में एक सुधार दर्ज हुआ।

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए ग्रेड पुष्टिकरण कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियों में सबसे अधिक है।

(ख) 2021-22 के दौरान, विभिन्न कोलियरियों के 10 (दस) सीमों के ROM अंश के एक नए ग्रेड को अधिसूचित किया गया है।

(ग) पीएसपीसीएल के साथ पूर्व-सीआईएमएफआर युग के लंबे समय से लंबित समाधान मुद्दों का समाधान किया गया।

(घ) डीपीएल के साथ रेफरी परिणामों की स्वीकृति के लंबित समाधान मुद्दे का समाधान किया गया।

(ङ) एनटीपीसी ऊंचाहार के साथ रेफरी परिणामों की स्वीकृति के लंबित समाधान मुद्दे का समाधान किया गया।

(च) नमूनाकरण परिणामों की स्वीकृति के संबंध में 2017-18 से डीवीसी के साथ लंबित मुद्दों का समाधान(तृतीय पक्ष नमूनाकरण के अभाव में) किया गया।

(छ) तीसरे पक्ष के नमूने में आईएस:1350 (भाग -2) के खंड 0.4 का कार्यान्वयन (निकट विश्लेषण में दशमलव को पूर्णांकित करने के लिए):

1. कोयले के नमूनों के निकटतम विश्लेषण में दशमलव को एक दशमलव अंक तक पूर्णांकित करने के लिए IS:1350 (भाग-2) (खंड 0.4) में प्रावधान है।
2. हालांकि, क्यूसीआई विश्लेषण रिपोर्ट और विभिन्न रेफरल प्रयोगशालाओं से प्राप्त रेफरी चुनौती विश्लेषण रिपोर्ट में अनुमानित विश्लेषण की रीडिंग दोहरे दशमलव अंकों में थी। इस कारण से बीसीसीएल को काफी नुकसान हुआ।
3. इस विसंगति की सूचना निदेशक (विपणन), सीआईएल को दी गई थी, और तृतीय-पक्ष नमूनाकरण कार्य में प्रचलित उपरोक्त विसंगति पर समाधान के लिए अनुरोध किया गया।
4. इस मामले को कोल इंडिया लिमिटेड द्वारा संज्ञान में लिया गया था और बाद में तृतीय पक्ष नमूनाकरण एजेंसियों और रेफरल प्रयोगशालाओं को आईएस:1350 (भाग-2) (खंड 0.4) में प्रावधान का पालन करने की सलाह दी गई थी और इसे सीआईएल की सहायक कंपनियों के विश्लेषणात्मक प्रयोगशालाओं में भी लागू किया गया है।

(ज) गुणवत्ता नियंत्रण विभाग में ईआरपी का सफल कार्यान्वयन।

17.3 गुणवत्ता एवं उपभोक्ताओं की संतुष्टि में सुधार के लिए की गई कार्रवाई

(क) ग्रेड के रखरखाव के लिए एसओपी तैयार किया गया है और बीसीसीएल के क्षेत्रों में वितरित किया गया है। एसओपी कोयला उत्पादन और प्रेषण के हर चरण में कार्यकारी (अधिकारियों) की जिम्मेदारियों को दर्शाता है।

(ख) गुणवत्ता नियंत्रण विभाग, मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा प्रेषित कोयले के ग्रेड की जांच नियमित तौर पर साईडिंगों में की जाती है और इसके बाद प्रेषित कोयले की गुणवत्ता में सुधार के लिए क्षेत्रीय प्राधिकारियों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया जाता है।

(ग) प्रत्येक क्षेत्र की ग्रेड स्लिपेज रिपोर्ट मासिक आधार पर संकलित की जाती है और सुधारात्मक उपाय करने के लिए इसे संबंधित क्षेत्रों को भेजा जाता है।

(घ) गुणवत्ता, आकार प्रेषण, तीसरे पक्ष के नमूने आदि से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए प्रत्येक माह सभी क्षेत्रीय विक्रय प्रबंधकों के साथ गुणवत्ता समन्वय बैठक का आयोजन किया जाता है।

(ङ) तृतीय पक्ष नमूना एकत्रण कार्य की निगरानी के लिए सभी लोडिंग केंद्रों पर प्रत्येक पाली में अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों का एक समर्पित दल तैनात किया गया है। टीम को यह सुनिश्चित करने का निर्देश जाता है कि तृतीय पक्ष नमूना एकत्रण एजेंसी द्वारा नमूने को समुचित तरीके से एकत्र एवं तैयार किया जाता है।

(च) उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी को उसके कर्तव्य के प्रति जागरूक किया जाता है।

(छ) उत्पादन एवं डिस्पैच से सीधे तौर पर जुड़े सभी सुपरवाईजरी एवं प्रबंधकीय कर्मचारियों को यह निर्देश दिया गया है कि वे निम्नलिखित माध्यम से केवल गुणवत्तापूर्ण कोयले का उत्पादन करें:-

1. चयनित खनन पद्धति अपनाएं
2. उचित ड्रिलिंग/ब्लॉस्टिंग पैटर्न को अपनाए
3. पत्थरों एवं शेल को अपने स्तर पर ही अलग कर दें
4. फेस एवं स्टॉक यार्ड में ट्रकों में लोडिंग के समय सावधानियां बरतें।
5. सीमों में आग एवं अन्य खनन समस्याओं के कारण समिश्रित कोयले का उचित तरीके से प्रबंध किया जाता है।

(ज) कार्यस्थल/कोल डंप/रेलवे साइडिंग में उचित प्रकाश का प्रबंध है।

(झ) फायरी एवं गैर-फायरी कोयले के लिए इनका अलग-अलग भंडार किया जाता है।

(ञ) अग्नि प्रभावित सीम के मामले में, सीसीओ द्वारा आग और गैर-अग्नि क्षेत्रों के कोयला सीम विशेष के लिए अलग-अलग ग्रेड घोषित किए गए हैं।

(ट) घोषित ग्रेड के अनुसार अच्छी गुणवत्ता वाले कोयले के उत्पादन और प्रेषण हेतु उपचारात्मक उपायों के लिए प्रबंधन के सभी स्तरों पर विचार-मंथन कर ग्रेड स्लिपेज को कम किया जाता है।

(ठ) उपभोक्ताओं की संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए, गुणवत्ता और आकार के प्रेषण और शिकायत निवारण के मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बीसीसीएल के उपभोक्ताओं के साथ बैठक (बैठकें), टेलीफोन / टेक्स्ट संदेश वार्तालाप किया जाता है।

(ड) बिजली घर (घरों)/उपभोक्ताओं से प्राप्त बड़े आकार की असंगत सामग्री के साथ मिश्रित खराब गुणवत्ता वाले कोयले और बड़े आकार के कोयले की कथित प्राप्ति के संबंध में शिकायत तुरंत संबंधित प्राधिकारी को उसी दिन के भीतर भेजी जाती है। संबंधित प्राधिकारी को उपयुक्त उपचारात्मक कदम उठाने के लिए कहा जाता है। इसके अलावा, गुणवत्ता नियंत्रण विभाग और विपणन एवं विक्रय विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं को भेजे जा रहे साइडिंग, डंप और कोयले का आकलन करने के लिए संबंधित क्षेत्र का दौरा करते हैं और भविष्य के लिए शिकायत (शिकायतों) को खत्म करने के उद्देश्य से उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता और क्रश्ड कोयले के प्रेषण के संबंध में क्षेत्र के अधिकारियों के साथ चर्चा की जाती है। ।

(ढ) हर महीने के अंत में, बीसीसीएल और संबंधित बिजली घर के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न बिजली घरों में पत्थर का मूल्यांकन किया जाता है।

17.4 2021-22 को "गुणवत्ता वर्ष" के रूप में घोषित करना

दिनांक 26.04.2021 को सचिव (कोयला) की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के दौरान 2021-22 को "गुणवत्ता का वर्ष" घोषित किया गया। कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर जोर दिया गया।

(क) बीसीसीएल के क्षेत्रों में गुणवत्ता नियंत्रण विभाग द्वारा गुणवत्ता जागरूकता अभियान चलाए गए। खदानों, साइडिंगों, क्रशिंग व्यवस्थाओं, अनुकूल परिस्थितियों, कोयला विश्लेषणात्मक प्रयोगशाला आदि का त्रैमासिक अंतर-क्षेत्रीय निरीक्षण किया गया।

(ख) साइडिंग के रखरखाव, क्रशिंग और ग्रेड पुष्टिकरण के संबंध में क्षेत्रों को त्रैमासिक आधार पर सम्मानित किया गया और पुरस्कार प्रदान किए गए।

18. ऊर्जा संरक्षण

18.1 ऊर्जा संरक्षण के लिए उठाए गए कदम

क्रम संख्या	विवरण	टिप्पणी
1.	एल ई डी लाइट	बीसीसीएल ने जीएलएस लैंप, ट्यूब फिटिंग और ट्यूब लाइट की खरीद बंद कर दी है। सभी सरकारी/औद्योगिक परिसरों में जीएलएस लैंप और अन्य पारंपरिक लाइट फिटिंग्स को एलईडी लाइट फिटिंग से बदला जा रहा है। वित्त वर्ष 21-22 में 2700 एलईडी लाइटें पहले ही खरीदी जा चुकी हैं। इसके अलावा 2374 एलईडी लाइटों के लिए शीघ्र ही क्रय आदेश दिया जाना है।
2.	ऊर्जा दक्ष ए सी	वित्त वर्ष 21-22 में 71 ऊर्जा दक्ष एसी लगाए गए हैं।
3.	ई-व्हीकल	वेट लीज व्यवस्था के तहत 15 ई-वाहनों को किराए पर लेने की प्रक्रिया चल रही है और 4.5.2022 को कार्यादेश दिया गया है
4.	ऊर्जा दक्ष मोटर	2 ऊर्जा दक्ष मोटरें लगाई गई हैं।
5.	ऊर्जा दक्ष वाटर हीटर	वित्तीय वर्ष 21-22 में 74 ऊर्जा दक्ष वॉटर हीटर लगाए गए हैं।
6.	हाइमास्ट प्रकाश स्तंभ	वित्त वर्ष 21-22 में एलईडी आधारित फ्लड लाइट फिटिंग के साथ 58 हाई मास्ट प्रकाश स्तंभ के लिए खरीद आदेश दिया गया और जल्द ही डिलीवरी की उम्मीद है।
7.	स्वनियंत्रक स्विच	वित्त वर्ष 21-22 में 70 स्वनियंत्रक स्विच (ऑटो टाइमर स्विच) के लिए खरीद आदेश दिया गया और शीघ्र ही डिलीवरी की उम्मीद है।
8.	ऊर्जा दक्ष सुपर फैन	बीसीसीएल अब पारंपरिक सीलिंग फैन के स्थान पर ऊर्जा दक्ष सुपर फैन खरीद रहा है। 209 बीएलडीसी सीलिंग फैन लगाए गए हैं।
9.	कैपेसिटर बैंक	कैपेसिटर बैंक और कैपेसिटर की खरीद का नया प्रस्ताव निविदा में है। कैपेसिटर बैंकों की आपूर्ति के बाद, पावर फैक्टर में सुधार के लिए इसे स्थापित किया जाएगा।

18.2 वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में बीसीसीएल की कुल ऊर्जा खपत एवं विशिष्ट ऊर्जा खपत

विवरण	2021-22	2020-21
विशिष्ट ऊर्जा खपत (कि. वाट/टन) (कोयले के लिए)	26.37	32.96
विशिष्ट ऊर्जा खपत (कि. वाट/क्यू.मी.) (कोयले एवं ओबी के लिए)	6.37	6.71
कुल ऊर्जा खपत (एमकेडब्ल्यूएच)	804.50	812.65



वित्त वर्ष 2020-21 की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में विशेष ऊर्जा खपत में 5.07% की कमी।

18.3 बीसीसीएल में सोलर प्लांट/ परियोजनाएं लगाने के लिए उठाए गए/प्रस्तावित कदम

❖ **सौर ऊर्जा पहल**

बीसीसीएल में रूफ़ टॉप सौर परियोजना की स्थिति			
क्रम संख्या	**परियोजना**	**राशि (करोड़ रु. में)**	**स्थिति**
1	बीसीसीएल के विभिन्न बारूद घरों में 110 किलोवाट के सौर संयंत्र (बैटरी बैकअप के साथ)	1.25	₹1,25,63,602 के कार्य मूल्य के लिए 18.08.2021 को मेसर्स सनफीड इकोसोल्यूशन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को कार्य आदेश दिया गया। कार्य निष्पादन प्रगति पर है। मार्च 2022 में 70 KW रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित किया गया है और 40 KW की स्थापना के जून, 2022 में पूरा होने की उम्मीद है।
2.	बस्ताकोला, डब्ल्यूजे और तेतुलमारी क्षेत्र कार्यालय में 297 किलोवाट ऑन-ग्रिड रूफ टॉप सोलर प्लांट।	1.15	मेसर्स ग्रीनॉन एनर्जी सर्विसेज को कार्य आदेश दिनांक 13.12.2021 को दिया गया। पार्टी को कार्यस्थल समर्पण पत्र 07/03/22 को जारी किया गया था। जुलाई 2022 में काम पूरा होने की उम्मीद है।
3.	बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में 19 भवनों पर 1.2 मेगावाट ऑन-ग्रिड रूफटॉप सौर ऊर्जा संयंत्र।	4.84	मेसर्स सुंग्रेस एनर्जी सॉल्यूशंस को दिनांक 28.12.2021 को कार्यादेश दिया गया। कार्य प्रगति पर है। कल्याण भवन, जगजीवन नगर गेस्ट हाउस, सीसीडब्ल्यूओ, सिविल ऑफिस, सीआईएसएफ और स्कूल ऑफ नर्सिंग - 7 साइटों (255 केडब्ल्यूपी) पर काम पूरा हुआ। नेहरू कॉम्प्लेक्स और डीएवी स्कूल में 350kWp प्लांट के लिए काम चल रहा है और इसके जल्द ही पूरा होने की संभावना है। शेष 615 kWp सोलर प्लांट का काम मई, 2022 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा।

बीसीसीएल के विभिन्न स्थानों पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर रूफ़टॉप पीवी परियोजनाएं

सीसीडब्ल्युओ कार्यालय में सोलर पैनल

नर्सिंग छात्रावास में सोलर पैनल

जगजीवन नगर, अतिथि गृह में सोलर पैनल

बीसीसीएल में ग्राउंड माउंटेड सौर परियोजनाओं की स्थिति			
क्रम संख्या	परियोजना	राशि (करोड़ रु. में)	स्थिति
1	भोजुडीह वाशरी में 25 मेगावाट ग्राउंड माउंटेड सौर ऊर्जा	146.94 (अनुमानित लागत)	भारतीय सौर ऊर्जा निगम (एसईसीआई) का पीएमसी असाइनमेंट समाप्त कर दिया गया। एसईसीआई के पीएमसी को समाप्त करने और बाद में सीआईएल नवकरणीय ऊर्जा लिमिटेड (CNUL) के माध्यम से CAPEX मोड में निविदा प्रस्ताव को बीसीसीएल के प्रकार्य निदेशकों द्वारा दिनांक 16.12.2021 को अनुमोदित किया गया। ₹ 146.94 करोड़ का सीएनयूएल द्वारा तैयार किया गया संशोधित अनुमान बीसीसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित कर 21.01.2022 को सीएनयूएल को सूचित किया गया। सीएनयूएल द्वारा 03.03.2022 को निविदा जारी की गयी, 11.03.2022 को प्री-बिड मीटिंग आयोजित हुई और 08.04.2022 को निविदा खोली गई। सीएनयूएल द्वारा निविदा जांच की गयी और एक अमान्य प्रस्ताव के कारण निरस्तीकरण और पुनर्निविदा के तहत की जानी है।
2	दुग्धा वाशरी के पास 20 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र	कैपेक्स (अनुमानित लागत अभी प्राप्त नहीं)	ईएसएल का पीएमसी असाइनमेंट समाप्त कर दिया गया। ईईएसएल के पीएमसी को समाप्त करने और रेस्को मोड में सीआईएल नवकरणीय ऊर्जा लिमिटेड के माध्यम से निविदा के लिए बीसीसीएल के प्रकार्य निदेशकों द्वारा स्वीकृति दी गयी, इसे दिनांक 16.12.2021 को बीसीसीएल के प्रकार्य निदेशकों द्वारा अनुमोदित किया गया। सीआईएल को सीएपीईएक्स मोड में नवकरणीय ऊर्जा लिमिटेड के माध्यम से निविदा के लिए अपना काम करने के लिए सूचित किया गया है। संशोधित डीपीआर अनुमान के साथ सीआईएल नवकरणीय-ऊर्जा-लिमिटेड (सीएनयूएल) द्वारा प्रस्तुत किया जाना है।

18.5 ऊर्जा खपत

विवरण	2021 -22	2020 -21
खरीदी गई यूनिट (एमकेडब्लूएच)	804.50	812.65
कुल बिल राशि (₹ करोड़ में)	434.50	404.73
***डीवीसी द्वारा टैरिफ संशोधन करने के कारण बिल राशि में वृद्धि हुई है**		

19. सुरक्षा

19.1 वर्ष 2021-22 की तुलना में वर्ष 2020-21 के दुर्घटना संबंधी आंकड़े

2020-21 की तुलना में 2021-22 में घातक और गंभीर दुर्घटनाओं की घटनाओं में काफी कमी आई है:

दुर्घटना का विवरण	2021 -22	2020 -21	वर्ष 20-21 की तुलना में वर्ष 21-22 में परिवर्तन प्रतिशत
प्राणघातक दुर्घटनाओं की संख्या	**1**	**4**	**-75%**
मृतकों की संख्या	**1**	**5**	**-80%**
गंभीर दुर्घटनाओं की संख्या	**5**	**8**	**-37.5%**
गंभीर चोटों की संख्या	**5**	**9**	**-44.4%**

19.2 नियमानुसार खदानों में सुरक्षा स्थिति की मॉनिटरिंग की प्रक्रिया

कर्मियों, मशीनों और खदानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीसीसीएल की खदानों में निम्नलिखित प्रावधान किए गए हैं:

(i) डीजीएमएस द्वारा दी गई अनुमति के अनुसार नियमत: खनन गतिविधियों के पर्यवेक्षण, प्रबंधन, निर्देशन और नियंत्रण के लिए वैधानिक कर्मियों की तैनाती।

(ii) डीजीएमएस द्वारा लगाई गई शर्तों के अनुसार खदानों का संचालन।

(iii) सुरक्षा समिति और कामगार निरीक्षकों द्वारा खानों का निरीक्षण।

(iv) समय सारणी के अनुसार आईएसओ द्वारा खानों का निरीक्षण।

(v) आईएसओ अधिकारियों द्वारा खानों का बैकशिफ्ट निरीक्षण।

(vi) डीजीएमएस, आईएसओ और अन्य एजेंसियों द्वारा बताए गए उल्लंघनों का अनुपालन।

(vii) सक्षम प्राधिकारी को विभिन्न वैधानिक रिपोर्ट और रिकॉर्ड प्रस्तुत करना।

(viii) आईएसओ अधिकारियों द्वारा खानों का औचक निरीक्षण।

(ix) एसएमपी में खदान के जोखिमों की पहचान पहले ही की जा चुकी है।

(x) बीसीसीएल की सभी परिचालन खदानों ने साइट विशिष्ट, जोखिम आधारित एसएमपी तैयार किया है।

(xi) किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए माइंस रेस्क्यू स्टेशन को पर्याप्त बुनियादी ढांचे से लैस किया गया है।

19.3 सुरक्षा रोड मैप के कार्यान्वयन की स्थिति में सुधार के लिए वर्ष 2021-22 के दौरान विशेष अभियान चलाए गए:

मानदंडकार्यान्वयन	स्थिति
144वीं सीएमडी मीट द्वारा निर्देशित 50+ आयु वर्ग के उच्च दुर्घटना और जोखिम प्रवण कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य परामर्श।	अगस्त 2022 से बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में नियमित अभ्यास के रूप में जारी है।
"आजादी का अमृत महोत्सव" के अवसर पर डीजीएमएस द्वारा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य जांच की गई	बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में 7 से 12 मार्च 2022 तक
वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह-2021 और अंतिम दिवस समारोह	एएमएसडब्ल्यू का आयोजन बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में 07 से 12 फरवरी 2022 तक और अंतिम दिवस समारोह 26 फरवरी 2022 को टाटा जमाडोबा स्टेडियम में किया गया।
फीडर ब्रेकर, विद्युत सब-स्टेशनों और खनन संचालन के अन्य संवेदनशील बिंदुओं में आग के कारण खतरे को कम करने के लिए तैयारियों का आकलन	बीसीसीएल की सभी खदानों में 26 मई से 30 मई 2021
विद्युत स्टेशनों में LOTO प्रणाली और शटडाउन प्रक्रियाओं की प्रभावकारिता का आकलन	बीसीसीएल के सभी सब-स्टेशनों में 16 जून से 22 जून 2021

19.4 व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों का उन्नयन और आधुनिकीकरण और उपयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों का डिजाइन और कार्यान्वयन -

20 अगस्त 2021 को आयोजित 145वीं सीएमडी की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि बीसीसीएल की सभी सहायक कंपनियां "व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों के उन्नयन और आधुनिकीकरण" के लिए एक 'कार्य योजना' तैयार करेंगी। इसके अलावा, जैसा कि 22.10.2021 को आयोजित सीएमडी की 147वीं बैठक में निर्णय लिया गया, यह प्रस्तावित किया गया है कि-

"बरोरा क्षेत्र जीवीटीसी और मूनीडीह वीटीसी को वर्ष 2022-23 में उत्कृष्टता केंद्र में परिवर्तित किया जाएगा।"

इस उद्देश्य के लिए नियुक्त की जाने वाली एजेंसी को सीआईएल द्वारा तय किया जाना है। वर्तमान में, रिक्वेस्ट फॉर कोटेशन (आरएफक्यू) प्रतिक्रियाओं के मूल्यांकन के आधार पर, प्राप्त 10 में से निम्नलिखित दो एजेंसियों को अनुमोदन प्राप्त करने के बाद सूचीबद्ध किया गया है-
जे.एन. टाटा वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, जमशेदपुर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्किल डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम।

मेसर्स डेलॉइट ने रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) की तैयारी शुरू कर दी है। संभावित एजेंसियों की व्यापक भागीदारी को सक्षम करने के लिए RFQ दस्तावेज़ की समीक्षा करने के लिए CIL द्वारा एक समिति का गठन किया गया है। समिति की सिफारिशों को संशोधित आरएफक्यू में शामिल किया जाएगा। उक्त संशोधित आरएफक्यू अनुमोदन प्राप्त करने के बाद शीघ्र ही सीआईएल द्वारा जारी किया जाएगा।

19.5 पिछली दुर्घटनाओं पर वीडियो क्लिप्स -

मार्च 2021 में 02 वीडियो क्लिप प्रति माह की दर से 12 वीडियो क्लिप तैयार करने का कार्यादेश जारी किया गया है और बीसीसीएल के सभी कर्मचारियों के लिए सुरक्षा जागरूकता में सुधार हेतु 2020, 2021 और पिछले वर्ष में बीसीसीएल में हुई घातक दुर्घटनाओं को दर्शाते हुए 2021-22 में 3-4 मिनट की अवधि के 12 वीडियो क्लिप तैयार किए गए हैं। । इन फिल्मों को विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप, वीटी सेंटर आदि के माध्यम से कर्मचारियों के साथ साझा किया जा रहा है। बीसीसीएल के सभी जीवीटीसी में कोलियरी में उपरोक्त वीडियो क्लिप के अलावा, सीआईएल की अन्य सहायक कंपनियों में हुई विभिन्न दुर्घटनाओं पर लघु फिल्में भी इन दुर्घटनाओं पर कर्मचारियों को चर्चा के साथ दिखाई जा रही हैं।

19.6 सुरक्षा संस्कृति और सुरक्षा जागरूकता में सुधार के लिए बीसीसीएल खानों में लागू सीआईएल के विभिन्न हालिया निर्देश:

I. **सुरक्षा मित्र मंडली (सुरक्षा सर्कल) का गठन -** खान स्तर, क्षेत्र स्तर, सहायक स्तर और सीआईएल स्तर पर कामगार निरीक्षक, पीएससी सदस्य, सुरक्षा अधिकारी, क्षेत्र सुरक्षा अधिकारी, नोडल अधिकारी आईएसओ, नोडल अधिकारी (सुरक्षा मित्र) सीआईएल शामिल हैं।

II. **"टेक - 5" सुरक्षा दृष्टिकोण की अवधारणा -** "रुकें और सोचें, खतरों को देखें, जोखिम का आकलन करें, परिवर्तन करें और सुरक्षित रूप से काम करें" की अवधारणा को अपनाने के लिए।

III **सुरक्षा दृष्टिकोण का "एबीसीडी"** - ए-एवेयरनेस (जागरूकता), बी- बीवेयर (सावधान), सी- कंसिसियस (जागरूक), डी- डिलिजेंट (मेहनती)

IV **"शून्य दुर्घटना / शून्य नुकसान" प्राप्त करने के लिए सुरक्षा लक्ष्य के लिए रोड मैप** – कार्यपालक निदेशक (सुरक्षा), सीआईएल द्वारा एक रोड मैप तैयार किया गया है , जिसमें "सुरक्षा संस्कृति" और "सुरक्षा वातावरण" दोनों समानांतर चलेंगे, इसमें प्रत्येक सप्ताह की प्रगति रिपोर्ट के साथ, 52 सप्ताह की अवधि के भीतर विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाने वाले कार्य सम्मिलित होंगे। विभिन्न कार्य और कार्रवाई योग्य गतिविधियां निम्नलिखित हैं-

क. सुरक्षा दृष्टिकोण, व्यवहार, चेतना में सुधार

ख. कर्मचारियों के बीच नियोक्ता-संचालित सुरक्षा संस्कृति, समावेशी सुरक्षा संस्कृति, साथी भावना, सहानुभूतिपूर्ण सोच के माहौल को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए सुरक्षा सर्किलों / सुरक्षा समूहों का गठन।

ग. 'केस स्टडी आधारित सुरक्षा वार्ता' और 'सुरक्षा वीडियो साझा करना' शुरू करके सुरक्षा के लिए "अधिगम संस्कृति" विकसित करना।

घ. सुरक्षा के उद्देश्य पर 'प्रेरणादायक मॉडल' का प्रदर्शन।

ङ. सुरक्षा के लिए विशिष्ट 'संगठनात्मक अनुशासन और व्यवहार' में सुधार।

च. आईएसओ (नोडल) और महाप्रबंधक (सुरक्षा) द्वारा स्थिति के अनुसार रोड मैप गतिविधियों को जोड़ने और संशोधित करने के लिए हर 3 महीने में नियमित समीक्षा।

V. **"व्यक्तिगत सुरक्षा परामर्श" की अवधारणा को लागू करना -** सुरक्षित प्रथाओं और सुरक्षा वातावरण पर प्रश्नावली के बाद सलाह, सुझाव, सहायता, मदद, समर्थन और मार्गदर्शन के रूप में व्यक्तिगत परामर्श, परिवार परामर्श और रेफरल द्वारा परामर्श ।

Vi. **आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना की तैयारी/संशोधन-** बीसीसीएल की विभिन्न खदानों में चल रही मौजूदा 'आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना' को सभी बीसीसीएल खानों के लिए 'खान विशिष्ट स्थितियों को शामिल करने के दायरे के साथ एक समान आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना' तैयार करने के लिए फिर से देखा गया है। आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना का मसौदा बीसीसीएल की सभी खानों को परिचालित कर दिया गया है।

Vii. **विशिष्ट खनन गतिविधियों के लिए एक समान अभ्यास अनुसूची (एसओपी)** - वर्तमान में प्रचलित विभिन्न खनन गतिविधियों के एसओपी की समीक्षा/संशोधन आईएसओ द्वारा 'खान विशिष्ट स्थितियों को शामिल करने के दायरे के साथ एक विशिष्ट कार्य के लिए एक समान एसओपी' विकसित करने और तैयार करने के लिए की गई है।

19.7 वर्ष 2021-22 में अन्य सुरक्षा उपाय :

मानदंड	कार्यान्वयन स्थिति
एसएमपी (सुरक्षा प्रबंधन योजना)	बीसीसीएल की सभी कार्यरत खदानों द्वारा एसएमपी तैयार किया गया है और इन एसएमपी की समीक्षा आईएसओ के सहयोग से की गई है।
सुरक्षा लेखा परीक्षा : 2021-22	बीसीसीएल की सभी कार्यरत खदानों के सुरक्षा लेखा परीक्षा- 2021-22 के चरण I, II और III को पूरा कर लिया गया है और रिपोर्ट जमा कर दी गई है।
ए-16 प्रारूप के अनुसार एचओई की विशेष लेखापरीक्षा	सुरक्षा लेखापरीक्षा के तीनों चरणों में बताई गई कमियों को संबंधित खानों द्वारा ठीक करने की प्रक्रिया में है।
महाप्रबंधक (एस एंड आर) की क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ मासिक बैठकें	बीसीसीएल के सभी हायर्ड पैच में सुरक्षा लेखा परीक्षा प्रारूप के प्रारूप ए16 के तहत निर्धारित एचओई अनुबंधों की एक विशेष लेखापरीक्षा की गई है।
संविदात्मक श्रमशक्ति के लिए आईएसओ द्वारा जारी दिशानिर्देश	सभी महीनों में नियमित रूप से आयोजित अनुबंधित व्यक्तियों द्वारा सुरक्षा प्रावधानों के अनुपालन के लिए सीआईएल द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देश कार्यान्वयन के लिए संबंधित क्षेत्रों को सूचित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, आईएसओ नोडल अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित करते हैं कि संविदा कर्मचारियों द्वारा इन दिशानिर्देशों का पालन किया जा रहा है और इसकी निरीक्षण रिपोर्ट में आवश्यक टिप्पणियों को दर्ज किया गया है और अनुपालन की स्थिति की निगरानी की जाती है।
आईएसओ अधिकारियों द्वारा खानों का निरीक्षण	बीसीसीएल की खदानों के आईएसओ अधिकारियों द्वारा प्रति माह औसतन 15 निरीक्षण किए गए हैं।

19.8 अन्य सुरक्षा उपाय

(i) **आग, बाढ़ और डंप स्लोप स्थिरता पर मॉक रिहर्सल -** वर्ष 2021-22 में, आग, बाढ़ और डंप ढलान स्थिरता के कारण उत्पन्न होने वाली आपात स्थिति के मामले में तैयारियों की जांच के लिए बीसीसीएल की विभिन्न खानों में कुल 76 (छिहत्तर) मॉक रिहर्सल आयोजित किए गए हैं-

विवरण	2021-22	2020 -21
बीसीसीएल की सभी खदानों में आग, बाढ़ और डंप ढलान स्थिरता पर मॉक रिहर्सल	76 nos.	41 nos.

(ii) बीसीसीएल सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों और मुख्यालय के अधिकारियों के साथ-साथ खान अधिकारियों के साथ द्वि-पक्षीय निरीक्षण (क्षेत्र स्तर) टीम बीसीसीएल की खानों / वाशरियों का निरीक्षण करती है।

(iii) 2021 में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए डीजीएमएस अधिकारियों, प्रबंधन और क्षेत्र सुरक्षा समिति के साथ क्षेत्र स्तरीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित की गईं।

(iv) कंपनी स्तरीय त्रिपक्षीय सुरक्षा समिति- 14 फरवरी, 2022 को कोयला भवन में डीजीएमएस अधिकारियों, प्रबंधन और सुरक्षा बोर्ड के सदस्यों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गयी।

19.9 वैज्ञानिक अध्ययन:

कोयला खान विनियम-2017 के विनियम संख्या 106(2), 196, और विनियम संख्या 123(1) के अनुपालन में, मैकेनाइज्ड ओपनकास्ट वर्किंग के मामले में 'अल्टीमेट पिट स्लोप, डंप स्लोप और स्लोप स्टेबिलिटी' के संबंध में वैज्ञानिक अध्ययन (पंजीकरण संख्या) 106(2)), ओसी खानों में ब्लास्टिंग अध्ययन (पंजीकरण संख्या 196), 'स्तर नियंत्रण और निगरानी योजना (एससीएएमपी)' - पंजीकरण संख्या 123 (1) और आरएमआर निर्धारण (पंजीकरण संख्या 123(2)) अलग-अलग क्षेत्रों में किया गया है। सिंफर, आईआईटी-आईएसएम धनबाद, आईआईटी बीएचयू, आईआईटी खड़गपुर, बीआईटी सिंदरी, एनआईटी जोधपुर,

आदि जैसी 'वैज्ञानिक एजेंसियों' के माध्यम से BCCL की खदानें, 2017 में पंजीकरण संख्या 106 (2) की स्थापना से लेकर मार्च 2022 तक बीसीसीएल की विभिन्न खानों में किए गए विभिन्न मानकों पर वैज्ञानिक अध्ययनों की स्थिति निम्नानुसार है-

मानदंड	संख्या
ओसीपी में अल्टीमेट पिट ढलान, डंप ढलान, और ढलान स्थिरता	28
ओसी खानों में ब्लास्टिंग अध्ययन (पंजीकरण संख्या 196)	14
स्तर नियंत्रण और निगरानी योजना (एससीएएमपी) - पंजीकरण संख्या 123(1) और आरएमआर निर्धारण (पंजीकरण संख्या 123(2)) और संरचनात्मक स्थिरता परीक्षण	12
कुल	54

वर्ष 2021-22 के लिए विभिन्न वैज्ञानिक एजेंसियों के पक्ष में कुल 11 (ग्यारह) कार्य आदेश जारी किए गए हैं, इन कार्य आदेशों का विवरण नीचे दिया गया है-

क्र. सं.	क्षेत्र	इकाई का नाम	अध्ययन का प्रकार	कार्य करने वाला वैज्ञानिक संस्थान
1	कुसुंडा	पूर्वी बसुरिया कोलियरी-ओसीपी	ढलान स्थिरता	आईआईटी-बीएचयू
2		एनजीकेसी-ओसीपी	ढलान स्थिरता	सीएसआईआर-सिंफर
3	बरोरा	दामोदा-ओसीपी	घटवे सेक्शन के लिए ढलान स्थिरता	बीआईटी सिंदरी
4		एएमपी-ओसीपी (फुलारीटांड सेक्शन)	ढाल स्थिरता	बीआईटी सिंदरी
5	सिजुआ	निचितपुर कोलियरी-ओसीपी	काम करने की विधि, अंतिम पिट और डंप ढलान, इसकी निगरानी	बीआईटी सिंदरी
6	बरोरा	दामोदा-ओसीपी	घुटवे सेक्शन में नियंत्रित ब्लास्टिंग	आईआईटी-बीएचयू
7	पश्चिमी झरिया	मुनिडीह कोलियरी – भूमिगत	XVI टॉप सीम के प्रस्तावित डी-16 पैनल के बॉटम गेट में डिस्टर्ब/ फॉल जोन पर निपटाने की सलाह	सीएसआईआर-सिंफर
8		मुनिडीह कोलियरी – भूमिगत	मुनीडीह और भागाबंध कोलियरी के बीच XVII/XVI सीम बैरियर स्तंभ की स्थिति स्थापित करने के लिए	सीएसआईआर-सिंफर
9	कतरास	सलानपुर कोलियरी भूमिगत	स्कैंप रेग.123	बीआईटी सिंदरी
10	गोविंदपुर	महेशपुर भूमिगत	स्कैम्प	एनआईटी, राउरकेला
11		महेशपुर भूमिगत	गैसनेस की डिग्री	एनआईटी, राउरकेला

19.10 प्रशिक्षण कार्यक्रम

(क) प्रशिक्षण कार्यक्रम (प्रतिभागियों की संख्या)

क्र.सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रकार	2021 -22	2020 -21
1	प्रबंधन प्रशिक्षण और तकनीकी प्रशिक्षण	4429	2918
2	आईआईसीएम	267	97
3	विदेश	03	00
	कुल	**4699**	**3015**

(ख) प्रक्षिक्षण कार्यक्रम (प्रतिभागियों की संख्या)

क्र.सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रकार	2021 -22	2020 -21
1	बेसिक	206	425
2	रिफ्रेशर	5481	5811
3	विशिष्ट एवं अन्य	1039	1157
4	सुरक्षा सम्मेलन के अनुसार	1639	3296
	कुल	**8365**	**10689**

(ग) संविदा कर्मियों का प्रशिक्षण

क्र.सं.	प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रकार	2021 -22	2020 -21
1	भूमिगत सुरक्षा जागरूकता	521	385
2	ओसीपी सुरक्षा जागरूकता	884	1023
	कुल	**1405**	**1408**

(घ) सांविधिक पदों के लिए प्रशिक्षित कर्मियों की संख्या

क्र.सं.	विवरण	2021 -22	2020 -21
1	माइन मैनेजरशिप	50	90
2	ओवरमैनशिप	18	00
3	माइनिंग सरदारशिप	31	41
4	सर्वेयरशिप	16	00
5	वाइंडिंग इंजिन ऑपरेटर	12	12
6	गैस टेस्टिंग	138	175
7	इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजर	201	20
	कुल	**466**	**338**

(ङ) बीसीसीएल के 140 एचईएमएम ऑपरेटरों ने 2021-22 के दौरान एनसीएल और एलएंडटी, बीईएमएल, टीआईएल और टाटा हिताची के ओईएम सिम्युलेटर प्रशिक्षण केंद्र द्वारा उनके परिसर में सिम्युलेटर प्रशिक्षण प्राप्त किया है-

2021-22 में बीसीसीएल में सिम्युलेटर प्रशिक्षण

विवरण	एल एंड टी (दुर्गापुर)	बी ई एम एल (धनबाद)	गेनवेल (कैट डंपर) (आसनसोल)	एनसीएल (सिंगरौली)
शॉवेल	16	56	NA	15
डंपर	लागू नहीं	20	33	-
कुल	16	76	33	15

**सभी विभागीय एचईएमएम ऑपरेटर

टिप्पणियां :

1. 22 उत्खनन अधिकारियों को बीईएमएल (एपीएलएमएस प्रशिक्षण) द्वारा एचआरडी में प्रशिक्षण दिया गया।
2. बीईएमएल/गेनवेल (कैट डम्पर) सिमुलेटर प्रशिक्षण में कम भागीदारी मार्च के महीने में चरम उत्पादन अवधि में ऑपरेटरों को विरमित न करने के कारण।
3. कोविड-19 महामारी की स्थिति के कारण, टाटा हिताची का प्रशिक्षण पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में रोक दिया गया था।

19.11 निम्नलिखित सुरक्षा सामग्रियों की खरीद के लिए कृत कार्रवाई की स्थिति

सामग्री का नाम	वर्ष 2020 में की गयी खरीद सामग्रियों संख्या	खरीद की स्थिति	जिस क्षेत्र में वितरण किया गया	31.03.2022 को स्टॉक की स्थिति
SCSR-30 मिनट की अवधि का	296	मार्च, 2022 में आपूर्ति की गई	बरोरा क्षेत्र में 272 एवं एमआरएस में 24 वितरित किया जाना	परीक्षण और निरीक्षण के अधीन
खनन जूते	34465 जोड़ी	आपूर्ति	बीसीसीएल के सभी क्षेत्र	15,894 जोड़ी
हेलमेट	10325	जनवरी, 2022 में आपूर्ति की गई	बीसीसीएल के सभी क्षेत्र	2293
गमबूट	7895 जोड़ी	जनवरी, 2022 में खरीदा गया	बीसीसीएल के सभी क्षेत्र	7600 जोड़ी
इलेक्ट्रिक आर्क सुरक्षा किट	129	जुलाई, 2021 में आपूर्ति की गई	बीसीसीएल के सभी क्षेत्र	06
एलईडी कैंप लैंप	7800	अप्रैल, 2021 में आपूर्ति की गई	सभी क्षेत्र भूमिगत खदान	1678
अग्निशमक	4.5 किग्रा., 6 किग्रा, 9 किग्रा			134
माइनिंग टिंबर	सभी भूमिगत खदानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। 01.11.2021 से 31.10.2022 की अवधि के लिए दर अनुबंध पाइपलाइन में है।			

19.12 स्टील सपोर्ट खपत

2021-22 एवं 2020-21 के दौरान रूफ सपोर्ट के लिए स्टील सामग्रियों की खपत का ब्यौरा निम्नलिखित है :

	मद	2021 -22	2020 -21
क	20 एमएम टॉर स्टील	102 एम टी	197.17 एम टी
ख	होलो स्क्वायर स्टील ट्यूब	10 एम टी	शून्य
ग	स्टील चॉक	शून्य	शून्य
घ	1.6 एमएम एमएस शीट	शून्य	1.63 एम टी
ड.	6 एमएम एमएस प्लेट	35.550 एम टी	44.10 एम टी
च	6 एमएमX150 एमएम एमएस फ्लैट	23.5 एम टी	36.36 एम टी

19.13 माइंस रेस्क्यु स्टेशन, बीसीसीएल

क. परिचय :- माइन्स रेस्क्यू स्टेशन (MRS) धनसार ने भारत के कोयला खनन उद्योगों को 1941 से 1985 तक सेंट्रल कोल माइन्स रेस्क्यू स्टेशन कमेटी, केंद्र सरकार की संस्था के तहत सेवाएं प्रदान किया। 1985 के बाद यह प्रशासनिक रूप से बीसीसीएल द्वारा नियंत्रित हो गया और बीसीसीएल, टाटा-स्टील झरिया डिवीजन और सेल-सीडी की सभी खानों को एमआरएस और इसके तीन बचाव कक्ष आरआर मुनीडीह, आरआर सुदामडीह और आरआर मधुबन के माध्यम से सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

स्थान:- माइंस रेस्क्यू स्टेशन बीसीसीएल धनबाद-झरिया रोड के पश्चिम में धनसर में स्थित है, और धनबाद रेलवे स्टेशन से 4.0 किमी दूर है।

बचाव कक्ष मुनीडीह रेलवे स्टेशन धनबाद से लगभग 12 किमी की दूरी पर स्थित है। यह निकटतम रेलवे स्टेशन करकेंद से 6 किमी और मुनीडीह परियोजना बीसीसीएल के पास है।

बचाव कक्ष सुदामडीह धनबाद रेलवे स्टेशन, धनबाद से लगभग 19 किमी की दूरी पर स्थित है। यह रेलवे स्टेशन भौरा के पास और क्षेत्रीय अस्पताल सुदामडीह के ठीक सामने है।

बचाव कक्ष मधुबन रेलवे स्टेशन धनबाद से लगभग 35 किमी की दूरी पर स्थित है। इसका निकटतम रेलवे स्टेशन जमुनी हाल्ट है।

क. एमआरएस और इसकी तीन इकाइयों का कार्यक्षेत्र :-

क्रम सं.	इकाई का नाम	नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या	जिन कोलियरी में सेवा प्रदान की जानी है
1.	एमआरएस धनसार	9931188280	बीसीसीएल, टाटा स्टील झरिया डिवीजन और सेल-सीडी की सभी कोयला खदानें।
2.	आर आर मुनिडीह	9931188284	लोहापट्टी कोलियरी को छोड़कर पीबी क्षेत्र और डब्ल्यूजे क्षेत्र की सभी कोयला खदानें।
3.	आर आर सुदामडीह	9931188281	ईजे क्षेत्र और सेल-सीडी की सभी कोयला खदानें।
4.	आर आर मधुबन	9931188285	कतरास, गोविंदपुर, बरोरा, ब्लॉक II क्षेत्र और लोहापट्टी कोलियरी की सभी कोयला खदानें।

ग. एमआरएस के तहत कुल बचाव प्रशिक्षित कर्मचारी = 365 (बीसीसीएल = 292, टाटा-स्टील = 56, सेल-सीडी = 17)

घ. उपकरण विवरण: - एमआरएस धनसार और इसकी तीन इकाइयों में किसी खदान दुर्घटना से निपटने के लिए सभी उपकरण खान बचाव नियम 1985 नियम 11(1) और (2) अनुसूची-I और अनुसूची-II के अनुसार रखे जाते हैं।

a. एससीबीए-153
b. रिवाइविंग उपकरण- 25
c. एसी रेस्क्यू वैन - 1
d. फायर टेंडर-1
e. बकेट स्ट्रेचर- 2
f. एयर लिफ्टिंग बैग- 2 सेट
g. डमी बॉडी - 3
h. वाटर मिस्ट फायर एक्सटिंग्विशर-2
i. टेलीस्कोपिक टाइप लैडर - 1
j. एलईडी सर्च लाइट -2

ङ. उपलब्धि (2020-21)

1. 2021-22 के दौरान इमरजेंसी डीलिंग -

- **बचाव कार्य-**

अ) 26.8.21 को कतरास में ढही हुई इमारत से 2 व्यक्तियों को बचाया गया।
ब) 27.11.21 पर पर्वतपुर घटना में बचाव कार्य
स) एमआरएस में अभ्यास किया गया मॉक रिहर्सल - 04 ।
द) विभिन्न कोलियरी में उपस्थित मॉक रिहर्सल – 72
ए) अग्निशमन -54 स्थान (शॉवेल आग, डंपर आग, कोयले के भंडार में आग, वैगन में आग, झाड़ी की आग आदि)

च. अन्य उपलब्धियां:-

- एससीबीए का व्यावहारिक प्रदर्शन परीक्षण आयोजित करना।
- एमआरएस धनसार में प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का आयोजन करना।

19.14 बीसीसीएल में सुरक्षा पर एमओयू मानदंड की स्थिति (2021-22)

क्र.सं.	मानदंड का नाम	इकाई	भारिता	लक्ष्य 2021-22	उपलब्धि
10.	5 वर्षों में से पिछले 3 वर्षों के औसत न्यूनतम स्तर पर घातक चोट में % कमी	%	**3**	**20**	**50**
11.	5 वर्षों में से पिछले 3 वर्षों के औसत न्यूनतम स्तर पर गंभीर चोट में% कमी	%	**3**	**20**	**27**

वर्ष	प्राणघातक दुर्घटनाएं	दुर्घटनाएं
2017	2	13
2018	2	27
2019	6	10
2020	2	9
2021	3	6
2022	1	1

20. कार्मिक

20.1 श्रमशक्ति से संबंधित सामान्य आंकड़े

बीसीसीएल की श्रमशक्ति 1 अप्रैल, 2021 को 41149 और 31 मार्च, 2022 को 38915 थी। वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान इसमें 2234 (5.43%) की कमी आयी है।

श्रमशक्ति की स्थिति:

01.04.2021 की तुलना में 31.03.2022 को कंपनी की तुलनात्मक श्रमशक्ति निम्नलिखित है:-

क्र.सं.	श्रेणी	स्थिति		वृद्धि/(ह्रास)
		01.04.2021	31.03.2022	अप्रैल,2021 से मार्च, 2022 तक
I	अधिकारी	1879	1905	26
II	मंथली रेटेड	6277	5781	(496)
III	डेली रेटेड	32401	30630	(1771)
IV	पीस रेटेड	3	3	0
V	प्रशिक्षु	589	596	7
	कुल	**41149**	**38915**	**(2234)**

01.04.2021 की तुलना में मौजूदा श्रमशक्ति में 2234 (5.43%) की शुद्ध कमी।





श्रमशक्ति में हुई कमी का विवरण	
विवरण	**1 अप्रैल,2021 से 31 मार्च, 2022 तक**
सेवानिवृत्त	1892
कंपनी से अलग होना (बर्खास्त एवं सेवा समाप्ति के कारण)	22
त्यागपत्र	16
मृत्यु	576
अधिकारियों के लिए ईआरएस	02
अन्य कंपनी मेंस्थानांतरण	218
कुल कमी	**2726**

श्रमशक्ति में हुई वृद्धि का विवरण	
विवरण	**1 अप्रैल,2021 से 31 मार्च, 2022 तक**
नई नियुक्ति	131
एनसीडब्लूए 9.3.0 के अंतर्गत आश्रित नियोजन (मृत्यु मामले)	241
जमीन के बदले आश्रित नियोजन	02
पुनर्बहाली/काम पर पुनः योगदान	01
वीआरएस (एफ)	00
अन्य कंपनी से स्थानांतरित होकर आना	117
कुल वृद्धि	**492**

शुद्ध कमी (2021-22 के दौरान) = 2234

- कंपनी की श्रमशक्ति के आंकड़े को अद्यतन रखा जाता है एवं इसकी सूचना सीआइएल, कोयला मंत्रालय, सांविधिक निकायों एवं अन्य को नियमित रूप से भेजी जाती है।
- उपर्युक्त आंकड़ों के आधार पर वार्षिक कार्य-योजना, श्रमशक्ति अनुमान योजना, दीर्घकालिक योजना आदि जैसी योजना प्रक्रियाओं के लिए समय-समय पर संश्लेषित आंकड़े तैयार किए जाते हैं।
- क्षेत्र-वार अनुपस्थिति आंकड़ों की मासिक निगरानी की जाती है तथा क्षेत्रों की अनुपस्थिति के प्रतिशत को स्वीकार्य/अनुमत सीमा (यानि 20%) के भीतर रखने के उद्देश्य से विवेचनात्मक विश्लेषण किया जाता है।

20.2 श्रमशक्ति बजट (गैर-अधिकारियों के लिए)

2021-22 के लिए स्वीकृत श्रमशक्ति बजट का सारांश निम्नलिखित है:

क्र.सं.	मद	संख्या
(i)	31.01.2021 को वर्तमान में कुल श्रमशक्ति (अधिकारी को छोड़कर)	39758
(ii)	वर्ष 2021-22 में स्वीकृत कुल श्रमशक्ति	29138
(iii)	वर्ष 2021-22 में बजट में कुल श्रमशक्ति आधिक्य	10620

लक्षित उत्पादन कार्यक्रमों के लिए आने वाले वर्षों में खानों में मशीनीकरण के विस्तार को ध्यान में रखते हुए उपलब्ध मशीनों एवं श्रमशक्ति स्रोतों पर श्रमशक्ति बजट आधारित होता है। प्रत्येक परियोजना अथवा स्थापना में श्रमशक्ति की आवश्यकता के अनुसार शून्य आधारित बजट की अवधारणा का पालन किया जाता है।

उत्पादन लक्ष्य और सहयोगी गतिविधियों को पूरा करने के लिए सांविधिक, पैरामेडिकल प्रमुख एवं आवश्यक पदनामों/श्रेणियों के लिए श्रमशक्ति का आवश्यकता आधारित प्रावधान बनाया जाता है। श्रमशक्ति बजट बनाते समय कंपनी में कम्प्यूटरीकरण के स्तर पर भी विचार किया जाता है।

20.3 नियुक्ति एवं चयन

1. वर्ष 2021-22 के दौरान निम्नलिखित संख्या में भर्तियां की गई:-

क्र.सं.	पदनाम	संख्या
1.	एनसीडब्ल्युए के अंतर्गत अनुकंपा नियोजन	306
2.	नियोजन के बदले आर्थिक मुआवजा	07
	कुल	**313**

2. वर्ष 2021-22 के दौरान स्थानांतरण पदस्थापना

क्रम संख्या	विवरण	संख्या	टिप्पणी
1.	अंतर क्षेत्रीय स्थानांतरण	249	
2.	अंतर कंपनी स्थानांतरण	150	
3.	श्रमशक्ति युक्तिकरण	69	भूमिगत से सतह में परिवर्तन -69
4.	संवेदनशील स्थानांतरण	36	

21. मानव संसाधन विकास

मानव संसाधन विकास विभाग, बीसीसीएल द्वारा अपनाई गई प्रशिक्षण प्रणाली एवं रणनीति का उद्देश्य कर्मचारियों के कौशल, दक्षता, प्रतिबद्धता, प्रेरणा एवं वफादारी सहित श्रमशक्ति का सर्वोत्तम उपयोग करने हेतु बाज़ार के बदलते हुए परिस्थितियों के आलोक में उनके मौजूदा ज्ञान एवं क्षमताओं को लगातार बढ़ाकर और उनकों प्रशिक्षण एवं पुन:प्रशिाक्षण प्रदान कर एक नया एवं कुशल कर्मचारी बनाना है, ताकि अन्य के मुकाबले स्थायी प्रतिस्पर्धात्मक लाभ हासिल किया जा सके।

एचआरडी कॉम्प्लेक्स, कल्याण भवन के आंतरिक प्रशिक्षण केंद्र और क्षेत्रों में अवस्थित 11 समूह व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से पूरे वर्ष सभी श्रेणियों के कर्मचारियों के लिए निरंतर प्रशिक्षण प्रदान करना इसका लक्ष्य है। इसके अलावा, कंपनी ने देश के प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में अधिकारियों को भेजने की व्यवस्था की है, जिसमें आईआईसीएम, रांची भी शामिल है। सभी संवर्गों के प्रबंधन प्रशिक्षुओं को आईआईसीएम, रांची में आरंभिक प्रशिक्षण, तकनीकी/कार्यात्मक और प्रबंधकीय कौशल विकास कार्यक्रमों से भी अवगत कराया जाता है।

विभाग औद्योगिक/व्यावसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से विभिन्न संस्थानों के छात्रों को कॉर्पोरेट जगत से भी परिचय कराता है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी द्वारा 880 छात्रों को औद्योगिक/व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा, बीसीसीएल प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार और शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न संवर्गों/व्यवसायों के प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करता है। वित्त वर्ष 2021-22 में 1144 प्रशिक्षुओं (अर्थात ठेका श्रमिकों सहित श्रमशक्ति का 2.54%) को प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

1. प्रशिक्षित प्रतिभागियों की संख्या का लक्ष्य एवं प्राप्ति का विवरण:

स्थान	2021-22			2020-21		
	लक्ष्य	प्राप्ति	प्राप्ति%	लक्ष्य	प्राप्ति	प्राप्ति%
मानव संसाधन विकास विभाग	3794	4429	116.7	1917	2918	152
समूह व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र	8183	8365	102.2	6543	10689	163
कुल	11977	12794	106.8	8460	13607	161

2. सांविधिक पदों के लिए प्रशिक्षित किए गए कर्मचारियों की संख्या:

विवरण	2021-22	2020-21
माइन मैनेजरशिप	50	90
ओवरमैनशिप	18	00
माइनिंग सरदारशिप	31	41
सर्वेयरशिप	16	00
बाइंडिंग इंजन ऑपरेटर	12	12
गैस टेस्टिंग	138	175
इलेक्ट्रिकल सुपरवाईजर	201	20
कुल	466	338

3. प्रशिक्षित की गई महिला कर्मचारियों की संख्या

विवरण	2021-22	2020-21
अधिकारी	187	90
सुपरवाइजर	49	101
श्रमिक	140	08
कुल	376	199

4. आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या:

संस्थान का नाम	2021-22	2020-21
एम.डी.डी.	2583	1688
एम.टी.डी.	811	547
इ.एम.टी.डी.	1035	683
कुल	4429	2918

टिप्पणी:

एम.डी.डी – प्रबंधन विकास प्रभाग

एम.टी.डी. – खदान प्रशिक्षण प्रभाग

ई.एम.टी.डी. – उत्खनन एवं यांत्रिकीकरण प्रशिक्षण प्रभाग

5. बाहरी संस्थानों में प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या:

बाह्य प्रशिक्षण	2021-22	2020-21
आई आई सी एम, रांची	267	97
देश में	260	187
विदेश	03	00
कुल	530	284

6. समूह व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र (जीवीटीसी) में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित कार्मिकों की संख्या:

विवरण	2021-22#	2020-21
बुनियादी	206	425
पुनश्चर्या	5481	5811
विशेष एवं अन्य प्रशिक्षण	1039	1157
राष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन की अनुशंसा के अनुसार	1639	3296
कुल	8365	10689

 # (कोविड 19 के कारण वित्त वर्ष 2021-22 की पहली छमाही में जीवीटीसी में ऑफलाइन प्रशिक्षण पूरी क्षमता से आयोजित नहीं किया जा सका)

7. समूह व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र (जीवीटीसी) में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले ठेका मजदूरों की संख्या:

2021-22	2020-21
1405	1408

8. तकनीकी एवं प्रबंधन पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को प्रदान किया गया नि:शुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण:

2021-22	2020-21
880	316

9. वर्ष 2021-22 के दौरान शामिल प्रशिक्षुओं की संख्या:

श्रेणी	Trade	2021-22	2020-21
ट्रेड एप्रेंटिस (आईटीआई)	Various Trades	617	861
टेक्निशियन एप्रेंटिस (पीडीपीटी)	Mining	253	217
	Non-Mining	159	89
ग्रेजुएट अप्रेंटिस (पीजीपीटी)	Mining	07	00
	Non-Mining	108	60
कुल		1144	1227

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान विभाग द्वारा आयोजित कुछ विशेष कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:

(क) दिनांक: 15-04-2021 को "सार्वजनिक क्षेत्र दिवस समारोह के अवसर पर राष्ट्र निर्माण में सार्वजनिक क्षेत्र की उपलब्धि एवं योगदान"
ख) दिनांक: 13-05-2021 एवं 14-05-2021 को "खनन क्षेत्र में सतत विकास"
ग) दिनांक: 26-06-2021 को "कोविड -19, मानसिक स्वास्थ्य और आध्यात्मिकता"
घ) दिनांक: 03-10-2021 को "स्वच्छता पर वेबिनार"
ङ) दिनांक: 29-10-2021 को "जीवन शैली प्रबंधन"
च) दिनांक: 30-10-2021 को "स्वतंत्र भारत का 75वां वर्ष: ईमानदारी के साथ आत्मनिर्भरता"
छ) दिनांक: 31-10-2021 को "राष्ट्रीय एकता दिवस"
ज) दिनांक: 26-11-2021 को "संविधान दिवस"
झ) दिनांक: 07-12-2021 को "बीसीसीएल के मध्यम स्तर के अधिकारियों के लिए सतर्कता जागरूकता (निवारक सतर्कता)कार्यक्रम
ञ) दिनांक: 09-12-2021 को "कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला (पीओएसएच अधिनियम)"

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला

(ट) दिनांक: 24-12-2021 को "बीसीसीएल के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम"
(ठ) दिनांक: 18-01-2022 एवं 19-01-2022 को "संहिता सहित श्रम कानूनों में संशोधन"
(ड) दिनांक: 24-01-2022 से 07-02-2022 तक "बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के कार्मिक एवं पेरोल के कार्य से जुड़े कार्मिकों के लिए सैप (SAP) प्रशिक्षण कार्यक्रम"
(ढ) दिनांक: 14-02-2022 से 12-03-2022 तक सुरक्षा संवर्ग में प्रतिभागियों को "टी/एस ग्रेड जी'' में उनके पदस्थापना के उद्देश्य के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम"
(ण) दिनांक: 14-03-2022 को "बीसीसीएल के नवनियुक्त डॉक्टरों के लिए पीएमई और व्यावसायिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण कार्यक्रम"
(त) दिनांक: 30-03-2022 को "बीसीसीएल के चिकित्सालयों में बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 का कार्यान्वयन"
(थ) वर्ष 2021-22 के दौरान बीसीसीएल के 140 एचईएमएम ऑपरेटरों ने एनसीएल, एलएंडटी, बीईएमएल, टीआईएल एवं टाटा हिताची द्वारा उनके परिसरों में अनुरुपक (सिम्युलेटर) प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

22.कल्याण एवं सामुदायिक विकास गतिविधियां

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का उद्देश्य कामकाजी जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और उच्च कर्मचारी संतुष्टि / जुड़ाव प्राप्त करने के लिए कार्यस्थल पर सर्वोत्तम सुविधाएं प्रदान करना है। बीसीसीएल अपने स्थापना से ही अपने कर्मचारियों के कल्याण के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन , निगरानी और संचालन कर रहा है। कर्मचारियों के व्यक्तिगत, पेशेवर एवं सामाजिक जीवन हेतु अनुकूल वातावरण बनाने के लिए कल्याणकारी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं, ताकि उनका शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास हो सके।

क) शिक्षा:

कोयला खान श्रमिकों के बच्चों को प्रदान की जाने वाली शैक्षिक सुविधाओं के विस्तार के सिद्धांत को राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौते- ।। में रखा गया था, इस पर दिनांक 11-08-1979 को हस्ताक्षर किया गया था।

बीसीसीएल के विभिन्न कमान क्षेत्रों में कंपनी के साथ एमओयू के तहत 11 प्रतिष्ठित संस्थानों का संचालन किया जा रहा है, जो हमारे बच्चों को उनके भावी कैरियर एवं बेहतर जीवन के लिए तैयार करने की दिशा में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

सीआईएल छात्रवृत्ति: संबंधित परीक्षाओं में मानदंडों के अनुसार अच्छे मेधा वाले कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

वित्त वर्ष 2021-22 में लाभुकों की संख्या	राशि (₹)
38	58,680/-

तकनीकी शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता: बीसीसीएल अपने कर्मचारियों के बच्चों को आईआईटी, एनआईटी या सरकारी इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेजों में इंजीनियरिंग या मेडिकल डिग्री हासिल करने के लिए तकनीकी शिक्षा की लागत के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

वित्त वर्ष 2021-22 में लाभुकों की संख्या	**राशि (₹)**
44	**30,92,125/-**

(ख) बीसीसीएल कर्मचारी हितकारी निधि सोसायटी:

साथी कर्मचारियों के प्रति परोपकार की भावना से बीसीसीएल कर्मचारियों और उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए बीसीसीएल कर्मचारी हितकारी निधि सोसायटी का गठन किया गया था।

वर्तमान योजनाएं:

1. सदस्यों के आश्रितों को उनकी मृत्यु के बाद वित्तीय सहायता।
2. शैक्षणिक एवं तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने वाले मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति।
3. लंबी बीमारी के मामले में वित्तीय सहायता।
4. सेवानिवृत्ति पर मानदेय।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान योजना-वार वित्तीय सहायता

योजनाएं	मद	राशि
मृत्यु का मामले	250	1,35,50,000
लंबी बीमारी	2	2,10,481
छात्रवृत्ति	87	99,200
मानदेय	65	65,000

ग) खेल एवं मनोरंजन:

हमारे कर्मचारियों के लिए कोविड -19 प्रोटोकॉल के पालन के साथ खेल (अंतर-क्षेत्रीय) कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी स्तरों पर कर्मचारियों के बीच मनोरंजन के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस विकसित करने के लिए खेल कंपनी का एक अभिन्न अंग रहे हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान आयोजित खेल:

क्र. सं.	आयोजन	अंतर क्षेत्रीय प्रतियोगिता	स्थान
1	कैरम	25.11.2021 से 26.11.2021	गोविन्दपुर क्षेत्र
2	ब्रिज	26.11.2021 से 27.11.2021	कुसुंडा
3	विभिन्न क्षेत्र में क्षेत्रीय खेलकूद	क्षेत्र I- 01 से 02 दिसंबर, 2021 क्षेत्र III- 03 से 04 दिसंबर, 2021 क्षेत्र II- 06 से 07 दिसंबर, 2021 क्षेत्र IV- 08 से 09 दिसंबर, 2021	सभी चार क्षेत्रों में 2 (दो) दिवसीय
4	टेबल टेनिस	13.12.2021 to 14.12.2021	पश्चिमी झरिया क्षेत्र
5	लान टेनिस	18.12.2021	मुख्यालय
6	केंद्रीय खेलकूद	20.12.2021 से 21.12.2021	लोदना क्षेत्र
7	शतरंज	22.12.2021 से 23.12.2021	बस्ताकोला क्षेत्र
8	कबड्डी	27.12.2021 से 28.12.2021	पी.बी. क्षेत्र
9	बैडमिंटन	29.12.2021 से 30.12 2021	बरोरा क्षेत्र

घ) **"कल्याण पखवाड़ा"** दिनांक 01-15 दिसंबर, 2021 तक संपूर्ण बीसीसीएल में मनाया गया और इस दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गई।

- हमारे कर्मचारियों एवं पूर्व कर्मचारियों को सिंगल विंडो सहायता प्रदान करने के लिए पूरे बीसीसीएल में हेल्प डेस्क की स्थापना।
- बीसीसीएल में विभिन्न क्षेत्रों में खोया-पाया काउंटर।
- कर्मचारियों के व्यापक ज्ञान के लिए विशिष्ट स्थानों पर बैनर के माध्यम से कल्याण योजनाओं को प्रदर्शित किया गया।
- सर्वोत्तम प्रथाओं पर ज्ञान साझा करने और विचार मंथन के लिए सभी क्षेत्रों में "कल्याण वार्ता" आयोजित की गई।

ङ) **कार्यस्थल, अस्पतालों/औषधालयों एवं फिल्टर प्लांटों में कल्याणकारी सुविधाओं का मूल्यांकन।** कल्याण सुविधाओं की कठोर निगरानी के परिणामस्वरूप पूरे बीसीसीएल में कल्याणकारी सुविधाओं में सुधार हुआ है। कुछ सुधार निम्नलिखित हैं:

- इकाइयों/प्रतिष्ठानों में शौचालयों की मरम्मत/निर्माण।
- क्षेत्रीय अस्पताल सिजुआ में एक्स-रे मशीन की स्थापना।
- केंद्रीय चिकित्सा धनबाद में नवीनीकरण एवं विकास कार्य।
- दिव्यांगजनों के लिए रैम्प एवं रेलिंग की सुविधा।

च) **महिला कल्याण:** हमारी बालिकाओं को बेहतर स्वच्छता सुविधा प्रदान करने के लिए 11 प्रोजेक्ट एवं सेमी-प्रोजेक्ट स्कूलों में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें स्थापित की गई।

23. पेंशन

बीसीसीएल का पेंशन सेल सीएमपीएफ योजना 1948 एवं सीएमपीएस 1998 के तहत शासित पीएफ और पेंशन के दावों को समय पर जमा करने और अग्रेषित करने के लिए सभी गतिविधियों का समन्वय करता है। विभाग का विशेष ध्यान 'मिशन विश्वास' पर रहता है, जिसके तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पीएफ-पेंशन दावों को सुचारू रूप से संसाधित करने के लिए सीएमपीएफ अधिकारियों और क्षेत्र / इकाइयों के साथ नियमित रूप से संपर्क कर यह सुनिश्चित किया जाता है सीएमपीएफओ द्वारा इन प्रस्तुत दावों का समयबद्ध निपटान किया जा सके।

1. सीएमपीएफ कार्यालय में 'मिशन विश्वास' के तहत जमा किए गए पेंशन दावों के आंकड़े:

(क)

वर्ष 2021-22 के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले पेंशन दावे	वर्ष 2021-22 के दौरान प्रस्तुत पेंशन दावे (मिशन बिस्वास)
1964	1752

(ख)

वर्ष 2021-22 के दौरान प्राप्त पेंशन दावे (मिशन बिश्वास के अलावा)	वर्ष 2021-22 के दौरान सीएमपीएफओ को प्रस्तुत पेंशन दावे (मिशन विश्वास के अलावा)
1689	1689

2. सीएमपीएफ कार्यालय द्वारा पेंशन दावों के निपटान के आंकड़े:

वर्ष 2021-22के दौरान प्रस्तुत किए गए पेंशन दावे	वर्ष 2021-22 के दौरान निपटाए गए पेंशन दावे
3653	4907*

*वर्ष 2021-22 के पहले के कुछ अनिर्णीत दावे इस निपटान में शामिल है।

विशेष उपलब्धियां:

(क) वाईवाई स्टेटमेंट का वितरण:

वर्ष 2020-2021 के वाईवाई स्टेटमेंट की प्रति का वितरण कर्मचारियों के बीच किया जा चुका है और वर्ष 2021-22 का स्टेटमेंट भी तैयार कर लिया गया है तथा उसे वितरण के लिए भेज दिया गया है, ताकि प्रत्येक कर्मचारी को सीएमपीएफ-पेंशन के मद में किये गए उनके योगदान के बारे में पता चल सके।

(ख) सीपीई 03/2021 के लिए वार्षिक सीएमपीएफ वीवी स्टेटमेंट प्रस्तुत करना:

सभी क्षेत्रों/इकाइयों/मुख्यालय ने सीपीई 03/2021 का वीवी स्टेटमेंट विहित प्रपत्र में भरकर सीएमपीएफओ के पास जमा कर दिया है।

(ग) सेमिनार/कार्यशालाएं/समन्वय बैठकें:

पेंशन सेल ने पीएफ-पेंशन दावों को शीघ्र संसाधित करने हेतु इसके निपटान प्रणाली में सुधार तथा मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन करने के लिए इस कार्य से जुड़े कर्मचारियों, अधिकारियों एवं यूनियनों के साथ समन्वय बैठक के दौरान एक एसओपी एवं दिशानिर्देश जारी किया है। विभाग ने प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए यूनियन के प्रतिनिधियों तथा सीएमपीएफओ के अधिकारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को भी सुलझाया है।

कोविड-19 के प्रतिबंधों के कारण, निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए केवल 3 क्षेत्रों में समन्वय बैठकें/क्षेत्र का दौरा किया गया था। पीएफ-पेंशन संबंधी मामलों के समाधान/समन्वय के लिए पेंशन प्रकोष्ठ के अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित समन्वय बैठकें/क्षेत्र का दौरा किया गया।

क्षेत्रों के नाम	दिनांक
सी.वी. क्षेत्र	14.07.2021
पश्चिमी झरिया एवं गोविन्दपुर क्षेत्र	13.08.2021
बस्ताकोला एवं पी.बी.क्षेत्र	22.09.2021

इसके अलावा, लंबित पीएफ-पेंशन मामलों के समन्वय और मंजूरी के लिए पेंशन सेल के अधिकारी नियमित रूप से सीएमपीएफ अधिकारियों के साथ संपर्क करने के लिए सीएमपीएफओ का दौरा करते हैं।

(घ) पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट हेतु जागरूकता:

पेंशनभोगियों में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के प्रति जागरूक पैदा करने के लिए प्रिंट मिडिया, डिजिटल मिडिया, बैनर आदि के माध्यम से अभियान चलाया गया है। पेंशनभोगियों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करने के लिए यूएसबी फिंगर प्रिंट स्कैनर का उपयोग किया जा रहा है और क्षेत्रवार अभियान भी चलाया गया गया है। मार्च, 22 माह से पेंशन प्रकोष्ठ ने आधार आधारित फेस रिकग्निशन डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शुरू किया है।

(ङ) ठेका कर्मियों के पीएफ-पेंशन का निपटान:

बीसीसीएल में आउटसोर्सिंग एजेंसियों द्वारा लगाए गए ठेका कर्मियों के पीएफ-पेंशन दावों के संसाधित एवं निपटान के लिए विभाग सीएमपीएफओ के साथ नियमित रूप से संपर्क में है।

(च) सीएमपीएफओ दावा निपटान के लिए एसओपी:

पीएफ-पेंशन दावा प्रस्तुत करने और उसे संसाधित करने के लिए मानक कार्य प्रणाली हेतु इकाइयों एवं क्षेत्रों के बीच एसओपी का वितरण किया गया है और इसे बीसीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित किया गया है।

(छ) लंबित पी एफ - पेंशन दावों पर रिपोर्ट

लंबित पी एफ - पेंशन दावों पर माहवार संयुक्त रिपोर्ट तैयार की जाती है और पारदर्शिता के लिए इसे बी सी सी एल की आधिकारिक वेबसाइट पर डाला जाता है।

24. औद्योगिक संबंध तथा विधिक अद्यतन

24.1 वर्ष 2021-22 में बीसीसीएल में औद्योगिक संबंध का परिदृष्य

परस्पर संवाद तथा उत्पादन एवं उत्पादकता, सुरक्षा, कल्याण, नियोजन तथा अन्य कार्मिक संबंधी मामलों के निपटान के लिए प्रबंधन एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि को मिलाकर एक सुव्यवस्थित द्विपक्षीय फोरम का गठन किया गया है। कैलेंडर वर्ष 2021-22 में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ संरचनात्मक बैठकें इकाई, क्षेत्र एवं कॉर्पोरेट स्तर पर आयोजित की गईं और इस तरह कार्यस्थल पर एक प्रभावी सामंजस्यपूर्ण संबंध विकसित किया गया, जिससे उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि हुई।

वर्ष 2021-22 के दौरान औद्योगिक संबंध की 11 संरचनात्मक बैठकें आयोजित की गईं। हालांकि, कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए ट्रेड यूनियनों के प्रत्येक प्रतिनिधि के साथ नियमित बातचीत सुनिश्चित की गई। इसके अलावा, वर्ष 2021-22 के दौरान केंद्रीय सलाहकार समिति की एक बैठक आयोजित की गई थी। विवादों एवं शिकायतों के निपटान एवं समाधान के लिए प्रबंधन की ओर से पूरी कोशिश के साथ सकारात्मक पहल की गयी है।

बीसीसीएल में एक ऑनलाइन और मोबाइल अनुकूल शिकायत निवारण पद्धति प्रचलित है जहां प्राप्त शिकायतों को प्राप्त एवं पंजीकृत किया जाता है तथा समय सीमा के अंदर निपटान के लिए संबंधित प्राधिकारी को भेजा जाता है। सम्मिलित प्रयासों के परिणाम स्वरूप वर्ष 2021-22 के दौरान बीसीसीएल में औद्योगिक संबंध मधुर सद्भाव पूर्ण तथा शांतिपूर्ण बना रहा और श्रमिकों तथा प्रबंधन के बीच परस्पर सद्भाव की समझ विकसित हुई।

औद्योगिक संबंध स्थिति रिपोर्ट

विवरण	2021-22	2020-21
हड़ताल	01	02
भूख हड़ताल	0	0
घेराव	0	0
प्रदर्शन	0	05
हमला	0	0
बाधा/ व्यवधान	0	0
धीरे चलो	0	0
धरना	0	0
कामबंदी	0	0
अन्य, जैसे प्राणघातक दुर्घटना	01	04

टिप्पणी:- बीएमएस को छोड़कर इंटक, एटक, एचएमएस और सीटू आदि से संबद्ध ट्रेड यूनियनों द्वारा 28 से 29 मार्च, 2022 तक दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी ड़ताल का आह्वान किया गया।

	2021 -22	2020 -21
कार्यदिवस-हानि	0	86,295
उत्पादन-हानि (टन)	0	83,351
वेतन-हानि	0	40,67,84,275

टिप्पणी:

वर्ष 2021-22 में कार्य दिवस हानि, उत्पादन हानि एवं वेतन हानि- शून्य।

24.2 विधिक अद्यतन:

न्यायालय का नाम	31 मार्च, 2021 तक लंबित	31 मार्च, 2022 तक लंबित	वर्ष के दौरान वृद्धि / कमी	वर्ष के दौरान लंबित मामलों में प्रतिशत वृद्धि / ह्रास
भारत का सर्वोच्च न्यायालय	30	31	1	3.30% की वृद्धि
उच्च न्यायालय	1158	970	(188)	16.23% की कमी
जिला न्यायालय	340	330	(10)	2.94% की कमी
पंचाट	06	07	1	16.60% की वृद्धि
कुल	1534	1338	(196)	12.77% की कमी

25. चिकित्सा

- वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान 11814 कर्मचारियों का पीएमई किया गया।
- कोयला श्रमिकों में 'न्यूमोकोनियोसिस' का कोई नया मामला नहीं पाया गया।
- वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 27 शिविर लगाये गए।
- **शिविरों के नाम:**
  - नि:शुल्क मेगा मेडिकल हेल्थ कैंप
  - महिला दिवस समारोह: "स्वस्थ नारी, समर्थ समाज" - नामक एक स्वास्थ्य देखभाल शिविर का आयोजन विभिन्न क्षेत्रीय अस्पतालों में किया गया। इस अवसर पर महिलाओं में अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही एवं अनदेखी जैसी विषयों पर चर्चा की गई। इस शिविर के माध्यम से मासिक धर्म, प्रजनन, बाल स्वास्थ्य, गर्भाशय ग्रीवा एवं स्तन कैंसर जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। यौवन, मासिक धर्म, गर्भावस्था और रजोनिवृत्ति के दौरान आमतौर पर देखे जाने वाले भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर जोर दिया गया तथा सलाह दी गई।
  - परिवार नियोजन जागरूकता शिविर।
  - मास्क एवं सेनेटाइजर वितरण शिविर।
  - कोविड-19 जागरूकता शिक्षा शिविर।
  - स्वास्थ्य जांच एवं तनाव प्रबंधन शिविर।
  - स्वास्थ्य जागरूकता तथा जीवन शैली परिवर्तन शिविर।
  - मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम।
  - कोविड-19 के बाद के मरीजों के लिए मेगा स्वास्थ्य शिविर।
  - विश्व गुर्दा दिवस।
  - विश्व क्षय रोग दिवस।

वर्ष 2021 के दौरान आयोजित शिविरों की कुल संख्या	लाभार्थियों की कुल संख्या
27	2736

क्षेत्रीय अस्पतालों में इलाज कराने वाले ओपीडी रोगियों की कुल सं.- 164058

सीएसआर गतिविधियों के तहत उपचार कराने वाले रोगियों की कुल सं.- 19234

एम्बुलेंस: - वर्ष 2021-22 के दौरान 02 नग एएलएस एम्बुलेंस की खरीद की गई है और उन्हें केंद्रीय अस्पताल, धनबाद में संलग्न किया गया है। बीसीसीएल में कुल 63 एम्बुलेंस (विभागीय और संविदात्मक दोनों) हैं।

डीएनबी कोर्स: केंद्रीय चिकित्सालय में डीएनबी इन सर्जरी कोर्स शुरू किया गया है।

कोविड की तैयारी:-

- ऑक्सीजन सुविधा युक्त 70 शैय्या (30 आईसीयू शैय्या)।
- कोविड के लक्षण वाले रोगियों के लिए ऑक्सीजन युक्त 90 शैय्या।
- बिना लक्षण वाले कोविड रोगियों के लिए आक्सीजन रहित 110 शैय्या।
- ऑक्सीजन और अन्य सुविधाओं में वृद्धि के लिए की गई कार्रवाई: सीएचडी में कुल 270 शैय्या कोविड रोगियों के लिए हैं।

क्र. सं.	विवरण	दूसरी लहर से पहले (संख्या)	जोड़ (संख्या)	दूसरी लहर के दौरान कुल (संख्या)
1	ऑक्सीजन सिलेंडर	175	320	495
2	नियमित ऑक्सीजन आपूर्ति हेतु पाईपलाईन युक्त शैय्या	100	110	210
3	ऑक्सीजन कंसेनट्रेटरर्स	12	25	37
4	वेंटिलेटर्स एवं एचएफएनसी	20	5	25
5	सीएचडी, धनबाद में ऑक्सीजन संयंत्र की स्थापना		1000 एलपीएम के दो ऑक्सीजन संयंत्र की स्थापना	

- 15 शैय्या वाले 02 (प्रत्येक) कोविड आइसोलेशन केंद्र।
- अन्य सुविधाएं - एम्बुलेंस (63), रेमेडिसविर इंजेक्शन (500), पीपीई किट (2380), एन-95 मास्क (2100), नेबुलाइज़र (18), पल्स ऑक्सीमीटर (100), सैनिटाइज़र (4000 लीटर), बाल चिकित्सा एवं नवजात पल्स ऑक्सीमीटर (13)

अतिरिक्त गतिविधियां:-

ड्रोन के माध्यम से लगभग 115 एकड़ का क्षेत्र सैनिटाइज़ किया गया।

चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की तैनाती:-

- चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती - 120
- अस्थायी रूप से अनुबंध के आधार पर चिकित्सकों की तैनाती - 13
- नियुक्त चिकित्सक और चिकित्सा जांच के लिए बुलाए गए - 19
- सीआईएल की नीति के अनुसार प्रति माह 15000/- रुपये की दर से वजीफा पर नियुक्त नर्स इंटर्न - 28
- आउटसोर्सिंग एजेंसी मेसर्स फ्रंटलाइन बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड (एनसीआर) के माध्यम से नियुक्त कुल स्वास्थ्य कार्यकर्ता - 102 (दूसरी लहर के दौरान)
- दिनांक 31.03.2022 तक नियमित आधार पर नए भर्ती हुए एवं तैनात चिकित्सक - 33

अनुग्रह राशि (एक्स-ग्रेसिया) भुगतान:-

- कोविड-19 के कारण मरने वाले कर्मचारियों तथा संविदा कर्मियों के परिवारों को ₹15 लाख की अनुग्रह राशि (एक्स-ग्रेसिया) का भुगतान किया गया।

कोविड टीकाकरण में उपलब्धि:-

- कुल श्रमशक्ति- 39354
- टीके लगाए गए कर्मचारियों की संख्या- 38668 (98.25%)
- संविदा कर्मियों के टीकाकरण का प्रतिशत- 79.06%
- इसके अलावा शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शेष लोगों को टीका लगाने की कार्रवाई की जा रही है।

26. राजभाषा

बीसीसीएल में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन:

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, हमारी कंपनी ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण प्रगति की है। राजभाषा अधिनियम और नियमों की विभिन्न वैधानिक आवश्यकताओं के अनुपालन के अलावा, हमारी कंपनी ने सभी हितधारकों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने और सर्वोत्तम संभव सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए एक साधन के रूप में हिंदी भाषा को बढ़ावा देने और उपयोग करने की भी पहल की है। हमारी कंपनी ने अपने वार्षिक कार्यान्वयन कार्यक्रम 2021-22 के तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक सुनियोजित वार्षिक कार्य योजना तैयार की है। कंपनी निरंतर निगरानी और विभिन्न स्तरों पर नियमित प्रयासों के माध्यम से अपने वार्षिक कार्यक्रम के सभी प्रमुख लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल रही।

त्रैमासिक समीक्षा बैठकें:

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की त्रैमासिक बैठकें निर्धारित समय पर हुई। वर्ष के दौरान सभी चार त्रैमासिक समीक्षा बैठकें 18 जून 2021, 03 अगस्त 2021, 06 नवंबर 2021 और 25 फरवरी 2022 को आयोजित की गई। प्रत्येक तिमाही में निर्धारित वार्षिक राजभाषा-कैलेंडर के अनुसार क्षेत्रीय स्तर पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की नियमित बैठकें भी आयोजित की गई।

कार्यशालाएं:

अधिकारियों और कर्मचारियों प्रशिक्षित करने के लिए नियमित रूप से कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ताकि वे अपने नियमित कार्य आसानी से हिंदी में कर सकें। इस वर्ष अधिकांश कार्यशालाएं COVID-19 महामारी के कारण वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई। इन कार्यशालाओं के माध्यम से हिंदी में उपलब्ध तकनीकी और आईटी सुविधाओं जैसे यूनिकोड समर्थित हिंदी टाइपिंग, वॉयस टाइपिंग, हिंदी ओसीआर, फॉन्ट कन्वर्टर, मशीन अनुवाद, ई-डिक्शनरी आदि के लिए गहन प्रशिक्षण भी दिया गया।

बीसीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग ने वर्ष की प्रत्येक तिमाही में राजभाषा कार्यशाला-सह-हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। 5 जुलाई 2021 को मुख्यालय के सभी विभागों के नोडल राजभाषा अधिकारियों के लिए हिंदी वॉयस टाइपिंग से संबंधित एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी नोडल राजभाषा अधिकारियों को हेडफोन-कम-माइक भी प्रदान किए गए।

सेमिनार, सम्मेलन और अन्य कार्यक्रम:

विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर राजभाषा विभाग द्वारा एक ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। इस ई-संगोष्ठी में बीसीसीएल और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, धनबाद के सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया। वेबिनार तीन सत्रों में आयोजित किया गया था जिसमें लिस्बन विश्वविद्यालय, पुर्तगाल और हैम्बर्ग विश्वविद्यालय, जर्मनी के प्रसिद्ध हिंदी विद्वानों और शिक्षाविदों ने व्याख्यान दिए।

हिंदी प्रकाशन:

हमारी कंपनी नियमित रूप से अपनी अर्धवार्षिक हिंदी पत्रिका 'कोयला भारती' नाम से प्रकाशित करती है। यह कॉर्पोरेट पत्रिकाओं के बीच एक लोकप्रिय हिंदी पत्रिका है। इस पत्रिका के 35 वें और 36 वें अंक वर्ष 2021-22 के दौरान प्रकाशित किए गए। पत्रिका के ये अंक क्रमशः 14 सितंबर 2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर और 21 फरवरी 2022 को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर जारी किए गए। वर्ष के दौरान नगर अधिकारिक कार्यान्वयन समिति, धनबाद की अर्धवार्षिक पत्रिका 'राजभाषा संदेश' के दो अंक भी प्रकाशित हुए।

इन प्रकाशनों के अलावा, दो अन्य हिंदी पत्रिकाएं 'लोदना दर्पण' और 'कोल रश्मि' भी क्रमशः लोदना और बस्ताकोला क्षेत्र द्वारा प्रकाशित की गई।

राजभाषा पखवाड़ा:

राजभाषा पखवाड़ा 14 सितंबर, 2021 से 28 सितंबर, 2021 तक मनाया गया। पखवाड़े के दौरान राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं जैसे हिंदी अनुवाद और शब्दावली प्रतियोगिता, हिंदी वर्गपहेली प्रतियोगिता, हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता, छात्रों के लिए ऑनलाइन 'हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता', गृहिणियों के लिए हिंदी निबंध प्रतियोगिता और स्व-रचित हिंदी कविता प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता से सर्वश्रेष्ठ तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और अन्य प्रतिभागियों को भी सांत्वना पुरस्कार और प्रतिभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

तीन क्षेत्रीय कार्यालयों (बस्तकोला-प्रथम, लोदना-द्वितीय, कुसुंडा और पश्चिमी झरिया संयुक्त रूप से-तृतीय) और तीन विभागों (कर्मचारी स्थापना विभाग-प्रथम, भूसंपदा विभाग- द्वितीय और वीआईपी सेल-तृतीय) को वर्ष के दौरान अपने कार्यालयों में राजभाषा के कार्यान्वयन में प्रदर्शन के लिए "स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह स्मृति राजभाषा सम्मान" से सम्मानित किया गया। इन कार्यालयों का चयन कॉरपोरेट स्तरीय राजभाषा निरीक्षण समिति की अनुशंसा के अनुसार किया गया। पुरस्कार और शील्ड दिनांक 28 सितंबर 2021 को राजभाषा पखवाड़ा के समापन समारोह के अवसर पर वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध हिंदी लेखक श्री सत्य व्यास को बीसीसीएल द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और उन्हें "कोयला भारती राजभाषा सम्मान-2021" से सम्मानित किया गया।

केंद्रीय हिंदी पुस्तकालय और आईटी अवसंरचना:

हमारी कंपनी के पास एक सुस्थापित केंद्रीय हिंदी पुस्तकालय है। वर्तमान में साहित्य, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, बिक्री और विपणन, कंप्यूटर, जीवन प्रबंधन और अन्य विषयों पर कुल 4577 मानक हिंदी पुस्तकें उपलब्ध हैं। हर साल सैकड़ों महत्वपूर्ण और प्रसिद्ध हिंदी पुस्तकें खरीदी जा रही हैं। पुस्तकालय में दैनिक समाचार पत्र, पत्रिकाएँ आदि भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

कंपनी में उपलब्ध कंप्यूटर सिस्टम यूनिकोड मानक और द्विभाषी टाइपिंग सुविधा द्वारा समर्थित हैं। बदलते परिदृश्य में, इस वर्ष हिंदी वॉयस टाइपिंग के साथ-साथ ऑनलाइन मीटिंग, सम्मेलन आदि को सक्षम करने के लिए मुख्यालय विभागों के लिए माइक्रोफोन के साथ 50 हेडफ़ोन खरीदे गए हैं।

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास):

हमारी कंपनी 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति' के मंच के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रसार और प्रचार में अग्रणी रही है। हमारी कंपनी के संयोजन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति धनबाद के माध्यम से राजभाषा के कार्यान्वयन के प्रयासों को भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा मान्यता दी गई। वर्ष 2021-22 में टॉलिक की पहली बैठक 05 अगस्त 2021 को और दूसरी बैठक 02 दिसंबर 2021 को हुई थी।

वर्ष 2021-22 के दौरान, नराकास, धनबाद ने विभिन्न स्कूलों के छात्रों और सदस्य कार्यालयों के लिए पांच हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2021-22 के दौरान कुल 09 कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों को उनके कार्यालयों में राजभाषा के बेहतर कार्यान्वयन के लिए 'राजभाषा उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

निरीक्षण:

कंपनी में राजभाषा निरीक्षण भी राजभाषा नियमों के अनुसार किया गया। आंतरिक निरीक्षण समिति ने वर्ष के दौरान 12 मुख्यालय विभागों सहित 04 क्षेत्रीय कार्यालयों में निरीक्षण किया है।

राजभाषा कार्यान्वयन के लिए कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हमारी कंपनी के चार क्षेत्रीय कार्यालयों - लोदना, बस्ताकोला, कतरास और पुटकी बलिहारी का भी निरीक्षण किया गया ।

पुरस्कार और अन्य उपलब्धियां:

(क)पर्यावरण संबंधी कार्यशालाएँ: बीसीसीएल ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत पर्यावरणीय मुद्दों पर 04 कार्यशालाओं का आयोजन किया और कोल इंडिया द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में भी भाग लिया। झरिया कोलफील्ड क्षेत्रों, झारखंड में परिवेशी वायु कण पदार्थ के स्रोत विभाजन पर एक कार्यशाला: दिनांक 04.10.2021 को बीसीसीएल द्वारा एनईईआरआइ (NEERI), नागपुर के माध्यम से वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए स्थिति एवं कार्य विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सीआईएल और इसकी सभी सहायक कंपनियों ने ऑनलाइन भाग लिया था। दिनांक 29.10.2021 को भी बीसीसीएल द्वारा एफआरआई देहरादून के माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों ने भाग लिया था। दिनांक 09.03.2022 को राख निपटान के मुद्दों को हल करने के लिए एक विचार-मंथन सत्र का आयोजन किया गया था और एचसीएफ द्वारा भी दिनांक 30.03.2022 को पर्यावरण अनुपालन विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

(ख) ईको-माइनिंग परिभ्रमण (Eco Mining Tourism): वर्ष 2016-17 से बीसीसीएल अपने खनन क्षेत्रों और पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थलों पर ईको माइनिंग पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है, जिसका उद्देश्य कंपनी और अन्य हित धारकों के बीच खाई को पाटना तथा खनन गतिविधियों को प्रदर्शित कर कंपनी की सकारात्मक छवि बनाना और पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थलों/ ईको पार्क को विकसित करना है। प्रत्येक वर्ष विभिन्न स्कूल, कॉलेज तथा व्यावसायिक संस्थानों से लोग इस पारिस्थितिक पुनरुद्धार स्थल तथा ईको-पार्क को यह जानने के लिए देखने आते हैं कि विकृत हो चुकी खनित क्षेत्रों को किस तरह से मनोरम भू-दृश्य में पुनरुद्धारित किया गया है।

(ग)बीसीसीएल का पर्यावरण संबंधी न्यूज-लेटर:

पर्यावरण पर बीसीसीएल की तिमाही न्यूज-लेटर "पर्यावरण दर्पण" का प्रकाशन लोगों में पर्यावरण एवं खनन की विविध संकल्पनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए किया जाता है। यह वर्ष 2015 से सर्वोत्तम कार्य अभ्यास तथा पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जागरूकता फैलाने का मंच प्रदान कर रहा है। जागरूकता फैलाने के लिए इस न्यूजलेटर को बीसीसीएल की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

(घ)पर्यावरण संबंधी जागरूकता लाने के लिए, आस-पड़ोस के लोगों तथा अन्य स्टेक होल्डरों को संवेदनशील बनाने तथा कंपनी की छवि पर्यावरण मित्र की बनाने के लिए बीसीसीएल का पर्यावरण विभाग सोशल मीडिया पर सक्रिय रहता है तथा सेमिनारों एवं कार्यक्रमों में भाग लेता है। कर्मचारियों एवं उनके परिवारों, स्कूली बच्चों की सक्रिय सहभागिता में विश्व पर्यावरण दिवस, वन महोत्सव का आयोजन किया गया।

(ङ)सभी पर्यावरणीय मंजूरी, पर्यावरणीय मंजूरी अनुपालनों को जन सूचना के लिए बीसीसीएल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है। इसे क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तरों पर लगे सूचनापटों पर प्रदर्शित भी किया जाता है। बीसीसीएल की वेबसाइट पर बीसीसीएल प्रबंधन की विभिन्न पर्यावरण संबंधी गतिविधियों को प्रदर्शित किया जाता है।

(झ.) आईएसओ प्रमाणन

बीसीसीएल संपूर्ण कंपनी को आईएसओ प्रमाणन कर रहा है। एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए संशोधित एकीकृत परिचालन मैनुअल, एकीकृत रखरखाव मैनुअल और एकीकृत प्रबंधन प्रणाली मैनुअल अनुमोदित किया गया है जो एक साथ अंतर्राष्ट्रीय मानकों- आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 और आईएसओ 45001 का अनुपालन करता है।

मानकों के कार्यान्वयन के लिए, बीसीसीएल के प्रशिक्षित आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ सीएमपीडीआई अधिकारियों द्वारा एचआरडी, कतरास क्षेत्र और सिजुआ क्षेत्र की आंतरिक लेखापरीक्षा की गई थी।

(ञ.) प्रदूषण नियंत्रण के उपाय

क. वायु प्रदूषण नियंत्रण के उपाय

i. परिवहन वाले रास्तों (हॉल रोड) पर उड़ने वाली धूल को कम करने के उद्देश्य से इसपर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के लिए मोबाइल वाटर स्प्रिंकलर को लगाया गया है। इसके अतिरिक्त, धूल को प्रभावकारी तरीके से कम करने के लिए फुहारे लगे 16 वाटर स्प्रिंकलर, 05 ट्रक माउंटेड फॉग कैनन तथा 04 ट्रॉली माउंटेड फॉग कैनन लगाए गए हैं।

ii. पर्यावरण संरक्षण के लिए कोयले के परिवहन के दौरान उड़ने वाली धूल को कम से कम करने के लिए ट्रकों में लदे कोयले के उपर पानी का छिड़काव करने के उद्देश्य से ओवरहेड स्प्रिंकलर की स्थापना की गई है, जो एक अनूठी पहल है। ये स्प्रिंकलर विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद रेलवे साइडिंग्स के प्रवेश एवं निकास द्वार पर स्थापित किए गए हैं। इस स्थान पर ओवरहेड स्प्रिंकलर की स्थापना का उद्देश्य परिवहन के दौरान ट्रकों से उड़ने वाली कोयले की धूल को कम एवं नियंत्रित करके साइडिंग एवं सीएचपी तक गीले कोयले का परिवहन करना है। इसके अलावा, जब कोई ट्रक आग लगे हुए कोयले को लेकर इन पानी के फव्वारे के नीचे से गुजरता है तो कोयले में लगी आग पूरी तरह से बुझ जाती है, जिससे कोयले की धूल (कोल डस्ट) हवा में नहीं उड़ती है और इससे अंततः वायु प्रदूषण कम हो जाता है। वर्तमान में, बीसीसीएल में अपनाई गई यह प्रणाली धूल एवं आग के रोकथाम हेतु एक बेहद ही कारगर एवं प्रभावकारी प्रणाली में से एक है।

iii. सीएचपी से बाहर उड़ने वाले कोयले के धूल (कोल डस्ट) की रोकथाम के लिए कोल हैंडलिंग संयंत्रों (सीएचपी) की घेराबंदी की जा रही है।

iv. डस्ट इक्स्ट्रैक्टर युक्त ड्रिल/गीला ड्रिलिंग प्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है।

v. धूल उत्सर्जन के रोकथाम के लिए निष्क्रिय ओवर बर्डेन (ओबी) पर घास उगाया जाता है।

vi. वायु-गुणवत्ता की निगरानी के लिए नियमित रूप से परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी की जा रही है और कोई भी प्रतिकूल रिपोर्ट प्राप्त होने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा रही है।

ख. जल प्रदूषण नियंत्रण के उपाय

i. बीसीसीएल की विभिन्न खानों के कार्मशालाओं से निकलने वाले तेल एवं ग्रीस के रोकथाम से जल प्रदूषण नियंत्रण किया जा रहा है।

ii. बहते हुए तेल एवं ग्रीस के अवशेष से तेल को इकट्ठा करने के लिए अवशेष को ड्रमों में एकत्र किया जाता है और उसे एक उंची एवं पक्की जगह पर रखा जाता है और उसके बाद इसके तलछट वाले तेल को जमा किया जाता है। वाहनों एवं एचइएमएम के रखरखाव के दौरान उपयोग किए गए तेल एकत्र किए जाते हैं और इसे लीक प्रूफ ड्रम में ढक्कन बंद करके रखा जाता है। उपयोग किए गए तेल, जो हानिकारक अपशिष्ट (श्रेणी 5.1) की श्रेणी में आता है, के भंडारण के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्रत्येक परियोजना के लिए अलग-अलग विधिवत रूप से प्राधिकार-पत्र लिया जाता है। इस्तेमाल किये गए इस तेल को ई-नीलामी के माध्यम से अधिकृत रिसायकलरों को नीलाम किया जाता है, ताकि इसका किसी न किसी रूप में पुन: प्रयोग हो सके।

iii. खदान के पानी का धूल दमन, अग्निशामक जैसे औद्योगिक उपयोग के अलावा, इसका उपयोग घरेलू उद्देश्यों और सिंचाई के लिए भी किया जाता है। पीने के पानी के रूप में उपयोग के लिए खदान के पानी को प्रेशर फिल्टर / रैपिड ग्रेविटी फिल्टर / स्लो सैंड फिल्टर से ट्रीट किया जाता है। खान जल के लाभकारी उपयोग के लिए सीआईएल, सीएसआर विभाग द्वारा राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसके तहत राज्य सरकार बीसीसीएल से खदान के पानी का उपयोग कर योजनाओं को लागू करेगी।

ग. तेलयुक्त खतरनाक ठोस अपशिष्ट का निपटान

यह खतरनाक अपशिष्ट श्रेणी 5.2 के तहत आता है। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से विधिवत अनुमति लिया जाता है और इन अपशिष्टों को खास तौर पर बनाए गए शेडों में रखा जाता है और राज्य में उपलब्ध अधिकृत सार्वजनिक संग्रह एवं निपटान स्थल के माध्यम से निपटान किया जाता है।

घ. ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के उपाय

उपकरणों से निकलने वाली ध्वनियों को नियमित रखरखाव द्वारा नियंत्रित किया जाता है। ब्लास्टिंग का कार्य केवल 14:00 से 15:00 बजे के बीच, यानी पाली परिवर्तन के दौरान किए जाते हैं। कर्मचारियों को जहां भी आवश्यकता होती है वहां ईयर-मफ और ईयर-प्लग दिए जाते हैं।

(ट) कानूनी अनुपालन

1. माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ईस्टर्न जोन बेंच बनाम भारत संघ एवं अन्य के आलोक में एमओईएफसीसी (MoEFCC) ने OA सं. 01/2018/EZ के तहत दिनांक 28.10.2021 एवं 29.10.2021 को बीसीसीएल के क्लस्टर IX के लिए एक स्थल निरीक्षण / निगरानी की और पर्यावरण मंजूरी की शर्तों का गैर- अनुपालन/आंशिक अनुपालन की स्थिति को दर्शाते हुए निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की। महाप्रबंधक, लोदना क्षेत्र ने आईआरओ, एमओईएफसीसी (MoEFCC) द्वारा किए गए पर्यावरण मंजूरी की अनुपालन निगरानी का कृत कार्रवाई रिपोर्ट दिनांक 31.12.2021 को रांची में प्रस्तुत किया। इसके बाद, दिनांक 10.03.2022 को एमओईएफसीसी (MoEFCC), आईए-डिवीजन द्वारा एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। महाप्रबंधक, लोदना क्षेत्र ने दिनांक 23.03.2022 को इस कारण बताओ नोटिस के विरुद्ध एक विस्तृत जवाब आईआरओ, एमओईएफसीसी, रांची में प्रस्तुत किया। इसके अलावा, आईआरओ, एमओईएफसीसी (MoEFCC) ने दिनांक 23.02.2022 एवं 24.02.2022 को महाप्रबंधक, लोदना क्षेत्र द्वारा एटीआर में प्रस्तुत तथ्यों के सत्यापन के लिए निगरानी की। पर्यावरण मंजूरी शर्तों के अनुपालन में महत्वपूर्ण सुधार को प्रदर्शित करते हुए दिनांक 18.04.2022 को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। तदनुसार, एमओईएफसीसी (MoEFCC) के हलफनामे के विरुद्ध दिनांक 04.05.2022 को माननीय एनजीटी के समक्ष एक प्रत्युत्तर हलफनामा दायर किया गया है।

2. जेएसपीसीबी के आदेश संदर्भ सं. B-180 दिनांक 21/01/2022 के माध्यम से मुख्य चिकित्सा अधिकारी, केंद्रीय अस्पताल धनबाद को जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम, 2016 (अपीलीय प्राधिकारी द्वारा रोके गए) का पालन न करने के लिए नोटिस जारी किया और उसके बाद, सदस्य सचिव, जेएसपीसीबी द्वारा जारी मेमो नं. JSPCB/B-548 दिनांक 11.03.2022 के माध्यम से सीएमएस, सीएचडी को दिनांक 31.03.2022 को बंदी-आदेश प्राप्त हुआ। बाद में बंदी-आदेश को रद्द कर दिया गया और एमएस, जेएसपीसीबी द्वारा इसे वापस ले लिया गया। सीएमएस, सीएचडी ने जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम, 2016 के सभी अनुपालन सुनिश्चित किए और तरल अपशिष्ट के उपचार के लिए खरीदे गए 30 केएलडी के अतिरिक्त ईटीपी के साथ 5 केएलडी क्षमता का एक ईटीपी भी स्थापित किया गया है।

3. बीसीसीएल की 47 परियोजनाओं को जारी नोटिस में दिनांक 02.08.2017 के आदेश के संदर्भ में W.P.(C) No.- 114/2014 कॉमन कॉज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य के साथ 2014 के W.P (C) No. 194 प्रफुल्ल सामन्त्र एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य (उड़ीसा में लौह और एमएन अयस्क खदानों से संबंधित) के संबंध में पहले अपीलीय प्राधिकारी द्वारा रोके गए मामले में डीएमओ, धनबाद द्वारा अनुमति दी गई थी। बीसीसीएल ने डीएमओ धनबाद के जवाब के विरुद्ध और पुनरीक्षण आवेदनों के लिए प्रत्युत्तर दाखिल किया। 11 मामलों के लिए पूरक हलफनामा जिसके खिलाफ पहले ही प्रत्युत्तर दायर किया गया था, भी दायर किया गया था। 27 मामलों में डीएमओ, धनबाद ने अभी तक कोई जवाब दाखिल नहीं किया है। उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 12.04.2022 को माननीय कोयला न्यायाधिकरण में हुई, उक्त मामले में अंतिम आदेश की प्रतीक्षा है।

(ठ) **विविध:** सभी हितधारकों को लाभ सुनिश्चित करने के लिए एक सतत विकास प्रकोष्ठ भी गठित किया गया है। यह प्रकोष्ठ खनन एवं खनन के बाद के परिदृश्य में समुदायों के लाभ के लिए नई पहल की पहचान कर रहा है।

(ड) **पुरस्कार एवं सम्मान:** बीसीसीएल को वर्ष 2020-21 में 47वें कोल इंडिया स्थापना दिवस के दौरान कोल इंडिया में पर्यावरण प्रबंधन के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बीसीसीएल कोल इंडिया में पर्यावरण प्रबंधन के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

32. सिविल

मास्टर प्लान के तहत बीसीसीएल खदानों के आस-पास जोखिम वाले क्षेत्र (कोयला धारित क्षेत्र) से गैर-कोयला धारित क्षेत्र में निर्मित आवासों में कर्मचारियों का स्थानांतरण

क्र.सं.	मास्टर प्लान के अंतर्गत निर्मित आवासों का विवरण	निर्माण स्थल	31.03.2010 तक ग्रहण किए गए आवासों की संख्या	टिप्पणी
1	गैर कोयला धारित (एनसीबी) क्षेत्रों में बीसीसीएल के मौजूदा विभिन्न कॉलोनियों में 344 इकाइयों (96 बी टाइप तथा 248 माइनर्स क्वार्टर्स) का निर्माण (मास्टर प्लान बजट)	भूली 96 बी टाइप	96	शिफ्टिंग पूरा हुआ
		कोल डंप कालोनी कतरास- 248 माइनर्स क्वार्टर्स	248	शिफ्टिंग पूरा हुआ
2	एनसीबी क्षेत्रों में बीसीसीएल में मौजूदा विभिन्न कॉलोनियों में 1152 माइनर्स आवासों का निर्माण (मास्टर प्लान बजट)	कतरास- 360 माइनर्स क्वार्टर्स	360	शिफ्टिंग पूरा हुआ
		कुसुंडा - 600 माइनर्स क्वार्टर्स	600	शिफ्टिंग पूरा हुआ
		लोदना - 192 माइनर्स क्वार्टर्स	192	शिफ्टिंग पूरा हुआ
3	बीसीसीएल के मौजूदा विभिन्न कॉलोनियों के अंदर तीन साइटों पर मास्टर प्लान के तहत (प्रत्येक 12 इकाइयों के तीन मंजिला ब्लॉक में) 4080 घरों का निर्माण (माइनर्स आवास) (मास्टर प्लान बजट)	कतरास - 240 माइनर्स क्वार्टर्स	240	शिफ्टिंग पूरा हुआ
		मुरली नगर - 396 माइनर्स क्वार्टर्स	396	शिफ्टिंग पूरा हुआ
		जग जीवन नगर - 568 माइनर्स क्वार्टर्स	568	शिफ्टिंग पूरा हुआ
		कार्मिक नगर – 1268 माइनर्स क्वार्टर्स	634	शिफ्टिंग प्रगति पर है
		गोविंदपुर - 156 माइनर्स क्वार्टर्स	nil	शिफ्टिंग प्रगति पर है
		कुसुम विहार - 1452 माइनर्स क्वार्टर्स	352	शिफ्टिंग प्रगति पर है, बाकी के 1112 आवास जेआरडीए को सुपुर्द किए जाने है।

4	बीसीसीएल के एनसीबी जमीन पर पूर्वी झरिया क्षेत्र, गोविंदपुर क्षेत्र, लोदना क्षेत्र, चांच विक्टोरिया क्षेत्र तथा बस्ताकोला क्षेत्र के अंतर्गत करमाटांड टाउनशिप पर मास्टर प्लान के अंतर्गत (प्रत्येक 12 इकाइयों के तीन मंजिला ब्लॉक में) 4020 इकाइयों माइनर्स आवासों का निर्माण (मास्टर प्लान बजट)	सीवी क्षेत्र - 420 माइनर्स क्वार्टर्स	222	शिफ्टिंग प्रगति पर है
		लोदना क्षेत्र - 360 माइनर्स क्वार्टर्स	90	जलापूर्ति व्यवस्था तथा बिजली कनेक्शन किया जाना है।
		गोविंदपुर क्षेत्र - 1428 माइनर्स क्वार्टर्स	71	विद्युत कनेक्शन कार्य प्रगति पर है, 1116 आवास जेआरडीए को सुपुर्द किए जाने हैं।
		कोयला नगर - 1116 माइनर्स क्वार्टर्स	शून्य	जलापूर्ति व्यवस्था तथा विद्युत कनेक्शन कार्य प्रगति पर है, 1116 आवास जेआरडीए को सुपुर्ज किए जाने हैं।
		कुसुंडा क्षेत्र - 480 माइनर्स क्वार्टर्स	6	जलापूर्ति व्यवस्था तथा बिजली कनेक्शन किया जाना है।
		बस्ताकोला क्षेत्र - 216 माइनर्स क्वार्टर्स	शून्य	जलापूर्ति व्यवस्था तथा बिजली कनेक्शन किया जाना है।
5	2248 इकाई आवासों का निर्माण (एनसीबी क्षेत्र में बीसीसीएल के विभिन्न जगहों में बी, सी तथा डी टाइप आवास) (मास्टर प्लान तथा कैपिटल बजट)	बी टाइप- 1584	89	231 बी, 20 सी एवं 4 डी टाईप आवासों का आबंटित कर दिया गया है।
		सी टाइप- 520	41	
		डी टाइप- 144	शून्य	
6	करमाटांड मौजा में 4008 इकाई माइनर्स आवासों का निर्माण (कैपिटल बजट)	करमाटांड- 4008 माइनर्स आवास	शून्य	कार्य प्रगति पर है (कार्य अंतिम चरण में है), 4008 आवास जे आरडीए को सुपुर्द किए जाने हैं।
	निर्मित कुल आवास	**15713* इकाई**	**4205**	
	*** नोट: बीसीसीएल बोर्ड द्वारा 02.08.2021 को आयोजित अपनी बैठक संख्या 380 में 139 आवासों को हटा दिया गया है।**			

बीसीसीएल के गैर-कोयला धरित क्षेत्र में 31 मार्च, 2022 तक आवासों के पूरी तरह से मरम्मत की संपूर्ण स्थिति

कार्य के प्रकार	मरम्मत किये जाने वाले आवास	मरम्मत हेतु दिये गए आवास	अधिकृत आवास	मरम्मत किये गए आवास	मार्च, 21 में मरम्मत किये गए आवास
संपूर्ण मरम्मत	17810	17810	12960	12960	पूर्ण
टारफेल्टिंग	11355	11355	10592	10592	पूर्ण

33. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

बीसीसीएल के वित्तीय विवरणों के भाग में टिप्पणी -2 के महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों और टिप्पणी-38 के वित्तीय विवरणों पर अतिरिक्त टिप्पणियों के साथ पढ़े जाने वाले कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) के संदर्भ में -

यह पुष्टि की जाती है कि:

क. वार्षिक वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, लागू लेखांकन मानकों का पालन किया गया है और इसमें से किसी भी प्रकार के भौतिक तथ्यों को नहीं हटाया गया है।

ख. इस प्रकार की लेखाकरण नीतियों का चयन किया एवं उनका प्रयोग लगातार कर रहे हैं एवं औचित्य पूर्ण निर्णय लिये गए है तथा प्राक्कलन तैयार किया गया है ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के कार्यों की स्थिति तथा उस अवधि के दौरान कंपनी के लाभ-हानि का सत्य एवं सही चित्र प्रस्तुत हो सके।

ग. कंपनी की परिसंपत्तियों को सुरक्षित रखने तथा उनके अनुरक्षण, धोखाधड़ी और अनियमितताओं का पता करने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लेखाकरण के अभिलेखों का पर्याप्त अन्वीक्षण हेतु समुचित एवं भरपूर ध्यान रखा है।

घ. चालू कारोबार के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किया है।

ङ. 31 मार्च, 2022 समाप्त हुए वर्ष के दौरान अनुपालन किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का उल्लेख किया है, इस प्रकार के आंतरिक नियंत्रण पर्याप्त है, जिनका संचालन प्रभावी तरीके से किया जाता है।

च. लागू सभी कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली की खोज की है, जो पर्याप्त है और जिनका संचालन प्रभावी तरीके से होता है।

34.बीसीसीएल के वार्षिक लेखा का निरीक्षण

कोल इंडिया लिमिटेड के किसी अंशधारक की मांग पर उनके निरीक्षण हेतु बीसीसीएल के कंपनी सचिवालय में वार्षिक लेखा उपलब्ध रहेगा।

35. सत्य निष्ठा समझौता का कार्यान्वयन

बीसीसीएल में सत्यनिष्ठा संधि लागू है। सत्यनिष्ठा संधि को लागू करने के लिए दिनांक 04 मार्च, 2009 को धनबाद में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया था।

पिछले वर्ष की तुलना में सत्यनिष्ठा संधि में शामिल की गई निविदाओं (वस्तुओं, सेवाओं और अनुबंधों सहित) का प्रतिशत निम्नानुसार है।

वर्ष	निविदा का कुल मूल्य (₹ लाख में)	आई.पी.के तहत निविदाओं का कुल मूल्य (₹ लाख में)	आई.पी. बनाम निविदाओं का कुल मूल्य को शामिल करते हुए निविदाओं का प्रतिशत
2021-22	538794.62	509646.32	94.59%
2020-21	830907.76	808232.96	97.27%

वर्ष 2021-22 के दौरान 16.11.2021 को आईईएम के साथ एक बैठक (वीसी के माध्यम से) आयोजित की गई।

36. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 तथा कंपनी (लागत लेखाकरण अभिलेख) नियम, 2013 के नियम 2 के अनुसार वर्ष 2020-21 के लिए लागत लेखा परीक्षा प्रतिवेदन की स्थिति

वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए सेंट्रल कास्ट ऑडिटर द्वारा दिनांक 15.09.2021 को लागत लेखा परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और इस रिपोर्ट को दिनांक 08.10.2021 को एक्सबीआरएल मोड में एम सी ए सहित दाखिल किया गया।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 (1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट लागत रिकॉर्ड्स कंपनी द्वारा बनाए और अनुरक्षित किए जाते हैं।

आभार

कंपनी की लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में भारत सरकार खासकर कोयला मंत्रालय तथा कोल इंडिया लिमिटेड को उनके द्वारा दिए गए अपरिमित सहयोग तथा बहुमूल्य दिशा-निर्देश के लिए आपके निदेशकगण धन्यवाद देते हैं। आपके निदेशकगण राज्य सरकार तथा इसके जिला स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों को उनके सहयोग तथा कंपनी के बहुमूल्य सहायता के लिए भी आभार प्रकट करते हैं। निदेशकगण सांविधिक लेखा परीक्षकों तथा भारत सरकार के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक से मिले रचनात्मक परामर्श के लिए भी उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं तथा उनके सतत सहयोग के लिए ऋणी है। वर्ष के दौरान कंपनी में उत्पादन तथा अन्य सभी गतिविधियों में अपनी पूर्ण आस्था के साथ सहयोग देने वाले कर्मचारियों एवं ट्रेड यूनियनों को भी धन्यवाद दिया जाता है।

परिशिष्ट

इस रिपोर्ट के साथ निम्नलिखित संलग्न है : -

I. सी एस आर गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट।
II. अनुसंधान एवं विकास।
III. कॉरपोरेट शासन पर रिपोर्ट
IV. प्रबंधन का विश्लेषण एवं वार्ता रिपोर्ट।
V. स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और इसके अनुलग्नक।
VI. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के तहत भारत सरकार के लेखा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियां तथा भारतीय लेखा परीक्षक एवं लेखा विभाग द्वारा लेखा की समीक्षा।
VII. सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट।

कंपनी की वार्षिक विवरणी का संक्षिप्त संस्करण निम्नलिखित लिंक पर भी उपलब्ध है: www.bcclweb.in

कृते, निदेशक मंडल की ओर से
ह/-
(समीरन दत्ता)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

स्थान - धनबाद

परिशिष्ट-I

1. बीसीसीएल में सीएसआर की संक्षिप्त रूपरेखा

बीसीसीएल अपनी कोयला खनन गतिविधियों का पूरा करते हुए अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से अपने कोयला खनन क्षेत्रों में तथा इसके आसपास रहने वाले लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

सीआईएल ने 08.04.2021 से अपनी सीएसआर नीति में संशोधन किया है। दिनांक 17.06.2021 को आयोजित 379 वीं बैठक में बीसीसीएल बोर्ड ने सीएसआर नीति पर विचार-विमर्श कर उसे अपनाया। सीआईएल, कारपोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत विभिन्न अधिसूचनाओं के साथ-साथ समय-समय पर जारी डीपीई दिशानिदेशानुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की विशेषताओं को शामिल करने के बाद तैयार की गई सीएसआर गतिविधियों को निष्पादित करते समय नीति के निम्न क्षेत्रों को व्यापक रूप से शामिल किया गया है:

i) भूख, गरीबी और कुपोषण उन्मूलन; रोग निवारण और स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना, सुरक्षित पेय जल उपलब्ध कराना और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित 'स्वच्छ भारत कोष' में योगदान देना ।

ii) विशेष शिक्षा और रोजगार सहित शिक्षा को बढ़ावा देना, विशेष रूप से बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और विकलांगों के बीच व्यावसायिक कौशल बढ़ाना और आजीविका वृद्धि परियोजनाएं

iii) लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं को सशक्त बनाना, महिलाओं और अनाथों के लिए घरों और छात्रावासों की स्थापना करना; वृद्धाश्रम, डे-केयर सेंटर और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुविधाएं मुहैया कराना तथा सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों के प्रति होने वाली असमानताओं को दूर करने के लिए उपाय करना।

iv) पर्यावरणीय स्थिरता, पारिस्थितिकीय संतुलन, वनस्पतियों और जीवों की सुरक्षा, पशु कल्याण, कृषि वानिकी, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और मिट्टी, वायु एवं जल की गुणवत्ता को बनाए रखने सहित गंगा नदी के कायाकल्प के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए 'स्वच्छ गंगा फंड' में योगदान देना।

v) राष्ट्रीय विरासत, कला और संस्कृति की सुरक्षा सहित ऐतिहासिक महत्व वाले इमारतों, एवं स्थलों की देख-रेख करना और कला-कार्यों सहित सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना, पारंपरिक कला और हस्तशिल्प के प्रचार और विकास करना।

vi) सेवानिवृत्त सशस्त्र बलों, युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के लाभ के लिए उपाय करना।

vii) ग्रामीण खेल, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल, पैरालम्पिक्स खेल और ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण देना।

viii) सामाजिक-आर्थिक विकास और अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के राहत और कल्याण के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष या प्रधानमंत्री आपात स्थिति नागरिक सहायता और राहत कोष (पीएम केयर्स फंड) याकेंद्र सरकार द्वारा स्थापित अन्य कोषों में योगदान देना।

ix) केंद्र सरकार या राज्य सरकार या किसी भी एजेंसी या केंद्र सरकार या राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों के इनक्यूबेटरों और प्रधानमंत्री स्थिति नागरिक सहायता और राहत कोष (पी एम के एस फंड) सार्वजनिक वित्त पोषित विश्वविद्यालयों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी), भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के तत्वावधान में स्थापित राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं तथा स्वायत्त निकायों, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर), वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआइआर), परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएइ), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान में लगे संस्थानों को योगदान या धन उपलब्ध कराना।

x) ग्रामीण विकास परियोजनाओं में योगदान देना।

xi) मलिन बस्ती (स्लम क्षेत्र) का विकास करना।

xii) राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन।

बीसीसीएल अपनी विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से सामाज को लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत रहने वाला एक जिम्मेदार कारपोरेट है । पिछले साल से, बीसीसीएल ने शिक्षा, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य से संबंधित अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से समाज को लाभान्वित करने का प्रयास किया है तथा दुनिया में कोविड-19 के संक्रमण के बाद से एक प्रमुख गतिविधियों में से एक समाज के लिए इस खतरे का मुकाबला करना था।

बीसीसीएल अपने संचालन क्षेत्र अर्थात धनबाद जिले के साथ-साथ पूरे झारखंड राज्य में एक प्रमुख सामाजिक विकास संचालक रहा है। निम्नलिखित ग्राफ वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2021-22 तक धनबाद तथा झारखंड में सीएसआर व्यय की वृद्धि को दर्शाता है:-



चित्र 1- वित्तीय वर्ष 2020-21 तथा वित्त वर्ष 2021-22 में सीएसआर बजट बनाम व्यय

शेष राशि (4.93 करोड़ रूपये- 2.99 करोड़ रूपये = 1.94 करोड़ रूपये चालू परियोजनाओं के लिए है)
उपरोक्त आंकड़े में दर्शाया गया बजट सीआईएल की सीएसआर नीति के अनुसार है जिसे बीसीसीएल द्वारा अपनाया और अनुसरण किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में की गई कुछ प्रमुख सीएसआर गतिविधियां इस प्रकार हैं :-

क. **सीआईपीईटी में युवाओं का प्रशिक्षण:-** बीसीसीएल ने एक परियोजना शुरू की है जिसमें केंद्रीय प्लास्टिक इंजिनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट), रांची के माध्यम से युवाओं को विभिन्न प्लास्टिक इंजिनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। सिपेट, रांची में कुल 40 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

ख. **धनबाद में आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास:-** धनबाद में आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास के लिए बीसीसीएल और जिला प्रशासन, धनबाद के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। आंगनबाड़ी परियोजना के लिए बीसीसीएल ने 263.5 लाख रूपये की राशि का बजट रखा है। इसके लिए 75 लाख रू. जिला प्रशासन के पास जमा करा दिए गए हैं। शेष राशि ''भारत कोकिंग कोल लिमिटेड'' के अव्ययित सीएसआर खाते में रख दिया गया है तथा कंपनी नियम और अधिनियम, 2013 के प्रावधान के अनुसार स्थानांतरित किया जाएगा।

ग. **आजादी का अमृत महोत्सव:-** केंद्र सरकार ने "आजादी का अमृत महोत्सव" शुरू किया है जो भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ यानी 15 अगस्त 2022 तक का काउंटडाउन है । यह 12 मार्च, 2021 को शुरू हुआ तथा 15 अगस्त, 2023 तक मनाया जाएगा। इस महोत्सव के पीछे की सोच भारत @ 2047 के लिए एक विजन तैयार करना है। महोत्सव प्रत्येक सप्ताह तकनीकी और वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रदर्शन के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उजागर कर मनाया जाता है। इस कार्यक्रम द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के योगदानों और उनके अनजाने स्थानों को भी प्रदर्शित किया जाता है । आज की तारीख में बीसीसीएल ने 63 सप्ताह तक कार्यक्रम कर लिये हैं।

घ. **कंबल का वितरण:-** शीतलहर को ध्यान में रखते हुए 1086 कंबलों की खरीद कर समाज के जरूरतमंद वर्ग में वितरण किया गया।

2. सीएसआर समिति का गठन

क्र.सं.	निदेशक का नाम	पदनाम/निदेशक पद कार्य की प्रकृति	वर्ष के दौरान संपन्न सीएसआर समिति बैठकों की संख्या	वर्ष के दौरान सीएसआर समिति की बैठक में भाग लेने वालों की संख्या
1	श्री नरेंद्र सिंह (20/10/2020 से) (05.01.2021 तक स्वतंत्र निदेशक के रूप में, अध्यक्ष 06.01.2021 से)	अध्यक्ष / स्वतंत्र निदेशक	5	5
2	श्री जयप्रकाश गुप्ता (01/10/2021 से 05/02/2022 तक)	सदस्य / निदेशक (तकनीकी) यो. एवं परि.	5	3
3	श्री समीरन दत्ता (27/02/2022 तक)	सदस्य / निदेशक (वित्त)	5	3
4	श्री चंचल गोस्वामी (28/02/2022 तक)	सदस्य / निदेशक (तक.) परिचालन	5	4
5	श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव (08/06/2020 से)	सदस्य / निदेशक (कार्मिक)	5	5
6	श्री संजय कुमार सिंह (28/02/2022 से)	सदस्य / निदेशक (कार्मिक) यो. एवं परि. और संचालन	5	2
7	श्रीमती शशि सिंह (01/11/2021 से)	सदस्य / स्वतंत्र निदेशक	5	2

3. वेबलिंक - जहां सीएसआर समिति के गठन, बोर्ड द्वारा अनुमोदित सीएसआर नीति तथा सीएसआर परियोजनाओं (वार्षिक कार्य योजना) की जानकारी कंपनी वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाती है-
Web-link - https://www.bcclweb.in/?page_id=13446

4. कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 के नियम 8 के उप-नियम (3) के अनुपालन में संपन्न सीएसआर परियोजनाओं के प्रभाव मूल्यांकन का विवरण, यदि लागू हो। - लागू नहीं।

5. कंपनी (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व नीति) नियम, 2014 के नियम 7 के उप-नियम (3) के अनुसरण में उपलब्ध राशि का विवरण और वित्तीय वर्ष के लिए समायोजन के लिए आवश्यक राशि, यदि कोई हो - लागू नहीं।

क्र. सं.	वित्तीय वर्ष	पिछले वित्तीय वर्षों से समायोजन (सेट-ऑफ) के लिए उपलब्ध राशि (₹ में)	वित्तीय वर्ष के लिए समायोजन के लिए आवश्यक राशि, यदि कोई हो (₹ में)
1	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

6. धारा 135 (5) के अनुसार कंपनी का औसत शुद्ध लाभ :
अधिनियम की धारा 135(5) के अनुसार कंपनी का औसत शुद्ध लाभ ₹ - 9.63 करोड है।

शुद्ध लाभ (₹ करोड़ में)		
क्र.सं.	वित्तीय वर्ष	राशि
1	2020-21	(1577.06)
2	2019-20	991.12
3	2018-19	557.05
4	कुल	(28.29)
5	औसत	(9.63)
6	औसत का 2%	(0.19)

7. (क) धारा 135(5) के अनुसार कंपनी का औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत :

अधिनियम की धारा 135(5) के अनुसार बीसीसीएल के औसत शुद्ध लाभ का 2% ₹ (0.19) करोड़ होगा।

बीसीसीएल कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी है तथा सीएसआर के लिए कोल इंडिया लिमिटेड की नीति का अनुपालन करती है। इसकी सीएसआर नीति के तहत बीसीसीएल नीचे दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सीएसआर फंड का आवंटन करेगा-:-

सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों के लिए, सीएसआर के लिए निधि का आवंटन निम्नलिखित दो राशियों में से जो भी अधिक हो, के आधार पर किया जाएगा:

i. कंपनी अधिनियम के अनुसार, तीन तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के लिए कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का 2%; अथवा

ii. तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के कोयला उत्पादन ₹ 2.00 प्रति टन।

अपनी सीएसआर नीति का पालन करते हुए, बीसीसीएल ने ऊपर दिए गए बिंदु (ii) के आधार पर सीएसआर निधियों का आवंटन निम्नानुसार किया:

वित्तीय वर्ष 2020-21 में कोयला उत्पादन ---------- 2,46,55,800 टन

वित्तीय वर्ष 2020-21 में ₹ 2.00 प्रति टन कोयला उत्पादन ---------- ₹ 4.93 करोड़ (निकटतम पूर्णांक)

वित्त वर्ष 2021-22 के लिए बीसीसीएल के कोयला उत्पादन के अनुसार सीएसआर बजट ---- ₹ 4.93 करोड़।

(ख) पिछले वित्तीय वर्ष में सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों अथवा गतिविधियों से बाकी अधिशेष - शून्य

(ग) वित्तीय वर्ष के लिए समायोजित (सेट-ऑफ) की जाने वाली राशि, यादि कोई हो - शून्य

(घ) वित्तीय वर्ष के लिए कुल सीएसआर दायित्व (7क+7ख-7ग) -₹ 4.93 करोड़। (सीएसआर नीति के अनुसार)

8. (क) वित्तीय वर्ष में व्यय की गई अथवा अव्ययित सीएसआर राशि

वित्तीय वर्ष में व्यय की गई कुल राशि (₹ करोड़ में)	अव्ययित (खर्च न की गयी) राशि (₹ करोड़ में)				
	धारा 135(6) के अनुसार अव्ययित सीएसआर खाते में अंतरण की गई कुल राशि		धारा 135(5) के दूसरे उपबंध के अनुसार अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी निधि में अंतरण की गई राशि		
	राशि	अंतरण की तारीख	निधि का नाम	राशि	अंतरण की तारीख
2.99	1.94	28.04.2022	NA	NA	NA

(ख) वित्तीय वर्ष के लिए चल रही परियोजनाओं के समक्ष खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण –

क्र. सं.		1	2
परियोजना का नाम		धनबाद जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों का विकास	केंद्रीय प्लास्टिक इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (CIPET) के माध्यम से विभिन्न प्लास्टिक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में युवाओं का प्रशिक्षण
अधिनियम की अनुसूची VII की गतिविधियों की सूची से		अनुसूची VII की मद संख्या (ii)	अनुसूची VII की मद संख्या (ii)
स्थानीय क्षेत्र (हां/नहीं)		हाँ	हां
राज्य	**परियोजना का स्थान**	झारखंड	झारखंड
जिला		धनबाद	राँची
परियोजना अवधि		03 वर्ष	02 वर्ष
परियोजना के लिए आवंटित राशि (₹ करोड़ में)		2.635	0.28
चालू वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (₹ करोड़ में)		0.75	0.22
धारा 135(6) के अनुसार परियोजना के लिए अव्ययित सीएसआर खाते में हस्तांतरित राशि (₹ करोड़ में)		1.88	0.06
कार्यान्वयन का तरीका – प्रत्यक्ष (हां/नहीं)		हाँ	हाँ
नाम	**कार्यान्वयन का तरीका - कार्यान्वयन एजेंसी के माध्यम से**	लागू नहीं	लागू नहीं
सीएसआर पंजीकरण संख्या		लागू नहीं	लागू नहीं

(ग) वित्तीय वर्ष के लिए चल रही परियोजनाओं के अलावा अन्य पर खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण - अनुबंध "क" में विस्तार से - ₹ 2.99 करोड़।

(घ) प्रशासनिक उपरिव्यय में खर्च की गई राशि - शून्य

(ङ) प्रभाव आकलन पर खर्च की गई राशि, यदि लागू हो - लागू नहीं

(च) वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि (8ख+8ग+8घ+8ङ) - ₹ 2.99 करोड़ ।

(छ) समायोजन के लिए अतिरिक्त राशि, यदि कोई हो

क्र.सं.	विवरण	राशि (₹ करोड़ में)
(i)	धारा 135(5) के अनुसार कंपनी के औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत *	0 (नकारात्मक होना)
(ii)	सीएसआर नीति के अनुसार सीएसआर दायित्व	4.93
(iii)	वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई कुल राशि	2.99
(iv)	वित्तीय वर्ष के लिए खर्च की गई अतिरिक्त राशि	शून्य
(v)	सीएसआर परियोजनाओं या कार्यक्रमों से उत्पन्न अधिशेष या पिछले वित्तीय वर्षों की गतिविधियों, यदि कोई हो	शून्य
(vi)	आगामी वित्तीय वर्षों में समायोजन के लिए उपलब्ध राशि	शून्य

नोट*: जैसा कि ऊपर उप-खंड (7) के खंड (क) में बताया गया है, बीसीसीएल के सीएसआर बजट के आंकड़े सीआईएल की सीएसआर नीति के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए निकाले गए हैं।

9. (क) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के लिए अव्ययित सीएसआर राशि का विवरण:

क्र. सं.	पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष	धारा 135 (6) के तहत अव्ययित सीएसआर खाते में अंतरित राशि (₹ करोड़ में)	आलोच्य वित्तीय वर्ष में खर्च की गई राशि (₹ करोड़ में)	धारा 135(6) के अनुसार अनुसूची VII के तहत निर्दिष्ट किसी भी निधि में हस्तांतरित राशि, यदि कोई हो			आगामी वित्तीय वर्षों में व्यय की जाने वाली शेष राशि। (₹ करोड़ में) (*)
				निधि का नाम	राशि (₹ करोड़ में)	अंतरण की तारीख	
1	2020-21	लागू नहीं	6.12	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
2	2019-20	लागू नहीं	6.01	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
3	2018-19	लागू नहीं	1.43	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कुल		लागू नहीं	NA	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

(***) वित्त वर्ष 2018-19 और वित्त वर्ष 2019-20 में, पहले के 03 वर्षों का औसत नकारात्मक कर पूर्व लाभ (पीबीटी) होने के कारण, कंपनी अधिनियम सीएसआर खर्च के लिए कोई दायित्व नहीं था।

(ख) पिछले वित्तीय वर्ष (वर्षों) की चालू परियोजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष में खर्च की गई सीएसआर राशि का विवरण – लागू नहीं

10. पूंजीगत संपत्ति के निर्माण या अधिग्रहण के मामले में, वित्तीय वर्ष में खर्च किए गए सीएसआर के माध्यम से इस प्रकार बनाई या अर्जित की गई संपत्ति से संबंधित विवरण प्रस्तुत करें:

क्र. सं.	पूंजीगत संपत्ति (यों) के निर्माण या अधिग्रहण की तिथि	पूंजीगत संपत्ति के निर्माण या अधिग्रहण के लिए खर्च की गई सीएसआर की राशि (वित्त वर्ष 2021-22 तक) (₹ में)	इकाई या सार्वजनिक प्राधिकरण अथवा लाभार्थी का विवरण जिनके नाम पर ऐसी पूंजीगत संपत्ति पंजीकृत है, उनका पता आदि।	सृजित या अर्जित पूंजीगत संपत्ति(यों) का (पूंजीगत संपत्ति का पूरा पता और स्थान सहित) विवरण प्रस्तुत करें।
	(क)	(ख)	(ग)	(घ)
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

11. कारण निर्दिष्ट करें, यदि कंपनी धारा 135(5) के अनुसार औसत शुद्ध लाभ का दो प्रतिशत खर्च करने में विफल रही है - लागू नहीं

ह./-
(अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक)

ह./-
(अध्यक्ष सीएसआर समिति)

ह./-
अधिनियम की धारा 380 की उप-धारा (1) के खंड (घ) के तहत निर्दिष्ट व्यक्ति] (जहां लागू हो)

परिशिष्ट - क

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए चालू परियोजनाओं के अलावा अन्य के लिए व्यय की गई सीएसआर राशि का विवरण

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)		(6)	(7)	(8)	
क्र. सं.	परियोजना का नाम	अधिनियम के अनुसूची VII में गतिविधियों की सूची से मद	स्थानीय क्षेत्र	परियोजना का स्थान		परियोजना पर व्यय की गई राशि (लाख ₹ में)	क्रियान्वयन का तरीका प्रत्यक्ष (हां/नहीं)	कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा क्रियान्वयन का तरीका	
				राज्य	जिला			नाम	सीएसआर पंजीकरण सं.
1	धनबाद में कोविड-19 की स्थिति से निपटने के लिए उपायुक्त, धनबाद को वित्तीय सहायता	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	100.00	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
2	कोविड-19 रोगियों को होम आइसोलेशन किट वितरित करने के लिए झारखंड राज्य आपदा शमनकोष को वित्तीय सहायता	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	25.00	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
3	कोविड-19 से जुझ रहे लोगों के बीच वितरण हेतु मास्क तथा हैंड सैनिटाइजर की खरीद	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	0.72	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं

4	कोविड वार्ड, सीएचडी, धनबाद में डॉक्टरों तथा फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए प्रशासन विभाग के माध्यम से भोजन तथा डॉक्टर्स के अस्थायी अनुबंध इत्यादि पर अन्य विविध कोविड-19 व्यय	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	36.45	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
5	कोविड-19 अस्पताल, सीएचडी में नियुक्त चिकित्सकों तथा पारा मेडिकल स्टाफ के रहने व खाने के लिए नये बिल जमा करने पर अतिरिक्त वित्तीय दायित्व	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	22.62	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
6	कोविड-19 के उपचार में लगे डॉक्टरों और पारा मेडिकल स्टाफ के लिए अस्थायी क्वारंटाइन केंद्रों की सफाई व स्वच्छता	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	1.80	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
7	सीआईपीईटी (सिपेट) के माध्यम युवाओं को विभिन्न प्लास्टिक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	22.40	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
8	धनबाद में आंगनबाड़ी केंद्रों का विकास	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	75.00	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं

9	स्वच्छ विद्यालय अभियान सर्वेक्षण व्यय	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	दोनो	झारखंड	धनबाद, बोकारों, दुमका, गुमला, पूर्वी सिंहभूम, प. सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, कोडरमा, सरायकेला, सिमडेगा, रांची, हजारीबाग, पलामू, रामगढ़	6.97	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
10	जाड़े के मौसम मं कंबल का वितरण	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	3.58	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
11	पी बी क्षेत्र द्वारा एससी/एसटी परियोजना प्रभावित लोगों के लिए ‘‘ माइनिंग सरदार का प्रशिक्षण’’ परियोजना हेतु नये बिल प्रस्तुत करना	विशेष रूप से बच्चे, महिलाओं, बुजुर्गों तथा विकलांगों के बीच व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने तथा उनके आजीविका में वृद्धि के लिए विशेष शिक्षा को बढ़ावा देना	हां	झारखंड	धनबाद	3.26	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
12	बस्ताकोला क्षेत्र द्वारा ‘‘कोविड क्वारंटाइन केंद्र के संचालन’’ के लिए नये बिल जमा करना	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	3.80	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
13	केंद्रीय अस्पताल में सार्वजनिक शौचालयों और अस्पताल जाने वाली सड़क का उन्नयन	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	3.15	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं

14	''अंबेडकर अकादमी, धनबाद में व्यायामशाला (जिम)'' के लिए अंतिम बिल जमा	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	2.35	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
15	एकेएएम आइकोनिक वीक के तहत रक्तदान शिविर के दौरान रक्त दाताओं के बीच वितरण के लिए प्रिंटेड की चेन की खरीद	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	0.05	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
16	क्षेत्रों के माध्यम से सीएसआर के अंतर्गत चिकित्सा शिविरों के लिए वित्तीय देयता का प्रत्यावर्तन (वर्ष 2019-20)	भूख, गरीबी तथा कुपोषण का उन्मूलन, स्वच्छता को बढ़ावा देने तथा सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित स्वच्छ भारत कोष में योगदान राहत, पुनर्वास तथा पुनर्निर्माण गतिविधियों सहित आपदा प्रबंधन	हां	झारखंड	धनबाद	(8.53)	हां	उपलब्ध नहीं	उपलब्ध नहीं
					Total	**298.62**			

परिशिष्ट - II

वर्ष 2021-22 के दौरान अनुसंधान और विकास (आरएंडडी)

सीआईएल द्वारा वित्तपोषित बीसीसीएल के कमांड क्षेत्र में एस एंड टी/आर एंड डी परियोजनाओं की स्थिति

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजना चालू होने की तिथि	परियोजना पूरा होने की तिथि	कुल अनुमोदित लागत (लाख रू.)	स्थिति
क.	**अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) परियोजना**				
1	शुष्क और रासायनिक बेनिफेसीकरण के माध्यम से निम्न श्रेणी के भारतीय कोयले का उन्नयन परियोजना कोड : सीआईएल/आरएंडडी /02/09/2021 कार्यान्वयन एजेंसी : आईआईटी खडगपुर और सीएमपीडीआईएल	01 अक्टूबर, 2021	30 सितंबर, 2024	₹ 144.30 आई आई टी खडगपुर - ₹ 121.89 सी एम पी डी आई एल – ₹ 22.41	आर एंड डी परियोजना का उद्देश्य कोयले के स्थूलतर आकार के लिए शुष्क सज्जीकरण प्रौद्योगिकी (एयर डेंस मीडियम फ्ल्युडाइज्ड बेड सेपरेटर) विकसित करना है, इसमें स्वच्छ कोयले की अधिकतम प्राप्ति और अपशिष्ट को न्यूनतम करने के लिए बारीक कणों को फ्रोथ फ्लोटेशन के साथ उपचारित किया जाएगा । बीसीसीएल में समर्थित: 30.10.2020 सीआइएल से अनुमोदित 24.09.2021 -संस्थान में लिटरेचर समीक्षा की गई -रिएक्टर स्थापना का डिजाइन और निर्माण प्रक्रियाधीन है।
2	कार्बन मूल्यों के प्रतिलाभ के लिए कोकिंग कोल वाशरी के मिडलिंग और बारीक कण (फाइन्स) का प्रभावी उपयोग परियोजना कोड : सीआईएल/आरएंडडी /02/11/2021 कार्यान्वयन एजेंसी : एनएमएल, जमशेदपुर और सीएमपीडीआईएल	01 अक्टूबर, 2021	30 सितंबर, 2023	₹ 144.02 एनएमएल जमशेदपुर - ₹ 126.52 सी एम पी डी आइ एल- ₹ 14.50	आर एंड डी परियोजना का उद्देश्य है:- i. कोकिंग कोल वाशरियों के मिडलिंग से लगभग 18% राख पर धुले कोयले की प्राप्ति की संभावना का पता लगाना ii. कार्बन रिकवरी को बढ़ाने के लिए 18% राख वाले उत्पाद के उत्पादन के लिए प्रोसेस फ्लोशीट विकसित करना iii. धुले उत्पाद के सतह की नमी को कम करना बीसीसीएल समर्थित: 18.02.2021 सीआइएल से अनुमोदित 24.09.2021 -परियोजना के पहले चरण के लिए पाथरडीह वाशरी, बीसीसीएल से प्रत्येक टन मिडलिंग और फाइन्स के नमूने एकत्र किए जाते हैं। -दूसरे चरण के लिए, दहीबाड़ी वाशरी (1.6 एमपीटीए) से नमूने एकत्र किए जाएंगे।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजना चालू होने की तिथि	परियोजना पूरा होने की तिथि	कुल अनुमोदित लागत (लाख रू.)	स्थिति
3	माडलिंग और सिम्युलेशन विश्लेषण के माध्यम से सीआइएल के अंतर्गत कोकिंग कोल वाशरी के प्रदर्शन में सुधार पर अध्ययन परियोजना कोड : सीआईएल/आरएंडडी /02/10/2021 कार्यान्वयन एजेंसी : एनएमएल, जमशेदपुर और सीएमपीडीआईएल	01 अक्टूबर, 2021	30 सितंबर, 2023	264.04 रू. एन एम एल जमशेदपुर 169.54 रू. सी एम पी डी आइ एल 94.50 रू	परियोजना का उद्देश्य कोयला धुलाई, सिम्युलेशन विश्लेषण करने और कोल वाशिंग संयंत्र की दक्षता में सुधार के लिए इष्टतम मानदंडों का अनुमान लगाने में इकाई संचालन (क्रशिंग, क्लासीफिकेशन, ग्रेविटी सेपरेशन, फ्लोटेशन) के लिए स्टेडी स्टेट प्लांट स्केल मॉडल विकसित करना है। बीसीसीएल समर्थित: 18.02.2021 सीआइएल से अनुमोदित 24.09.2021 -परियोजना के लिए मुनीडीह वाशरी को चुना गया है।
4	जैव-स्कंदक का उपयोग करके कोल वाशरी उत्प्रवाह से महीन कणों को पृथक कर प्राप्त करना	15 मार्च, 2022	14 मार्च, 2024	₹ 54.87 आइ आइ टी आइ एस एम – ₹ 54.87 बीसीसीएल- शून्य	इस परियोजना का उद्देश्य -भारतीय कोयला में राख की अत्यधिक (35-40%) अशुद्धियां होती है, जिसके सज्जीकरण/वाशिंग से वाशरी उत्प्रवाह निकलता है। इसमें अन्य अशुद्धियों के साथ ही कोयले के बारीक कणों की उच्च सांद्रता होती है। निक्षेपण के पश्चात उत्प्रवाह को ताजे पानी के साथ कोयला धुलने के लिए पुन: प्रवाहित किया जाता है। यदि कोयला चूर्ण पुन: प्राप्त हो जाता है तो यह न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद होगा, बल्कि सफाई क्षमता में भी सुधार होगा और अतिरिक्त ताजे पानी का प्रयोग कम होगा। बीसीसीएल समर्थित: 26.06.2021 सीआइएल से अनुमोदित 06.09.2021 -सीआइएल द्वारा अभी तक फंड आबंटित नहीं किया गया है।
ख.	**एस एंड टी परियोजना**				
1	भू-भौतिकीय तकनीक का उपयोग करते हुए भूमिगत कोयला खदानों में अगम्य पुराने कार्यस्थलों में माइनिंग इंडयुस्ड सब- सरफेस कैविटि और जलभराव वाले क्षेत्रों में खतरे का अध्ययन प्रोजेक्ट कोड- एमटी- 173 कार्यान्वयन एजेंसी- आइआइटी आइएसएम, धनबाद	15 मार्च, 2021	14 मार्च, 2023	₹ 199.96 आइआइटी आइएसएम- ₹ 199.96 ईसीएल- शून्य	इसका उद्देश्य भू-भौतिकीय तकनीक जैसे भूकंपीय टोमोग्राफी, ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार और क्रॉसहोल टोमोग्राफी का उपयोग कर भूमिगत कोयला खदानों में अगम्य पुराने कार्यस्थलों में माइनिंग इंडयुस्ड सब- सरफेस कैविटि और जलभराव वाले क्षेत्रों में खतरे का अध्ययन करना है। सीआइएल से अनुमोदित 10.03.2021 बीसीसीएल समर्थित: 17.02.2022 -ईसीएल में लगभग 25 मी. की गहराई के लिए काम किया गया था। * बीसीसीएल में लगभग 50 मी. की गहराई के लिए कार्य किया जाना है। * कार्य के लिए बीसीसीएल में संभावित स्थल का चयन।

आर एंड डी परियोजना जहां बीसीसीएल के लिए समर्थन पत्र प्रदान किया गया है तथा सीआइएल से अनुमोदन की प्रतीक्षा है-

क्र. सं.	परियोजना का नाम	परियोजना प्रस्तावक	बीसीसीएल द्वारा समर्थित	अभ्यूक्ति
1	अत्यधिक राख वाले भारतीय कोयले के परिष्करण के लिए एक नोवल एयर डेंस मिडियम फ्लूडाइज्ड बेड सेपरेटर का डिजाइन और विकास	आइआइटी आइएसम	24.03.2021	सीआइएल से अनुमोदन की प्रतीक्षा
2	यूजी खदानों के विभिन्न पर्यावरण मापदंडों की निगरानी के लिए वायरलेस आइआइओटी आधारित गैस डिटेक्शन और मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ- साथ भूमिगत खानों में एकीकृत वीडियो, ध्वनि और डेटा संचार प्रणाली का स्वदेशी विकास	सीएमपीडीआईएल ईजी एम2एम प्रौद्योगिकी प्राइवेट लिमिटेड, बंगलौर	11.05.2021	सीआइएल से अनुमोदन की प्रतीक्षा
3	झरिया कोलफील्ड में आग बुझाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी	आइआइटी आइएम, फ्लूडिन कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड	30.09.2021	सीआइएल से अनुमोदन की प्रतीक्षा
4	कोल माइन मिथेन (सीएमएम) के संवेदनशील और चुनिंदा अन्वेषण के लिए मल्टीवाल्ड कार्बन नैनोट्यूब्स (एमडब्ल्यूसीएनटी) का वृत्रिमूलक एवं इलेक्ट्रोस्टेटिक डिपोजिशन	एमिटी यूनिवर्सिटी	10.02.2022	सीआइएल से अनुमोदन की प्रतीक्षा
5	ओपनकास्ट बेंच फायर का आकलन और उससे निपटने के लिए विस्तृत रोबोटिक तकनीक	सीएसआइआर- सीआइएमएफआर (सिंफर)	17.02.22	सीआइएल से अनुमोदन की प्रतीक्षा

विभिन्न एजेंसियों द्वारा वित्तपोषित अनुसंधा एवं विकास का अध्ययन करने के लिए बीसीसीएल से ली गई अनुमति-

क्र. सं.	परियोजना का नाम	संस्थान	बीसीसीएल द्वारा समर्थित	अभ्यूक्ति
1	भारतीय भूमिगत कोयला खनिकों के लिए फटीग सस्टेनेबिलिटी की निगरानी और नियंत्रण के लिए सॉफ्टवेयर आधारित फटीग सस्टेनेबल वर्कलोड मॉडल के परीक्षण और विकास के लिए क्षमता निर्माण- एक अर्गो एक्सपेरिमंटल दृष्टिकोण	आइ आइ ई एस टी, शिबपुर	10.09.2021	डीएसटी- एस ई आर बी, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित -परियोजना का पहला चरण पूरा हुआ।
2	खनन अनुप्रयोगों के लिए जल से बचाने वाली तथा टिकाउ रोधी सीमेंटेड कार्बाइड कोटिंग्स ।	आइआइटी, कानपुर	27.09.2021	खान मंत्रालय द्वारा प्रस्ताव रद्द। कारण: एमओएम और एसएनटी कार्यक्रम का महत्वपूर्ण क्षेत्र नहीं।
3	कोयला खान डंप के अपशिष्ट चट्टानों में आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण तत्वों का अन्वेषण	सीएसआइआर- सिंफर	30.11.2021	सीएसआईआर द्वारा वित्तपोषित -बीसीसीएल से नमूना एकत्र किया गया है।

4	सतही कोयला खदान में एचईएमएम आपरेटरों के पूरे शरीर में वाइब्रेशन एक्सपोजर- विभिन्न सहयोगी कारकों का आकलन	आइआइटी- सीएचयू	03.12.2021	एसइआरबी, भारत सरकार द्वारा वितपोषित। -प्रथम चरण में बीसीसीएल से 40 नमूनों को एकत्र किया गया।
5	भारत के लक्ष्य किए गए 30 शहरों के भूकंपीय माइक्रोजोनेशन के लिए एमओएच, भारत सरकार की अनुमोदित परियोजना के अंतर्गत ''भारत के 8 शहरों का भूकंपीय माइक्रो जोनेशन।''	आइएसआर, एस एंड टी विभाग, गुजरात सरकार तथा मेसर्स जियो डिज़ाइन रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड	15.12.2021	भू-विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित। -अप्रैल, 2022 तक कार्य शुरू होगा।
6	खनन वातावरण में भूमि सतह की विकृति की गहन निगरानी के लिए एमटी-इनएसएआर अनुप्रयोग में सुधार करने हेतु एक बहुमूखी पिक्सल वर्गीकरण और चयनात्मक दृष्टिकोण का विकास और क्षेत्र परीक्षण	माइनिंग इंजिनियरिंग विभाग, आइआइटी (आइएसएम), धनबाद	10.02.2022	टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (टीआइएच) आइआइटी, आइएसएम, धनबाद के तहत टेक्समिन द्वारा वित्रपोषित । बी सी सी एल के राजापुर, एना, ए के डब्ल्यू एम सी तथा सेंद्रा बांसजोरा ओसीपी में अध्ययन किया जाएगा ।
7	क्लीनिकल आर प्री-क्लीनिक रणनीतियों का उपयोग कर पर्यावरण/व्यावसायिक फेफड़ा स्वास्थ्य चुनौतियों के लिए माडर्न इनोवेशन सोल्यूशन	सीएसआइआर – सिंफर	15.02.2022	हेल्थ केयर रिसर्च स्कीम, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित
8	कोल डिपाजिट ब्लॉक्ड के 100 मीटर के भीतर और स्थायी संरचनाओं और मालिकों की संपत्ति से अधिकतम 50 मीटर पर खनन के लिए ब्लास्टिंग पद्धतियाँ	सीएसआइआर – सिंफर	17.02.2022	खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित -4 ए,भौंरा (साउथ) पेंच, ई जे क्षेत्र में अध्ययन के लिए साइट का चयन किया गया है।

ओवर बर्डन से रेत निकालने वाले संयंत्र लगाने की स्थिति:

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने कोल कंपनियों को ओबी के लाभकारी उपयोग के लिए निदेश दिए हैं। इस संदर्भ में कोल इंडिया लिमिटेड ने अपनी सभी अनुषंगियों में ओबी से रेत निकालने वाले संयंत्र स्थापित करने का निर्णय लिया है।

बीसीसीएल के दामोदा ओसीपी, बरोरा क्षेत्र में ओबी से रेत संयंत्र लगाने के लिए साइट के रूप में चयन किया गया है।

वर्तमान स्थिति इस प्रकार है:-

दिनांक 15.06.2021 को महाप्रबंधक (आर एंड डी) की वर्चुअल अध्यक्षता में ईओआइ बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में परियोजना समिति के सदस्य तथा 9 संभावित बोलीदाताओं ने भाग लिया।

सीएमपीडीआइएल द्वारा बिल्ड ऑपरेट (बीओ) के आधार पर एक मॉडल एनआइटी तैयार किया गया था, जिसे सीआइएल द्वारा अनुमोदित किया गया था तथा 01.02.2022 को बीसीसीएल को सूचित किया गया था। मॉडल दस्तावेज को कस्टमाइज किया गया था एवं बीसीसीएल उद्देश्य के लिए अनुमोदित किया गया था।

'बिल्ड-ऑपरेट कॉन्सेप्ट पर दामोदा ओसीपी, बरोरा क्षेत्र, बीसीसीएल में 1.10 एमटीपीए ओबी थ्रोपुट क्षमता वाली रेत/एग्रेगेट सेग्रेगेशन प्लांट की स्थापना' के लिए एनआइटी 24.03.2022 को जारी किया गया था।

बोली जमा करने की बढ़ायी गई तिथि 13.06.2022 है।
बोली खुलने की तिथि 17.06.2022 है।

परिशिष्ट - III

कॉरपोरेट गवर्नेंस 2021-22 पर रिपोर्ट

1. कॉरपोरेट दर्शन

बीसीसीएल विधि, नियम एवं दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न स्तरों पर मूल्य, नैतिक व्यवहार पारदर्शिता एवं प्रकटीकरण सुनिश्चित करने हेतु कॉरपोरेट गवर्नेंस के लिए वचनबद्ध है।

2. निदेशक मंडल

बीसीसीएल के संस्थागत अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) के खंड 31 (ग) के अनुसार, कंपनी के निदेशकों की संख्या दो से कम और पंद्रह से अधिक नहीं होनी चाहिए। ये निदेशक या तो पूर्णकालिक कार्यात्मक निदेशक या अंशकालिक निदेशक हो सकते हैं। हालांकि, कंपनी एक विशेष प्रस्ताव पारित करने के बाद 15 से अधिक निदेशकों की नियुक्ति कर सकती है।

3. बोर्ड का गठन

31 मार्च 2022 तक, निदेशक मंडल में एक अध्यक्ष, 4 कार्यात्मक निदेशक, 2 गैर-कार्यकारी निदेशक और 1 स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं।

4. बोर्ड की बैठक

वर्ष के दौरान 11 (ग्यारह) बोर्ड की बैठकें क्रमशः 09.04.2021, 26.05.2021, 17.06.2021, 02.08.2021, 07.08.2021, 15.09.2021, 02.11.2021, 30.11.2021, 19.01.2022, 30.01.2022 और 27.02.2022को आयोजित की गईं। वर्ष 2021-22 के दौरान बोर्ड की बैठकों और वार्षिक आमसभा में उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है :-

क्र. सं.	निदेशक का नाम	निदेशक की श्रेणी	2021-22 के दौरान बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित हुए	गत वार्षिक आमसभा में उपस्थित रहे या नहीं
1	श्री समीरन दत्ता	अध्यक्ष	03	नहीं
2	श्री पी.एम. प्रसाद	अध्यक्ष	08	हाँ
3	श्री आनंदजी प्रसाद	गैर - कार्यकारी निदेशक	03	नहीं
4	श्री भबानी प्रसाद पति	गैर - कार्यकारी निदेशक	07	हाँ
5	श्री बी वीरा रेड्डी	गैर - कार्यकारी निदेशक	0	नहीं
6	श्री बिनय दयाल	गैर - कार्यकारी निदेशक	09	हाँ
7	श्री नरेंद्र सिंह	स्वतंत्र निदेशक	11	हाँ
8	श्रीमती शशि सिंह	स्वतंत्र निदेशक	04	नहीं
9	श्री आलोक कुमार अग्रवाल	स्वतंत्र निदेशक	04	नहीं
10	श्री सत्यब्रत पंडा	स्वतंत्र निदेशक	04	नहीं
11	श्री राम कुमार रॉय	स्वतंत्र निदेशक	03	नहीं
12	श्री जे पी गुप्ता	निदेशक	09	नहीं
13	श्री समीरन दत्ता	निदेशक	08	हाँ
14	श्री चंचल गोस्वामी	निदेशक	11	हाँ
15	श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव	निदेशक	11	हाँ
16	श्री संजय कुमार सिंह	निदेशक	01	नहीं

5. लेखा परीक्षा समिति:

(क)गठन

बीसीसीएल के निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति का गठन वर्ष 2002 में कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 292 क और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 175 के तहत कॉर्पोरेट प्रशासन में उत्कृष्टता के अनुसरण में किया गया है। बीसीसीएल की लेखापरीक्षा समिति में पाँच स्वतंत्र निदेशक, दो कार्यात्मक निदेशक, एक कोल इंडिया से नामित निदेशक और एक सरकारी नामित निदेशक शामिल हैं। स्वतंत्र निदेशकों में से एक समिति का अध्यक्ष होता है। 31 मार्च 2022 तक, लेखा परीक्षा समिति (बीसीसीएल निदेशक मंडल की एक उप-समिति) में निम्नलिखित सदस्य हैं:

i)	श्री नरेंद्र सिंह	:	अध्यक्ष
ii)	श्री आनंदजी प्रसाद	:	सदस्य
iii)	श्री बी वीरा रेड्डी	:	सदस्य
iv)	श्रीमती शशि सिंह	:	सदस्य
v)	श्री आलोक कुमार अग्रवाल	:	सदस्य
vi)	श्री सत्यब्रत पांडा	:	सदस्य
vii)	श्री राम कुमार राय	:	सदस्य
viii)	श्री संजय कुमार सिंह	:	सदस्य

समिति के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करने के लिए लेखा परीक्षा समिति की बैठक में निदेशक (वित्त), आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सांविधिक लेखा परीक्षक आमंत्रित किए जाते हैं। जब समिति को कोई जरूरी जानकारी देनी होती है तो आवश्यकता पड़ने पर वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाता हैं।

(ख) लेखा परीक्षा समिति का कार्य क्षेत्र:

i) कंपनी के लेखा परीक्षकों की नियुक्ति, पारिश्रमिक और नियुक्ति की शर्तों की सिफारिश;
ii) लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता और कार्य निष्पादन तथा लेखापरीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा एवं निगरानी;
iii) वित्तीय विवरण की जांच और उस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट;
iv) संबंधित पक्षों के साथ कंपनी के लेन-देन का अनुमोदन या बाद में कोई संशोधन;
v) अंतर-कॉर्पोरेट ऋणों और निवेशों की संवीक्षा;
vi) कंपनी के उपक्रमों या परिसंपत्तियों का मूल्यांकन, जहां कहीं आवश्यक हो;
vii) आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों और जोखिम प्रबंधन प्रणालियों का मूल्यांकन;
viii) सार्वजनिक प्रस्तावों और संबंधित मामलों के माध्यम से जुटाए गए धन के अंतिम उपयोग की निगरानी करना;

(ग.) लेखा परीक्षा समिति की बैठक एवं उपस्थिति :

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान क्रमशः 09.04.2021, 26.05.2021, 17.06.2021, 02.08.2021, 15.09.2021, 02.11.2021, 30.11.2021, 19.01.2022 और 30.01.2022 को लेखा परीक्षा समिति की नौ बैठकें आयोजित की गईं। लेखा परीक्षा समिति में सदस्यों की उपस्थिति का विवरण इस प्रकार है:

क्रम सं.	निदेशक का नाम	पद	वर्ष 2021-22 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित हुए
1	श्री नरेंद्र सिंह	अध्यक्ष	09
2	श्री आनंदजी प्रसाद	सदस्य	02
3	श्री भबानी प्रसाद पति	सदस्य	06
4	श्री बिनय दयाल	सदस्य	06
5	श्रीमती शशि सिंह	सदस्य	02
6	श्री आलोक कुमार अग्रवाल	सदस्य	02
7	श्री सत्यब्रत पांडा	सदस्य	02
8	श्री राम कुमार रॉय	सदस्य	01
9	श्री जे पी गुप्ता	सदस्य	08
10	श्री चंचल गोस्वामी	सदस्य	09

6.स्वतंत्र निदेशकों की बैठक :

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों की एक बैठक आयोजित की गयी।

7.व्हीसिल ब्लॉअर नीति :

बीसीसीएल के निदेशक मंडल ने 24.05.2014 को आयोजित अपनी 307वीं बोर्ड बैठक में कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुसार व्हिसल ब्लोअर नीति को अपनाया।

8.जोखिम प्रबंधन समिति

जोखिम प्रबंधन समिति की बैठक एवं उपस्थिति:

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान दिनांक 26.02.2022 को जोखिम प्रबंधन समिति की एक बैठक बैठक आयोजित की गई। जोखिम प्रबंधन समिति की बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान प्रबंधन समिति की बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित हुए
1	श्री नरेंद्र सिंह	अध्यक्ष	01
2	श्री सत्यब्रत पांडा	सदस्य	01
3	श्री चंचल गोस्वामी	सदस्य	01
4	श्री पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव	सदस्य	01
5	श्री संजय कुमार सिंह	सदस्य	01

9. अधिकार प्राप्त उप-समिति:

(क) ईएससी (टी) की बैठक एवं उपस्थिति:

वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 02.08.2021 को ईएससी (टी) की एक बैठक आयोजित की गई। ईएससी (टी) की बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान ईएससी (टी) की बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित हुए
1	श्री भबानी प्रसाद पति	अध्यक्ष	01
2	श्री नरेंद्र सिंह	सदस्य	01
3	श्री जे पी गुप्ता	सदस्य	00
4	श्री समीरन दत्ता	सदस्य	01
5	श्री चंचल गोस्वामी	सदस्य	01

(ख) स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों की अधिकार प्राप्त समिति की बैठक और उपस्थिति।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान 19.01.2022 को स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों की अधिकार प्राप्त समिति की एक बैठक आयोजित की गयी। स्वतंत्र निदेशकों सहित निदेशकों की अधिकार प्राप्त समिति की बैठक और भाग लेने वाले सदस्यों का विवरण निम्नानुसार है:

क्रम सं.	निदेशक का नाम	स्थिति	2021-22 के दौरान आईडी सहित निदेशकों की अधिकार प्राप्त समिति की बैठकों की संख्या जिनमें उपस्थित हुए
1	श्री समीरन दत्ता	अध्यक्ष	01
2	श्री बिनय दयाल	सदस्य	01
3	श्री नरेंद्र सिंह	सदस्य	01
4	श्री जे पी गुप्ता	सदस्य	01
5	श्री चंचल गोस्वामी	सदस्य	01

10. आम सभा की बैठक :

गत 3 वार्षिक आम सभा की बैठकों की तिथि, समय एवं स्थान निम्नलिखित हैं:

वित्तीय वर्ष	दिनांक	समय	स्थान
2020-21	04.08.2021	10:00 बजे पूर्वाह्न	कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद
2019-20	07.08.2020	10:00 बजे पूर्वाह्न	कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद
2018-19	08.07.2019	12:00 बजे दोपहर	कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद

11. बीसीसीएल के शेयर होल्डिंग पैटर्न :

बीसीसीएल के 100% शेयर कोल इंडिया लिमिटेड और उसके नामांकित के पास हैं।

12. कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के तहत नियम (8)(5)(iiiक) के प्रावधानों के अनुसार स्वतंत्र निदेशक के संबंध में विवरण:

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 के तहत उप-नियम 5 के संदर्भ में, बोर्ड की राय है कि वर्ष 2019-20 के दौरान नियुक्त स्वतंत्र निदेशक श्री नरेंद्र सिंह के पास कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में कार्य का निर्वहन करने के लिए पर्याप्त विशेषज्ञता, सत्यनिष्ठा और अनुभव है। इसके अलावा, श्री नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र निदेशक ने स्वयं को IICA के साथ पंजीकृत करा लिया है और 2020-21 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 150 की उप-धारा (1) के तहत IICA द्वारा आयोजित ऑनलाइन दक्षता स्व-मूल्यांकन परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है।

वर्ष 2021-22 के दौरान निम्नलिखित स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की गई:

1. श्रीमती शशि सिंह, स्वतंत्र निदेशक;
2. श्री आलोक कुमार अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक;
3. श्री सत्यब्रत पांडा, स्वतंत्र निदेशक; तथा
4. श्री राम कुमार राय, स्वतंत्र निदेशक

उपरोक्त नियुक्त स्वतंत्र निदेशकों ने खुद को आईआईसीए के साथ पंजीकृत कर लिया है, लेकिन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 150 की उप-धारा (1) के तहत आईआईसीए द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रवीणता स्व-मूल्यांकन परीक्षा में उपस्थित होना / उत्तीर्ण होना बाकी है। हालांकि, श्री आलोक कुमार अग्रवाल, स्वतंत्र निदेशक, को ऑनलाइन प्रवीणता परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट दी गई है क्योंकि वह एक पेशेवर चार्टर्ड एकाउंटेंट है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा अधिसूचना संख्या जीएसआर 579 (ई) दिनांक 19.08.2021 द्वारा जारी कंपनी नियम 6(4) (निदेशकों की नियुक्ति और योग्यता नियम) के दूसरे प्रावधान के अनुसार जिसे 10 वर्षों से अधिक का पेशेवर अनुभव है, उसे ऑनलाइन प्रवीणता परीक्षा से छूट दी गई है ।

परिशिष्ट - IV

प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण रिपोर्ट

I. औद्योगिक संरचना एवं विकास

बीसीसीएल, सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों में से एक, कोयला खनन और संबद्ध गतिविधियों में संलग्न है। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल- एक मिनीरत्न पीएसयू) कोकिंग कोयले का एक प्रमुख उत्पादक है जो कि कोयले खनन और संबद्ध गतिविधियों में संलग्न है और भारत के सबसे पुराने कोयला क्षेत्रों में से एक है। इसकी खदानें झारखंड स्थित झरिया कोलफील्ड में 273 वर्ग किलोमीटर और रानीगंज कोलफील्ड, झारखंड (19 वर्ग किलोमीटर) तथा पश्चिम बंगाल (13 वर्ग किलोमीटर) 32 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई हैं। इसके प्रमुख उत्पाद रन ऑफ माइन (ROM) कोयला, धुला हुआ कोयला और धुला हुआ विद्युत कोयला (WPC) और अन्य वाशरी उप उत्पाद हैं। कोकिंग कोल एवं गैर कोकिंग कोल के राष्ट्रीयकरण के समय परंपरागत रूप से निजी मालिकों द्वारा अवैज्ञानिक विधि से चलायी जा रही छोटी-छोटी असंगठित कोयला खदानें इस कंपनी को विरासत के तौर पर मिली। इनका संचालन ऊपरी सतह तक ही सीमित था, जिसके कारण इसके भूमिगत पुराने कार्यस्थल में आग लगने तथा पानी भर जाने की समस्या आम थी। इस कोयला क्षेत्र में आबादी का घनत्व काफी अधिक है और यहां टाउनशिप, महत्वपूर्ण रेल नेटवर्क, राष्ट्रीय-राजमार्गों और राज्य- राजमार्गों सहित सड़कों की भी बहुलता है। इस कारण से यहां कोयले का उत्खनन करना, खनन इंजीनियरों के लिए बेहद जटिल एवं चुनौती पूर्ण है। किंतु खनन क्षेत्र में इस कंपनी का स्थान उतना ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसे देश की सबसे बड़ी कोकिंग कोल उत्पादक कंपनी होने का गौरव प्राप्त है। बीसीसीएल अपने कुल कोयला उत्पादन का लगभग 85%, कोकिंग कोल के रूप में करता है। बीसीसीएल में मुख्य रूप से दो प्रकार के कोकिंग कोल का उत्पादन होता है- प्राइम कोकिंग कोल (PCC) और मध्यम कोकिंग कोल (MCC), जिसमें कम वाष्पशील पदार्थ मौजूद होता है। कुल कोकिंग कोल के उत्पादन में प्राइम कोकिंग कोल (PCC) की मात्रा 10% और मध्यम कोकिंग कोल (MCC) की मात्रा 90% होती है।

II. ताकत और कमजोरी

ताकत (एस)	कमजोरी (डब्ल्यू)
• उच्च मूल्य वाले कोकिंग कोल/गैर कोकिंग कोल के विशाल भंडार (19.4 बीटी) की उपस्थिति। • ऊपर स्तर में उत्कृष्ट गुणवत्ता वाले कोयले और नीचे स्तर में निम्न गुणवत्ता वाले कोयले की उपस्थिति के साथ निर्बाध खनन हेतु प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए गुड स्ट्राइक लेंथ। • खनन क्षेत्रों के आसपास के क्षेत्र में सुनिश्चित मांग केंद्र जो यह सुनिश्चित करे कि कोई कनेक्टिविटी समस्या न हो। • आयात समता मूल्य से बहुत ही कम मूल्य पर कोयला उपलब्ध कराने की क्षमता • सुरक्षित बाजार वाले प्राइम कोकिंग कोल का एकमात्र स्रोत। • 40 मि.मी. के दायरे में कोयला संसाधनों का केंद्रीकरण। • कुशल और प्रशिक्षित श्रमशक्ति। • ऊपरी खंड विकसित। एक बार भूमि उपलब्ध हो जाने पर उत्कृष्ट श्रेणी के कोयले का आसानी से खनन किया जा सकता है। • सीएमएम और सीबीएम उत्पादन के लिए संभावित क्षेत्र/भंडार।	• चालू परिसंपत्तियां / एचईएमएम काफी पुरानी और कार्य-प्रदर्शन के अनुरूप नहीं है। भूमिगत खदानों में मशीनीकरण की सीमित संभावना। • वृहद पैमाने पर संचालन के मुकाबले पैच आधारित खनन। हालांकि अनुबंध भी किराये के पैच में दिए जाते हैं, परंतु आर एंड आर मुद्दे तथा झरिया एक्शन प्लान के गैर-क्रियान्वयन की वजह से कम उपयोग किए जाते हैं। • वाशरी फीड में बड़े पैमाने पर बोल्डर की उपस्थिति से अनवरत ग्रेड स्लिपेज और क्रशिंग मुद्दे। • घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित होने के कारण आमतौर पर अतिक्रमण की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे खनन कार्य प्रभावित होता है। • ओबी डंपिंग हायर लीड डिस्टेंस, जिसकी वजह से ओपनकास्ट परिचान लागत में वृद्धि। • आग और जलजमाव से प्रभावित मल्टी सीम यूजी: इसके अलावा भूवैज्ञानिक रूप से अशांत सीम स्थिति को बढ़ाते हैं। • आग और जलभराव से प्रभावित यूजी मल्टी सीम यूजी कार्यक्षेत्र की उपस्थिति; इसके अलावा, भूगर्भीय रूप से अशांत सीम स्थिति को बढ़ा देते हैं। • 100 से अधिक वर्षों से चल रही पुरानी खदानें

ताकत (एस)	कमजोरी (डब्ल्यू)
	• अतीत में अवैज्ञानिक खनन • कोयला रखने वाले क्षेत्र घनी आबादी वाले हैं, ज्यादातर अनधिकृत निवासियों द्वारा खनन गतिविधि की सुचारू प्रगति में बाधा उत्पन्न किया जाता है। • बड़ी संख्या में विरासत में मिली छोटी भूमिगत खदानों का मशीनीकरण बहुत मुश्किल है। • श्रमशक्ति के तर्कसंगत पुनर्नियोजन में ट्रेड यूनियनों द्वारा उत्पन्न बाधाएं • बाहरी ओबी डंप के लिए भूमि की अनुपलब्धता। • सीएस और आरएस खतियान में विभिन्न प्रविष्टियां जिसके कारण अनावश्यक कानूनी परेशानी और भूमि अधिग्रहण में देरी होती है।

III. अवसर एवं चुनौतियाँ

अवसर	चुनौतियाँ
• उद्यम सुरक्षा और आंतरिक ऊर्जा उत्पादन की दृष्टि से सीबीएम में बड़ा अवसर। • सौर ऊर्जा निवेश। • धुले कोयले का उत्पादन- नये निवेश चालू- बिजली में शीघ्रता से उपयोग किए जाने के लिए स्वच्छ कोयला बढ़ोतरी पर ध्यान। • लंबी अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार की तुलना में आसानी से उपलब्ध एक संपूर्ण बाजार। • मास्टर प्लान के क्रियान्वयन पर जारी किए गए प्राइम कोकिंग कोल से विदेशी मुद्रा बचाने की क्षमता होगी • दीर्घकालिक पूंजिगत परियोजनाओं और वाशरी के लिए पीएसयू/ प्राइवेट उद्यमियों के साथ संयुक्त उपक्रम। • अगर सरकारी नीति अनुमति देती है तो मास्टर प्लान के लागू होने पर निकलने वाले प्राइम कोकिंग कोल से घरेलू आवश्यकता को पूरा करने के बाद इसका निर्यात किया जा सकता है जिससे विदेशी मुद्रा अर्जित होने की संभावना है। • मुनीडीह- सिंगरा-कपूरिया और महुदा बेसिन में गहराई में जमा भंडार की निकासी के लिए उच्च क्षमता वाली भुमिगत खदानों को चालू किया जा सकता है।	• खनन उद्देश्य के लिए एलए एक्ट के अंतर्गत अधिग्रहण किए गए भूमि पर प्रत्यक्ष रूप से कब्जा करने में असमर्थता। • खनन उद्देश्य के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के तहत अधिग्रहीत भूमि पर भौतिक कब्जा करने में असमर्थता। • मास्टर प्लान के निष्पादन में किसी प्रकार के विलंब होने पर कोई राष्ट्रीय आपदा की घटना घट सकती है, जो जीवन और संपत्तियों के साथ-साथ लंबे समय तक कंपनी के संचालन को भी खतरे में डाल सकती है। • कोयला सीम का स्वत:स्फूर्त ताप।

IV. खंडवार या उत्पादवार प्रदर्शन

कच्चे कोयले का उत्पादन प्रदर्शन

वर्ष 2020-21 की तुलना में वर्ष 2021-22 के दौरान बीसीसीएल में कच्चे कोयले का उत्पादन, उत्पादकता तथा उठाव (आफटेक) प्रदर्शन:

क्र. सं	विवरण	इकाई	2021-22			2020-21	गत वर्ष की तुलना में वृद्धि	
			लक्ष्य	वास्तविक	उपलब्धि (%)	वास्तविक	शुद्ध	%
i)	**कच्चा कोयला (खदान के प्रकार के अनुसार)**							
	यूजी	मि.टन	1.00	0.81	80.56	0.61	0.20	32.48
	ओसी	मि.टन	29.00	29.71	102.43	24.05	5.66	23.53
	कुल	मि.टन	30.00	30.51	101.70	24.66	5.86	23.75
ii)	**कोयले के प्रकार के अनुसार**							
	कोकिंग कोल	मि.टन	27.31	29.04	106.34	23.38	5.66	24.19
	नन कोकिंग कोल	मि.टन	2.69	1.47	54.65	1.27	0.20	15.62
		मि.टन	30.00	30.51	101.70	24.66	5.86	23.75
iii)	**ओबी हटाई (आर/एच के अलावा)**	घन मी.	120.00	105.37	87.81	103.84	1.54	1.48
iv)	**उत्पादकता (ओएमएस)**							
	यूजी	टन	0.29	0.21	73.37	0.14	0.07	50.00
	ओसी	टन	6.30	7.64	121.15	7.43	0.21	2.77
	कुल	टन	3.71	3.96	106.84	3.31	0.65	19.64
v)	**कोयले का उठाव**	मि.टन	32.00	32.25	100.79	23.13	9.13	39.45

कोयला धुलाई एवं वाशरी उत्पादों का कार्य प्रदर्शन

स्टील सेक्टर को धुले हुए और सीधे फीड कोयले की आपूर्ति 2020-21 में 8.35 के मुकाबले 2021-22 में 11.72 लाख टन थी। यह पिछले वर्ष की तुलना में 40.36% (+) की वृद्धि को दर्शाता है।

(मिलियन टन)

प्रकार	2021-22		2020-21	
	लक्ष्य	वास्तविक	लक्ष्य	वास्तविक
उत्पादन				
धुला कोयला (सी)	0.684	0.735	0.861	0.664
धुला पावर कोयला	1.021	1.462	1.292	0.812
कुल	1.705	2.197	2.154	1.476
कोयले का उठाव		7.48		8.35
धुला कोयला (एलटी)	0.684	0.735	0.861	0.664

V. दृष्टिकोण

क. उत्पादन का दृष्टिकोण (प्रोडक्शन आउटलुक)

➢ बीसीसीएल में 2016-17 से प्रत्येक वर्ष कोयला उत्पादन में गिरावट दिख रही है परंतु 2021-22 में गिरावट रूक गयी है।

➢ वर्ष 2016-17 में कोयला उत्पादन 37.04 मिलियन टन से घटकर 2020-21 के दौरान 24.66 मिलियन टन हो गया, लेकिन 2021 -22 में 30.51 मिलियन टन उत्पादन किया गया।

वर्ष 2016-17 से 2024-25 के दौरान परिकल्पित और हासिल उत्पादन वृद्धि

प्रकार	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
भूमिगत	1.68	1.08	0.9	1.04	0.61	0.81	1.00	1.81	4.30
विभागीय ओ सी	11.62	9.73	9.96	7.72	7.52	8.37	8.00	8.50	9.00
हायर्ड ओ सी	23.74	21.8	20.18	18.97	16.53	21.34	23.00	29.69	31.70
कुल ओ सी	35.36	31.53	30.14	26.69	24.05	29.71	31.00	38.19	40.70
कुल योग	***37.04***	***32.61***	***31.04***	***27.73***	***24.66***	***30.51***	***32.00***	***40.00***	***45.00***



ख. विपणन दृष्टिकोण (आउटलुक)

➢ **धुला हुआ कोयला**

- वैश्विक आपूर्ति बाधाओं के बीच ''आत्मनिर्भर भारत'' के तहत उपभोक्ताओं की बढ़ी हुई जरूरतों सहित इस्पात उपभोक्ताओं के लिए घरेलू धुले कोयले की अधिक जरूरत है।

➢ **धुला हुआ कोयला (पावर)**

- डीवीसी, एनटीपीसी इत्यादि जैसे बड़े उपभोक्ताओं के साथ पारस्परिक सहमत कीमतों पर धुले कोयले (विद्युत) की आपूर्ति के लिए दीर्घकालिक समझौता।

➢ **वाशरी अपशिष्ट (रिजेक्ट)**

- नई वाशरियों के प्रतिस्थापन के साथ रिजेक्ट्स का अंबार एक बहुत बड़ी समस्या है और इस जगह की कमी को काफी हद तक कम किया जा सकता है यदि इस तरह के रिजेक्ट्स को बिजली घरों या दूसरे उपभोक्ताओं को परस्पर सहमत मूल्य या अधिसूचित मूल्य पर बेचा जाए।
- तर्कसंगत मूल्य के साथ दूर वाले रिजेक्ट्स के उपभोक्ताओं के साथ दीर्घकालिक समझौता
- वाशरी रिजेक्ट्स आधारित सीपीपी को स्थापित करने के लिए डीवीसी/एनटीपीसी/एनएलसी के साथ संयुक्त उद्यम

➢ **ई-ऑक्शन**

- एक मासिक ई-ऑक्सन कैलेंडर का अनुसरण किया जा रहा है।
- ई-ऑक्सन में कुल बोली मात्रा का 100% उठाव सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई की गई है तदनुसार क्षेत्रों को संवेदनशील बनाया जा रहा है।
- समय पर विक्रय आदेश जारी करने तथा डिस्पैच बढ़ाने के लिए उपभोक्ताओं द्वारा कोयले की परेशानीमुक्त उठाव के लिए एस ओ पी तैयार किया गया है।
- बाजार में बढ़ी हुई मांग के साथ 2021-22 के दौरा स्पॉट पर ई-ऑक्सन अधिसूचित मूल्य से प्रीमियम अधिक मजबूत रहा है।
- उपभोक्ताओं द्वारा उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए नियमित रूप से उपभोक्ता बैठक का आयोजन करना।
- एफएसए उपभोक्ताओं को गुणवघ्तापूर्ण कोयले की आपूर्ति में सुधार के लिए क्षेत्रीय महाप्रबंधक और विक्रय प्रबंधक को संवेदनशील बनाया जा रहा है तथा सड़क मार्ग से 100% उठाव को सुनिश्चित किया जा रहा है।
- लंबे अंतराल के बाद, सेल के लिए धुले कोयले की आपूर्ति के लिए एमओयू मूल्य को यथोचित स्तर तक बढ़ा दिया गया है जबकि अन्य आरआइएनएल जैसे इच्छुक उपभोक्ता उच्च बोली मूल्य पर धुले कोयले को लेने आगे आये।
- सेल जैसे विभिन्न कोयला उपभोक्ताओं को धुले हुए पावर कोयले के प्रेषण को बढ़ाने की आवश्यकता है क्योंकि यह विभिन्न वाशरियों में वर्तमान उच्च स्टॉक का परिशोधन करने में मदद करेगा और यह दिन-प्रतिदिन के कार्यों के लिए ज्यादा जगह भी बनाएगा।

ग. सतत विकास संबंधी दृष्टिकोण

बीसीसीएल की कॉरपोरेट पर्यावरण नीति का उद्देश्य सतत विकास की पर्यावरण प्रबंधन अवधारणा है, जिसे बीसीसीएल के कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों तथा समर्पित पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली द्वारा प्राप्त किया जाता है। स्थिरता के साथ विकास प्राप्त करने के उद्देश्य से कंपनी परिसर में सोलर पावर एनर्जी के प्रतिष्ठापन पर बल दिया जा रहा है और उस दिशा में कई पहल की गई है जैसा कि रिपोर्ट में अन्यत्र देखा जा सकता है। इसी प्रकार, कंपनी अत्याधुनिक 6 नई वाशरियां स्थापित कर रही है जो या तो चालू है या पूरा होने के विभिन्न चरणों में है जो कि स्वच्छ कोयले के उत्पादन में लंबा रास्ता तय करेंगी। इससे कार्बन फुटप्रिंट को कम किया जा सकेगा।

VI. जोखिम और खतरे

- वाशरी से घटता उत्पादन चिंता का विषय है और इस प्रवृत्ति को उलटने के लिए मुनीडीह और पुराने मधुबन वाशरियों के बुनियादी ढांचे को मरम्मत करने की कार्रवाई की गई है।
- एक जोखिम यह है कि संभावित ग्राहक समरूप जीसीवी के थर्मल कोयले की तुलना में कच्चे कोकिंग कोल की अधिक कीमत की वहज से बीसीसीएल की डब्ल्यूपीसी लेने के इच्छुक नहीं हो सकते हैं। इससे निपटने के लिए स्टील के लिए बनाये गए कोयले को फीड करने हेतु कार्रवाई की गई है।
- जोखिम है कि मौजूदा श्रमशक्ति स्थानांतरण का विरोध कर सकती है, पदोन्नति, वेतनवृद्धि, स्थानांतरण लाभ, अतिरिक्त प्रशिक्षण प्रदान कर कार्य क्षेत्र में परिवर्तन के माध्यम से स्थानांतरण को प्रोत्साहित कर इसे आसान बनाने की उम्मीद है।
- बीसीसीएल के जमीन पर लोगों के अधिवास की वजह से जमीन के कुछ हिस्से पर जमीन का मालिकाना विवाद। ऐसे मुद्दों का हल निकालने के लिए जेएमपी की कामयाबी महत्वपूर्ण होगी।

VII. विविधता और मूल्य संवर्धन:

- कंपनी अपनी वाशरियों में कोयले की बढ़ी हुई फीड के माध्यम से इस्पात क्षेत्र की मांग को पूरा करने की कोशिश कर रही है क्योंकि देश अपनी बहुमूल्य विदेशी मुद्रा को खोने का जोखिम नहीं उठा सकता है तथा विदेशी मुद्रा की बचत अप्रत्यक्ष रूप से कीमती विदेशी मुद्रा की बचत है तथा इससे कंपनी को अपनी राजस्व अर्जन क्षमता बढ़ाने में मदद मिल सकती है।

बीसीसीएल की भावी योजनाओं का आकलन

विभिन्न क्षेत्रों में विविधता के निम्नलिखित गवेषणा की जा रही हैं:

- कोल बेड मिथेन (सीबीएम)
- अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में नए कोकिंग कोल ब्लॉकों का अधिग्रहण
- रिजेक्ट्स (अपशिष्ट) आधारित बिजली संयंत्र
- भूमि बैंक मुद्रीकरण
- कोल माइन पर्यटन
- सौर ऊर्जा उत्पादन

बीसीसीएल ने सौर ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर परिनियोजन और सीबीएम के वाणिज्यिक उत्पादन की दिशा में भी काम करना शुरू कर दिया है। निम्न खंड इन विकल्पों का अन्वेषण करता है।

सीबीएम

- सीबीएम मूल रूप से 95% मीथेन और शेष मात्रा से थोड़ा अधिक हाइड्रोकार्बन, नाइट्रोजन और कार्बनडाइऑक्साइड से बना है। आमतौर पर खनन उद्योग को मार्श गैस के रूप में जाना जाता है। यह कोयला सीम का एक अंतर्निहित हिस्सा है जो इसमें अवशोषित होता है और यह वनस्पति से कोयला बनने की प्रक्रिया के दौरान बनता है।
- सीबीएम का निष्कर्षण प्रमुख रूप से निम्नांकित लाभ प्रदान करता है:-

1. प्राकृतिक गैस की बिक्री से अतिरिक्त राजस्व सृजन के अवसर।
2. यह सरकार की घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में विजली के लिए स्वच्छ ईंधन की हिस्सेदारी बढ़ाने और वातावरण में मीथेन के (ग्रीनहाउस गैस) जोखिम को कम करने के उद्देश्य के अनुरूप है।
3. इन-सीटू मीथेन का निष्कर्षण कोल डिपोजिट के खान-क्षमता को प्रभावित नहीं करता है।
4. कोयला भंडार में मीथेन के गैसीकरण के कारण कोयला निकालने की प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त लाभ नजर आते हैं। इससे आग और विस्फोट के खतरे की संभावना कम हो गई क्योंकि मीथेन को पहले ही निकाला जा चुका है, जिससे खदान के वेंटिलेशन में सुधार हुआ है।

बीसीसीएल में सीबीएम

वर्तमान में बीसीसीएल में चिन्हित किए गए सीबीएम भंडार मुनीडीह, झरिया सीबीएम ब्लॉक में स्थित है:-
डिपोजिट में 25 बीसीएम (बिलियन क्यूबिक मीटर) गैस का भंडार है और बीसीसीएल 1.43 मिलियन मानक मीट्रिक क्यूबिक मीटर की दैनिक निकासी क्षमता की योजना बना रहा है। बीसीसीएल ने सीबीएम डेवलपर और ऑपरेटर को सहयोग करने का फैसला किया है।

वाशरी रिजेक्ट्स का उपयोग

वाशरी रिजेक्ट्स का उत्पादन और उसका गैर-उपयोग बीसीसीएल के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। रिजेक्ट्स का एक बड़ा भंडार पहले से ही मौजूद है। रिजेक्ट्स का औसत उत्पादन 30-40% के बीच होता है। वित्त वर्ष 30 तक 6-7 एमपीटीए रिजेक्ट्स उत्पन्न करेगा।

पर्यावरण के हित के लिए रिजेक्ट्स का उचित निपटान महत्वपूर्ण है। रिजेक्ट्स ग्राउंड स्टोरेज से मिट्टी का क्षरण होता है और लीचिंग के माध्यम से भूजल। यह आर्सेनिक, सेलेनियम, मरकरी, कॉपर, जिंग, निकेल, केडमियम, लेड, क्रोमियम तथा बोरोन जैसे खतरनाक अवयवों के साथ परिवेश को दूषित करने का जोखिम भी पैदा करता है।

इसके अलावा, यह बीसीसीएल के लिए वित्तीय रूप से फायदेमंद साबित हो सकता है यदि रिजेक्ट्स का उपयोग अतिरिक्त राजस्व सृजन का उत्पादन करने में किया जाए:-

1. नीलामी के जरिए खुले बाजार में वाशरी रिजेक्ट्स की बिक्री।
2. एफबीसी आधारित बिजली संयंत्रों में वाशरी रिजेक्ट्स का उपयोग।
3. भूमिगत खानों में बैकफिलिंग- इस मामले में खतरनाक अवयवों की उपस्थिति का पता लगाया जाना चाहिए। उचित तरीके से मोटे ओबी परत के साथ कवर किया जाना चाहिए। यह हीटिंग और आग के जोखिम से बचने में मदद करेगा।

खान पर्यटन

खान पर्यटन अपेक्षाकृत भारत में एक नई अवधारणा है। वैश्विक स्तर पर यह आस्ट्रेलिया, अमेरिका, नार्वे, फिनलैंड, जापान, बोलिविया में प्रचलित है। कोयला मंत्रालय ने सततता पहल के तहत खनन क्षेत्रों में ईको-टूरिज्म शुरू किया है। सततता पहल के साथ बीसीसीएल माइन टूरिज्म का विकल्प तलाश सकता है।

खदान के स्थायी रूप से बंद होने के अलावा, इसमें बीसीसीएल को अतिरिक्त राजस्व स्रोत प्रदान करने की क्षमता है। बीसीसीएल को संभावित प्रमुख लाभ है:-

i. कोयला उद्योग के आर्थिक चक्र से असंबंधित अतिरिक्त राजस्व प्रवाह।
ii. रोजगार सृजन के मार्ग: बीसीसीएल के लिए अपनी अतिरिक्त श्रमशक्ति को नियुक्त करने का अवसर।
iii. परिसंपत्ति का उपयोग: हाउसिंग कॉलोनियों का नवीकरण किया जा सकता है तथा इसका इस्तेमाल ईको पार्क/एडवेंचर पार्क के लिए पर्यटन आवास के रूप में किया जा सकता है।
iv. खान जल संचयन और संरक्षण के अवसर से राजस्व।

सौर ऊर्जा संयंत्र

बीसीसीएल वर्तमान में जमीन पर दो सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए भारतीय सौर ऊर्जा निगम से परामर्श कर रहा है। पहला भोजूडीह वाशरी में है। इसकी प्रस्तावित क्षमता 25 मेगावाट है और यह 109 एकड़ में फैला होगा। संयंत्र को डीवीसी ग्रिड से जोड़ा जाएगा। इसके लिए उस स्थान पर एक डीवीसी आपूर्ति प्वाइंट की आवश्यकता होगी और बीसीसीएल ने डीवीसी से 0.5 मेगावाट कनेक्शन स्थापित करने का अनुरोध किया है (0.5 मेगावाट का आधार- यह डीवीसी द्वारा आवश्यक न्यूनतम आपूर्ति कनेक्शन है और इसका उद्देश्य इस बिंदु से अतिरिक्त बिजली वापस डीवीसी को बेचना है) डीवीसी द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को बीसीसीएल के दूसरे क्षेत्रों में उपयोग कर समायोजित किया जाएगा।

भू-अधिग्रहण- एक बड़ा मुद्दा

- समय पर भूमि उपलब्ध न होने के कारण कुछ पैचों का उत्पादन प्रभावित हुआ। कुछ बड़े पैचों का नाम नीचे दिए गए हैं:-

i. एएमपीसी, बरोरा क्षेत्र (फुलारीटांड पैच – बी और चौथा पैच मुराईडीह कोलियरी का छूटा हुआ)
ii. गोविंदपुर क्षेत्र में न्यू आकाशकिनारी तथा ब्लॉक IV पैच
iii. कतरास क्षेत्र में कांटापहाड़ी पैच
iv. दामागोरिया ओसीपी और दहीबारी बसंतीमाता ओसीपी, सीवी क्षेत्र

- सीएस और आरएस खतियान में भिन्न-भिन्न प्रविष्टियां अनावश्यक कानूनी पचड़े और भूमि अधिग्रहण में देरी का कारण बनती है।
- एलए अधिनियम के अंतर्गत अधिग्रहित भूमि और निहित भूमि को स्थानीय लोगों द्वारा ऑनर नहीं किया जा रहा है। ऐसे मामले को न्यायपालिका में ले जाया गया, जिससे भौतिक कब्जे के लिए काफी लंबा समय लगा।

क्षमता में वृद्धि

क्षमता (1 अप्रैल को) बीसीसीएल के उत्पादन की तुलना में						
	2016-17	**2017-18**	**2018-19**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**
क्षमता (मि.टन)	51.981	46.047	47.030	40.50	40.406	36.696
उत्पादन (मि. टन)	37.04	32.61	31.04	27.73	24.66	30.511
क्षमता उपयोग का प्रतिशत	71.26	70.82	66.00	68.40	71.77	83.265

- बीसीसीएल की उत्पादन क्षमता में लगातार गिरावट आई है।
- 2016-17 के बाद किराये पर लिए गए पैच के माध्यम से क्षमता निर्माण में कोई महत्वपूर्ण वृद्धि नहीं हुई।
- भूमि तथा अन्य समस्याओं के कारण कुछ एचईएमएम पैच नहीं आ सका, परिणामस्वरूप क्षमता का एक भाग समाप्त हो गया।

बीसीसीएल की क्षमता में वृद्धि हेतु अपनाये गए दो आयामी दृष्टिकोण

1. **अल्पकालिक क्षमता वृद्धि योजना:-** छोटे एच-एचईएमएम पैचों के माध्यम से कम अवधि में उत्पादन बढ़ाएं-

		वार्षिक क्षमता (एमटीवाई)	2022-23 के लिए यथानुपात क्षमता (एमटी)
भाड़े पर लिए गए एचईएमएम	चालू पैच	30.66	33.628
	कार्य विवरण	6.666	3.382
	पहले से की गई निविदा	6.109	0.565
	निविदा किया जाना है	5.227	5.227
	कुल योग	48.662	42.802
विभागीय ओपनकास्ट (सीएमपीडीआई के अनुसार)		13.47	12.85
कुल अंडरग्राउंड		0.976	0.8462
कुल क्षमता		**63.108**	**56.498**

v. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और उनका उपयोग

विनियामक और सांविधिक अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ-साथ कॉरपोरेट शासन को उच्चतम स्तर प्रदान करने के लिए हमारी कंपनी के पास एक बेहतरीन स्थापित और मजबूत आंतरिक नियंत्रण प्रणाली एवं प्रक्रियाएं हैं। निर्बाध निर्णय के लिए शक्तियों का प्रत्यायोजन विस्तृत रूप से किया गया है। संचालन दक्षता की निगरानी आंतरिक लेखापरीक्षा द्वारा की जाती है। यह लेखापरीक्षा समिति आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के कामकाज पर नजर रखती है। कंपनी का लेखा परीक्षण भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा की जाती है। लोक उपक्रम विभाग (डीपीई) के निर्देशों के अनुरूप, कंपनी के नव नियुक्त निदेशकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

vi. संचालन कार्य प्रदर्शन से संबंधित वित्तीय प्रदर्शन पर परिचर्चा

क.कुल आय

कंपनी की कुल आय में संचालन एवं अन्य आय से प्राप्त राजस्व शामिल है। कुल आय के उपर्युक्त दो मदों के तहत, कंपनी के प्रमुख राजस्व में कोयले की बिक्री से प्राप्त आय, अन्य संचालन राजस्व जैसे ग्राहकों से प्राप्त लोडिंग एवं परिवहन शुल्क, निकासी सुविधा शुल्क बैंकों में सावधि जमा पर अर्जित ब्याज, आदि शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए कुल आय पिछले वर्ष 6749.57 करोड़ रू. की तुलना में 10579.83 करोड़ रूपये है। इसमें मुख्य रूप से पिछले वर्ष की तुलना में 9.12 मिलियन टन ऑफटेक वृद्धि की वजह से 56.75% की भारी वृद्धि दर्ज हुई है (वित्त वर्ष 2020-21 में 23.13 मिलियन टन की तुलना में वित्त वर्ष 2021-22 में 32.25 मिलियन टन)। आय के प्रमुख तत्वों पर विश्लेषण निम्नलिखित है:

1. **संचालन से प्राप्त राजस्व**

क. कोयले की बिक्री

रॉयल्टी, जीएसटी मुआवजा उपकर, राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी), जिला खनिज फाउंडेशन सहित अतिरिक्त रॉयल्टी सहित बिक्री को सकल बिक्री के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। (डीएमएफ) और अन्य लेबी आदि।

भारतीय लेखा मानक- 115, 'ग्राहकों के साथ अनुबंधों से प्राप्त राजस्व' दिनांक 01.04.2018 से प्रभावी। कोयले की बिक्री से होने वाली आय मुख्य रूप से निर्धारण एवं उत्पादन तथा वितरण पर निर्भर करती है।

वर्ष के दौरान, कंपनी ने पिछले वर्ष 23.13 मिलियन टन के मुकाबले 32.25 मिलियन टन का ऑफटेक दर्ज किया है जो 9.12 मिलियन टन यानी (+) 39.43% की वृद्धि है।

वर्ष 2020-21 के दौर एफएसए उपभोक्ताओं से कम वसूली के कारण बीसीसीएल को फंड की भारी कमी का सामना करना पड़ा। 2021-22 के दौरान सभी क्षेत्रों से मांग में वृद्धि के साथ और इसके परिणामस्वरूप 2021-22 में 15923.01 करोड़ रूप. की रिकार्ड वसूली हुई है। कंपनी की समग्र विक्री 2021-22 में 12867.34 करोड़ रूपये (15923.01 वसूली) रही जो पिछले वर्ष 2020-21 में 8521.62 करोड़ रूपये (8005.91 वसूली) समग्र बिक्री थी। वर्ष के लिए शुद्ध बिक्री (निवल सभी लेवी) 9445.58 करोड़ रू. थी जबकि पिछले वर्ष की शुद्ध बिक्री 6149.81 करोड़ थी।

ख. अन्य संचालन राजस्व:

लोडिंग एवं अतिरिक्त परिवहन शुल्क

अन्य संचालन राजस्व का अधिकांश अंश ग्राहकों से वसूल किए गए परिवहन शुल्क के मद से है। प्रेषण स्थलों तक कोयले की ढुलाई के लिए दूरी एवं तदनुरूप दरों के विभिन्न स्लैबों के तहत कंपनी द्वारा परिवहन लागत शुल्क लगाया जाता है। वसूले गए लोडिंग एवं परिवहन शुल्क (सभी लेवियों का शुद्ध) पिछले वर्ष 304.62 करोड़ की तुलना में वर्ष ₹ 496.778 करोड़ थे। यह वृद्धि ऑफ-टेक की मात्रा में कमी के कारण हुई थी।

निकासी सुविधा शुल्क

रैपिड लोडिंग व्यवस्था के माध्यम से किये प्रेषण (डिस्पैच) को छोड़कर, सभी प्रेषण पर ₹ 50 प्रति टन के हिसाब से निकासी सुविधा शुल्क लगाया जाता है। पिछले वर्ष ₹ 112.86 करोड़ की तुलना में, वर्ष के दौरान निकासी सुविधा शुल्क (सभी लेवियों को शुद्ध) के मद में कुल राजस्व ₹ 185.50 करोड़ था। यह वृद्धि प्रेषण की मात्रा में कमी के कारण हुई थी।

2. अन्य आय

वर्ष के दौरान अन्य आय 2020-21 में 147.95% से बढ़कर ₹ 182.28 करोड़ हो गई। कमी का मुख्य कारण प्रावधानों/ देयताओं के बट्टे खाते में डालने और विविध आय में वृद्धि था।

ख.व्यय

व्यय के प्रमुख तत्वों का विवरण निम्नलिखित है:

क.) कर्मचारी लाभ व्यय

कर्मचारी लाभ व्यय कुल लागत में सबसे बड़ा घटक है और कुल लागत का लगभग 55.72% है। हालांकि, 2020-21 में कुल लागत का 66.77% था। वर्ष के दौरान कर्मचारी हित लागत पिछले वर्ष 5565.72 करोड़ रूपये की तुलना में 5788.32 करोड़ रूपये था। सामान्य वेतन वृद्धि, डी ए इत्यादि में वृद्धि के कारण वर्ष के दौरान कर्मचारी पारिश्रमिक लागत में वृद्धि का ग्राफ दिखाई दिया।

ख.) संविदात्मक व्यय

संविदात्मक व्यय में मुख्य रूप से तीसरे पक्ष के ठेकेदारों द्वारा किया गया कोयला, बालू तथा अन्य सामग्रियों का परिवहन शुल्क, बैगन लोडिंग संचालन से संबंधित ठेकेदार खर्च, हैवी अर्थ मोविंग मशीनरी से कोयला निष्कर्षण तथा ओवरबर्डन हटाने की गतिविधियों के लिए हायरिंग शुल्क और तीसरे पक्ष के ठेकेदारों द्वारा किये गए अन्य विविध कार्यों की लागत से संबंधित व्यय शामिल है, जैसे खानों के आस-पास हॉल रोड का रखरखाव तथा अस्थायी प्रकाश व्यवस्था आदि। वर्ष 2020-21 में संविदात्मक खर्च 485.74 करोड़ रूपये बढ़कर 1476.37 करोड़ रूपये से 1962.11 करोड़ रूपये हो गया यानी 32.90% । 2020-21 के दौरान खनन उपकरणों को किराये पर लेने के मुख्य कारण से संविदात्मक व्यय में वृद्धि की लागत 285.28 करोड़ रुपए बढ़कर 1146.21 करोड़ रूपये से 2021-22 में 1431.49 करोड़ रूपये हो गया अर्थात 24.89% तथा 2020-21 में लागत, परिवहन शुल्क में 134.18 करोड़ रूपये बढ़कर 186.14 करोड़ रूपये से 320.32 करोड़ रूपये हो गया यानि 72.09% । इसके अलावा पिछले वर्ष की तुलना एचएसडी (डीजल) में संविदात्मक लागत में वृद्धि हुई।

ग.) वित्त लागत

1. उधारियां

(₹ 'करोड़ में)

	31.03.2022	31.03.2021
डिस्काउंट की अनवाइंडिंग	48.60	56.30
समूह के भीतर पार्क फंड	-	-
फेयर वैल्यु परिवर्तन (कुल)	-	-
अन्य उधारियाँ	29.15	65.39
कुल	**77.75**	**121.69**

घ.) स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन

स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय/समायोजन पर महत्वपूर्ण लेखा नीतियों (संदर्भ 2.19) के अनुसार प्रत्येक वर्ष एक मिलियन टन तथा उससे अधिक मूल्य क्षमता वाली खदानों के लिए गणना की जानी है। स्ट्रिपिंग की लागत प्रत्येक खदान में तकनीकी रूप से मूल्यांकन किए गए औसत स्ट्रिपिंग अनुपाल पर ली जाती है जिसमें खदानों को राजस्व में लाने के बाद स्ट्रिपिंग गतिविधि परिसंपत्ति और अनुपात-भिन्नता लेखा के लिए उचित समायोजन होता है।

वर्तमान में पांच खदानों में ऐसा समायोजन किया जा रहा है जिसके लिए आवश्यक आंकड़े इस प्रकार हैं-

			31.03.2022		31.03.2021	
	मानक स्ट्रिपिंग रेशियो	वर्तमान स्ट्रिपिंग रेशियो	कोयला (एलटी)	ओबीआर (एसीयूएम)	कोयला (एलटी)	ओबीआर (एलसीयूएम)
मुराईडीह ओसीपी, बरोरा क्षेत्र	1.27	1.26	14.36	18.07	13.42	15.58
एकेडब्लूएमसी ओसीपी, कतरास क्षेत्र	2.44	2.08	41.95	87.12	31.29	77.14
गोलकडीह/कुइया ओसीपी, बस्ताकोला क्षेत्र	2.19	3.94	25.94	102.25	18.01	77.64
दहीबारी बसंतीमाता ओसीपी, सी वी क्षेत्र	3.35	2.71	7.82	21.22	8.27	20.76
एन टी-एसटी जीनागोरा परियोजना, लोदना क्षेत्र	3.11	2.89	38.15	110.38	22.81	119.34
कुल			128.22	339.04	93.8	310.46

ङ.) अन्य व्यय

वर्ष के दौरान, मुख्य रूप से दर और करों (वर्ष 2020-21 में 183.92 करोड़ रूपये से बढ़कर 2021-22 में 248.76 करोड़ रूपये) पर खर्च में वृद्धि तथा अंडर/ओवर लोडिंग शुल्क (वर्ष 2020-21 में 31.18 करोड़ रूपये से बढ़कर 2021-22 में 71.62 करोड़ रूपये) में वृद्धि के कारण अन्य खर्चों में 128.23 करोड़ रूपये (17.42%) की वृद्धि हुई जो 2021 में 736.13 करोड़ रूपये से बढ़कर 2021-22 में 864.36 करोड़ रूपये हो गया।

च. नकदी प्रवाह (सारांश)

(₹ 'करोड़ में)

विवरण	31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए	
	2022	2021
आरंभिक नकदी और नकदी समतुल्य	48.67	(548.77)
संचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह	3,302.72	(2,302.54)
निवेश गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह	(584.56)	969.59
वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह	(2,149.50)	1,930.39
नकद और नकदी समतुल्यों में परिवर्तन	**568.66**	**597.44**

VII. मानव संसाधन में भौतिक विकास, औधोगिक संबंध के फ्रंट, नियोजित लोगों की संख्या सहित

मुख्य रिपोर्ट में शामिल

VII. पर्यावरणीय बचाव एवं संरक्षण, प्रौद्योगिकी संरक्षण, नवीकरणीय उर्जा विकास, विदेशी मुद्रा संरक्षण

मुख्य रिपोर्ट में शामिल

IX. कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व

सीएसआर के लिए एक अलग परिशिष्ट दिया गया है।

परिशिष्ट - V

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

(कोल इंडिया लिमिटेड का एक अंग)
धनबाद-826005 (झारखंड)
CIN No. U10101972GOI000918

मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा मुख्य वित्त अधिकारी का प्रमाणन

सेवा में,
निदेशक मंडल
बीसीसीएल, धनबाद।

एतद्द्वारा, 31 मार्च, 2022 को समाप्त चतुर्थ तिमाही/वर्ष के लिए बीसीसीएल के वित्तीय विवरणों को निदेशक मंडल के समक्ष उनके विचारार्थ एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाता है।

31 मार्च, 2022 को समाप्त चतुर्थ तिमाही/वर्ष के लिए अपने अंकेक्षित वित्तीय विवरणों के संबंध में संबंधित क्षेत्रों/इकाइयों के महाप्रबंधकों तथा क्षेत्रीय वित्त प्रबंधकों के प्रमाणन के आधार पर, वित्तीय कार्यकलापों के लिए जिम्मेदार होने के नाते मैं समीरन दत्ता, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), और निदेशक (वित्त) एवं मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ), बीसीसीएल, यह प्रमाणित करता हूँ कि:-

क. हमने 31 मार्च, 2022 को समाप्त चतुर्थ तिमाही/वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की समीक्षा की है, जो हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य है।

i. इन विवरणों में वस्तुतः कोई भी असत्य विवरण शामिल नहीं है अथवा किसी भी वास्तविक तथ्य को छिपाया नहीं गया है अथवा ऐसे विवरणों को शामिल नहीं किया गया है, जो भ्रामक हों;

ii. ये विवरण एक साथ कंपनी के मामलों का एक सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं और मौजूदा लेखा मानकों, लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन में हैं।

ख. हमारी जानकारी एवं विश्वास में 31 मार्च, 2022 को समाप्त चतुर्थ तिमाही/वर्ष के दौरान, कंपनी द्वारा किया गया कोई भी लेन-देन, कंपनी आचार संहिता के तहत धोखाधड़ी, अवैध या उल्लंघन की श्रेणी में नहीं आता है।

ग. हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रण स्थापित करने तथा उसे बनाये रखने का दायित्व स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की प्रभावकारिता का मूल्यांकन किया है और हम उक्त आंतरिक नियंत्रणों या संचालन की कमियों के संबंध में भी लेखा परीक्षकों तथा लेखा समिति के समक्ष खुलासा करते हैं, यदि कोई हो तो, ताकि वे इस बात से अवगत रहें और इन कमियों को दूर करने हेतु उचित कदम उठा सकें।

घ. हमने लेखा-परीक्षकों तथा लेखा समिति को यह सूचित किया है कि:-

i. संदर्भित अवधि के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में किसी प्रकार का महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ है,

ii. धारा 2.11 अमूर्त संपत्ति, 2.17 कर्मचारी लाभ और 2.24.2 आकलन एवं अनुमानों में संशोधित/भाषा परिवर्तन के अलावा, इस अवधि के दौरान लेखांकन नीतियों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है। हालांकि, पूर्वोक्त परिवर्तन का कोई वित्तीय प्रभाव नहीं है।

iii. हमें निम्नलिखित के अलावा, वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रबंधन अथवा किसी कर्मचारी के किसी बड़ी धोखाधड़ी में शामिल होने की जानकारी नहीं है:

क. मार्च 2019 माह में क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, गोविंदपुर क्षेत्र बीसीसीएल द्वारा बजट प्रमाणन में कथित अनियमितता। मामले से संबंधित राशि निर्दिष्ट नहीं है। सतर्कता मामला संख्या सीए/01/2021, डीआई प्रक्रियाधीन है।

ख. सीके साइडिंग बस्ताकोला क्षेत्र के परिवहन ठेकों में बिलों के भुगतान में कथित अनियमितताओं का पता चला। मामले से संबंधित राशि निर्दिष्ट नहीं है। पता चला है कि मामला सतर्कता से संबंधित हो सकता है और जांच प्रक्रियाधीन है।

निदेशक (वित्त) एवं
मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ), बीसीसीएल

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीसीसीएल

स्थान: धनबाद
दिनांक: 06.05.2022

परिशिष्ट - VI

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सदस्यों को
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	प्रबंधन की टिप्पणी
सेवा में, भारत कोकिंग कोल के सदस्य **एकल वित्तीय विवरण पर रिपोर्ट** **अभिमत** **हमने भारत कोकिंग कोल लिमिटेड** (कंपनी) के संलग्न भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा कर ली है, इसमें 31 मार्च, 2022 की स्थिति के अनुसार तुलन पत्र,उसी तिथि को समाप्त हुए वर्ष का लाभ-हानि विवरण(अन्य व्यापक आय सहित), उसी तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए इक्विटी में परिवर्तन एवं नकदी प्रवाह विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां व अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएं (इन्हें अब 'एकल वित्तीय विवरण' कहा जाएगा) सम्मिलित हैं। इसमें कंपनी के क्षेत्र/इकाई लेखा परीक्षकों द्वारा कुल 17 (सत्रह) यथा, (1) बरोरा क्षेत्र, (2) ब्लॉक-2 क्षेत्र, (3) गोविन्दपुर क्षेत्र, (4) कतरास क्षेत्र, (5) सिजुआ क्षेत्र, (6) कुसुन्डा क्षेत्र, (7) पी. बी. क्षेत्र, (8) बस्ताकोला क्षेत्र, (9) लोदना क्षेत्र, (10) पूर्वी झरिया क्षेत्र, (11) सी वी क्षेत्र, (12) दाहीबाड़ी वाशरी, (13) पश्चिमी झरिया क्षेत्र, (14) वाशरी डिवीजन, (15) मधुबन कोल वाशरी, (16) माइंस रेस्क्यू स्टेशन तथा (17) भूली टाउनशिप क्षेत्र में उसी तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए किया गया लेखा परीक्षण विवरण भी शामिल है। हमारे अभिमत तथा हमारी सर्वोत्तम जानकारी के मुताबिक और हमें दिये गए स्पष्टीकरण के अनुसार उपर्युक्त वित्तीय विवरण यथा-आवश्यक विधि से कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की अपेक्षानुसार सूचनाएं प्रदान करता है और 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष को लाभ व कुल व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तन तथा इसका नकदी प्रवाह अधिनियम की धारा 133 जिसे कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015, यथा संशोधित ("भारतीय लेखा मानक") के साथ पढ़ा जाए और कंपनी मामलों में भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुरूप सत्य और स्पष्ट है। **अभिमत के लिए आधार** हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के तहत निर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा किया। उन मानकों के अंतर्गत हमारी जिम्मेदारियों को रिपोर्ट के वित्तीय विवरण भाग की लेखापरीक्षा के लिए लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियों में आगे वर्णित किया गया है। हम इंस्टीट्युट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी नीति संहिता और कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के लिए प्रासंगिक नीतिपरक अपेक्षाओं के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं, और हमने इन अपेक्षाओं के अनुरूप अपने अन्य नैतिक दायित्वों और आईसीएआई की नीति संहिता का अनुपालन किया है। हम मानते हैं कि हमने जो ऑडिट साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे वित्तीय विवरणों पर हमारे लेखापरीक्षा अभिमत हेतु आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं। **महत्वपूर्ण मामले** **हम निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करते हैं: -** क) व्यापार प्राप्तियों एवं व्यापार देयताओं के तहत एसी किसी शेष राशि से संबंधित लंबित पुष्टि / समाधान जिसका वित्तीय विवरणों पर परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है।	व्यापार देयताओं संबंधी सभी शेष राशि की संपुष्टि के लिए पत्र जारी किए गए थे। व्यापार प्राप्तियों का समाधान निरंतर होता है। लंबित समाधान में तेजी लाने के प्रयास किए गए हैं।

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	प्रबंधन की टिप्पणी
ख)वित्तीय विवरणों में टिप्पणी संख्या 10.1 और 11.1 (टिप्पणी 10 और 11 की अतिरिक्त टिप्पणी 1), जिसमें बताया गया है कि वित्त वर्ष 2021-22 और वित्त वर्ष 2020-21 के लिए "प्रगतिशील खदान बंदी व्यय" (अन्य चालू / गैर-वर्तमान परिसंपत्तियों के तहत दर्शायी गयी प्राप्तियां) के तहत कोई प्रविष्टि (बुकिंग) नहीं है। वित्तीय विवरणों पर इसके गैर-लेखांकन के लिए परिणामी प्रभाव, यदि कोई हो, सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। ग) वित्तीय विवरणों की टिप्पणी संख्या 6.2 (अतिरिक्त टिप्पणी) में कहा गया है कि कंपनी ने 1 अगस्त 2021 से अपने सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए अपनी परंपरागत पुरानी प्रणाली 'कोल-नेट' की जगह एक नये ईआरपी एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर - 'एसएपी' को अपना लिया है। इस बदलाव (माइग्रेशन) से संबंधित लंबित अंकेक्षण का वित्तीय विवरणों पर प्रभाव, यदि कोई हो, अनिश्चित हैं। उपरोक्त मामले के संबंध में हमारी राय संशोधित नहीं है।	प्रबंधन ने सीए एंड जी अंकेक्षण टीम को आश्वासन दिया था कि प्रविष्टि (बुक) की गई राशि और संशोधित गतिविधि-वार लागत से उत्पन्न अंतर के लेखांकन प्रभाव पर दिसंबर 2019 में जारी एमसीपी की तैयारी के लिए संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार सभी खदान बंदी योजनाओं के संशोधन के बाद विचार किया जाएगा। इसके अलावा, रूढ़िवादी दृष्टिकोण के कारण, प्रगतिशील खदान बंदी खर्चों के लिए प्राप्तियों के तहत कोई प्रविष्टि (बुकिंग) नहीं है। इसे टिप्पणी संख्या 6.2 अमूर्त संपत्ति-विकासाधीन में समझाया गया है। अत: कोई और टिप्पणी आवश्यक नहीं।

मुख्य लेखा परीक्षा मामले

मुख्य लेखा परीक्षा मामले वे मामले हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन मामलों पर वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षा के संदर्भ में और इन पर हमारी राय बनाने पर ध्यान दिया गया था, और हमने इन मामलों पर एक अलग राय प्रदान नहीं किया है।हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले प्रमुख लेखापरीक्षा मामलों को नीचे प्रदर्शित किया है।

क्र. सं.	मुख्यलेखा परीक्षा मामले	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
1	**स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय / समायोजन** ओपनकास्ट खनन के मामले में, कोयले की सीम तक पहुंचने और उसके निष्कर्षण के लिए खदान मलबा सामग्री ("ओवरबर्डन") जिसमें कोयला सीम के शीर्ष पर मिट्टी और चट्टान होती है, को हटाया जाना आवश्यक है । मलबा हटाने की इस गतिविधि को 'स्ट्रिपिंग' के रूप में जाना जाता है। ओपनकास्ट खानों में, कंपनी को खदान के चालू रहने तक (तकनीकी रूप से अनुमानित) इस तरह के खर्चों को उठाना पड़ता है। इसलिए एक नीति के रूप में, खदान से राजस्व प्राप्त होना शुरू होने के बाद स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट और रेशियो वेरिएंस एकाउंट के लिए उचित समायोजन के साथ प्रत्येक खदान के लिए एक मिलियन टन प्रति वर्ष और इससे अधिक की क्षमता वाले खदानों में, स्ट्रिपिंग की लागत का मूल्यांकन तकनीकी रूप से मूल्यांकन औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (OB: COAL) पर किया जाता है। बैलेंस शीट तारीख में स्ट्रिपिंग एक्टिविटी एसेट और रेशियो वेरिएंस के कुल शेष को गैर-प्रचलित प्रावधान /अन्य अप्रचलित परिसंपत्तियां जैसा भी मामला हो शीर्ष के अंतर्गत स्ट्रिपिंग एक्टिविटी समायोजन के रूप में दिखाया गया है । रिकार्ड के अनुसार ओवरबर्डन की रिपोर्ट की गई मात्रा को ओबीआर लेखांकन के लिए अनुपात की गणना करने के तौर पर माना जाता है जहां रिपोर्ट की गई मात्रा और मापी गयी मात्रा के बीच विचरण अनुमेय सीमा के भीतर है। हालाँकि, जहाँ विचरण ऊपर की अनुमेय सीमाओं से परे है, मापी गई मात्रा को माना जाता है। वित्तीय विवरणों में लाभ और हानि तथा टिप्पणी 21 का विवरण देखें	**मूललेखा परीक्षा प्रक्रिया** हमने निम्नलिखित मूल प्रक्रियाएं कीं : • स्ट्रिपिंग समायोजन के सक्रिय आंकड़ों को प्राप्त कर जाँच किया कि वर्ष के दौरान किए गए कुल व्यय को कोयला उत्पादन और ओवरबर्डन के बीच आवंटित किया गया है। अनुपात की गणना में विचार किए गए खर्चों की सटीकता और पूर्णता के बारे में सुनिश्चित किया गया। • जाँच की गयी कि अनुपात भिन्नता की गणना ओवरबर्डन को आवंटित राशि के आधार पर की गयी और वर्ष के दौरान ओबी मात्रा को सही ढंग से निकाला गया। • विश्लेषणात्मक प्रक्रिया और स्ट्रिपिंग गतिविधि समायोजन गणना पर खर्चों के औचित्य के विवरण का परीक्षण किया। • जांच की गई कि स्ट्रिपिंग गतिविधि के समायोजन के लिए इस्तेमाल की गई लेखांकन नीति और प्रबंधन के निर्णय उचित हैं। अपनायी गयी प्रक्रियाओं के आधार पर, हमने स्ट्रीपिंग गतिविधि व्यय/समायोजन के संबंध में स्वयं को संतुष्ट पाया है।

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट			प्रबंधन की टिप्पणी
क्र. सं.	मुख्यलेखा परीक्षा मामले	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया	
2	**ग्राहकों के अनुबंध से राजस्व** राजस्व लेखा मानक के अनुप्रयोग में विशिष्ट प्रदर्शन दायित्वों के पहचान, चिह्नित प्रदर्शन दायित्वों के लेन-देन संव्यवहार मूल्य का निर्धारण, वर्ष के दौरान अभिज्ञात राजस्व को मापने के लिए उपयोग किए गए पैमाने का औचित्य संबंधी कुछ महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं।	**मुख्य लेखा परीक्षा प्रक्रिया** • हमारी लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में निम्न शामिल हैं: नये राजस्व लेखा मानक के कार्यान्वयन संबंधी प्रक्रियाओं तथा आंतरिक नियंत्रणों की परिकल्पना एवं क्रियान्वयन का मूल्यांकन किया। • ग्राहकों के साथ मौजूदा अनुबंधों के लिए नमूने का चयन कर राजस्व स्ट्रीम पर प्रबंधन द्वारा किए गए विस्तृत विश्लेषण का मूल्यांकन किया तथा उन राजस्व स्ट्रीम संबंधी वर्तमान अवधि में राजस्व मान्यता नीति पर विचार किया। • राजस्व मानक के तहत प्रदान किए गए प्रकटीकरण की उपयुक्तता का मूल्यांकन किया एवं प्रासंगिक प्रकटीकरण की संपूर्णता तथा गणितीय विशुद्धता का आकलन किया। हमने यह पाया कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रबंधन के आकलन एवं निर्णयों को आय के अभिज्ञान में उचित है।	
3	**अनिश्चित कर स्तरों का मूल्यांकन** कंपनी के पास विवादित मामलों सहित मूर्त अनिश्चित कर स्थिति है, जिसमें इन विवादों के संभावित परिणाम का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय शामिल है। एकल वित्तीय विवरणों के लिए 38.4.(a) संदर्भ का अवलोकन करें।	**मुख्य लेखा परीक्षा प्रक्रिया** **हमारे लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं में निम्न शामिल हैं:-** • आस्थगित कर परिसंपत्तियों की पहचान और पुनर्प्राप्ति तथा वर्तमान कर प्रावधान संबंधी नियंत्रण का कार्यान्वयन एवं डिजाइन का मूल्यांकन किया। • अनिश्चित कर स्थिति के लिए प्रबंधन के मूल्यांकन के प्रावधानों की वैधता एवं पर्याप्तता पर विचार किया गया, मूल्यांकन के आधार की जांच करना और प्रासंगिक पत्राचार और कानूनी सलाह की समीक्षा करना, जहां उपलब्ध हो, इसमें प्रासंगिक कर अधिकरण में समान मामले से संबंधित कोई भी सूचना उपलब्ध हो। • आस्थगित कर संपत्ति के समर्थन में पर्याप्त आगामी कर योग्य आय उत्पन्न करने की संभावना सहित प्रबंधन के पूर्वानुमान और प्राकल्लन की उपयुक्तता का आकलन किया। उपर्युक्त कार्य प्रक्रिया के आधार पर हमने वर्तमान और आस्थगित कर शेषों और अनिश्चित कर स्थितियों के प्रावधानों के विषय में प्रबंधन के आकलनों की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त लेखा साक्ष्य प्राप्त किया।	
4	**कर्मचारियों के लिए परिभाषित लाभ योजना दायित्व का मूल्यांकन** परिभाषित लाभ योजनाओं का लेखांकन, बीमांकिक मान्यताओं पर आधारित है जो दायित्व को मापने, नियोजित परिसंपत्तियों का मूल्यांकन करने तथा संबंधित बीमांकिक लाभ हानि की गणना करने के लिए आवश्यक है। कंपनी में परिभाषित लाभ दायित्वों के मूल्यांकन में कटौती दर, मुद्रास्फीति दर तथा मृत्यु दर सहित महत्वपूर्ण आकलन किए जाते हैं।	**मूल लेखा परीक्षा प्रक्रिया** **हमारे लेखा प्रक्रियाओं में शामिल है:-** • लागू गाइडेंस नोट के अनुसार (कटौती दर, मुद्रास्फिति दर, मृत्यु दर) लागू मूल मान्यताओं का मूल्यांकन किया। • कंपनी के बीमांकिक विशेषज्ञ की क्षमता, स्वतंत्रता एवं अखंडता का मूल्यांकन किया। • बीमांकिक पुर्वानुमान का अनुमोदन तथा समीक्षा पर नियंत्रण तथा भौतिक बीमांकिक को प्रदान किए गए डेटा की पूर्णता व एकरूपता तथा विशेषज्ञों की गणना में उपयोग किए गए डेटा के सामंजस्य का परीक्षण किया गया।	

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट			प्रबंधन की टिप्पणी
क्र. सं.	मुख्यलेखा परीक्षा मामले	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया	
	कंपनी समुचित पूर्वानुमान और दायित्व की गणना में सहायता के लिए बाहरी बीमांकिक विशेषज्ञ को संलग्न करती है। इन मामलों का प्रभाव जोखिम मूल्यांकन के अतिरिक्त है तथा परिभाषित लाभ दायित्वों के मूल्यांकन में आकलन की एक उच्च डिग्री है क्योंकि यह मान्यताओं की पूर्वाधारणाओं के अनुरूप है। एकल वित्तीय वक्तव्यों के लिए 38.3 के टिप्पणी देखें।	• निर्धारित लाभ योजना के कारण अर्जित देयता के विषय में प्रबंधन से चर्चा की गई और यदि पुर्वानुमान में कोई विसंगति थी तो उसका आकलन किया गया। • भारतीय लेखा मानक 19 के अनुसार विवरणों में कंपनी के प्रकटीकरण की उपयुक्तता सत्यापित है। सम्मिलित लेखा प्रक्रियाओं के आधार पर, हमने पाया कि मूल्यांकन संबंधी प्रबंधन द्वारा किया गया पुर्वानुमान उपलब्ध साक्ष्य द्वारा समर्थित है।	

वित्तीय विवरण और इन पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाओं की तैयारी के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में निदेशक की रिपोर्ट और उसके अनुबंध, सीएसआर रिपोर्ट, अनुसंधान व विकास और कॉर्पोरेट प्रशासन पर रिपोर्ट, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट शामिल है, लेकिन इसमें वित्तीय विवरण और हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है। निदेशक की रिपोर्ट और इसके अनुलग्नक, सीएसआर रिपोर्ट, अनुसंधान और विकास और कॉर्पोरेट प्रशासन और प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट पर रिपोर्ट, इस रिपोर्ट की तारीख तक हमें उपलब्ध नहीं कराई गयी है और उम्मीद की जाती है कि इस लेखा रिपोर्ट की तिथि के बाद हमें उपलब्ध होगी।

वित्तीय वक्तव्यों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम इन पर किसी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष नहीं देते हैं।

वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी यह है कि ऊपर बताई गयी अन्य सूचनाएं जब उपलब्ध हो जाएं, तो इन्हें पढ़ें और ऐसा करके विचार करें कि क्या वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी भौतिक रूप से असंगत है या हमारे लेखा परीक्षा के दौरान प्राप्त हमारा ज्ञान भौतिक रूप से गलत प्रतीत होता है।

जब हमें निदेशक की रिपोर्ट और इसके अनुलग्नक, सीएसआर रिपोर्ट, आर एंड डी और कॉर्पोरेट प्रशासन और प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्त हुए और हमने इन्हें पढ़ा,यदि हम निष्कर्ष निकालते हैं कि इसमें कोई सामग्री गलत है, तो हमें इस मामले को संबंधित व्यक्ति (those charged with governance) के पास ले जाना होगा और स्वीकार्य कानूनों और विनियमों के अनुसार लागू कार्रवाई के बारे में बताना होगा।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व:

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (5) और इस अधिनियम की धारा 133 में उल्लिखित लेखा मानकों समेत भारतीय लेखा मानक और भारत में सामान्यतः लागू अन्य लेखा सिद्धांतों के अनुरूप इन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जवाबदेह है जो कि कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य प्रदर्शन, कुल आय, इक्विटी में परिवर्तन और नकदी प्रवाह का सत्य एवं स्पष्ट चित्र प्रस्तुत करते हैं। इस उत्तरदायित्व में कंपनी परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं से बचाव एवं पता लगाना, पर्याप्त लेखा नीतियों का चयन एवं प्रयोग, उचित एवं न्यायसंगत मामलों का निर्णय एवं आकलन करना और वित्तीय विवरणों की तैयारी एवं प्रस्तुति से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की रूपरेखा, कार्यान्वयन एवं अनुरक्षण जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुतीकरण से संबंधित लेखा रिकार्डों की शुद्धता और पूर्णता प्रस्तुत करें, के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखा रिकार्डों का अनुरक्षण सम्मिलित है। जो कि वित्तीय गलतियों से मुक्त हो, चाहे वह कपट से अथवा भूलवश ही क्यों न किया गया हो, भी शामिल है।

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	प्रबंधन की टिप्पणी
वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए प्रबंधन चालू प्रतिष्ठान के रूप में कंपनी की क्षमता का आकलन करने, प्रकटीकरण, यथा स्वीकार्य, चालू प्रतिष्ठान से संबंधित मामले और लेखा का चालू प्रतिष्ठान आधार पर प्रयोग करने के लिए जिम्मेदार है जब तक प्रबंधन कंपनी को बेच देने का या परिचालन बंद करने का या कोई वास्तविक विकल्प न होने का इरादा रखता हो। कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए निदेश मंडल भी जिम्मेदार हैं।	
वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक का दायित्व हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या संपूर्ण रूप से वित्तीय विवरण भौतिक दुर्व्यवहार से मुक्त हैं, ऐसे दुर्व्यवहार चाहे धोखाधड़ी के कारण हों या त्रुटि के कारण, तथा एक ऑडिटर रिपोर्ट जारी करना भी हमारा उद्देश्य है जिसमें हमारी राय भी शामिल हो। उचित आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि मानक खातों के अनुसार किया गया ऑडिट हमेशा वित्तीय गलतियों (होने पर) का पता लगाएगा। गलती धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकती है और महत्वपूर्ण मानी जाती है यदि, व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप में, इनसे वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को प्रभावित होने यथोचित अपेक्षा हो। एसएएस के अनुसार एक ऑडिट के भाग के रूप में, हम पेशेवर निर्णय लेते हैं और पूरे लेखा परीक्षा में पेशेवर संदेह को बनाए रखते हैं। हम: • वित्तीय विवरणों की गलतियों से होने वाले जोखिमों की पहचान तथा उनका आकलन करते हैं चाहे यह धोखा धड़ी या त्रुटि के कारण हों, उन जोखिमों के लिए लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन एवं निष्पादित करते हैं तथा ऑडिट सबूत प्राप्त करते हैं जो हमारी राय में आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हो। धोखाधड़ी की वजह से वित्तीय गलतियों को न पकड़ पाने का जोखिम एक से अधिक गलतियों के रूप में आता है, जैसे कि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर चूक, गलत बयानी, या आंतरिक नियंत्रण की ओवरराइड शामिल हो सकती है। • इन परिस्थितियों में उपयुक्त ऑडिट प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए ऑडिट के प्रासंगिक आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करते हैं। अधिनियम की धारा 143 (3) (i) के तहत, हम इस बात पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और इस तरह के नियंत्रणों के लिए परिचालन प्रभावशीलता है। • उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरण के औचित्य का मूल्यांकन करते हैं। • प्रबंधन के चालू प्रतिष्ठान आधार पर लेखा उपयोग की उपयुक्तता और इस पर आधारित लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त कर निष्कर्ष निकालते हैं, कि क्या ऐसी घटनाओं या स्थितियों से संबंधित मैटेरियल अनिश्चितता विद्यमान है जो कि चालू प्रतिष्ठान के रूप में कंपनी की क्षमता पर महत्वपूर्ण रूप से संदेह युक्त है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई मैटेरियल अनिश्चितातामौजूद है, तो हमारे द्वारावित्तीय विवरणों में संबंधित डिस्क्लोजर के लिए अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करना आवश्यक है अथवा, हमारे अभिमत में परिवर्तन के लिए ऐसे डिस्क्लोजर अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त ऑडिट साक्ष्य पर आधारित हैं।हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाएं या स्थितियां कंपनी को चालू प्रतिष्ठान के रूप में जारी रहने से रोक सकती हैं। • डिस्क्लोजर सहित वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करते हैं कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और घटनाओं को निष्पक्ष तरीके से प्रस्तुत और प्रदर्शित किया गया है। मैटिरियलिटी वित्तीय विवरणों में महत्वपूर्ण त्रुटि (मैग्नीट्युड ऑफ मिसस्टेटमेंट) है , जो कि वैयक्तिक या समेकित रूप से संभावना बनाती है कि वित्तीय विवरणों के एक यथोचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। हम (i) हमारे लेखा परीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने कार्य के परिणाम के मूल्यांकन में, और (ii) वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचान की गयी त्रुटि के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिएमात्रात्मक मैटिरियलिटी और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं। हम जिम्मेदार लोगों से (those charged with governance)अपनी लेखा परीक्षा के दौरान ज्ञातअन्य मामलों में, लेखापरीक्षा की योजनाबद्ध कार्यक्षेत्रव समय और आंतरिक नियंत्रण में किन्हीं महत्वपूर्ण त्रुटियों समेत महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा तथ्योंके बारे में सूचित करते हैं। हम जिम्मेदार लोगों को एक विवरण भी देते हैं कि हमने स्वतंत्रता के संबंध में प्रासंगिक नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन किया है, और उनके साथ सभी रिश्तों और अन्य मामलों के संबंध में सूचित किया है जो हमारी स्वतंत्रता और संबंधित सुरक्षा उपायों जहां लागू हो, के लिए यथोचित रूप से विचारणीय हैं। जिम्मेदार लोगों को सूचित किए गए मामले में, हम वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं और इसलिए प्रमुख लेखा परीक्षा मामले हैं, का निर्धारण करते हैं। हम अपने ऑडिटर की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियम इस मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण करने से नहीं रोकते हैं या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में जन हित मामले के अप्रत्याशित प्रतिकूल परिणामों के कारण किसी मामले को नहीं दिया जाना चाहिए।	

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	प्रबंधन की टिप्पणी
अन्य मामले • हमने कंपनी के वित्तीय विवरणों में शामिल 17 क्षेत्र/इकाइयों के एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों/सूचनाओं की लेखापरीक्षा नहीं की है। 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष को वित्तीय विवरणों में दी गयी जानकारी के अनुसार इन क्षेत्र/इकाइयों की कुल संपत्ति ₹ 4,718.77 करोड़ तथा कुल आय ₹ 10,312.56 करोड़ दर्शायी गयी है। इन क्षेत्रों/इकाइयों के वित्तीय विवरणों/सूचनाओं का अंकेक्षण क्षेत्र/इकाइयों के लेखा परीक्षकों द्वारा कर लिया गया है, जिसकी रिपोर्ट हमें प्राप्त हो चुकी है और इन क्षेत्रों/इकाइयों से संबंधित शामिल किए गए राशि एवं प्रकटीकरण के संबंध में हमारा मंतव्य भी पूरी तरह उक्त क्षेत्र / इकाई के लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है। इस मामले में हमारे मंतव्य में कोई संशोधन नहीं किया गया है।	
अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट 1. जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के तहत आवश्यक है, हमनेपरिशिष्ट – I में लेखा की सुझायी कार्यप्रणाली के अनुपालन के बाद भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी किए गए निदेश एवं अतिरिक्त निर्देशों और इसके बाद हुई कार्रवाई तथा कंपनी के खाते एवं भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर इसके प्रभाव पर एक विवरण दिया है । यह विवरण कंपनी के क्षेत्र / इकाई लेखा परीक्षकों की टिप्पणियों को उनके लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों में शामिल करके तैयार किया गया है। 2. जैसा कि कंपनी अधिनियम (2013) की धारा 143 की उप-धारा (11) के संदर्भ में भारत सरकार की केंद्र सरकार द्वारा जारी, कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ("आदेश") की आवश्यकतानुसार हम अनुलग्नक - II में लेखा के तहत वर्ष के लिए लागू सीमा के क्रम सं.3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर एक विवरण दिया है। 3. अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार, हमारे ऑडिट के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि: क. हमने उन सभी सूचनाओं और स्पष्टीकरणों कोप्राप्त किया,जो हमारे लेखा के उद्देश्यों के लिए हमारी जानकारी और विश्वास के लिए श्रेष्ठ थे। ख. हमारी राय में, कंपनी द्वारा कानून के अनुसारउपयुक्त बही-खाता को अभी तक रखा गया है, क्योंकियह हमारे द्वारा इन बही-खता की जांच से प्रतीत होता है तथा लेखा प्रयोजन के लिए पर्याप्त समुचित रिटर्न को हमारे द्वारा दौरा नहीं किए गए क्षेत्र/इकाइयों से प्राप्त किया है। ग. क्षेत्र / इकाई लेखा परीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा 143 (8) के तहत अंकेक्षितकंपनी के क्षेत्र / इकाइयों के खातों की रिपोर्ट हमें भेजी गई है और हमने इस रिपोर्ट को तैयार करने इन पर सही तरीके से काम किया है। घ. बैलेंस शीट, अन्य व्यापक आय सहित लाभ और हानि का विवरण, इक्विटी में परिवर्तन का विवरण और इस रिपोर्ट द्वारा दिए गए नकदी प्रवाह के विवरण के प्रासंगिक बही खाते और हमारे द्वारा दौरा नहीं किए गए क्षेत्रों/इकाइयों से प्राप्त रिटर्न से तालमेल रखते हैं। ङ. हमारी राय में, उपरोक्त वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं, जिसे कंपनी (लेखा) अधिनियम 2014 के नियम- 7 के साथ पढ़ा जाए। च. 31 मार्च, 2022 को निदेशकों से प्राप्त लिखित अभ्यावेदन अधिनियम की धारा 164(2) के संदर्भ में 31 मार्च, 2022 को निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से कोई भी निदेशक अयोग्य नहीं हुए हैं। छ. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और इस तरह के नियंत्रणों के परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में “अनुलग्नक – III” में हमारी अलग रिपोर्ट देखें। हमारी रिपोर्ट वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर एक अपरिवर्तित राय व्यक्त करती है। ज. कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) अधिनियम, 2014, यथा संशोधित के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में, हमारी राय हमारी जानकारी और ऑडिट के अनुसार हमें दिए गए स्पष्टीकरण: i. कंपनी ने अपने एकल वित्तीय विवरणों में वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण किया है - एकल वित्तीय विवरणों के अनुसार 38.4.(a) नोट का संदर्भ लें; ii. कंपनी के पास डेरिवेटिव अनुबंधों सहित कोई दीर्घकालिक अनुबंध नहीं था, जिसके लिए कोई भी मूर्त त्रुटि नुकसानदेह थी – एकल वित्तीय विवरण के नोट 38.4.(e).ii का संदर्भ लें। iii. ऐसी कोई राशि नहीं थी जो कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष में हस्तांतरित किए जाना आवश्यक थी।	

स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट	प्रबंधन की टिप्पणी
iv.(क) प्रबंधन ने यह घोषणा की है कि उसके सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार, कंपनी द्वारा खातों दिये गए टिप्पणियों के अलावा, कोई धन अग्रिम या उधार नहीं लिया गया है अथवा निवेश नहीं किया गया है (ना ही उधार-धनराशि या ना ही शेयर प्रीमियम या ना ही किसी अन्य स्रोत से) अथवा किसी अन्य व्यक्ति (व्यक्तियों) या इकाई (संस्थाओं) में, विदेशी संस्थाओं में ("मध्यस्थ या सीधे तौर पर") लिखित या मौखिक रूप में, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं में निवेश किया गया है अथवा उसकी ओर से ("अंतिम लाभार्थी") किसी भी तरह की कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई गारंटी नहीं प्रदान किया जाता हैं; (ख) प्रबंधन ने यह घोषणा की है कि उसके सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार, खातों की टिप्पणियों में बताए गए के अलावा, कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) या संस्था (संस्थाओं), विदेशी संस्थाओं से ("फंडिंग पार्टियां") लिखित या मौखिक रूप में, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई निधि प्राप्त नहीं की गई है अथवा उसकी ओर से ("अंतिम लाभार्थी") किसी भी तरह की कोई गारंटी, सुरक्षा या इसी तरह की कोई गारंटी नहीं प्रदान किया जाता हैं; और (ग) उक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर हमने इन परिस्थितियों में इसे उचित एवं उपयुक्त माना है; हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है जिससे हमें यह विश्वास हो कि उप-खंड (क) एवं (ख) के तहत की गई घोषणा में कोई तथ्यात्मक विवरण गलत है। v.वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा किसी लाभांश की घोषित या भुगतान नहीं किया गया है और इसलिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 123 का अनुपालन कंपनी पर लागू नहीं होता है।	

कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 302081E

(सीए अरविन्द कुमार)
साझेदार,
सदस्यता सं. 402203
यूडीआईएन- 22402203AINXPQ2539

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

कृते, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

समीरन दत्ता
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(अतिरिक्त प्रभार)
डीआइएन - 08519303

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के लिए अनुलग्नक-I

वर्ष 2021-22 के लिए भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक द्वारा निर्गत कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (5) के अंतर्गत निदेश तथा अतिरिक्त दिशा-निर्देशों के विवरण पर लेखा रिपोर्ट की "अन्य कानूनी और नियामक आवश्यकताओं'' के पैरा 1में संदर्भित जैसा कि कंपनी के लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में दिया गया है।

परिशिष्ट-क : कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (5) के तहत निर्देश

विवरण	लेखा परीक्षक का प्रेक्षण	वित्तीय विवरणों पर की गई कार्रवाई एवं उसका प्रभाव
1) क्या कंपनी के पास आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए प्रणाली है? यदि हाँ, तो वित्तीय निहितार्थ, यदि कोई हो, के साथ-साथ खातों की अखंडता पर आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण के निहितार्थ बताए जा सकते हैं।	कंपनी ने 1 अगस्त 2021 से अपने सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए अपनी परंपरागत पुरानी प्रणाली 'कोल-नेट' की जगह एक नये ईआरपी एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर - 'एसएपी' को अपना लिया है। प्रबंधन द्वारा हमें प्रदान की गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, इस एप्लिकेशन में कंपनी की गहन आवश्यकताओं को पूरा करने, व्यवसायिक प्रक्रिया को सुचारू रूप से और कुशलतापूर्वक संचालित करने के लिए सभी प्रकार के प्रावधान मौजूद हैं। इसमें कंपनी की विभिन्न कार्य-प्रणालियों को चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जा रहा है। वित्तीय निहितार्थ, यदि कोई हों, अनिश्चित हैं, क्योंकि कंपनी द्वारा अभी तक इस स्थानांतरण का अंकेक्षण (माइग्रेशन ऑडिट) नहीं किया गया है।	कंपनी ने 1 अगस्त 2021 से चरणबद्ध तरीके से सैप (SAP) प्रणाली को अपना लिया है। सैप (SAP) के तहत विभिन्न मॉड्यूल्स के पूर्णत: एकीकरण सहित लेखांकन लेनदेन की सभी कार्यवाहियां आईटी प्रणाली के तहत होगी। हालांकि, मौजूदा व्यवस्था एवं नई अपनाई गयी प्रणाली, सभी लेनदेनों का लेखांकन करने के लिए उचित सावधानी रखी गयी है और इसलिए किसी वित्तीय प्रभाव का पता नहीं चला है।
2) क्या कंपनी के ऋण की अदायगी में असमर्थता केकारण किसी ऋणदाता द्वारा कंपनी के लिए मौजूदा ऋण या छूट के मामलों का पुनर्गठन / ऋण / ऋण / ब्याज इत्यादि का कोई पुनर्गठन है? यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभाव को बताया जा सकता है।	वित्तीयवर्ष 2021-22 के दौरान मौजूदा ऋण या छूट के मामले / ऋण को बट्टे-खाते में डालना/ऋण/ब्याज इत्यादि के पुनर्गठन के इन मामले नहीं देखे गए हैं।	वित्तीय विवरणों में प्रकट करने के अलावा कोई वित्तीय प्रभाव नहीं है।
3) क्या केंद्रीय / राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त धनराशि / प्राप्य को इसकी अवधि और शर्तों के अनुसार ठीक से उपयोग किया गया है?विचलन के मामलों की सूची बनाएं।	वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान केंद्रीय / राज्य सरकार अथवा एजेंसियों से कोई धन प्राप्त / प्राप्य नहीं हुआ है। यद्यपि, सीआईएल के माध्यम से कोयला मंत्रालय से विशिष्ट योजनाओं के लिए पूर्व वर्षों में प्राप्त निधि को इसकी नियम और शर्तों के अनुसार समुचित तरीके से प्रयोग किया गया।	वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 302081E

(सीए अरविन्द कुमार)
साझेदार,
सदस्यता सं. 402203
यूडीआईएन- 22402203AINXPQ2539

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

कृते, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

समीरन दत्ता
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(अतिरिक्त प्रभार)
डीआइएन - 08519303

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

अनुलग्नक-ख : कंपनी अधिनियम 2013 के अनुच्छेद 143 (5) के तहत अतिरिक्त दिशा-निर्देश

विवरण	लेखा परीक्षक का प्रेक्षण	वित्तीय विवरणों पर की गई कार्रवाई एवं उसका प्रभाव
1) क्या समोच्च नक्शा की दृष्टि से कोयला स्टॉक की माप की गयी है? क्या फिजिकल स्टॉक मापी रिपोर्ट सभी मामलों में समोच्च नक्शा के साथ जुड़ी है? वर्ष के दौरान तैयार किया गया यदि कोई, नया हीप है तो क्या उसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से प्राप्त किया गया है?	हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार हीप के कोयला स्टॉक की माप समोच्च नक्शा के अनुसार किया जा रहा है। कोल स्टॉक डंप को कोलियरी द्वारा निर्धारित स्थलों पर बनाया जाता है, इसके लिए अग्रिम रूप से कोयले की डंपिंग से पहले समोच्च प्लान तैयार किया जाता है और सक्षम प्राधिकारी द्वारा इसे अनुमोदित किया जाता है। फिर भी कुछ मामलों में छोटे स्टॉक जिसकी रेखागणितीय आकृति जटिल है और वे समोच्च नक्शा/लेवल सेक्शन का प्रयोग करते हुए मापनके लिए उपयुक्त नहीं है, को परंपरागत तरीके से मापा जा रहा है, चाहे ऐसे स्टॉक का समोच्च नक्शा प्लान हो तोभी । स्टॉक मापन रिपोर्ट समोच्च प्लान के साथ होती है। वाशरी के लिए स्लरी रिजेक्ट्स और मिडलिंग का स्टॉकबीसीसीएल द्वारा अपने नियंत्रण में लेने से पहले से ही वाशरी के प्रारंभ होने के समय से ही तैयार किया जा रहा है। हीप, विशेष तौर पर रिजेक्ट, स्लरी, मिडलिंग आदि के, का आकार और आकृति बड़ी होती है। सभी आकार एवं आकृति के हीप का समोच्च नक्शानहीं है, उनको परंपरागत तरीके से मापा जा रहा है। हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार वर्ष के दौरान बनाए गए नए हीपों को सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त है।	वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।
2) क्या कंपनी ने क्षेत्र के विलय/विखंडित/ पुनर्संरचना के वक्त संपत्ति एवं परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया? यदि हाँ तो क्या संबंधित अनुषंगी ने आवश्यक प्रक्रिया का पालन कियाहै ?	हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान, बीसीसीएल के किसी भी क्षेत्र का विलय/बिखंडन/पुनर्संरचना करने का कोई मामला नहीं है।	वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।
3) क्या सीआइएल तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रत्येक खदान के लिए अलग एस्क्रो खाता बना कर रखा गया है। साथ ही खाता की निधि के उपयोग की भी जांच होती है।	हां, कोयला मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार प्रत्येक खदान बंदी योजना (माइन क्लोजर प्लान) के बदले खदानवार अलग-अलग एस्क्रो खाता बैंक ऑफ बड़ौदा तथा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में संचालित है। चालू वित्त वर्ष के दौरान, आईआईईएसटी, शिबपुर द्वारा तृतीय पक्ष के अंकेक्षण के बाद एस्क्रो खाते से ₹ 7.47 करोड़ की राशि की निकासी की गई है और उसे साल-दर-साल आधार पर प्रगतिशील खदान बंदी के लिए किए गए व्यय से बनाए गए "प्रोग्रेसिव माईन क्लोजर एक्सपेंसेस इन्कर्ड" खाते (अन्य वर्तमान परिसंपत्तियों के तहत स्थित) के साथ समायोजित किया गया है।	वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।
4) क्या माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अवैध खनन हेतु लगाए गए दंड पर विधिवत तरीके से विचार किया गया और लेखा-जोखा दिया गया है।	डब्ल्यू.पी (सी) सं. 114/2014 सामान्य उपबंध बनाम भारतीय संघ एवं अन्य में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 02.08.2017 को दिए गए फैसले के आलोक में राज्य सरकार द्वारा कंपनी की 47 परियोजनाओं/खदानों/कोलियरियों से संबंधित 17344.46 करोड़ रुपये की डिमांड नोटिस जारी किए गए हैं। उपर्युक्त डिमांड नोटिस के क्रियान्वयन को एमएमडीआर अधिनियम की धारा 30 के खनिज रियायत नियम, 1960 के नियम 55 (5) के तहत प्राप्त शक्तियों के आधार पर अगले आदेश तक रोका गया है। तदनुसार, उपर्युक्त राशि को नोट सं. 38.4.(a).ii. द्वारा उपयुक्त प्रकटीकरण के साथ आकस्मिक देयता के रूप में दिखाया गया है।	वित्तीय विवरणों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 302081E
(सीए अरविन्द कुमार)
साझेदार,
सदस्यता सं. 402203
यूडीआईएन- 22402203AINXPQ2539

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

कृते, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
समीरन दत्ता

अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(अतिरिक्त प्रभार)
डीआइएन - 08519303

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए एकल (स्टैंडअलोन) वित्तीय विवरणों पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद के सदस्यों को स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक-II।

[हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के "अन्य कानूनी एवं नियामक आवश्यकताओं" पैरा-2 में निर्दिष्ट है]

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	प्रबंधन का जबाव
हमारी राय में ऐसी समुचित जांच-पड़ताल एवं हमारी अंकेक्षण प्रक्रिया के दौरान हमें दी गई सूचना/जानकारी तथा स्पष्टीकरण के आधार पर हम रिपोर्ट करते हैं कि: (i) संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के संबंध में: क) (क) कंपनी संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के मात्रात्मक विवरणों एवं स्थिति को शामिल करते हुए संपूर्ण विवरणों को दर्शाने वाले रिकार्डों का रखरखाव कर रही है। (ख) कंपनी अमूर्त संपत्तियों के संपूर्ण विवरणों को दर्शाने वाले रिकार्डों का उचित रखरखाव कर रही है; ख)कंपनी ने उचित अंतराल पर संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया है और उक्त सत्यापन में कोई भौतिक विसंगतियां नहीं पायी गई है। ग)वित्तीय विवरणी में घोषित सभी अचल संपत्तियों (उन संपत्तियों के अलावा जहां कंपनी पट्टेदार है और पट्टा समझौतों को विधिवत रूप से पट्टेदार के पक्ष में निष्पादित किया गया है) के स्वामित्व विलेख नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:-	तथ्यात्मक विवरण

संपत्ति का विवरण	सकल वहन मूल्य (₹ करोड़ में)	नाम से आयोजित का	क्या प्रमोटर, निदेशक या उनके रिश्तेदार या कर्मचारी हैं	धारित अवधि - जहां उपयुक्त हो, सीमा इंगित करें	कंपनी के नाम पर नहीं होने का
पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि	115.35	केवल कंपनी द्वारा सीधे खरीदे जाने के मामले में (1132.37 हेक्टेयर)	लागू नहीं	विभिन्न तिथियां	1. पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि115.35 केवल कंपनी द्वारा सीधे खरीदे जाने के मामले में (1132.37 हेक्टेयर)लागू नहींविभिन्न तिथियां1. बीसीसीएल के कब्जे में कुल 17276.79 हेक्टेयर (फ्रीहोल्ड और अन्य भूमि) में से, 16120.11 हेक्टेयर भूमि फ्री होल्ड भूमि और 1156.68 हेक्टेयर अन्य भूमि है। 2. कोयला खानों के राष्ट्रीयकरण और श्रम कल्याण संगठन सहित केंद्रीय चिकित्सालय के साथ चार अन्य अस्पतालों, भारत सरकार के माईस रेस्क्यू स्टेशनों, सेल की चार वाशरियों, पूर्व के कोल बोर्ड एवं सेंट्रल झरिया परियोजनाओं के अधिग्रहण के समय भारत सरकार द्वारा कंपनी को 14987.74 हेक्टेयर भूमि हस्तांतरित किया गया। कोयला खान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम 1972 सहित कोयला धारित क्षेत्र (अधिग्रहण एवं विकास) अधिनियम 1957 के तहत अधिग्रहित भूमि के दाखिल-खारिज का प्रश्न कानून में नहीं उठता है, क्योंकि इसका अधिकार, स्वामित्व एवं हित पूरी तरह से केंद्र सरकार के अंतर्गत निहित है और कंपनी को हस्तांतरित भूमि का प्रयोग, एक सरकारी कंपनी के नाते बीसीसीएल द्वारा किया जाता है। 3. अन्य सभी अधिग्रहीत भूमि का स्वामित्व विलेख कंपनी के पास है और उसका दाखिल-खारिज भी कंपनी के पक्ष में हो चुका है, फ्रीहोल्ड भूमि के कुछ मामलों को छोड़कर, जहां कानूनी औपचारिकताएं लंबित होने के कारण यह प्रक्रियाधीन है।
अन्य भूमि	27.71	लागू नहीं	लागू नहीं	विभिन्न तिथियां	1156.68 हेक्टेयर भूमि अन्य भूमि की श्रेणी में है, जिसे कोयला खदान (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम 1973, कोयला धारित क्षेत्र (अधिग्रहण एवं विकास) अधिनियम, 1957 और भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के तहत अधिग्रहण किया गया था, जिसके लिए अलग से स्वामित्व विलेख की आवश्यकता नहीं है। लोयाबाद स्टेशन पर 3.98 हेक्टेयर रेलवे भूमि को मार्च 2022 से 35 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर ली गई है।

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

प्रबंधन का जबाव

घ) 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के दौरान कंपनी ने अपनी संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण (परिसंपत्ति उपयोग के अधिकार सहित) या अमूर्त संपत्ति या दोनों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

ङ) बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 (1988 का 45) और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत किसी भी बेनामी संपत्ति को रखने के लिए कंपनी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई है या लंबित है।

(ii)(क) कंपनी के पास उचित अंतराल पर भौतिक रूप से सत्यापित स्टॉक है। स्टॉक के प्रत्येक वर्ग में कुल मिलाकर 10% या उससे अधिक की कोई विसंगति नहीं पायी गई है।

(ख)वर्ष के दौरान बैंकों या वित्तीय संस्थानों से कुल मिलाकर पांच करोड़ रुपये से अधिक की असुरक्षित कार्यशील पूंजी सीमा स्वीकृत की गई है। ऐसे प्रतिबंधों का विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है:

बैंक का नाम	स्वीकृत सीमा (कार्यशील पूंजी मांग ऋण/ कार्यशील पूंजी ऋण/ अल्पकालिन ऋण	31.03.2022 तक बकाया'
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	₹ 2000.00 करोड़	शून्य
एक्सिस बैंक लिमिटेड	₹ 200.00 करोड़	शून्य
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड	₹ 50.00 करोड़	शून्य

वर्ष के दौरान कंपनियों, फर्मों, सीमित देयता भागीदारी या किसी अन्य पक्षों में कोई निवेश नहीं किया गया है अथवा कोई सुरक्षित या असुरक्षित गारंटी अथवा जमानत अथवा किसी प्रकार के ऋण की मंजूरी या ऋण के रूप में अग्रिम, नहीं दिया गया है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(iii)(a) से 3(iii)(f) लागू नहीं है।

iii हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 एवं 186 के प्रावधानों के अनुसार किसी अन्य कॉर्पोरेट निकाय या व्यक्तियों द्वारा लिए गए ऋण के एवज में किसी ऋण की मंजूरी नहीं दी है अथवा निवेश नहीं किया है अथवा कोई गारंटी नहीं दी है अथवा कोई जमानत नहीं दी है। । तदनुसार, आदेश का पैरा 3(iv) लागू नहीं होता है।

iv हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 एवं 186 के प्रावधानों के अनुसार किसी अन्य कॉर्पोरेट निकाय या व्यक्तियों द्वारा लिए गए ऋण के एवज में किसी ऋण की मंजूरी नहीं दी है अथवा निवेश नहीं किया है अथवा कोई गारंटी नहीं दी है अथवा कोई जमानत नहीं दी है। । तदनुसार, आदेश का पैरा 3(iv) लागू नहीं होता है।

v हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कोई जमा स्वीकार नहीं किया है और न ही ऐसी कोई राशि स्वीकार की है जिसे जमा माना जाय। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(v) लागू नहीं होता है।

vi हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, केंद्र सरकार ने कंपनी के उत्पादों के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप-धारा (1) के तहत लागत रिकॉर्ड का रखरखाव नियत किया है और हमारी राय में कंपनी निर्दिष्ट के रूप में उक्त खातों एवं रिकॉर्डों को तैयार कर उसका रखरखाव कर रही है ।

vii (क) हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी वस्तु एवं सेवा कर, भविष्यनिधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, विक्रय कर, सेवा कर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, मूल्यवर्धित कर, उपकर, और अन्य वैधानिक बकाया सहित निर्विवाद सांविधिक बकाया उचित प्राधिकारों के पास जमा करने में नियमित है और संबंधित वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन तक सांविधिक देय का ऐसा कोई बकाया नहीं है, जो भुगतेय तिथि से छह महीने से अधिक की अवधि का बकाया हो।

(ख) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार सीमा शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर का कोई वास्तविक बकाया नहीं है जिसे किसी विवाद के कारण सक्षम प्राधिकारी के पास जमा नहीं किया गया है। फिर भी, हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार आयकर, विक्रयकर, उत्पाद शुल्क, सेवाकर, वस्तु एवं सेवाकर एवं मूल्य वर्धित कर के जिन बकाये को कंपनी द्वारा विवाद के मद में जमा नहीं किया गया है, वे निम्नलिखित हैं:

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	प्रबंधन का जबाव

क्र.सं.	अधिनियम का नामसं.	देय राशि की प्रकृति	मांग राशि (₹ करोड़ में)	अवधि जिससे राशि संबंधित है	न्यायाधिकरण, जहां विवाद लंबित है
1	आयकर अधिनियम, 1961	आयकर/टीडीएस/ टीसीएस	179.98	2019-20	एओ, धनबाद
			0.05	2017-18	एसीआईटी, धनबाद
			0.37	2007-2021	जेसीआईटी टीडीएस, धनबाद
			339.07	2014-15 से 2019-20	सीआईटी, धनबाद
			85.38	2007-08 से 2016-17	सीआईटी (ए) टीडीएस
			218.79	2007-08 से 2016-17	सीआईटी (ए), धनबाद
			511.13	2006-07 से 2013-14	आईटीएटी, रांची
2	जेवैट (JVAT)	अधिनियम, 2005 झारखंड वैट	53.66	2004-05 से 2012-13	सीसीटी रांची
			63.24	1985-86 से 2017-18	डीसीसीटी धनबाद
			26.09	2006-07 से 2020-21	डीसीसीटी कतरास
			50.76	2009-10 से 2014-15	डीसीसीटी लोअर कोर्ट
			11.99	2009-10 से 2017-18	डीसीसीटी दुग्धा
			6.73	2009-10 से 2015-16	डीसीसीटी सुदामडीह
			0.57	2015-16 और 2016-17	डीसीसीटी अपील धनबाद
			58.23	1999-2000 से 2016-17	जेसीसीटी धनबाद
			213.95	1999-2000 से 2016-17	जेसीसीटी अपील धनबाद
			3.36	2010-11 और 2011-12	ट्रिब्यूनल रांची
3	बीएसटी (BST) अधिनियम, 1959	बिहार सेल्स टैक्स	7.91	1980-81 से 2004-05	अपीलीय अदालत

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट						प्रबंधन का जबाव
4	सीएसटी (CST) अधिनियम, 1956	केंद्रीय बिक्री कर	22.44 58.13 35.01 25.8 2.52 7.88 1.8 69.12 320.85 12.52	1992-93 से 2010-11 2000-01 से 2017-18 1985-86 से 2017-18 1980-81 से 2014-15 2006-07 से 2015-16 2009-10 से 2015-16 2011-12 से 2016-17 2005-06 से 2015-16 1999-2000 से 2019-20 1979-80 से 2014-15	सीसीटी, रांची डीसीसीटी, धनबाद डीसीसीटी कतरास डीसीसीटी लोअर कोर्ट डीसीसीटी, दुग्धा डीसीसीटी, सुदामडीह डीसीसीटी, अपील धनबाद जेसीसीटी, धनबाद जेसीसीटी, अपील धनबाद ट्रिब्यूनल, रांची	
5	पीई (WB PE) अधिनियम, 1973 और डब्ल्यूबी आरईपी (WBREP) अधिनियम, 1976	ग्रामीण शिक्षा और प्राथमिक शिक्षा उपकर	16.28	1995-96 से 2007-08	डब्ल्यूबी ट्रिब्यूनल	
6	एमएमआरडी (MMRD) अधिनियम, 1957	रॉयल्टी	220.74 5.98 78.92 10.15	1977 से 2011-12 2000-01 से 2014-15 1979-80 से 2012-13 1979-80 से 2006-07	प्रमाणन अधिकारी, धनबाद जेसीटी, धनबाद झारखंड उच्च न्यायालय सुप्रीम कोर्ट यूबी ट्रिब्यूनल	
7	ईडी (ED) अधिनियम, 1948	बिजली शुल्क	5.66 2.43 14.71	1998-99 से 2015-16 2002-03 से 2015-16 2006-07 से 2016-17	डीसीसीटी, कतरास डीसीसीटी, झरिया सर्किल जेसीसीटी, धनबाद	
8	वित्त अधिनियम, 1994	सेवा कर	4.95	2014 से मार्च 2017	सेस्टेट, कोलकाता	

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट						प्रबंधन का जबाव
9	केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944	उत्पाद शुल्क	221.33 36.86 7.53	11 मार्च से जून 2018 2010-11 से 2014-15 मार्च 86 से 2015-16	आयुक्त, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (अपील), रांची सेस्टेट (CESTAT), कोलकाता झारखंड उच्च न्यायालय	
10	एसजीएसटी (SGST) अधिनियम, 2017	जीएसटी	0.04	2017-18	जेसीसीटी (ए) धनबाद	
11	डीएमओ धनबाद द्वारा अवैध खनन के खिलाफ सामान्य कारण मुआवजा		17344.46	2000-01 से 2016-17	पुनरीक्षण प्राधिकरण, एमओसी	
12	होल्डिंग टैक्स	होल्डिंग टैक्स	252.23	2015-16	झारखंड उच्च न्यायालय	
			20,609.60			

viii कंपनी को ऐसे लेन-देन से संबंधित कोई मामला नहीं मिला है जो खाते की किताबों में दर्ज नहीं किए गए थे, लेकिन आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के तहत कर निर्धारण में वर्ष के दौरान आय के रूप में आत्मसमर्पण या खुलासा किया गया था।

ix (क) कंपनी ने वर्ष के दौरान बैंक से ऋण लिया है और उसे वित्तीय वर्ष के दौरान बिना किसी चूक के चुका दिया गया है।

ख)कंपनी को वर्ष के दौरान किसी बैंक या वित्तीय संस्थान या अन्य ऋणदाता द्वारा जानबूझकर डिफॉल्टर के रूप में घोषित नहीं किया गया।

ग)कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई सावधि ऋण नहीं लिया है और न ही वर्ष की शुरुआत में कोई बकाया सावधि ऋण था। तदनुसार, आदेश का पैरा 3 (ix) (c) लागू नहीं होता है।

घ)कंपनी ने वर्ष के दौरान अल्पावधि आधार पर कोई निधि नहीं जुटाई है। तद्नुसार, आदेश का पैरा 3(ix)(d) लागू नहीं होता है।

ङ)कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी अनुषंगी कंपनियों, सहयोगियों या संयुक्त उद्यमों के दायित्वों को पूरा करने के लिए किसी भी कंपनी या व्यक्ति से कोई धन नहीं लिया है;

च)कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों या सहयोगी कंपनियों में रखी प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर कोई ऋण नहीं लिया है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(ix)(f) लागू नहीं होता है।

x (क) कंपनी ने वर्ष के दौरान प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश या आगे सार्वजनिक पेशकश (ऋण लिखतों सहित) के माध्यम से कोई पैसा नहीं उठाया है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(x) (ए) लागू नहीं होता है।

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	प्रबंधन का जबाव
(ख) कंपनी ने वर्ष के दौरान शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर (पूरी तरह से, आंशिक रूप से या वैकल्पिक रूप से परिवर्तनीय) का कोई तरजीही आवंटन या निजी प्लेसमेंट नहीं किया है।	कर्मचारियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने के लिए प्रबंधन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।
xi (क) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार हमारे लेखा परीक्षण के दौरान कंपनी द्वारा अथवा कंपनी पर कोई भौतिक धोखाधड़ी अथवा इसके अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कोई धोखाधड़ी का मामला नहीं पायी गई। तथापि सतर्कता विभाग ने दिनांक 30-04-2022 के अपने पत्र के जरिए कंपनी के अधिकारियों अथवा कर्मचारियों द्वारा कंपनी के साथ किए गए धोखाधड़ी के निम्नलिखित मामलों की जानकारी हमें दी है, जिनके विवरण नीचे दिये जा रहे हैं:-	

क्र.सं.	प्रकरण संख्या / प्राथमिकी संख्या	प्रकरण का विवरण
1.	सीए/01/2021	मार्च, 2019 माह में क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, गोविंदपुर क्षेत्र, बीसीसीएल द्वारा बजट प्रमाणन में कथित रूप से अनियमितताएं की गई हैं। मामले से संबंधित राशि का उल्लेख नहीं है। विजिलेंस केस नं. सीए/01/2021, डीआई प्रगति पर है।
2.		सीके साइडिंग, बस्ताकोला क्षेत्र के परिवहन ठेकों में बिलों के भुगतान में कथित रूप से अनियमितताओं का पता चला है। मामले में शामिल राशि का उल्लेख नहीं है। सतर्कता के दृष्टिकोण से यह पता चला है और जांच प्रक्रियाधीन है।

(ख) वर्ष के दौरान, कंपनी अधिनियम की धारा 143 की उप-धारा (12) के तहत रिपोर्ट के संबंध में हमारे द्वारा लेखा परीक्षा के दौरान कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है / हमारे संज्ञान में नहीं आई है, जैसा कि केंद्र सरकार के साथ कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 13 के तहत यथा निर्धारित फॉर्म एडीटी- 4 में दायर किया जाना है।

(ग) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, वर्ष के दौरान कंपनी को कोई व्हिसलब्लोअर शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

xii (क) हमारी राय में और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी एक निधि कंपनी नहीं है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(xii) लागू नहीं होता है।

xiii संबंधित पार्टियों के साथ सभी लेन-देन कंपनी अधिनियम की धारा 177 एवं 188 के अनुपालन में हैं, जहां लागू हो और वित्तीय विवरणों आदि में विवरण का खुलासा किया गया है, जैसा कि लागू लेखांकन मानक द्वारा आवश्यक है;

xiv (क) हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी के पास अपने व्यवसाय के आकार एवं प्रकृति के अनुरूप एक आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली है;

(ख) फरवरी, 2022 तक की आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर विचार किया गया।

xv हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने निदेशकों या उनसे जुड़े व्यक्तियों के साथ कोई गैर-नकद लेनदेन नहीं किया है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(xv) लागू नहीं होता है।

xvi (क) कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45-IA के तहत पंजीकृत होने की आवश्यकता नहीं है।

(ख)कंपनी ने भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक से वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र (CoR) के बिना कोई भी गैर-बैंकिंग वित्तीय या आवास वित्त गतिविधियों का संचालन किया है;

(ग)कंपनी एक कोर इन्वेस्टमेंट कंपनी (सीआईसी) नहीं है, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बनाए गए नियमों में परिभाषित किया गया है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(xvi)(c) लागू नहीं होता है।

(घ)कंपनी ने समूह के हिस्से के रूप में एक से अधिक सीआईसी का समूह नहीं बनाया है;

xvii कंपनी को चालू वित्त वर्ष के दौरान नकद घाटा नहीं हुआ है। हालांकि, पिछले वित्तीय वर्ष यानी वित्त वर्ष 2020-2021 में कंपनी को ₹ 1408.68 करोड़ का नकद घाटा हुआ था।

xviii (xviii)वर्ष के दौरान कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों ने कोई त्यागपत्र नहीं दिया गया है। तदनुसार, आदेश का पैरा 3(xviii) लागू नहीं होता है।

xix (xix)वित्तीय अनुपात, उम्र बढ़ने और वित्तीय परिसंपत्तियों की वसूली और वित्तीय देनदारियों के भुगतान की अपेक्षित तिथियों, वित्तीय विवरणों के साथ अन्य जानकारी और निदेशक मंडल एवं प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारी जानकारी के आधार पर, हमारी राय है कि लेखा परीक्षक रिपोर्ट की तिथि तक कोई भौतिक अनिश्चितता मौजूद नहीं है। अत: कंपनी बैलेंस शीट की तिथि को एक वर्ष की अवधि के अंदर जब भी कोई देय हो तो वह अपनी मौजूदा देनदारियों को अदा करने में सक्षम है।

xx (क) कंपनी ने चालू परियोजनाओं के अलावा, अव्ययित राशि को कंपनी अधिनियम की अनुसूची VII में निर्दिष्ट एक फंड में, उक्त अधिनियम की धारा 135 की उप-धारा (5) के दूसरे प्रावधान के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष की समाप्ति के छह महीने की अवधि के अंदर स्थानांतरित नहीं किया है।

	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	प्रबंधन का जबाव
	(ख) कंपनी ने दिनांक 28.04.2022 को कंपनी अधिनियम की धारा 135 की उप-धारा (5) के तहत अव्ययित शेष राशि, उक्त अधिनियम की धारा 135 की उप-धारा (6) के प्रावधान के अनुपालन में विशेष खाते में किसी भी चल रही परियोजना के अनुसार स्थानांतरित कर दी है।	
xxi	कंपनी द्वारा कोई शर्त या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई है। तद्नुसार, आदेश का पैरा 3(xxi) लागू नहीं होता है।	

कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 302081E

(सीए अरविन्द कुमार)
साझेदार,
सदस्यता सं. 402203
यूडीआईएन- 22402203AINXPQ2539

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

कृते, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

समीरन दत्ता
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(अतिरिक्त प्रभार)
डीआइएन - 08519303

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के भारतीय लेखा मानक वित्तीय विवरणों पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद के सदस्यों के लिए स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट अनुलग्नक-III

[हमारी अंकेक्षण रिपोर्ट के "अन्य विधिक एवं नियामक अपेक्षाओं" के अनुच्छेद 3(छ) का अवलोकन करें]

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 143 की उप धारा 3 के खंड (i) के तहत वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण रिपोर्ट

विवरण	प्रबंधन का उत्तर
1 हमने 31 मार्च, 2022 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों के हमारे अंकेक्षण के साथ-साथ उस तिथि को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (कंपनी) की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अंकेक्षण किया है। **आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का दायित्व** 2 इंस्ट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग के मामले में आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के अंकेक्षण हेतु जारी मार्गदर्शन में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के महत्वपूर्ण अवयवों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग के आंतरिक नियंत्रण कसौटियों पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने एवं उसे बनाये रखने के लिए कंपनी का प्रबंधन जिम्मेदार है। इन दायित्वों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण शामिल है जो कंपनी की नीतियों के अनुरूप ,इसकी परिसंपत्तियों का संरक्षण करते हुए, धोखाधड़ी एवं त्रुटियों का पता लगाने एवं उसकी रोकथाम करने हेतु लेखाकरण अभिलेखों की यथार्थता/परिशुद्धता एवं परिपूर्णता तथा कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षाओं के अनुसार समय पर विश्वस्त वित्तीय सूचनाओं को तैयार करना शामिल करते हुए इसके व्यवसाय को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक चलाना सुनिश्चित करने के लिए प्रभावपूर्ण तरीके से परिचालित किए जा रहे थे।	
लेखा परीक्षकों का दायित्व 3 हमारा दायित्व हमारे अंकेक्षण पर आधारित वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करने का है। हमने वित्तीय रिपोर्टिंग ("मार्गदर्शक नोट") पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा पर मार्गदर्शक नोट और आईसीएआई द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानक जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के अंतर्गत निर्धारित होने योग्य हैं, के अनुरूप आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा की अधिकतम स्वीकार्य सीमा तक अपना लेखा परीक्षा किया है, ये दोनों ही आईसीएआई द्वारा जारी किए गए हैं और दोनों ही आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखा परीक्षा के लिए लागू हैं। इन मानक एवं मार्ग-दर्शननोट की अपेक्षा के अनुसार हम नैतिक अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और इस बारे में औचित्य पूर्ण आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षण की योजना बनाते हैं एवं लेखा परीक्षण करते हैं कि वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किए गये हैं तथा उसे बनाये रखा गया है या नहीं, और यदि ये नियंत्रण सभी महत्वपूर्ण मामलों में प्रभावी ढंग से परिचालित किए गये हों। 4 हमारे अंकेक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग एवं उनकी प्रचालन प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के बारे में अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के हमारे लेखा परीक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ, जोखिम निर्धारण जिसमें बड़ी कमजोरी विद्यमान हो तथा निर्धारित जोखिम पर आधारित आंतरिक नियंत्रण की डिजाइन एवं परिचालन प्रभावकारिता की जांच एवं मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रिया लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर है जिसमें चाहे धोखाधड़ी अथवा त्रुटियों के कारण ही भारतीय लेखा मानक के वित्तीय विवरणों में बड़ी गलतियों जैसे बड़े जोखिम का मूल्यांकन भी शामिल हैं। 5 हमने जो लेखा परीक्षण साक्ष्य प्राप्त किए है, उसके बारे में हमें विश्वास है कि वे कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारे अंकेक्षण संबंधी राय देने के आधार के लिए पर्याप्त और उचित हैं।	

विवरण	प्रबंधन का उत्तर
वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ: 6 हमारे अंकेक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग एवं उनकी प्रचालन प्रभावशीलता पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता के बारे में अंकेक्षण साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के हमारे लेखा परीक्षण में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ, जोखिम निर्धारण जिसमें बड़ी कमजोरी विद्यमान हो तथा निर्धारित जोखिम पर आधारित आंतरिक नियंत्रण की डिजाइन एवं परिचालन प्रभावकारिता की जांच एवं मूल्यांकन शामिल है। चयनित प्रक्रिया लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर है जिसमें चाहे धोखाधड़ी अथवा त्रुटियों के कारण ही भारतीय लेखा मानक के वित्तीय विवरणों में बड़ी गलतियों जैसे बड़े जोखिम का मूल्यांकन भी शामिल हैं। **वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं** 7 वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं जिसमें सांठ-गांठ अथवा नियंत्रण पर अनुचित प्रबंधन की अवहेलना की संभावना शामिल है, के कारण त्रुटि अथवा धोखाधड़ी वजह से वित्तीय गलतियां हो जाने जैसी घटना घट जाए और उसका पता नहीं भी लग सकता है। भावी अवधियों की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी मूल्यांकन का प्रदर्शन भी जोखिम वाले हो सकते हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण परिस्थितियों में परिवर्तन के कारण अपर्याप्त होने अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन में गिरावट जैसे जोखिम हो सकते हैं। **अभिमत/राय** 8 हमारी राय में, हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी के पास सभी महत्वपूर्ण मामलों में वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है तथा इस प्रकार की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण जहां 31 मार्च, 2022 को प्रभावी तरीके से परिचालित हो रही थी जो इंस्ट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय रिपोर्टिंग पर जारी आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के अंकेक्षण पर जारी मार्गदर्शी टिप्पणी में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रक केआवश्यक अवयवों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग की कसौटियां पर आधारित हैं।	

कृते एन.सी. बनर्जी एवं कंपनी
सनदी लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं. 302081E

(सीए अरविन्द कुमार)
साझेदार,
सदस्यता सं. 402203
यूडीआईएन- 22402203AINXPQ2539

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

कृते, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड

समीरन दत्ता
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
निदेशक (वित्त) एवं सीएफओ
(अतिरिक्त प्रभार)
डीआइएन - 08519303

तारीख : 06.05.2022
स्थान : धनबाद

परिशिष्ट - VII

No.CAR/CCL/A/c Audit/BCCL/2022-23/ 15
संख्या
No

सत्यमेव जयते

भारतीय लेखा तथा लेखा परीक्षा विभाग
INDIAN AUDIT AND ACCOUNTS DEPARTMENT
कार्यालय, महानिदेशक लेखापरीक्षा (कोयला)
OFFICE OF THE DIRECTOR GENERAL OF AUDIT (COAL)
कोलकाता / KOLKATA

दिनांक / Dated 06.07.2022

सेवा में,
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड,
कोयला भवन, कोयला नगर
धनबाद-826005

विषय: 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के वित्तीय लेखा पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6)(ख) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी।

महोदय,

मैं एतद् द्वारा 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के वित्तीय लेखा पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6)(ख) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी को अग्रसारित करती हूं।

इस पत्र की पावती भेजने की कृपा करें।

भवदीय,

संलग्नः यथोपरि।

(मौसमी राय भट्टाचार्य)
महानिदेशक, अंकेक्षण (कोयला)
कोलकाता

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 06 जुलाई, 2022

पुराना निजाम महल (प्रथम तल), 234/4, आचार्य जगदीश चन्द्र बोस रोड, कोलकाता-700 020
OLD NIZAM PALACE (First Floor), 234/4, Acharya Jagadish Ch. Bose Road, Kolkata-700 020
Phones : 2287-5380, 2287-7165, 2281-5784, 2290-0314, 2287-6836 Fax : 2288 0062
e-mail : dgacoalkol@cag.gov.in

31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के वित्तीय लेखा पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (6) (ख) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी

कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निर्धारित वित्तीय रिपोर्ट ढांचे के अनुरूप वर्षांत 31 मार्च, 2022 हेतु भारत कोकिंग कोल लि. के वित्तीय विवरण के निर्माण का उत्तरदायित्व कंपनी के प्रबंधन पर है। अधिनियम की धारा 139 (5) के अधीन भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक अधिनियम की धारा 143 (10) के तहत निर्धारित लेखा परीक्षा के मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा पर आधारित इन वित्तीय विवरणों पर, इस अधिनियम की धारा 143 के तहत अपनी राय व्यक्त करने के लिए जवाबदेह हैं। यह उनके द्वारा अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट दिनांक 06 मई, 2022 के माध्यम व्यक्त किया गया है।

मैंने, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की ओर से, अधिनियम की धारा 143(6)(क) के तहत 31 मार्च 2022 को समाप्त वर्ष के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की एक पूरक लेखापरीक्षा की है। यह पूरक लेखा परीक्षा वैधानिक लेखा परीक्षकों के कामकाजी कागजात तक पहुंच के बिना स्वतंत्र रूप से की गई है और मुख्य रूप से सांविधिक लेखा परीक्षकों और कंपनी कर्मियों की पूछताछ तथा कुछ लेखा अभिलेखों की चुनिंदा जांच तक सीमित है।

अपने पूरक लेखापरीक्षा के आधार पर, मैं इस अधिनियम की धारा 143 (6) (ख) के तहत निम्नलिखित महत्वपूर्ण मामलों को उजागर करना चाहती हूं जो मेरे ध्यान में आए हैं और जो मेरे विचार में वित्तीय विवरणों और संबंधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट की बेहतर समझ को सक्षम करने के लिए आवश्यक हैं:

क. लाभप्रदता पर टिप्पणी

लाभ एवं हानि का विवरण ए/ई

व्यय

संविदात्मक व्यय (टिप्पणी-31): ₹ 1962.11 करोड़

बीसीसीएल द्वारा नियुक्त ठेकेदार ने मार्च, 2022 तक 9348121.18 घन मीटर मलवा (ओवरबर्डन) और 617517.43 टन कोयले की निकासी की, जिसके लिए बीसीसीएल ने क्रमशः 7481789.40 घन मीटर मलवा (ओवरबर्डन) और 568188.51 टन कोयले की बुकिंग की। वास्तविक निकासी की तुलना में मलवा (ओवरबर्डन) एवं कोयले की कम बुकिंग के परिणामस्वरूप लाभ को अधिक बताया गया और दायित्व को 21.39 करोड़1 कम बताया गया।

ख. वित्तीय स्थिति पर टिप्पणी

ख.1 तुलन पत्र

व्यापार देय (टिप्पणी सं. 19): ₹ 800.26 करोड़

उपर्युक्त में पाथरडीह वाशरी के संबंध में ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले धुलाई शुल्क का प्रावधान शामिल नहीं है। धुलाई शुल्क के लिए अनुबंधित मूल्य ₹ 94 प्रति टन था।

1 {(ओवरबर्डन: 9348121.18-7481789.40)*₹ I13/ घन मीटर) 1(कोयला: 617517.43-568188.5)*₹ 61/टन}

बीसीसीएल बोर्ड ने धुलाई शुल्क में संशोधन कर इसे परिचालन (अर्थात 2020-21) के पहले वर्ष की शुरुआत से ही ₹ 153.85 प्रति टन की दर से ठेकेदार को भुगतान करने का अनुमोदन (जनवरी, 2022) प्रदान किया था। हालांकि, ठेकेदार को केवल अनुबंधित मूल्य ₹ 94 प्रति टन की दर से ही भुगतान किया गया था। पाथरडीह वाशरी में मार्च, 2022 तक 1573405.58 टन कोयले की धुलाई की गई। बोर्ड द्वारा दरों में संशोधन के बावजूद, बीसीसीएल ने केवल अनुबंधित मूल्य का भुगतान किया और बढ़े हुए मूल्य (₹ 59.85 प्रति टन) के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया था।

इसके परिणामस्वरूप व्यापार देय को कम बताया गया और ₹ 9.42 करोड़ (1573405.58 टन * ₹ 59.85 प्रति टन) का अधिक लाभ बताया गया।

ख.2प्रावधान (टिप्पणी सं. 21): गैर-वर्तमान- ₹1535.59 करोड़
प्रावधान (टिप्पणी सं. 21): वर्तमान-₹ 1032.78 करोड़

राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता एनसीडब्ल्यूए (NCWA) प्रत्येक पांच वर्ष पर किया जाता है और उसके बाद बीसीसीएल सहित सीआईएल तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों को अंतिम रूप दिया जाता है। एनसीडब्ल्यूए (NCWA)-XI के अनुसार यह वेतन संशोधन 01 जुलाई, 2021 से देय था। बीसीसीएल ने बहीखातों में वेतन संशोधन के लिए प्रस्ताव प्रावधानित किया था।

अपेक्षित वेतन संशोधन के लिए प्रावधान करने के बावजूद, बीमांकिक ने उसी दायित्व का आकलन इस धारणा के साथ किया जिसे पिछले वर्ष 2020-21 में बीमांकिक माना गया था और कर्मचारियों के वेतन संशोधन पर विचार किए बिना वर्ष के लिए देयता का आकलन किया था जो 01 जुलाई, 2021 से देय था।

उपर्युक्त के परिणामस्वरूप, वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति के लिए हित एवं लाभ के संबंध में प्रावधानों का दोषपूर्ण वर्णन हुआ है (राशि की मात्रा निर्धारित नहीं की गई है)।

कृते, भारत के नियंत्रक एवं
महालेखा परीक्षक की ओर से

(मौसमी राय भट्टाचार्य)
महानिदेशक, अंकेक्षण (कोयला)
कोलकाता

स्थान : कोलकाता
दिनांक : 06 जुलाई, 2022

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ और प्रबंधन का उत्तर 2021-22

नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ	प्रबंधन का उत्तर
क)लाभप्रदता पर टिप्पणी **लाभ एवं हानि खाते का विवरण** **संविदात्मक व्यय (टिप्पणी-31) – ₹ 1962.11 करोड़** बीसीसीएल द्वारा नियुक्त ठेकेदार ने मार्च, 2022 तक 9348121.18 घन मीटर मलवा (ओवरबर्डन) और 617517.43 टन कोयले की निकासी की, जिसके लिए बीसीसीएल ने क्रमशः 7481789.40 घन मीटर मलवा (ओवरबर्डन) और 568188.51 टन कोयले की बुकिंग की। वास्तविक निकासी की तुलना में मलवा (ओवरबर्डन) एवं कोयले की कम बुकिंग के परिणामस्वरूप लाभ को अधिक बताया गया और दायित्व को 21.39 करोड़ कम बताया गया। {(9348121.18-7481789.40) * ₹ I13/घन मीटर+(617517.43-568188.5)* ₹ 61/टन}।	कंपनी, अनुबंध की शर्तों के अनुसार वर्षों से लगातार इस प्रथा का पालन कर रही है। हालांकि, इसकी समीक्षा की जाएगी और तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवश्यक लेखांकन परिवर्तन किए जाएंगे।

सी एंड ए जी टिप्पणियाँ	प्रबंधन का उत्तर
क. वित्तीय स्थिति पर टिप्पणी **ख.1 तुलन पत्र** **व्यापार देय (टिप्पणी सं. 19): ₹ 800.26 करोड़** उपर्युक्त में पाथरडीह वाशरी के संबंध में ठेकेदार को भुगतान किए जाने वाले धुलाई शुल्क का प्रावधान शामिल नहीं है। धुलाई शुल्क के लिए अनुबंधित मूल्य ₹ 94 प्रति टन था। बीसीसीएल बोर्ड ने धुलाई शुल्क में संशोधन कर इसे परिचालन (अर्थात 2020-21) के पहले वर्ष की शुरुआत से ही ₹ 153.85 प्रति टन की दर से ठेकेदार को भुगतान करने का अनुमोदन (जनवरी, 2022) प्रदान किया था। हालांकि, ठेकेदार को केवल अनुबंधित मूल्य ₹ 94 प्रति टन की दर से ही भुगतान किया गया था। पाथरडीह वाशरी में मार्च, 2022 तक 1573405.58 टन कोयले की धुलाई की गई। बोर्ड द्वारा दरों में संशोधन के बावजूद, बीसीसीएल ने केवल अनुबंधित मूल्य का भुगतान किया और बढ़े हुए मूल्य (₹ 59.85 प्रति टन) के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया था। इसके परिणामस्वरूप व्यापार देय को कम बताया गया और ₹ 9.42 करोड़ (1573405.58 टन * ₹ 59.85 प्रति टन) का अधिक लाभ बताया गया।	**बिंदु सं. ख.1 का उत्तर:** उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) द्वारा यथा अनुशंसित मजदूरी के भुगतान की प्रक्रिया से संबंधित कुछ शर्तों को पूरा करने वाले ठेकेदार ही इस बढ़े हुए धुलाई शुल्क का भुगतान प्राप्त करने के अधीन है। ठेकेदार द्वारा आवश्यक शर्तों को पूरा करने के बाद ही इसे मान्यता दी जाएगी।
ख.2 प्रावधान (टिप्पणी सं. 21): गैर-वर्तमान- ₹1535.59 करोड़ **प्रावधान (टिप्पणी सं. 21): वर्तमान-₹ 1032.78 करोड़** राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता एनसीडब्ल्यूए (NCWA) प्रत्येक पांच वर्ष पर किया जाता है और उसके बाद बीसीसीएल सहित सीआईएल तथा उसकी अनुषंगी कंपनियों के कर्मचारियों के वेतन एवं भत्तों को अंतिम रूप दिया जाता है। एनसीडब्ल्यूए (NCWA)-XI के अनुसार यह वेतन संशोधन 01 जुलाई, 2021 से देय था। बीसीसीएल ने बहीखातों में वेतन संशोधन के लिए प्रस्ताव प्रावधानित किया था। अपेक्षित वेतन संशोधन के लिए प्रावधान करने के बावजूद, बीमांकिक ने उसी दायित्व का आकलन इस धारणा के साथ किया जिसे पिछले वर्ष 2020-21 में बीमांकिक माना गया था और कर्मचारियों के वेतन संशोधन पर विचार किए बिना वर्ष के लिए देयता का आकलन किया था जो 01 जुलाई, 2021 से देय था। **उपर्युक्त के परिणामस्वरूप, वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति के लिए हित एवं लाभ के संबंध में प्रावधानों का दोषपूर्ण वर्णन हुआ है (राशि की मात्रा निर्धारित नहीं की गई है)।**	**बिंदु सं. ख.2 का उत्तर:** लेखापरीक्षा की यह टिप्पणी उचित नहीं है क्योंकि बीमांकिक अनुमानों को भारतीय लेखा मानक 19, कर्मचारी लाभ के प्रासंगिक सिद्धांतों के अनुसार माना गया है। बीमांकिक अनुमानों के संबंध में भारतीय लेखा मानक 19, कर्मचारी लाभ के पैरा 75 से 98 को ध्यान में रखते हुए, यह स्पष्ट है कि कर्मचारियों के वार्षिक वेतन वृद्धि, मुद्रास्फीति, पदोन्नति एनसीडब्ल्यूए समझौते तथा अन्य प्रासंगिक कारक जैसा कि भारतीय लेखा मानक 19, कर्मचारी लाभ के लिए आवश्यक है, जैसे कारकों पर विचार करते हुए वेतन मुद्रास्फीति 6.25% एक दीर्घकालिक धारणा है। अत: कर्मचारियों के एनसीडब्ल्यूए को उनकी सेवा की औपचारिक योजना में पहले से ही 6.25% प्रति वर्ष की वेतन मुद्रास्फीति की दीर्घकालिक धारणाओं में माना जाता है। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, पूरक लेखापरीक्षा की यह टिप्पणी मान्य नहीं है क्योंकि यह भारतीय लेखा मानक की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है।

परिशिष्ट - VIII

सचिवीय लेखा प्रतिवेदन

फार्म सं.- एमआर-3

31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

[कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 204 (1) और कंपनी नियम, 2014 के नियम सं. 9 (प्रबंधकीय कार्मिक नियुक्ति एवं पारितोषिक) के आलोक में]

सचिवीय लेखा प्रतिवेदन	प्रबंधन की टिप्पणी
पूरी तरह से मूल्य ह्रास हो चुकी परिसंपत्तियां, जिनका सक्रिय उपयोग बंद हो चुका है, को सर्वे-ऑफ परिसंपत्तियों के रूप में परिसंपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के तहत इसके अपशिष्ट मूल्य पर अलग से प्रकट किए जाते हैं इनके हानिकरण की जांच कर जाती है। उत्पादन, सामानों की आपूर्ति अथवा कंपनी की किसी वर्तमान परिसंपत्ति तक पहुंच के लिए आवश्यक किसी खास परिसंपत्ति के निर्माण/विकास पर कंपनी द्वारा किए गए पूंजीगत खर्चों को परिसंपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के तहत परिसंपत्तियों को सक्षम/सक्रिय बनाने के रूप में स्वीकार किया जाता है।

भारतीय लेखा मानक में संक्रमण

लागत मॉडल के अनुसार रखाव मूल्य के साथ जारी रखने का कंपनी ने निर्णय लिया (पिछले जीएएपी के अनुसार भारतीय लेखा मानकों के संक्रमण की तिथि को आंके गए वित्तीय विवरणों में मान्य अपने सभी संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के लिए)।

8.खदान बंदी, भूमि पुनरुद्धार एवं बंदीकरण दायित्व

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार खुली एवं भूमिगत दोनों खानों के लिए बनी संरचनाओं को समाप्त/बंद करने एवं भूमि पुनरुद्धार का दायित्व कंपनी का है। कंपनी खान बंदी, भूमि पुनरुद्धार एवं करारों/ दायित्वों की समाप्ति के लिए आवश्यक कार्य में लगने वाली धनराशि एवं समय तथा भविष्य में नकद खर्च के विस्तृत तकनीकी आकलन एवं गणना के आधार पर अपने दायित्व का आकलन करती है। खदान बंदी खर्च अनुमोदित खदान बंदी योजना के अनुसार ही प्रदान किया जाता है। मुद्रास्फीति के लिए खर्चों के आकलन को तेज किया जाता है और तब छूट की दर पर छूट दी जाती है जो वर्तमान बाजार मूल्य एवं जोखिम के निर्धारण को इस प्रकार प्रतिबिंबित करती है कि प्रावधान की गयी राशि दायित्व निपटारे के लिए अपेक्षित आवश्यक खर्चों के वर्तमान मूल्य को प्रतिबिंबित करे। कंपनी पूर्णरूपेण पुनरुद्धार तथा खदान बंदी के दायित्व से जुड़ी समरूप परिसंपत्ति का रिकार्ड रखती है। दायित्व एवं समरूप परिसंपत्ति की पहचान उसी अवधि में की जाती है जिसमें देयता उत्पन्न होती है। खदान बंदी योजना के अनुसार भूमि पुनर्स्थापन की कुल लागत को निरूपित करने वाली परिसंपत्ति (जैसा कि सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड में प्राक्कलित किया गया है) को पीपीई . में एक अलग मद के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है तथा परियोजना/खान के शेष जीवन के लिए परिशोधित किया जाता है।

प्रावधान का मूल्य समय से समय के साथ-साथ उत्तरोत्तर बढ़ता जाता है क्योंकि छूट में कमी होती जाती है, जिसमें एक ख़र्च कर सृजन होता है तथा वित्तीय व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है।

इसके अलावा, अनुमोदित खान बंदी योजना के अनुसार इस उद्देश्य के लिए एक विशिष्ट एस्क्रो फंड खाता का रखरखाव किया जाता है।

कुल खदान बंदी बाध्यता के हिस्से के रूप में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर किए गए प्रगतिशील खदान बंद करने के खर्च को शुरू में एस्क्रो खाते से प्राप्य माना जाता है और उसके बाद उस वर्ष में दायित्व के साथ समायोजित किया जाता है जिसमें प्रमाणित एजेंसी की सहमति के बाद राशि वापस ले ली जाती है।

9. अन्वेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियां

अन्वेषण और मूल्यांकन परिसंपत्तियों में पूंजीगत लागत शामिल होती है जो कोयले और संबंधित संसाधनों की खोज, तकनीकी व्यवहार्यता के लंबित निर्धारण तथा पहचान किए गए संसाधन की वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आकलन के लिए जिम्मेदार होती है, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं :-

- अन्वेषण करने हेतु अधिकारों की प्राप्ति
- शोध और ऐतिहासिक अन्वेषण डाटा का विश्लेषण;

- स्थलाकृतिक, भू-रासायनिक एवं भू-भौतिकी अध्ययनों के जरिए अन्वेषण के आँकड़ों को एकत्रित करना।
- अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग, ट्रेंचिंग एवं नमूना संग्रहण।
- संसाधनों की मात्रा एवं श्रेणी का निर्धारण एवं करना।
- परिवहन एवं संरचनात्मक आवश्यकताओं का सर्वेक्षण करना।
- बाजार और वित्तीय अध्ययन करना।

उपर्युक्त में कर्मचारियों का मानदेय, वस्तुओं की कीमत एवं प्रयुक्त ईंधन, ठेकेदारों आदि का भुगतान शामिल है।

चूंकि अप्रत्यक्ष संघटक होने वाली समग्र अनुमानित प्रत्यक्ष लागतों का एक निरर्थक एवं पृथक विचार न करने योग्य भाग को प्रस्तुत करता है जिसकी पूर्ति भावी उपयोग से की जाने की अपेक्षा है, इसलिए अन्य पूंजीकृत अन्वेषणात्मक खर्चों के साथ इन खर्चों को अन्वेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों के रूप में रिकार्ड किया जाता है।

परियोजना की तकनीकी संभाव्यता एवं व्यावसायिक उपयोगिता के निर्धारण को लंबित रखते हुए परियोजना द्वारा परियोजना के आधार पर अन्वेषण एवं मूल्यांकन लागतों को पूंजीकृत किया जाता है तथा गैर-वर्तमान परिसंपत्तियों के तहत अलग लाइन आइटम के रूप में प्रकट किया जाता है। बाद में उन्हें संचित प्रावधान से कम लागत पर मापा जाता है।

एक बार जब प्रमाणित भंडार का निर्धारण कर लिया जाता है एवं खदानों/परियोजना के विकास के लिए स्वीकृति दे दी जाती है तो पूंजीगत चालू कार्य के तहत अन्वेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों को "विकास" के लिए स्थानांतरित कर दिया जाता है हालांकि यदि प्रमाणित भंडार का निर्धारण नहीं किया जाता है, तो अन्वेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्ति को अमान्य कर दिया जाता है।

10. विकास खर्च

जब प्रमाणित भंडार का निर्धारण कर लिया जाता है तथा खानों/परियोजना के विकास की स्वीकृति दे दी जाती है, तो "विकास" मद के अंतर्गत पूंजीकृत अन्वेषण एवं मूल्यांकन लागत को परिसंपत्ति के रूप में मान्यता दी जाती है। बाद के सभी विकास खर्चों को पूंजीकृत किया जाता है। पूंजीगत विकास व्यय, विकास के चरण के दौरान निकाले गए कोयले की बिक्री से प्राप्त आय का शुद्ध होता है।

व्यावसायिक परिचालन

परियोजना/खदानों से राजस्व प्राप्त होता है; जब परियोजना रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लिखित शर्तों के आधार पर अथवा निम्नलिखित कसौटियों के आधार पर परियोजना/खदान व्यावसायिक तौर पर टिकाऊ होने के आधार पर उत्पादन करने के लिए तैयार हो जाती है:

(क) अनुमोदित परियोजना रिपोर्ट के अनुसार निर्धारित क्षमता का 25% वास्तविक उत्पादन जिस वर्ष परियोजना से होता है, उस वर्ष के तुरंत बाद वाले वित्तीय वर्ष की शुरूआत से, अथवा

(ख) कोयला तक पहुंचने के दो वर्ष बाद, अथवा

(ग) उस वर्ष के बाद वाले वित्तीय वर्ष की शुरूआत से जिस वर्ष में उत्पादन का मूल्य कुल खर्चों से अधिक होता है।

उपर्युक्त में से जो भी पहले घटित हो।

राजस्व प्राप्त होना आरंभ होने पर, चालू पूंजीगत कार्य के तहत परिसंपत्तियों को "अन्य खनन आधारभूत संरचना" नामावली के तहत संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण के संघटक के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जाता है। अन्य खनन आधारभूत संरचना को उस वर्ष से परिशोधित किया जाता है जब खदान को 20 वर्षों या परियोजना का कामकाजी जीवन जो भी कम हो, में राजस्व के अधीन लाया जाता है।

अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियां

अलग से अधिग्रहीत की गई अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों को प्रारंभिक लागत पर मापा जाता है। व्यावसायिक संगठन में अधिग्रहीत अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों की लागत अधिग्रहण की तिथि को उनका उचित मूल्य होता है। प्रारंभिक मान्यता का अनुसरण करते हुए अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों को किसी संचित परिशोधन (उनके उपयोगी जीवन काल के दौरान स्ट्रेट लाइन आधार पर परिकलित) एवं संचित हानिकरण क्षति, यदि कोई है, से कम लागत पर लिये जाते हैं।

पूंजीगत विकास लागत को छोड़कर आंतरिक रूप से सृजित अप्रत्यक्ष/अमूर्त परिसंपत्तियों को पूंजीकृत नहीं किया जाता है। बल्कि संबंधित व्यय को लाभ हानि विवरण एवं जिस अवधि में खर्च हुआ है, उस अवधि में अन्य व्यापक आय में स्वीकार किया जाता है। अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों के उपयोगी जीवन का निर्धारण सीमित या असीमित के रूप में किया जाता है। सीमित जीवन वाली प्रत्यक्ष परिसंपत्तियों को उनके उपयोगी आर्थिक जीवन के दौरान परिशोधित कर दिया जाता है तथा जब कभी यह संकेत होता है कि अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति हानिकर हो सकती है, तो इसके हानिकरण के लिए मूल्यांकन किया जाता है। सीमित उपयोगी जीवन सहित किसी अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति के लिए हानिकरण अवधि एवं हानिकरण विधि की समीक्षा कम से कम प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि की समाप्ति पर की जाती है। अपेक्षित उपयोगी जीवन अथवा परिसंपत्ति में सम्मिलित भावी आर्थिक लाभों के उपयोग के अपेक्षित तरीकों में परिवर्तनों के लिए परिशोधन अवधि अथवा विधि में यथोचित संशोधन पर विचार किया जाता है। जिसे लेखाकरण प्राक्कलनों में परिवर्तन के रूप में माना जाता है। सीमित जीवन के साथ अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों पर परिशोधन व्यय को लाभ व हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

असीमित उपयोगी जीवन के साथ किसी अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति को परिशोधित नहीं किया जाता है बल्कि प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को इसके हानिकरण की जांच की जाती है।

किसी अप्रत्यक्ष परिसंपत्ति के अस्वीकरण से होने वाले फायदे एवं नुकसान को परिसंपत्ति के निवल निपटान लाभ एवं वहन राशि के बीच के अंतर के रूप में मापा जाता है और जो लाभ-हानि विवरण में मान्य होता है।

बाहरी एजेंसियों (यानी ब्लॉक के लिए, सीआइएल के लिए अलग से नहीं) को बेचने के लिए चिह्नित अथवा बेचे जाने के लिए प्रस्तावित ब्लॉकों के लिए मदद पहुंचाने वाली अन्वेषण एवं मूल्यांकन परिसंपत्तियों को फिर भी अप्रत्यक्ष परिसंपत्तियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है तथा हानिकरण के लिए जांच की जाती है।

जैसा और जब भी होअनुसंधान और विकास को एक व्यय के रूप में माना जाता है।

12. परिसंपत्तियों का ह्रास (वित्तीय परिसंपत्तियों के अलावा)

कंपनी कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में ऐसे किसी संकेत का मूल्यांकन करती है कि क्या ऐसा कोई संकेत है कि किसी परिसंपत्ति में कमी या क्षति हो सकती है या नहीं। यदि इस प्रकार का कोई संकेत रहता है तो कंपनी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि परिसंपत्ति अथवा नकदी सृजन करने वाली इकाई के प्रयोग मूल्य से अधिक होती है। इसका उचित मूल्य निपटान लागत से कम होता है तथा इसका निर्धारण किसी व्यक्तिगत परिसंपत्ति के लिए तब तक किया जाता है जब तक कि परिसंपत्ति नकद प्रवाह को सृजित नहीं कर लेती है जिसमें नकद वसूली योग्य राशि उस नकद सृजन करने वाली इकाई के लिए निर्धारित की जाती जिससे परिसंपत्ति जुड़ी होती है। कंपनी हानिकरण की जांच करने के उद्देश्य से पृथक खदानों को अलग नकदी सर्जक इकाई मानती है।

यदि किसी परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि को वहन राशि से कम आंका जाता है, तो परिसंपत्ति की वहन राशि को इसकी वसूली योग्य राशि तक कम कर दिया जाता है तथा हानिकरण क्षति को लाभ-हानि विवरण में मान्यता दी जाती है।

13. निवेश संपत्ति

वस्तुओं अथवा सेवाओं के उत्पादन अथवा प्रशासनिक उद्देश्य, अथवा व्यवसाय के सामान्य दौर में बिक्री हेतु उपयोग के बजाय किराया या पूंजी मूल्यांकन के लिए उपयोग हेतु रखी गई भूमि या भवन या भवन का कोई भाग या दोनों को निवेशित संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

संबंधित लेन-देन लागत सहित और जहां लागू हो वहां उधार वाली लागत सहित निवेशित संपत्ति को इसकी प्रारंभिक लागत पर मापा जाता है।

निवेशित संपत्तियों का उनके अनुमानित उपयोगी जीवन काल में स्ट्रेट लाइन पद्धति का प्रयोग करके मूल्यह्रास होता है।

14. वित्तीय दस्तावेज (लिखत)

एक वित्तीय दस्तावेज (लिखत) कोई भी अनुबंध है जो एक इकाई की वित्तीय परिसंपत्ति और किसी अन्य इकाई की एक वित्तीय देयता या इक्विटी साधन को सृजित करता है।

14.1 वित्तीय परिसंपत्तियां

14.1.1 प्रारंभिक मान्यता एवं मापन

लाभ या हानि और ट्रांजेक्शन लागत जो वित्तीय परिसंपत्ति के अधिग्रहण के लिए जिम्मेदार हैं, के जरिए वित्तीय परिसंपत्तियों को रिकार्ड नहीं किए जाने की स्थिति में वित्तीय परिसंपत्तियों को शुरू में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है। वित्तीय परिसंपत्तियों की खरीद अथवा बिक्रियों जिसे विनियम अथवा परंपरा द्वारा बाजार में एक सीमा के अंदर परिसंपत्तियों की सुपुर्दगी की आवश्यकता पड़ती है, को ट्रेड की तिथि यानी कंपनी परिसंपत्ति की खरीद अथवा बिक्री के लिए जिस तिथि को प्रतिबद्ध है, उस तिथि को मान्यता दी जाती है।

14.1.2 परिवर्ती मापन

परिवर्ती मापन के लिए वित्तीय परिसंपत्तियों को चार श्रेणियों में बांटा जाता है :

- परिशोधित लागत पर ऋण दस्तावेज।
- अन्य सघन आय के जरिए उचित मूल्य पर ऋण दस्तावेज (FVTOCI) के जरिए।
- लाभ या हानि के जरिए उचित मूल्य पर ऋण दस्तावेज, डेरिवेटिव एवं इक्विटी दस्तावेज (FVTPL)
- अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य पर मापे गए इक्विटी दस्तावेज (FVTOCI)

14.1.2.1 परिशोधित लागत पर ऋण दस्तावेज

यदि निम्नलिखित दोनों शर्तें पूरी होती है तो 'ऋण दस्तावेज' को परिशोधित लागत पर मापा जाता है:

(क) परिसंपत्ति व्यापार मॉडल के अंदर हो जिसका उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह के लिए परिसंपत्ति रखनी होती है तथा

(ख) परिसंपत्ति की संविदात्मक शर्तें नकदी प्रवाह को विनिर्दिष्ट तिथि को बढ़ने देती है जो बकाये मूलधन पर मूलधन एवं ब्याज (एसएसपीआई) का एकमात्र भुगतान होते हैं।

प्रारंभिक मापन के बाद इस प्रकार की वित्तीय परिसंपत्तियों को प्रभावी ब्याज दर (EIR) पद्धति का प्रयोग करते हुए परिशोधित लागत पर मापा जाता है। परिशोधित लागत की गणना- अधिग्रहण एवं शुल्क या मूल्य/लागत जो ईआईआर का हिस्सा है, पर किसी छूट या किस्त को ध्यान में रखकर की जाती है। ईआईआर परिशोधन लाभ या हानि में वित्तीय आय में शामिल किया गया है। हानिकरण के कारण होने वाली क्षति को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

14.1.2.2 एफवीटीओसीआई (FVTOCI) पर ऋण दस्तावेज

यदि निम्नलिखित दोनों मानकों को पूरा किया जाता है तो ''ऋण दस्तावेज'' को एफवीटीओसीआई के रूप में वर्गीकृत किया जाता है:

(क) व्यापार मॉडल का उद्देश्य संविदात्मक नकदी प्रवाह एवं वित्तीय परिसंपत्ति की बिक्री दोनों से पूरा किया जाता है, और

(ख) परिसंपत्तियों का संविदात्मक नकदी प्रवाह के एसपीपीआई के निरूपण करता है।

एफवीटीओसीआई श्रेणी के अंतर्गत के ऋण दस्तावेजों का प्रारंभिक तौर पर साथ ही साथ प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि को उचित मूल्य पर मूल्यांकन किया जाता है। उचित मूल्य के बदलाव को अन्य व्यापक आय (OCI) में मान्यता प्रदान की जाती है। हलांकि कंपनी ब्याज से होने वाली आय, हानिकरण से होने वाले नुकसान एवं उलटाव तथा विदेशी मुद्रा लाभ व हानि को लाभ व हानि (P&L) में स्वीकार करती है। परिसंपत्ति के अस्वीकरण पर संचित लाभ अथवा हानि को पहले अन्य व्यापक आय (OCI) में मान्यता दी जाती थी, उसे लाभ व हानि (P&L) के लिए इक्विटी से पुनर्वर्गीकृत किया गया है। पीवीटीओसीआई ऋण पत्र/दस्तावेज से अर्जित ब्याज को ई आई आर पद्धति का उपयोग करते हुए ब्याज आय के रूप में रिपोर्ट की जाती है।

14.1.2.3. एफ वी टी पी एल पर ऋण-पत्र/दस्तावेज

एफवीटीपीएल ऋण पर/दस्तावेज के लिए अपशिष्ट श्रेणी है। कोई भी ऋण पत्र/दस्तावेज जो परिशोधित लागत के रूप में अथवा एफवीटीओसीआई के रूप में वर्गीकरण के लिए कसौटी/मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उसे एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी एक ऋण -पत्र/दस्तावेज को नामित/निर्दिष्ट करने का चुनाव कर सकती है, जो अन्यथा एफ वी टी पी एल के रूप में परिशोधित लागत या एफवीटीओसीआई मानदंडों को पूरा कराती है। हालांकि ऐसे चुनावों की अनुमति केवल तभी दी जाती है, जब ऐसा करने से माप या मान्यता असंगतता में कमी या समापन होता है (जिसे लेखाकरण बेमेल कहा जाता है) कंपनी ने किसी भी ऋण पत्र/दस्तावेज को एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया है।

एफवीटीपीएल श्रेणी में शामिल ऋण पत्रों को उचित मूल्य पर लाभ और हानि में मान्यता प्राप्त सभी परिवर्तनों के साथ मापा जाता है।

14.1.2.4. मान्यता समाप्त करना

एक वित्तीय परिसंपत्ति (या, जहां लागू हो, वित्तीय परिसंपत्ति का एक हिस्सा या समान वित्तीय परिसंपत्तियों के एक समूह का हिस्सा) को मुख्य रूप से तब अमान्य कर दिया गया गई है (यानी तुलन पत्र से हटा दिया गया है) जब -

- संपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के अधिकार की समय सीमा समाप्त हो गई है, अथवा
- कंपनी ने संपत्ति से नकदी प्रवाह प्राप्त करने के लिए अपने अधिकारों को हस्तांतरित कर दिया है या "पास-थ्रू" व्यवस्था के तहत किसी तीसरे पक्ष को बिना भौतिक देरी के प्राप्त नकदी प्रवाह का भुगतान करने का दायित्व मान लिया है; और (क) कंपनी ने परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को काफी हद तक स्थानांतरित कर दिया है, या (ख) कंपनी ने संपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को न तो स्थानांतरित किया है और न ही बरकरार रखा है, लेकिन परिसंपत्ति का हस्तांतरित नियंत्रण कंपनी के पास है।

जब कंपनी ने परिसंपत्ति से नकदी प्रवाह को प्राप्त करने के अपने अधिकारों को हस्तांतरित कर दिया है, अथवा पास-थ्रू व्यवस्था अपना ली है, तो वह मूल्यांकन करती है कि वह और किस हद तक इसके स्वामित्व के जोखिमों और पुरस्कारों को अधिकार में बनाए रखती है। जब कंपनी ने न तो हस्तांतरित किया है और न ही परिसंपत्ति के सभी जोखिमों और पुरस्कारों को बनाए रखा है और न ही परिसंपत्ति का नियंत्रण ही हस्तांतरित किया है, जब तक कंपनी की सहभागिता जारी रहती है तब तक यह हस्तांतरित परिसंपत्ति को मान्यता देना जारी रखती है। उस मामले में कंपनी जुड़ी हुई देयता को भी मान्यता देती है। हस्तांतरित परिसंपत्ति एवं इससे जुड़ी देयता को जिस आधार पर मापा जाता है वह कंपनी के पास के अधिकारों एवं दायित्वों को प्रदर्शित करता है। हस्तांतरित संपत्ति पर गारंटी का रूप लेते हुए जारी होने वाली संपत्ति को मूल वहन राशि से कम पर और कंपनी के विचारार्थ अधिकतम राशि जिसे कंपनी को पुनः भुगतान की आवश्यकता पड़ सकती है, पर मापा जाता है।

14.1.2.5. वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि (उचित मूल्य के अलावा)

कंपनी भारतीय लेखा मानक 109 (Ind AS 109) के अनुसार निम्नलिखित वित्तीय परिसंपत्तियों एवं क्रेडिट जोखिम एक्सपोजर पर हानिकरण/क्षति के मापन/मूल्यांकन एवं मान्यता के लिए अपेक्षित क्रेडिट लॉस (ECL) मॉडल लागू करती है:

(क) वित्तीय परिसंपत्तियां जो ऋण-पत्र/दस्तावेज हैं तथा जिन्हें परिशोधित लागत यानी ऋण, ऋण प्रतिभूतियाँ, जमा, ट्रेड प्राप्य एवं बैंक शेष पर मापा जाता है,

(ख) वित्तीय परिसंपत्तियां जो ऋण-पत्र/दस्तावेज हैं एवं एफवीटीओसीआई के रूप में मापा जाता है,

(ग) भारतीय लेखा मानक 17 के तहत प्राप्य पट्टा, और

(घ) ट्रेड प्राप्तियां या किसी अन्य वित्तीय परिसंपत्ति का अधिग्रहण करने का कोई संविदात्मक अधिकार जो कि भारतीय लेखा मानक 11 एवं भारतीय लेखा मानक 18 के दायरे के अंदर है।

कंपनी निम्नलिखित पर हानिकरण क्षति भत्ता की मान्यता के लिए "सरलीकृत दृष्टिकोण"अपनाती है:

- ट्रेड प्राप्तियां अथवा संविदात्मक राजस्व प्राप्तियां, और
- भारतीय लेखा मानक 17 के दायरे के अंदर लेन-देन से उत्पन्न सभी पट्टे प्राप्य।

सरलीकृत दृष्टिकोण के प्रयोग से कंपनी को क्रेडिट जोखिम में परिवर्तनों को ट्रैक करने की आवश्यकता नहीं होती है। बल्कि यह प्रत्येक रिपोर्टिंग की तारीख को जीवन काल ईसीएल के आधार पर हानिकरण हानि भत्ता को ठीक इसकी प्रारंभिक तारीख से मान्यता देती है।

14.2. वित्तीय देयताएं

14.2.1. प्रारंभिक मान्यता एवं मापन

कंपनी की वित्तीय देयताओं में ट्रेड एवं अन्य देय, ऋण एवं बैंक ओवर ड्राफ़्ट सहित उधारियां शामिल हैं।

सभी वित्तीय देयताओं को आरंभ में उचित मूल्य पर मान्यता दी जाती है और ऋण और उधार तथा देय राशियों के मामले में प्रत्यक्ष तौर पर आरोप्य निवल लेन-देन लागतों पर मान्यता दी जाती है।

14.2.2. परिवर्ती मापन/मूल्यांकन

वित्तीय देयताओं का मूल्यांकन जैसा कि नीचे वर्णित है, उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है :

14.2.2.1. लाभ व हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं

लाभ व हानि के जरिए उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं में ट्रेडिंग के लिए रखी वित्तीय देयताएं शामिल हैं तथा वित्तीय देयताओं को लाभ व हानि के जरिए उचित मूल्य पर प्रारंभिक मान्यता पर नामित किया जाता है। वित्तीय देयताओं को ट्रेडिंग के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि वे निकट अवधि में फिर से खरीद के उद्देश्य के कारण उत्पन्न हुई हों। इस श्रेणी में कंपनी द्वारा दर्ज डेरिवेटिव फाइनोशिंयल इंस्ट्रूमेंट्स भी शामिल है, जिन्हें भारतीय लेखा मानक 109 द्वारा परिभाषित बचाव संबंधों में हेजिंग इंस्ट्रूमेंट के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया गया है। अलग-अलग एम्बेडेड डेरिवेटिव्स को भी वर्गीकृत किया जाता है जब तक कि उन्हें प्रभावी हेजिंग साधनों के रूप में निर्दिष्ट नहीं किया जाता है।

ट्रेडिंग के लिये रखी हुई देयताओं पर फायदा या नुकसान को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है।

लाभ या हानि के माध्यम से प्रारंभिक मान्यता और उचित मूल्य पर निर्दिष्ट वित्तीय देयताओं को मान्यता की प्रारंभिक तारीख को उसी रूप में निर्दिष्ट किया जाता है एवं केवल तभी यदि भारतीय लेखा मानक 109 (Ind AS 109) की कसौटी को पूरा किया जाता है। एफवीटीपीएल के रूप में निर्दिष्ट देयताओं, अपने क्रेडिट जोखिमों में परिवर्तन लाने के लिए आरोप्य उचित मूल्य लाभ/नुकसानों को ओसीआई में मान्यता दी जाती है। इन लाभ/हानियों को बाद में लाभ और हानि में हस्तांतरित नहीं किया जाता है। हालांकि कंपनी संचित लाभ/हानि को इक्विटी में हस्तांतरित कर सकती है। ऐसी देनदारी के उचित मूल्य में सभी अन्य परिवर्तनों को लाभ व हानि विवरण में मान्यता दी जाती है। कंपनी ने उचित मूल्य पर किसी वित्तीय देनदारी को निर्दिष्ट नहीं किया है।।

14.2.2.2. परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं

प्रारंभिक मान्यता के बाद प्रभावी ब्याज दर पद्धति का प्रयोग करते हुए इन्हें बाद में परिशोधित लागत पर मापा जाता है। नफा और नुकसान को लाभ या हानि में मान्यता दी जाती है जब देयताओं को साथ ही साथ प्रभावी ब्याज दर परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता समाप्त कर दी जाती है। परिशोधित लागत की गणना अधिग्रहण पर किसी छूट या प्रीमियम और शुल्क या लागत जो प्रभावी ब्याज दर का एक अभिन्न अंग है, को ध्यान में रखकर की जाती है जो। प्रभावी ब्याज दर परिशोधन को लाभ व हानि विवरण में वित्तीय लागत के रूप में शामिल किया जाता है। यह श्रेणी प्रायः उधारियों पर लागू होती है।।

14.2.2.3. मान्यता समाप्त करना

जब देयता के तहत वित्तीय देनदारियों के दायित्व मुक्त हो जाता है या निरस्त हो जाता है अथवा समाप्त हो जाता है तो वित्तीय देनदारी की मान्यता समाप्त कर दी जाती है। जब किसी वर्तमान वित्तीय देयता को दूसरे समान उधारदाता द्वारा वास्तविक रूप से भिन्न शर्तों पर प्रतिस्थापित किया जाता है, अथवा वर्तमान देनदारी की शर्तों में वास्तविक संशोधन किया जाता है, तो ऐसे किसी परिवर्तन अथवा संशोधन को मूल देयता का अस्वीकरण एवं नई देयता का स्वीकरण माना जाता है। समाप्त कर दी गई या दूसरी पार्टी को हस्तांतरित कर दी गई अथवा देयताएं मान ली गई वित्तीय देयता (वित्तीय देयता का हिस्सा) का पिछले शेष के बीच के अंतर को लाभ व हानि में स्वीकार किया जाएगा।

14.3. वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्वर्गीकरण

कंपनी प्रारंभिक मान्यता पर वित्तीय परिसंपत्तियों एवं देयताओं के वर्गीकरण निर्धारित करती है। प्रारंभिक मान्यता के बाद वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है। क्योंकि ये इक्विटी दस्तावेज एवं वित्तीय देयताएं होती हैं। जो वित्तीय परिसंपत्तियां इक्विटी इंस्ट्रूमेंट तथा वित्तीय देयताएं होती है, उनके लिए प्रारंभिक मान्यता के बाद पुनर्वर्गीकरण नहीं किया जाता है। वित्तीय परिसंपत्तियां जो ऋण पत्र/दस्तावेज होती है, उनके लिए पुनर्वर्गीकरण तभी किया जाता है जब उन परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यापार मॉडल में परिवर्तन होता है। व्यापार मॉडल में ऐसे परिवर्तनों की अपेक्षा बारंबार की जाती है। कंपनी के उच्च प्रबंधन द्वारा कंपनी के लिए बाहरी या आंतरिक परिवर्तनों जो कंपनी के परिचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं, के परिणामस्वरूप ही व्यापार मॉडल में परिवर्तन निर्धारित किया जाता है। ऐसे परिवर्तन बाहरी पार्टियों के लिए साक्ष्य होते हैं। कंपनी अपने परिचालन के लिए किसी महत्वपूर्ण गतिविधि की या तो शुरूआत करती है अथवा समाप्त करती है, तभी व्यापार मॉडल में परिवर्तन होता है। यदि कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों को पुनर्वर्गीकृत करती है, तो वह उस पुनर्वर्गीकरण को उसकी प्रत्याशित तिथि से लागू करती है जो व्यापार मॉडल में परिवर्तन से पहले की रिपोर्टिंग अवधि की ठीक बाद का पहला दिन होता है। कंपनी पिछली किसी स्वीकृति प्राप्तियों, नुकसानों (हानिकरण लाभ व हानि शामिल करके) अथवा ब्याज को पुनः निश्चित नहीं करती है।

निम्नलिखित सारणी में विभिन्न पुनर्वर्गीकरण एवं उनकी लेखांकन विधि को दर्शाया गया है :

मूल वर्गीकरण	संशोधित वर्गीकरण	लेखा विवेचन
परिशोधित लागत	एफ वी टी पी एल	उचित मूल्य का मूल्यांकन पुनर्वर्गीकरण की तारीख को किया जाता है। पिछली परिशोधित लागत एवं उचित मूल्य के बीच के अंतर को लाभ और हानि में स्वीकार किया जाता है।
एफ वी टी पी एल	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख का उचित मूल्य इसके नए सकल वहन शेष राशि बन जाती है। इसी नई सकल वहन शेष राशि के आधार पर ई आई आर की गणना की जाती है।
परिशोधित लागत	एफ वी टी ओ सी आई	पुनर्वर्गीकरण की तारीख को उचित मूल्य का मूल्यांकन किया जाता है। पिछली परिशोधित लागत और उचित मूल्य के बीच के अंतर को ओ सी आई में स्वीकार किया जाता है। पुनर्वर्गीकरण के कारण ई आई आर में कोई परिवर्तन नहीं होता है।
एफ वी टी ओ सी आई	परिशोधित लागत	पुनर्वर्गीकरण की तारीख को उचित मूल्य इसकी नई परिशोधित लागत की वहन राशि बन जाती है। हालांकि, ओ सी आई में संचित लाभ व हानि को उचित मूल्य के साथ समायोजित किया जाता है। परिणामस्वरूप परिसंपत्ति को इस प्रकार से मापा जाता है मानो इसे परिशोधित लागत पर ही हमेशा मापा जाता है।
एफ वी टी पी एल	एफ वी टी ओ सी आई	पुनर्वर्गीकरण की तारीख को उचित मूल्य नयी वहन राशि बन जाता है। अन्य किसी समायोजन की आवश्यकता नहीं पड़ती है।
एफ वी टी ओ सी आई	एफ वी टी पी एल	परिसंपत्तियों का उचित मूल्य पर मूल्यांकन किया जाना जारी रहता है। ओसीआई में स्वीकृत/मान्य संचित नफा या नुकसान पुनर्वर्गीकरण की तारीख को लाभ और हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत किया जाता है।

14.4. वित्तीय दस्तावेजों (लिखतों) का समायोजन (ऑफसेटिंग)

वित्तीय परिसंपत्तियां एवं वित्तीय देयताओं को समायोजित किया जाता है और यदि स्वीकृत राशि के समायोजन का कानूनी अधिकार वर्तमान में प्रवर्तनीय है तथा परिसंपत्तियों की वसूली और देयताएं दोनों का शुद्ध राशि के आधार पर निपटान एक साथ करने की प्रवृति हो, तो शुद्ध राशि को समेकित तुलन-पत्र में प्रस्तुत किया जाता है।

15. उधार लागत

उधार लागतें ऐसी उधार लागतों जो सीधे तौर पर अर्हकारी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन के लिए जिम्मेदार है, यानी वे परिसंपत्तियां जो अपने इच्छित उपयोग के लिए तैयार होने में आवश्यक रूप से पर्याप्त समय लेती हैं, को छोड़कर एक प्रकार के यथा आवश्यक खर्चे हैं। इस मामले में उन्हें उस तारीख तक उन परिसंपत्तियों की लागत के एक भाग के रूप में पूंजीकृत किया जाता है, जिस तारीख को अपने इच्छित उपयोग के लिए अर्हकारी परिसंपत्ति तैयार होती है।

16. कराधान

आयकर व्यय वर्तमान में देय कर और विलंबित कर के योग को दर्शाता है।

किसी खास अवधि के लिए कर योग्य लाभ (कर हानि) के संबंध में देय (वसूली योग) आयकर की राशि वर्तमान कर है। लाभ एवं हानि एवं अन्य व्यापक आय के विवरण में जैसा कि वर्णित है "आयकर पूर्व लाभ" से कर योग्य लाभ भिन्न है क्योंकि इसमें वह आय के व्यय मद में शामिल हैं जो दूसरे वर्षों में कर योग्य अथवा कटौती योग्य होते हैं तथा इसमें वे मद भी शामिल हैं जो कभी कर योग्य या कटौती योग्य नहीं होते हैं। वर्तमान कर के लिए कंपनी की देयता की गणना उन कर दरों का उपयोग करके की जाती है, जिन्हें रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक अधिनियमित या संज्ञानात्मक रूप से अधिनियमित किया गया है।

आस्थगित कर देयताएं आमतौर पर सभी कर योग्य अस्थायी अंतरों के लिए मान्य होती हैं। सामान्य तौर पर सभी कटौती योग्य अस्थायी शेष के लिए उस सीमा तक विलंबित कर को मान्यता दी जाती है कि कर इसकी संभावना है कि कर कर योग्य लाभ उपलब्ध रहेगा जिसके लिए उस कटौती योग्य अस्थायी अंतर का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार की परिसंपत्तियां एवं देयताओं को मान्यता नहीं दी जाती है, यदि अस्थायी शेष सद्भाव अथवा लेन-देन में अन्य परिसंपत्तियों एवं देयताओं से उत्पन्न हुआ है जो न तो कर योग्य लाभ को न ही लेखाकरण लाभ को प्रभावित करता है।

जहां कंपनी अस्थायी शेष के विपर्यय को नियंत्रित करने में सक्षम है इसकी संभावना है कि निकट भविष्य में अस्थायी शेष को रिवर्स नहीं किया जाएगा उसे छोड़कर अन्य अनुषंगियों एवं संख्या में निवेश से जुड़े करयोग्य अस्थायी शेष के लिए विलंबित कर देयताओं को मान्यता दी जाती है। इस प्रकार के निवेशों से जुड़े कटौती योग्य अस्थायी शेष से उत्पन्न विलंबित कर परिसंपत्तियों एवं ब्याजों को उस सीमा तक तभी मान्यता दी जाती है जब यह संभाव्य हो कि पर्याप्त करयोग्य लाभ होंगे जिसके लिए अस्थायी अंतर के लाभों का उपयोग किया जा सकेगा।

विलंबित कर परिसंपत्तियों की पिछली शेष की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है तथा इसे उस सीमा तक घटा दी जाती है कि परिसंपत्तियों को संपूर्ण या इसके अंश की वसूली किए जाने के लिए पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध रहने की संभावना अधिक न रहे। अस्वीकृत विलंबित कर परिसंपत्तियों का पुनर्निर्धारण रिपोर्टिंग वर्ष के अंत में किया जाता है तथा उसे उस सीमा तक मान्यता दी जाती है। विलंबित कर परिसंपत्ति का संपूर्ण या इसके अंश की वसूली की जा सके इसके लिए पर्याप्त करयोग्य लाभ उपलब्ध रहेगा, इसकी संभावना बन चुकी हो।

विलंबित कर परिसंपत्तियों एवं देयताओं को कर की दरों पर मापा जाता है तथा उस अवधि में लागू होने की अपेक्षा की जाती है जिसमें देनदारी को निपटान नहीं किया जाता है या परिसंपत्ति की वसूली की जाती है। ऐसा उस दर (टैक्स कानूनों) के आधार पर किया जाता है जिसे रिपोर्टिंग अवधि के अंत में पारित किया गया हो।

आस्थगित कर देनदारियों और संपत्तियों की माप उन कर परिणामों को दर्शाती है जिस तरह की उम्मीद कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में, अपनी परिसंपत्तियों और देनदारियों की वहन राशि की वसूली या निपटान के लिए करती है।

वर्तमान एवं विलंबित कर को लाभ या हानि में तभी मान्यता दी जाती है जब ये अन्य व्यापक आय अथवा इक्विटी से सीधे तौर पर मान्य आइटम से संबंध रखते हों जिस मामले में वर्तमान और विलंबित कर को भी क्रमशः अन्य व्यापक कर अथवा सीधे इक्विटी में मान्यता दी गई हो। जहां व्यवसाय समिश्रण के लिए प्रारंभिक लेखाकरण से वर्तमान अथवा विलंबित कर उत्पन्न होते हैं वहां व्यवसाय समिश्रण के लिए लेखाकरण में टैक्स के प्रभाव को शामिल किया जाता है।

17. कर्मचारियों को लाभ

17.1. अल्पकालिक लाभ

अल्पकालिक कर्मचारी लाभ वे कर्मचारी लाभ (समापन लाभों के अलावा) हैं जिनके पूर्णतः निपटान की उम्मीद कर्मचारी द्वारा संबंधित सेवा प्रदान की जाने वाली अवधि की वार्षिक रिपोर्टिंग के बाद बारह महीने से पहले है।

सभी अल्पकालिक कर्मचारी लाभों को उस अवधि में मान्यता दी जाती है जिस अवधि में कर्मचारी सेवाएं प्रदान करते हैं।

17.2. नियोजन के बाद एवं अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ

17.2.1. परिभाषित अंशदायी योजनाएं

एक परिभाषित-अंशदायी योजना एक नियोजन पश्चात लाभ योजना है जिसके तहत कंपनी एक अलग निकाय द्वारा बनाए गए फंड में एक निश्चित योगदान का भुगतान करती है और कंपनी के पास आगे की राशि का भुगतान करने के लिए कोई कानूनी अथवा संरचनात्मक दायित्व नहीं होगा। परिभाषित अंशदायी योजनाओं में योगदान के लिए बाध्यताओं को उस अवधि में लाभ और हानि के विवरण में कर्मचारी लाभ व्यय के रूप में मान्यता दी जाती है जिस अवधि के दौरान कर्मचारियों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाती हैं।।

17.2.2. परिभाषित लाभ योजनाएं

एक परिभाषित लाभ योजना परिभाषित अंशदान योजना के अलावा रोजगार के उपरांत की लाभ योजना है। परिभाषित लाभ योजनाओं के संबंध में कंपनी के सकल दायित्व का परिकलन भावी लाभ राशि जिसे कर्मचारियों ने वर्तमान एवं पूर्व की अवधियों में अपनी सेवाओं के बदले अर्जित की है, उसके अनुमान से किया जाता है। लाभ को अपने वर्तमान मूल्य का निर्धारण करने के लिए रियायत दी जाती है तथा उनके योजनागत परिसंपत्तियों के उचित मूल्य से कम कर दिया जाता है, यदि कोई है तो। छूट दर भारत सरकार की प्रतिभूतियों की प्रचलित बाजार प्रतिफल पर आधारित होती है, क्योंकि रिपोर्टिंग तिथि में परिपक्वता तिथि होती है, जो कंपनी के दायित्वों की शर्तों का अनुमान लगाती है और इसे उसी मुद्रा में दर्शाया जाता है जिसमें लाभ का भुगतान किया जाना अपेक्षित होता है।

बीमांकिक मूल्यांकन के अनुप्रयोग में छूट की दर के बारे में पूर्वानुमान परिसंपत्तियों पर अपेक्षित वापसी की दरें, भावी वेतन वृद्धि, मृत्यु दर आदि शामिल हैं। योजनाएं लंबी अवधि के होने के कारण ऐसे अनुमानों में अनिश्चितता के मामले होते हैं। किसी बीमांकिक द्वारा प्रत्येक तुलन-पत्र में प्रोजेक्टेड यूनिट क्रेडिट मैथड का प्रयोग करके परिकलन किया जाता है। जब इस परिकलन के परिणाम अथवा योजना में भावी कटौतियां कंपनी के लाभ के होते हैं तो योजना से किसी भावी रिफंड के रूप में उपलब्ध आर्थिक लाभ का वर्तमान मूल्य पर मान्य परिसंपत्ति को सीमित किया जाता है। कंपनी के लिए एक आर्थिक लाभ उपलब्ध है, यदि योजना अवधि के दौरान अथवा योजना की देयताओं के निपटारे के समय यह वसूली योग्य है।

योजना की परिसंपत्तियों पर वसूली/वापसी (ब्याज को छोड़कर) तथा परिसंपत्तियों की अंतिम सीमा (यदि है, ब्याज को छोड़कर) पर विचार करते हुए बीमांकिक लाभ एवं हानियों के साथ शुद्ध परिभाषित लाभ देयता को तत्काल अन्य व्यापक आय में स्वीकार किया जाता है। अंशदान और लाभों के भुगतान के परिणामस्वरूप अवधि के दौरान शुद्ध परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) में किसी परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन शुद्ध परिभाषित लाभ देयताओं (परिसंपत्ति) के लिए वार्षिक अवधि को शुरूआत में परिभाषित लाभ दायित्व को मापने के लिए प्रयोग किए गए छूट दर को लागू करके उस अवधि के लिए कंपनी शुद्ध परिभाषित देयता (परिसंपत्ति) पर ब्याज खर्च (आय) का निर्धारण करती है।

जब योजना के फायदे में सुधार होता है तो कर्मचारियों द्वारा की गई पहले की सेवा से संबंधित बढ़ी हुई लाभ का हिस्से को लाभ एवं हानि विवरण में सीधे खर्च के रूप में मान्यता दी जाती है।

17.3. अन्य दीर्धकालीन कर्मचारी लाभ

अल्पकालिक कर्मचारी लाभों, नियोजन पश्चात लाभों और सेवांत लाभों के अलावा अन्य सभी कर्मचारी लाभ अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ हैं।

अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों में वे मदें शामिल होती हैं जिनके पूर्णतः निपटान की उम्मीद कर्मचारी द्वारा संबंधित सेवा प्रदान की जाने वाली अवधि की वार्षिक रिपोर्टिंग के बाद बारह महीने से पहले नहीं होती है।

अन्य दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों के लिए, निम्नलिखित राशियों का शुद्ध योग लाभ या हानि के विवरण में मान्य किया जाता है:

(क) सेवा लागत

(ख) शुद्ध परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) पर शुद्ध ब्याज

(ग) शुद्ध परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) का पुनर्मापन

18. विदेशी मुद्रा

कंपनी की रिपोर्ट की गई मुद्रा और इसके अधिकांश संचालन के लिए कार्यात्मक मुद्रा भारतीय रुपये (आईएनआर) है जो कि इसके संचालन क्षेत्र में प्रमुख मुद्रा है।

विदेशी मुद्रा में लेनदेन उस तारीख में प्रचलित विनिमय दर के अनुसार कंपनी की सूचित मुद्रा में किया जाता है। रिपोर्टिंग अवधि के अंत में बकाया विदेशी मुद्राओं में संचित मौद्रिक संपत्ति और देयताओं को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में प्रचलित विनिमय दर पर परिवर्तित किया जाता है। वर्तमान अवधि या उससे पहले की अवधि के दौरान मौद्रिक संपत्तियों और देयताओं के निपटारे से उत्पन्न विनिमय भेद या मौद्रिक संपत्तियों और देयताओं को आरंभ में परिवर्तित दरों से भिन्न दरों पर परिवर्तित करने पर वित्तीय विवरणों में इनकी पहचान लाभ और हानि विवरणों में इनके उत्पन्न होने वाली अवधि में की जाती है।

विदेशी मुद्रा में वर्णित गैर-मौद्रिक वस्तुएं लेन-देन की तिथि पर प्रचलित विनिमय दरों पर किया जाता है।

19. स्ट्रिपिंग गतिविधि व्यय/ समायोजन

खुली खदानों से खनन मामले में, कोयले की सीम के ऊपर मिट्टी और चट्टान से बने खदान अपशिष्ट पदार्थ (ओवर बर्डेन) को कोयले तक पहुंचने और इसके निष्कर्षण के लिए निकालने की आवश्यकता होती है। यह अपशिष्ट हटाने की गतिविधि 'स्ट्रिपिंग' के रूप में जानी जाती है। खुली खदानों में, कंपनी को खदान के चालू रहने तक ऐसे खर्चो का सामना करना पड़ता है (तकनीकी रूप से अनुमानित)।

इसलिए, नीतिगत रूप से, प्रति वर्ष एक मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाली खानों में, स्ट्रिपिंग की लागत को खदान से राजस्व मिलने के बाद अनुपात-विचलन लेखा और स्ट्रिपिंग गतिविधि संपत्ति के विधिवत समंजन के साथ प्रत्येक खदान में तकनीकी रूप से मूल्यांकित औसत स्ट्रिपिंग अनुपात (ओबी:कोल) पर प्रभारित किया जाता है।

बैलेंस शीट की तिथि पर स्ट्रिपिंग गतिविधि संपत्ति और अनुपात के विचलन के कुल शेष को मामले के अनुसार गैर-मौजूदा प्रावधान/अन्य गैर मौजूदा परिसंपत्तियों के शीर्ष के अंतर्गत स्ट्रिपिंग गतिविधि समंजन के रूप में दिखाया जाता है।

रिकॉर्ड के अनुसार ओवरबर्डन की रिपोर्ट की गई मात्रा को ओबीआर लेखा के अनुपात के लिए माना जाता है, जहां बताई गई मात्रा और मापी गई मात्रा के बीच भिन्नता निम्नानुसार दो वैकल्पिक अनुमत सीमाओं के निचले भाग के अंदर है -

खान के ओबीआर का वार्षिक घनत्व	भिन्नता की अनुमत सीमाएं (%)
1 मिलियन घन मीटर से कम	+/- 5%
1 से 5 मिलियन घन मी. के बीच	+/- 3%
5 मिलियन घन मीटर से अधिक	+/- 2%

हालांकि, जहां भिन्नता ऊपर की अनुमति सीमा से परे है, वहां मापी गई मात्रा मानी जाती है।
एक लाख टन से कम की रेटेड क्षमता वाली खानों के मामले में, उपरोक्त नीति लागू नहीं की जाती है और वर्ष के दौरान किए गए स्ट्रिपिंग गतिविधि की वास्तविक लागत को लाभ-हानि के विवरण में दिखाया जाता है।

20. वस्तु-सूची (इन्वेंटरी)

20.1. कोयला का स्टॉक

कोयला/ कोक की सूची, लागत के निचले स्तर और प्राप्य मूल्य पर बताई गई हैं। इन्वेंटरी की लागत की गणना "भारित औसत" पद्धति के माध्यम से की जाती है। शुद्ध प्राप्य मूल्य सूचियों के अनुमानित बिक्री मूल्य में इस बिक्री के लिए आवश्यक लागत और पूर्ण होने की पूरी अनुमानित लागत के अंतर को प्रदर्शित करता है।

कोयले के बुक स्टॉक को उन वित्तीय विवरणों में माना जाता है जहां बुक स्टॉक और मापे गए स्टॉक के बीच का अंतर +/- 5% तक होता है और ऐसे मामलों में जहां अंतर +/- 5% से अधिक होता है, मापे गए स्टॉक पर आधारित होता है। इस तरह के स्टॉक को शुद्ध प्राप्य मूल्य या लागत में जो भी कम हो, पर मूल्यांकित किया जाता है। कोक को कोयले के स्टॉक के हिस्से के रूप में माना जाता है।

कोयला और कोक-फाइन को कम लागत या शुद्ध प्राप्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और इसे कोयले के स्टॉक के हिस्से के रूप में माना जाता है।

स्लरी (कोकिंग / सेमी-कोकिंग), वाशरियों के मिडलिंग और उप उत्पादों को शुद्ध प्राप्य मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और इसे कोयले के स्टॉक के हिस्से के रूप में माना जाता है।

20.2. स्टोर और पुर्जे

केंद्रीय एंड क्षेत्रीय स्टोरों में भंडार और स्पेयर्स पार्ट्स (जिसमें खुले टूल्स भी शामिल हैं) का स्टॉक स्थिर मूल्य लेखा बही में प्रदर्शित शेष के अनुसार माना जाता है और इनका मूल्यांकन भारित औसत विधि के आधार पर गणना की गई लागत पर किया जाता है। कोलियरियों/उप भंडार/ड्रिलिंग कैंप्स /उपभोग केंद्रों में स्टोर और स्पेयर्स पार्ट्स की सूची को वर्ष की समाप्ति पर केवल वास्तविक रूप से सत्यापित स्टोरों के अनुसार माना जाता है और इनका मूल्यांकन लागत पर किया जाता है।

बेकार, क्षतिग्रस्त और अप्रचलित स्टोर और पुर्जों के लिए 100% की दर से प्रावधान किए गए हैं तथा 5 साल एक ही स्थान पर रखे स्टोर और पुर्जों के लिए 50% की दर से प्रावधान किए गए हैं।

20.3. अन्य वस्तु सूचियां (इन्वेंटरी)

चालू कार्य सहित कर्मशाला के कार्य का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है। प्रेस के कार्यों के स्टॉक (चालू कार्य सहित) एवं प्रिंटिंग प्रेस में लेखन सामग्री तथा केंद्रीय अस्पताल में दवाइयों का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है।

तथापि, लेखन सामग्री का स्टॉक (प्रिंटिंग प्रेस में पड़ी ऐसी सामग्रियों के अलावा) ईंट, बालू, दवाइयां (केंद्रीय अस्पताल में है, उन्हें छोड़कर) एयरक्राफ्ट के समान एवं रद्दी माल का मूल्य महत्वपूर्ण नहीं होने के कारण उन्हें माल सूची में स्वीकार नहीं किए जाते है।

21. नकद एवं नकद समतुल्य

तुलन पत्र में शामिल नकदी एवं नकदी समतुल्य में बैंक में जमा और हस्तगत नकद तथा तीन महीने या उससे कम समय के लिए मूल परिपक्वता के साथ अल्पकालिक जमा शामिल हैं जो मूल्य में परिवर्तन के मामूली जोखिम के अधीन हैं। नकदी प्रवाह के समेकित विवरण के उद्देश्य से, नकदी और नकदी समकक्षों में ऊपर परिभाषित किए गए नकदी और अल्पकालिक जमा, बकाया बैंक ओवरड्राफ्ट के शुद्ध को शामिल किया जाता है, क्योंकि उन्हें कंपनी के नकद प्रबंधन का एक अभिन्न अंग माना जाता है।

22. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसंपत्तियां

प्रावधानों को तब स्वीकार किया जाता है जब पिछली घटना के परिणामस्वरूप कंपनी का वर्तमान दायित्व (कानूनी एवं संरचनात्मक) हो और यह संभव हो कि दायित्व को निपटाने के लिए आर्थिक लाभ का बहिर्वाह (Out flow) आवश्यक हो और दायित्व की मात्रा का आकलन विश्वसनीयता के साथ किया जा सकता हो। जहां धन का समय-मूल्य महत्वपूर्ण है वहां प्रावधानों का उल्लेख दायित्व निपटान के लिए अपेक्षित खर्च के वर्तमान मूल्य पर किया जाता है।

सभी प्रावधानों की समीक्षा तुलन-पत्र की प्रत्येक तारीख को की जाती है और मौजूदा सर्वश्रेष्ठ अनुमान को प्रतिबिंबित करने के लिए समायोजित की जाती हैं।

जहां यह संभावना नहीं है कि आर्थिक लाभों के बहिर्वाह (out flow) की आवश्यकता होगी, अथवा राशि को विश्वसनीयता के साथ, अनुमानित नहीं किया जा सकता, वहां आकस्मिक देनदारी के रूप में दायित्व का खुलासा नहीं किया जाता है जब तक कि आर्थिक लाभों के बहिर्वाह की संभाव्यता दूरस्थ नहीं होती है। संभावित दायित्वों जिनकी उपस्थिति को एक या अधिक भावी अनिश्चित घटनाओं, जो कंपनी के पूरी तरह से नियंत्रण में नहीं है, की पुष्टि केवल उपस्थिति या अनुपस्थिति से ही की जाएगी उसे भी तब तक आकस्मिक देयताओं के रूप में खुलासा नहीं किया जा सकता जब तक कि आर्थिक लाभों के बहिर्वाह दूरस्थ नहीं होती है।

आकस्मिक परिसंपत्तियां को वित्तीय विवरणों में मान्यता नहीं दी जाती है। हालांकि आय की प्राप्ति लगभग निश्चित है तो संबंधित संपत्ति कोई आकस्मिक संपत्ति नहीं है और यह मान्यता उचित है।

23. प्रति शेयर उपार्जन

अवधि के दौरान बकाये इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या (Weighted average number) से कर के बाद शुद्ध लाभ को विभाजित करके प्रति शेयर मूल उपार्जन की गणना की जाती है। प्रति शेयर मूल उपार्जन प्राप्त करने के लिए विचारित इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से कर के बाद शुद्ध लाभ को विभाजित कर प्रति शेयर मिश्रित उपार्जन (diluted earnings) की गणना की जाती है और सभी मिश्रित संभावित इक्विटी शेयरों के परिवर्तन पर जारी किए जा सकने वाले इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या की भी गणना की जाती है।

24. निर्णय, प्राक्कलन और पूर्वानुमान

भारतीय लेखा मानक के अनुरूप वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए प्रबंधन को प्राक्कलन, मूल्यांकन एवं पूर्वानुमान करने की आवश्यकता पड़ती है जो लेखा नीतियों के अनुप्रयोग एवं परिसंपत्तियों एवं देयताओं की प्रतिवेदित राशियों वित्तीय विवरण की तारीख को आकस्मिक परिसंपत्तियों एवं देयताओं के खुलासे तथा इस अवधि के दौरान राजस्व एवं खर्चों की राशियों को प्रभावित करती है। जटिल एवं वास्तविक मूल्यांकन को शामिल करते हुए लेखा नीतियों का अनुप्रयोग तथा इन वित्तीय विवरणों में पूर्वानुमानों के उपयोग का खुलासा किया गया है। एक अवधि में लेखा प्राक्कलन बदल सकता है। उन प्राक्कलनों से वास्तविक परिणाम भिन्न हो सकते हैं। प्राक्कलनों तथा पूर्वानुमानों की समीक्षा चालू आधार पर (Ongoing basis) की जाती है। लेखांकन अनुमान के संशोधन को उस अवधि में मान्यता दी जाती है, जिसमें अनुमान संशोधित किए जाते हैं और, यदि ऐसा होता है, तो उनके प्रभावों को वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में प्रकट किया जाता है।

24.1. निर्णय

कंपनी की लेखा नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में प्रबंधन ने निम्नलिखित निर्णय लिए जिसका वित्तीय विवरणों में मान्य राशियों पर सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

24.1.1. लेखा नीतियों का निर्माण

लेखा नीतियों को इस प्रकार से तैयार किया जाता है कि उनका प्रतिफल उन लेन-देन, या अन्य घटनाएं या स्थितियां जिनपर वे लागू होती है, के बारे में संगत तथा विश्वसनीय सूचना वाले वित्तीय विवरणों में दिखता है। उन नीतियों को तब लागू करने की आवश्यकता नहीं है जब उनको लागू करने का प्रभाव महत्वहीन हों।

भारतीय लेखा मानक के अभाव में खासकर जो लेन-देन, अन्य घटना या दशा में लागू होते हैं, प्रबंधन ने अपने निर्णय का प्रयोग लेखा नीति का विकास करने एवं लागू करने में किया है जो इस सूचना में प्रतिफलित होता है :-

क)प्रयोगकर्ताओं की आवश्यकता के लिए आर्थिक निर्णय में प्रासंगिक, और

ख)उन वित्तीय विवरणों में विश्वसनीयता:

(i) कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य-निष्पादन एवं नकद प्रवाह को विश्वसनीय ढंग से प्रस्तुत करना; (ii) न केवल कानूनी रूप में बल्कि लेन-देन की आर्थिक वास्तविकता, अन्य घटनाओं एवं दशाओं को परिलक्षित करते हैं (iii) तटस्थ होते हैं यानी पूर्वाग्रह से मुक्त (iv) विवेक पूर्ण होते हैं; और (v) अनुकूल आधार पर सभी महत्वपूर्ण मामलों में पूर्ण होते हैं।

प्रबंधन ने निर्णय लेते समय निम्नलिखित स्रोतों का अवरोही क्रम में संदर्भ एवं व्यवहार्यता के रूप में विचार किया है:

(क)समरूप एवं संबंधित मामलों का समाधान करने में भारतीय लेखा मानकों की आवश्यकताएं, और

(ख)ढांचे में परिसंपत्तियों, देयताओं, आय एवं व्यय के लिए परिभाषाओं, मान्यता की कसौटियां एवं मूल्यांकन अवधारण।

निर्णय लेने में, प्रबंधन अंतर्राष्ट्रीय लेखा मानक बोर्ड की नवीनतम घोषणाओं और इसके अभाव में अन्य मानक-निर्धारक निकायों जो लेखांकन मानकों, अन्य लेखा साहित्य और स्वीकृत उद्योग परंपराओं को विकसित करने के लिए एक समान वैचारिक ढांचे का उपयोग करते हैं, की नवीनतम घोषणाओं पर उस सीमा तक विचार करता है जब तक कि ये उपर्युक्त पैराग्राफ में स्रोतों के साथ विरोधाभाषी न हों।

कंपनी खनन क्षेत्र में काम करती है (एक ऐसा क्षेत्र जहां अन्वेषण, मूल्यांकन, विकास उत्पादन चरण दशकों के दौरान चल रहे पट्टे की अवधि में फैले हुए विविध स्थलाकृतिक और भू-खनन क्षेत्रों पर आधारित होते हैं और निरंतर परिवर्तन की संभावना होती है।) लेखा नीतियां जिन्हें अनुसंधान समितियों द्वारा समर्थित एवं विगत अनेक दशकों से इसके दृढ़ अनुप्रयोग के कारण विविध नियामकों द्वारा अनुमोदित विशेष औद्योगिक कार्यों के आधार पर तैयार एवं प्रस्तुत किया गया है। जो क्षेत्र विकास की प्रक्रिया में है, वैसे कुछ खास क्षेत्रों में लेखा साहित्य, दिशानिर्देश एवं मानकों के अभाव में कंपनी लेखा साहित्य विकसित करने के साथ-साथ लेखा नीतियों को विकसित करना जारी रखती है और उसमें हुए किसी सुधार/विकास को भारतीय लेखा मानक 8 में उपर्युक्त अधिक स्पष्टता से उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार प्रत्याशित रूप में लिया जाता है।

लेखांकन के आकस्मिक आधार का प्रयोग करते हुए चालू संस्था के आधार पर वित्तीय विवरण तैयार किए जाते है।

24.1.2. सारवानता (महत्ता)

भारतीय लेखा मानक उन वस्तुओं पर लागू होता है जो महत्वपूर्ण/सारवान हैं। प्रबंधन मूल्यांकन का प्रयोग यह तय करने के लिए करता है कि वित्तीय विवरणों में कोई खास एकल मद या मदों के समूह महत्वपूर्ण है या नहीं। सारवानता (महत्ता) को वस्तु के प्रकृति या परिमाण या दोनों मदों के संदर्भ में आंका जाता है। निर्णायक कारक यह होता है कि क्या किसी सूचना को एकल रूप से या अन्य सूचना के संयोजन में हटाने या गलत बताने अथवा अस्पष्ट करने से वे निर्णयों प्रभावित हो सकते हैं जिन्हें प्राथमिक उपयोगकर्ता वित्तीय विवरणों के आधार पर करते हैं। प्रबंधन भी भारतीय लेखा मानकों के अनुपालन की आवश्यकता का निर्धारण करने के लिए सारवानता (महत्ता) के निर्णय का उपयोग करता है। इसके अलावा, कंपनी को कानूनी रूप से आवश्यक होने पर सारहीन मदों को अलग से प्रस्तुत करने की आवश्यकता हो सकती है।

01.04.2019 से प्रभावी होने के साथ, चालू वर्ष में ज्ञात हुई पूर्व वर्ष से संबंधित त्रुटियों / चूकों को सारहीन समझा जाता है और चालू वर्ष के दौरान समायोजित किया जाता है, यदि कंपनी के अंतिम अंकेक्षित वित्तीय विवरण के अनुसार कुल मिलाकर ऐसी सभी त्रुटियां और चूक परिचालन से कुल राजस्व (वैधानिक शुल्क के बाद) का 1% से अधिक नहीं हैं।

24.1.3. परिचालन पट्टा

कंपनी ने पट्टा अनुबंध किए हैं। कंपनी ने व्यवस्थापन की शर्तों व निबंधन के मूल्यांकन के अनुसार निर्धारित किया है कि जैसे व्यावसायिक संपत्ति को आर्थिक जीवन का कोई बड़ा भाग नहीं बनने वाली पट्टा अवधि एवं परिसंपत्ति का उचित मूल्य जो सभी महत्वपूर्ण जोखिमों एवं इन संपत्तियों के स्वामित्व के पुरस्कारों, परिचालन पट्टे के रूप में संविदाओं के लिए हिसाबों को सुरक्षित रखता है।

24.2. प्राक्कलन एवं अनुमान

भविष्य से संबंधित प्रमुख पूर्वानुमान तथा रिपोर्टिंग की तारीख को आकलन की अनिश्चितता का मुख्य स्रोत जिनके पास अगले वित्त वर्ष के अंदर परिसंपत्तियों एवं देयताओं की पिछली राशियों के वास्तविक समायोजन का कारक बनने वाले महत्वपूर्ण जोखिम हैं, को नीचे वर्णित किया गया है। जब वित्तीय विवरण तैयार किए गए तब उपलब्ध मानदंडों पर कंपनी द्वारा अपने पूर्वानुमानों एवं प्राक्कलनों को आधार बनाया गया। फिर भी, भावी विकास के बारे में, वर्तमान परिस्थितियों एवं पूर्वानुमान बाजार में बदलाव अथवा उत्पन्न परिस्थितियां जो कंपनी के नियंत्रण से बाहर हैं, के कारण बदल सकते हैं। ऐसे परिवर्तन जब उत्पन्न होते हैं, तो पूर्वानुमानों में प्रतिबिंबित होते हैं।

24.2.1. गैर वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

यदि किसी परिसंपत्ति या नकदी पैदा करने वाली इकाई का वहन मूल्य इसकी वसूली योग्य राशि से अधिक है, जो कि इसके उचित मूल्य के निपटान की कम लागत और उपयोग में इसके मूल्य से अधिक है तो यह हानि का एक संकेत है। कंपनी विशेष/अलग-अलग खानों को हानि के परीक्षण के उद्देश्य से अलग नकदी पैदा करने वाली इकाइयों के रूप में मानती है। उपयोग गणना में मूल्य डीसीएफ मॉडल पर आधारित है। नकदी प्रवाह अगले पांच वर्षों के लिए बजट से प्राप्त होता है और इसमें पुनर्गठन गतिविधियों को शामिल नहीं किया जाता है जो कि कंपनी अभी तक इसके लिए या महत्वपूर्ण भविष्य के निवेश के लिए प्रतिबद्ध नहीं है जो परीक्षण की जी रही सीजीयू परिसंपत्ति के प्रदर्शन को बढ़ाएगा। वसूली योग्य राशि डीसीएफ मॉडल के लिए उपयोग की जाने वाली छूट दर के साथ-साथ भविष्य की अपेक्षित नकदी-प्रवाह और एक्सट्रापलेशन प्रयोजनों के लिए उपयोग की जाने वाली वृद्धि दर के प्रति संवेदनशील है। ये अनुमान अन्य खनन संरचनाओं के लिए सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। विभिन्न सीजीयू के लिए वसूली योग्य राशि निर्धारित करने के लिए उपयोग की जाने वाली प्रमुख धारणाएं आगे संबंधित टिप्पणियों में बताई गई हैं।

24.2.2. कर (Taxes)

अप्रत्याशित कर परिसंपत्तियों को अप्रयुक्त कर घाटा माना गया है, क्योंकि यह संभावना है कि कर योग्य उपलब्ध लाभ का उपयोग नुकसान के लिए किया जा सकता है। स्थगित कर संपत्तियों की राशि निर्धारित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रबंधकीय निर्णय की आवश्यकता होती है, जिसे भावी कर योजना के साथ संभावित समय और भावी कर योग्य लाभ के स्तर पर रणनीतियां बनाने में प्रयोग किया जा सकता है।

24.2.3. परिभाषित लाभ योजनाएं

परिभाषित लाभ लाभ योजनाएं और अन्य प्रकार की नियोजन के पश्चात चिकित्सा लाभ और दायित्वों का वर्तमान मूल्य का लागत निर्धारण बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर किया जाता है। बीमांकिक मूल्यांकन में विभिन्न अनुमान किए जाते हैं जो कि भविष्य में होने वाले वास्तविक विकास से भिन्न हो सकते हैं। इसमें रियायती दर का निर्धारण, भविष्य में वेतन में वृद्धि और मृत्यु दर सम्मिलित हैं।

मूल्यांकन की विभिन्न जटिलताओं और इसकी दीर्घकालीन प्रकृति के कारण, परिभाषित लाभ बाध्यताएं इन अनुमानों में परिवर्तन के लिए अति संवेदनशील होती हैं। रिपोर्टिंग की प्रत्येक तारीख को सभी अनुमानों की समीक्षा की जाती है। रियायती दर के बदलने की संभावना सर्वाधिक होती है। भारत में परिचालित योजनाओं के समुचित रियायती दर के निर्धारण में, प्रबंधन सरकारी बॉण्डों की ब्याज दरों के साथ समान रूप से नियोजन पश्चात लाभ बाध्यताओं पर विचार करता है।

मृत्यु दर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध देश की मृत्यु दर तालिका पर आधारित होती है। इस मृत्यु दर तालिका में जन-सांख्यिकी परिवर्तनों के प्रत्युत्तर में निश्चित अंतरालों पर परिवर्तन होता है।

24.2.4. वित्तीय लिखतों/साधनों का उचित मूल्य मापन

जब तुलन पत्र में वित्तीय परिसंपत्तियों और वित्तीय देयताओं के उचित मूल्य को सक्रिय बाजार में उद्धृत मूल्य के आधार पर मापा नहीं जा सकता है, तब उनके उचित मूल्य को डीसीएफ मॉडल सहित सामान्य तौर पर स्वीकार्य मूल्यांकन तकनीकों का प्रयोग करते हुए मापा जाता है। इन मॉडलों में इनपुट को जहां संभव हो प्रेक्षणीय बाजार से लिया जाता है, लेकिन जहां यह संभव नहीं है, उचित मूल्य के निर्धारण में एक निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। निर्णय में तरलता जोखिम, क्रेडिट जोखिम, अस्थिरता और अन्य प्रासंगिक इनपुट /प्रतिफलों का विचार किया जाता है। इन कारकों में अनुमान और प्राक्कलन में परिवर्तन वित्तीय लिखतों में रिपोर्ट किए गए उचित मूल्य प्रभावित कर सकता है।

24.2.5. विकास के तहत अप्रत्यक्ष संपत्ति

कंपनी लेखा नीति के अनुरूप किसी परियोजना के लिए विकास के तहत परिसंपत्तियों का पूंजीकरण करती है। लागत का प्रारंभिक पूंजीकरण प्रबंधन के निर्णय पर आधारित होता है जिसमें सामान्यतः एक परियोजना रिपोर्ट बनाकर अनुमोदित कर उसकी तकनीकी और आर्थिक व्यवहार्यता सुनिश्चित कर ली जाती है।

24.2.6. खदान बंदी, खदान स्थल पुनरुद्धार और कार्य समाप्ति दायित्व के प्रावधान

खदान बंदी, खदान स्थल पुनरुद्धार और कार्य समाप्ति दायित्व के प्रावधान के उचित मूल्य के निर्धारण में रियायती दर, खदान स्थल पुनरुद्धार और विनष्टीकरण तथा इन लागतों में अनुमानित समय के आधार पर अनुमान और प्राक्कलन तैयार किए जाते हैं। कंपनी द्वारा निम्नलिखित आधार पर परियोजना/खदान के जीवन पर विचार करते हुए डीसीएफ विधि का प्रयोग कर प्राक्कलन तैयार किया जाता है.

- कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विशिष्टताओं के अनुसार प्रति हेक्टेयर अनुमानित लागत
- रियायती दर (कर पूर्व दर) जिस पर राशि के समय आधारित मूल्य के वर्तमान बाजार के अनुसार मूल्यांकन और विशेष रूप देयताओं के जोखिम पर प्रभाव डालते हैं।

25. प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षर

क	सीजीयू	(CGU)	नकद उत्पाद इकाई
ख	डीसीएफ	(DCF)	रियायती नकदी प्रवाह
ग	एफवीटीओसीआई	(FVTOCI)	अन्य व्यापक आय के जरिए उचित मूल्य
घ	एफवीटीपीएल	(FVTPL)	लाभ व हानि के जरिए उचित मूल्य
ड.	जीएएपी	(GAAP)	सामान्य तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांत
च	इंडस्ट्रीज़ एएस	(Ind AS)	भारतीय लेखा मानक
छ	ओसीआई	(OCI)	अन्य व्यापक आय
ज	पी एंड एल	(P&L)	लाभ व हानि
झ	पीपीई	(PPE)	संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण
ट	एसपीपी आई	(SPPI)	मूलधन एवं ब्याज का एकमात्र भुगतान
ठ	ईआईआर	(EIR)	प्रभावी ब्याज दर

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद

(एक मिनी रत्न कंपनी)

वित्तीय विवरणी पर टिप्पणियां

टिप्पणी 3 : संपत्ति, संयंत्र और उपकरण

(₹ 'करोड़ में)

	पूर्ण स्वामित्व वाली भूमि (फ्रीहोल्ड भूमि)	अन्य भूमि	भूमि पुनर्स्थापना / साइट बहाली लागत	भवन (पानी कजलपूर्ति, सड़कों और पुलिया आदि सहित)	संयंत्र और उपकरण	दूरसंचार	रेलवे साइडिंग	फर्नीचर और जुड़नार	कार्यालय उपकरण	वाहन	हवाई जहाज	अन्य खनन आधारभूत संरचना	अप्रयुक्त परिसंपत्तियां	अन्य	कुल
सकल वहन राशि:															
1 अप्रैल 2020 को	108.95	2.07	241.93	322.53	1,612.03	2.90	9.74	8.48	23.26	5.46	-	169.66	43.79	0.88	2,551.68
परिवर्धन	3.40	-	38.78	48.67	426.98	0.13	65.63	3.85	8.37	0.79	-	127.00	10.91		734.51
विलोपन / समायोजन	(0.82)	-	(1.03)	-	(80.42)	-	-	-	(0.91)	(0.31)	-	(31.86)	(8.89)		(124.24)
31 मार्च 2021 को	**111.53**	**2.07**	**279.68**	**371.20**	**1,958.59**	**3.03**	**75.37**	**12.33**	**30.72**	**5.94**	**-**	**264.80**	**45.81**	**0.88**	**3,161.95**
